www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार ...

छत्तीसगढ़ का पहला राष्ट्रीय दैनिक

संपर्क करें : deshbandhuraipur@gmail.com

पत्र नहीं मित्र

देशबन्धु

रायपुर, मंगलवार, 22 अगस्त 2023 । वर्ष – 65 । अंक –127 । पृष्ठ –12 । मूल्य – 4.00 रु प्रेस पंजीयन- 6072/59 डाक पंजीयन-सीजी/रायपुर संभाग/19/2021-23

मुशाल को विशेष संवाददाता बनाना पाक का आंतरिक मामला : उमर अब्दुल्ला पृष्ठ 2

■ लाल किले पर 'हजार साल की गुलामी' का राग यानी खुला सांप्रदायिक खेल फर्रुखाबादी पृष्ठ 6

■ ब्रिक्स शिखर सम्मेलन की आज से हो रही है शुरुआत

■ ट्यूनीशिया में फंसे 17 भारतीयों की हुई सुरक्षित वापसी पृष्ठ 7

बुमराह और प्रसिद्ध इम्तिहान में खरे उतरे, भारत का 2-0 की बढ़त पृष्ठ 8

दुष्कर्म पीड़िता को गर्भपात की मिली अनुमति

सुप्रीम कोर्ट ने 28 सप्ताह के भ्रूण को गिराने की दी इजाजत

नई दिल्ली, 21 अगस्त (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट ने एक दुष्कर्म पीड़िता को करीब 28 सप्ताह के अपने भ्रूण का गर्भपात कराने की सोमवार को अनुमति दे दी। न्यायमूर्ति बी वी नागरत्ना और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां की पीठ ने आदेश पारित करते कहा कि विवाह के बाद गर्भधारण खुशी का अवसर होता है, लेकिन यौन उत्पीड़न के बाद यह महिला के मानसिक स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है। पीठ ने 25 साल की एक महिला की याचिका से संबंधित मेडिकल रिपोर्ट को रिकॉर्ड पर लेने के बाद याचिकाकर्ता से गर्भावस्था समाप्त करने की प्रक्रिया से गुजरने के लिए उसे मंगलवार को अस्पताल जाने को कहा। शीर्ष अदालत ने यह भी निर्देश दिया कि यदि भ्रूण जीवित पाया जाता है तो अस्पताल को उसके जीवित रहने को सुनिश्चित करने के लिए सभी सुविधाएं देनी होंगी। इसके बाद सरकार कानून के अनुसार बच्चे को गोद लेना सुनिश्चित कर सकता है।

शीर्ष अदालत ने की थी हाईकोर्ट की आलोचना

शीर्ष न्यायालय ने शनिवार को इस मामले में (दुष्कर्म पीड़िता की) गर्भपात कराने की याचिका को 12 दिनों तक टालने पर गुजरात उच्च न्यायालय की कड़ी आलोचना करते हुए कहा था कि ऐसे मामले में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं, बल्कि की तत्परतापूर्वक निपटा जाना चाहिए। न्यायमूर्ति नागरत्ना और न्यायमूर्ति भुइयां की पीठ ने गुजरात के एक मामले का स्वत: संज्ञान लेकर 'विशेष सुनवाई' करते हुए भ्रूण को हटाने की संभावना का पता लगाने के लिए भरूच के एक अस्पताल के मेडिकल बोर्ड से एक नई रिपोर्ट पेश करने का निर्देश देते हुए कहा था कि वह इस मामले में सोमवार को अगली सुनवाई कर इस मसले पर विचार करेगी।

हाई कोर्ट ने दी थी 23 अगस्त की तारीख

पीड़िता के अधिवक्ता ने पीठ के समक्ष कहा था कि उच्च न्यायालय ने मामले की तारीख 23 अगस्त तय की है, जिससे उसकी गर्भावस्था 28 सप्ताह को हो जाएगी। वकील ने कहा था कि हालांकि, मामला सात अगस्त को दायर किया गया था और 11 अगस्त को सुनवाई हुई थी। याचिकाकर्ता के अधिवक्ता ने यह भी कहा था कि इस मामले में उच्च न्यायालय का आदेश रिकॉर्ड पर भी उपलब्ध नहीं था।

■ स्वतः संज्ञान लेकर की 'विशेष सुनवाई'

■ पहले हाई कोर्ट पहुंची थी पीड़िता

स्टीफंस कॉलेज में दाखिले का मामला 15 फीसदी अल्पसंख्यक आरक्षण को हरी झंडी

उच्चतम न्यायालय ने दिल्ली विश्वविद्यालय के सेंट स्टीफंस कॉलेज में शैक्षणिक सत्र 2023- 24 दाखिले में ईसाई अल्पसंख्यक आरक्षण के तहत साक्षात्कार में 15 प्रतिशत अंक देने की दिल्ली उच्च न्यायालय के अंतरिम अनुमति को उचित ठहराते हुए उसे बरकरार रखने का सोमवार को आदेश पारित किया। न्यायमूर्ति एएस बोपना और न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा की पीठ ने दिल्ली उच्च न्यायालय के आदेश में हस्तक्षेप करने से इनकार करने के साथ ही यह भी कहा कि वह इस मामले का जल्द निपटारा करे। शीर्ष अदालत ने अपने आदेश में कहा कि उच्च न्यायालय का यह आदेश अंतरिम था। इसमें कोई भी संशोधन करने से दाखिला लेने चुके विद्यार्थियों का भविष्य प्रभावित करेगा

रायपुर, दुर्ग, भिलाई व रायगढ़ में ईडी की दबिश

पहली बार सट्टा कारोबार से जुड़े लोगों के ठिकानों पर मारा छापा

रायपुर/भिलाईनगर, 21 अगस्त (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में प्रवर्तन निदेशालय की टीम ने छापेमारी की है। जिसमें ईडी ने पहली बार सट्टा कारोबार से जुड़े लोगों के ठिकानों में दबिश दी है। बताया जा रहा है कि राजधानी रायपुर, रायगढ़ और दुर्ग-भिलाई में सट्टा कारोबार से जुड़े 8 लोगों के ठिकानों पर छापा पड़ा है। सभी के ठिकानों पर ईडी की टीम सीआरपीएफ के जवानों के साथ पहुचंकर कार्रवाई कर रही है। महादेव एप सट्टा से जुड़े लोगों पर ध्ब्थ्र में पहले से केस दर्ज है।

जानकारी के अनुसार, सोमवार की तड़के सुबह ईडी ने प्रदेश के दो अलग-अलग जिलों में छापेमारी कार्रवाई की है। जिसमें से सट्टा कारोबार से जुड़े लोगों के ठिकानों पर भी ईडी ने सीआरपीएफ के जवानों के साथ दबिश दी है। जिसमें रायपुर के वॉलफोर्ट सिटी, स्वर्ण भूमि और अशोका रब्र में रेड पड़ी है। अशोका रब्र में रहने वाले सराफा और पेट्रोल पंप संचालक के दो ठिकानों पर ईडी ने दबिश दी है। वहीं भिलाई के फरीद नगर निवासी मोहम्मद सद्दाम ट्रांसपोर्टर के ठिकानों पर भी ईडी पहुंची है। भिलाई के रवि उप्पल के भाई रोहित उप्पल और सन्नी सतनाम के ठिकानों पर कार्रवाई जारी है। साथी ही दुर्ग के पचनाभगुर के सतीश चंद्राकर के यहां छापा पड़ा है। बताया जा रहा है कि सट्टा कारोबार से जुड़े लोगों के पास दुबई से पैसों के हवाले का लिंक मिला था। फरार बुकी यूसुफ पोट्टी रायपुर स्थित मौदहापारा स्थित घर पर ईडी की दबिश पड़ी है। जिसमें महादेव ऐप के लेनदेन के लिए फर्जी बैंक खातों के खुलासे हुए है उसके बाद से ही यूसुफ पोट्टी फरार है। आपको बता दें कि यूसुफ के विदेश भागने की आशंका के चलते रायपुर पुलिस ने ध्ब्थ्र जारी करने के लिए विदेश मंत्रालय को पत्र लिखा है।

भिलाई नगर में प्रवर्तन निदेशालय की टीम ने सट्टे के कारोबार में संलग्न लोगों के निवास पर दबिश देकर शहर में हड़कंप मचा दिया है। महादेव ऑनलाइन सट्टा की जांच के लिये फरीद नगर में एक बंगले पर भी छापे की कार्रवाई की गई। बताया जाता है कि इस कार्यवाही में छत्तीसगढ़ मंत्री के सिपालसलार व्यक्ति के घर पर भी छापे की कार्यवाही जारी है। जिसमें ईडी ने पहली बार सट्टा कारोबार से जुड़े लोगों के ठिकानों में दबिश दी है। ऑनलाइन सट्टा से जुड़े लोगों को पूर्व में भिलाई दुर्ग पुलिस ने आरोप में गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी थी। बताया जा रहा है कि राजधानी रायपुरऔर दुर्ग.भिलाई में सट्टा कारोबार से जुड़े 8 लोगों के घर छापा पड़ा है। सभी के ठिकानों पर ईडी की टीम सीआरपीएफके जवानों के साथ पहुचंकर कार्रवाई कर रही है। महादेव एप सट्टा से जुड़े लोगों पर पहले से केस दर्ज है।

भिलाई में ईडी कार्रवाई ऑनलाइन महादेव एप के कार्य में संलग्न सटोरियों के यहां सुबह से जारी छापे की कार्यवाही शहर में चर्चा का विषय बना हुआ है ईडी की टीम छापे की कार्यवाही की कवरेज कर रहे मीडिया कर्मियों को रोक रही है। आज सोमवार की तड़के ईडी ने प्रदेश के दो अलग.अलग जिलों में छापेमारी कार्रवाई की है। जिसमें से सट्टा कारोबार से जुड़े लोगों के ठिकानों पर भी ईडी ने सीआरपीएफके जवानों के साथ दबिश दी है। भिलाई के फरीद नगर लाल मैदान निवासी मो. हैण्ड ट्रांसपोर्टर के यहां भी ईडी पहुंची हैण् भिलाई में रवि के भाई रोहित और सन्नी के यहां ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

सार संक्षेप

अगले वर्ष अंतरिक्ष में कृत्रिम मेधा रोबोट भेजेगा इसरो

नई दिल्ली। सरकार चंद्रयान-3 की सफलता को लेकर आत्मविश्वास से भरी है और उसका लक्ष्य अगले वर्ष के उत्तरार्द्ध में भारत अंतरिक्ष में पहली बार मानव मिशन भेजना है जिसके पहले एक कृत्रिम मेधा रोबोट को अंतरिक्ष में भेजा जाएगा। अंतरिक्ष एवं परमाणु ऊर्जा विभाग के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. जितेन्द्र सिंह ने आज यहां संवाददाताओं से बातचीत में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश के अंतरिक्ष क्षेत्र पर लगे गोपनीयता के पर्दों को उतार कर इसे सार्वजनिक क्षेत्र के लिए खोल दिया है जिससे इस क्षेत्र में नयी तकनीक और नयी प्रतिभाएं लाने का मार्ग खुल गया है।

राज्यसभा में नौ नए सदस्यों ने ली शपथ

नई दिल्ली। विदेश मंत्री एस. जयशंकर सहित नौ सदस्यों ने सोमवार को राज्यसभा की सदस्यता की शपथ ली। सभापति जगदीप धनखड़ ने राज्यसभा में सभी नवनिर्वाचित सदस्यों को शपथ दिलाई। इन सदस्यों में भारतीय जनता पार्टी के एस. जयशंकर, अनेंद्र राय, केसरी देव सिंह दिग्विजय सिंह झाला, बाबू भाई जयसंगभाई देसाई तथा तृणमूल कांग्रेस के डेरेक ओ ब्रायन, सुखेंदु शेखर राय, डोला सेन, प्रकाश चिक बारीक और सामीरुल इस्लाम शामिल है।

स्वामी प्रसाद मौर्य पर युवक ने जूता फेंका

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की राजधानी में सोमवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में सपा के महासम्मेलन में भाग लेने पहुंचे राष्ट्रीय महासचिव स्वामी प्रसाद मौर्य पर एक युवक ने जूता फेंका। युवक को सपाइयों ने खूब पीटा। पुलिस युवक को पकड़कर ले गई। हमले में स्वामी प्रसाद मौर्य बाल-बाल बच गए।

बीएसएफ ने 29 किलो हेरोइन बरामद की, दो गिरफ्तार

फिरोजपुर। पंजाब पुलिस ने सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के साथ सांझे आपरेशन के दौरान अंतर्राष्ट्रीय नशा तस्करी के नेटवर्क को बड़ा झटका देते दो पाकिस्तानी नागरिकों को गिरफ्तार करके उनके कब्जे से 29. 2 किलाग्राम हेरोइन के 26 पैकेट बरामद किए हैं। पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) गौरव यादव ने सोमवार को बताया कि गिरफ्तार किये गए व्यक्तियों की पहचान मुहम्मद अजमल रियान निवासी ऑव कंगणपुर ज़िला कसूर, पाकिस्तान और सिवना निवासी ऑव अलीपुर, जिला कसूर, पाकिस्तान के तौर पर हुई है।

सहायक शिक्षकों की भर्ती में अभ्यर्थियों की काउंसिलिंग व अंतिम चयन सूची जारी करने पर हाईकोर्ट की रोक

रायपुर, 21 अगस्त (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ शासन ने छत्तीसगढ़ स्कूल शिक्षा (भर्ती तथा शैक्षणिक संवर्ग) भर्ती नियम 2019 में 4 मई 2023 को संशोधन किया है। संशोधन के मुताबिक सहायक शिक्षक की भर्ती के लिए स्नातक और ब्ब्ब्स या डीएलएड अनिवार्य योग्यता रखी गई। इसी योग्यता के आधार पर सहायक शिक्षकों के लगभग 6500 पद के लिए विज्ञापन 4 मई 2023 को जारी किया था गया।

विज्ञापन के आधार पर 10 जून 2023 को परीक्षा आयोजित हुई थी, जिसमें ब्ब्ब्स और डीएलएड प्रशिक्षित अभ्यर्थी शामिल हुए। भर्ती नियम 2019 के मुताबिक ब्ब्ब्स अभ्यर्थी को शामिल करने पर डीएलएड प्रशिक्षित अभ्यर्थी विकास सिंह, युवराज सिंह और अन्य ने अधिवक्ता अजय श्रीवास्तव के माध्यम से याचिका दायर कर नियम को चुनौती दी।

याचिका में बताया गया कि प्राथमिक स्कूल के बच्चों के अध्ययन लिए डीएलएड कोर्स में विशेष ट्रेनिंग दी जाती है और बीएड कोर्स में उच्चतर कक्षाओं में अध्ययन की ट्रेनिंग होती है। उक्त आधार पर सुप्रीम कोर्ट ने निर्णीत किया हैं कि सहायक शिक्षकों जो कक्षा 1 से 5 में अध्ययन कराते हैं के लिए बीएड अभ्यर्थी पात्र नहीं हैं। केवल डीएलएड अभ्यर्थी ही पात्र हों।

बीएड शामिल करने से शिक्षा की गुणवत्ता पर विपरीत प्रभाव पड़ेगा, क्योंकि वो प्राथमिक स्कूल बच्चों को पढ़ाने विशेष रुप से ट्रेंड नहीं हैं। जबकि डीएलएड प्रशिक्षित प्राथमिक के लिए विशेष प्रशिक्षित हैं। सर्वोच्च न्यायालय के उक्त निर्णय के आधार याचिकाकर्ता ने छत्तीसगढ़ शिक्षक भर्ती नियम 2019 से भी सहायक शिक्षक की अनिवार्य ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

शराब मामले में ईडी ने सुप्रीम कोर्ट में रखा अपना पक्ष, अगली सुनवाई 26 को

रायपुर, 21 अगस्त (देशबन्धु)। ग्रेटर नोएडा थाने में दर्ज शराब के नकली हीलोग्राम केस में सोमवार को ईडी की तरफ सुप्रीम कोर्ट में जवाब दाखिल किया गया। कोर्ट ने सुनवाई की अगली तारीख 26 सितंबर तय की है। तब तक आरोपियों के खिलाफ नो कोर्सिव एक्शन (किसी तरह का बल प्रयोग नहीं) का आदेश जारी रहेगा।

बता दें कि प्रवर्तन निदेशालय ने नकली हीलोग्राम बनाकर शराब बिक्री को लेकर उत्तरप्रदेश के ग्रेटर नोएडा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इस पूरे मामले में आबकारी आयुक्त निरंजन दास, विशेष सचिव एपी त्रिपाठी के अलावा अनिल टूटेजा, कारोबारी अनवर ढेबर और हीलोग्राम निर्माता कंपनी के एमडी के खिलाफ एफआईआर दर्ज किया गया है।

इस पूरे मामले को लेकर अनिल टूटेजा, और करिश्मा ढेबर की तरफ से सुप्रीम कोर्ट में अलग-अलग याचिका दायर की गई थी। याचिकाकर्ताओं ने आरोप लगाया था कि शराब घोटाला केस में कार्रवाई पर रोक के आदेश के बाद ईडी ने यूपी में एक और प्रकरण दर्ज किया है। इसे उन्होंने कोर्ट की अवमानना करार दिया। जस्टिस संजय किशन कौल और जस्टिस सुधांशु धुलिया की पीठ ने ईडी को नोटिस जारी कर पूछा था कि नकली हीलोग्राम बनाकर शराब बिकवाने के मामले की जानकारी कब हुई ? सोमवार को ईडी की तरफ से बताया गया कि इस मामले की जानकारी पहले से थी। कोर्ट ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद नो कोर्सिव एक्शन 26 सितंबर तक जारी रखने के अंतरिम आदेश दिए हैं। याचिकाकर्ता की तरफ से वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी और ईडी की तरफ से एएसजी के वी। राजू ने पैरवी की।

चंद्रयान-2 के ऑर्बिटर ने किया चंद्रयान 3 का स्वागत

■ कल चंद्रमा के दक्षिण ध्रुवीय क्षेत्र में उतरेगा चंद्रयान-3

चेन्नई, 21 अगस्त (एजेंसियां)। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने बताया कि चंद्रमा के दक्षिण ध्रुवीय क्षेत्र में 23 अगस्त को सॉफ्ट लैंडिंग करने जा रहे चंद्रयान-3 का सोमवार को चंद्रयान-2 के ऑर्बिटर ने औपचारिक रूप से स्वागत किया। इसरो ने एक्स पर प्रेषित किए संदेश में कहा कि दोनों के बीच संचार स्थापित हो गया है। उन्होंने कहा, चंद्रयान -3 मिशन 'आपका स्वागत है, दोस्त। चंद्रयान-2 ऑर्बिटर ने औपचारिक रूप से चंद्रयान-3 लैंडर मॉड्यूल का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि दोनों के बीच संचार स्थापित हो गया है। मिशन ऑपरेशंस कॉम्प्लेक्स (एमओएक्स) के पास अब लैंडर मॉड्यूल तक पहुंचने के लिए अधिक मार्ग हैं। उन्होंने कहा कि भारत के दूसरे चंद्र मिशन चंद्रयान -2 को जुलाई 2019 में लॉन्च किया गया था और सितंबर 2019 में लैंडिंग साइट के बहुत करीब तकनीकी खराबी के कारण लैंडर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। यह मिशन 99.99 प्रतिशत सफल रहा था। इसरो ने कहा कि चंद्रयान-3 यान 23अगस्त को 1804 बजे चंद्रमा पर उतरेगा। अंतरिक्ष ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

चंद्रयान-3 ने चंद्रमा के सुदूर क्षेत्र की तस्वीरें ली

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने सोमवार को चंद्रयान-3 द्वारा चांद की सतह पर 'सॉफ्ट लैंडिंग' करने से पहले चंद्रमा के इसके सुदूर हिस्से की तस्वीरें जारी की। इसरो ने कहा कि ये तस्वीरें लैंडर हैजर्ड डिटेक्शन एंड अवॉइडेंस कैमरा (एलएचडीएसी) द्वारा ली गई हैं। इसरो ने एलएचडीएसी द्वारा ली गई सभी चार तस्वीरों को जारी किया है। यह कैमरा, लैंडिंग के दौरान पत्थरों या गहरी खाई के बिना एक सुरक्षित लैंडिंग क्षेत्र का पता लगाने में सहायता करता है, इसरो ने अंतरिक्ष ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

बिहार में जातिगत सर्वे पर सर्वोच्च अदालत की अहम टिप्पणी

ठोस आधार के बिना नहीं लगाएंगे रोक

नई दिल्ली, 21 अगस्त (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट ने बिहार सरकार को जातिगत सर्वेक्षण की अनुमति देने के पटना हाई कोर्ट के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई के दौरान बड़ी टिप्पणी की। सुप्रीम कोर्ट ने याचिकाकर्ताओं से सोमवार को कहा कि वह इस प्रक्रिया पर तब तक रोक नहीं लगाएगा जब तक कि वे (याचिकाकर्ता) इसके खिलाफ प्रथम दृष्ट्या ठोस आधार नहीं देते। शीर्ष अदालत ने केंद्र का प्रतिनिधित्व कर रहे सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता को इस मुद्दे पर सात दिनों के भीतर अपना जवाब दाखिल करने की भी अनुमति दी, क्योंकि उन्होंने कहा था कि सर्वेक्षण के कुछ परिणाम हो सकते हैं। मेहता ने कहा, हम इस तरफ या उस तरफ नहीं हैं, लेकिन इस कवायद के कुछ परिणाम हो सकते हैं और इसलिए हम अपना जवाब दाखिल करना चाहेंगे।

■ केंद्र को सात दिनों के भीतर अपना जवाब दाखिल करने की दी अनुमति

हाई कोर्ट के फैसले को दी है चुनौती

हालांकि, उन्होंने संभावित परिणामों के बारे में विस्तार से नहीं बताया। हाई कोर्ट के एक अगस्त के फैसले को चुनौती देने वाले विभिन्न गैर-सरकारी संगठनों और व्यक्तियों की ओर से दायर याचिकाओं की सुनवाई कर रही जस्टिस संजीव खन्ना और एसवी एन भट्टी की पीठ ने मेहता के अनुरोध पर कार्यवाही स्थगित कर दी।

दो सीटों से चुनाव लड़ेंगे मुख्यमंत्री केसीआर

हैदराबाद 21 अगस्त (देशबन्धु)। तेलंगाना में सत्तारूढ़ भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) ने इस वर्ष के अंत में होने वाले राज्य विधानसभा चुनावों के लिए सोमवार को 115 सीटों पर अपने उम्मीदवारों की घोषणा की। बीआरएस सुप्रीमो एवं मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव ने आज यहां पार्टी के प्रदेश मुख्यालय तेलंगाना भवन में उम्मीदवारों की सूची जारी की। वह स्वयं दो निर्वाचन क्षेत्रों- कामारेड्डी और गजवेल से चुनाव लड़ेंगे। श्री राव ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि 119 सदस्यीय विधानसभा की 115 सीटों के लिए उम्मीदवार घोषित किए गए हैं तथा शेष चार निर्वाचन क्षेत्रों नरसापुर, नामपल्ली, गोशामहल और जनगांव के लिए प्रत्याशियों की घोषणा शीघ्र ही की जायेगी। उन्होंने कहा कि विभिन्न कारणों से केवल सात मौजूदा उम्मीदवारों को टिकट से वंचित किया गया।

नेशनल मेडिकल कमीशन चिकित्सकों पर हुआ सख्त

फार्मास्युटिकल कंपनियों की पार्टी में जाने पर लगी रोक

■ विंध्यवासिनी त्रिपाठी

नई दिल्ली, 21 अगस्त (देशबन्धु)। नेशनल मेडिकल कमीशन(एनएमसी) ने देश भर के चिकित्सकों के नए नियम जारी कर दिए हैं। जिसके चलते चिकित्सक अब फार्मास्युटिकल के कंपनियों कॉकटेल,डिनर व पंच सितारा होटलों में होने वाले सेमिनार में नहीं जा सकेंगे। इसका उल्लंघन करने पर उनका लाइसेंस तीन महीने तक के लिए निलंबित किया जा सकता है। एनएमसी द्वारा जारी नए नियमों के तहत अब सिर्फ चिकित्सक ही नहीं उनके परिवार के सदस्य भी फार्मास्युटिकल कंपनियों से परामर्श शुल्क या मानदेय नहीं ले सकते हैं। यहां तक की किसी भी तरह का गिफ्ट या उपहार भी लेने पर पाबंदी लगा दी गई है। इसके अलावा चिकित्सकों को सिर्फ जेनरिक दवाएं लिखने को कहा गया है। सा ही पर्चा पर ऐसी हैंडराइटिंग में दवाओं का नाम लिखना होगा,जिसको आम आदमी से पढ़ सके। नए आदेश के साथ ही इनका विरोध भी शुरू हो गया है। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन(आइएमए) ने कहा है कि जेनरिक दवाओं से मरीजों को देखभाल पर असर पड़ेगा। ऐसे में वे इस नए फैसले से सहमत नहीं हैं। आइएमए ने कहाकि अगर सरकार चाहती है कि चिकित्सक जेनरिक दवाएं लिखें तो उनको चाहिए कि दवा कंपनियों को पहले निर्देश दें कि बिना ब्रांड के नाम के साथ दवा बनाएं। जब ब्रांड का नाम नहीं रहेगा तो कोई दिक्कत नहीं होगी।

■ जेनरिक दवाओं का चिकित्सक कर रहे विरोध

पहले भी जारी किया जा चुका है नियम–फिलहाल इस तरह का नियम पहली बार जारी नहीं किया गया है। 2010 मेडिकल कार्डासिल ऑफ इंडिया ने भी चिकित्सकों के गिफ्ट लेने पर रोक लगा दी थी। जिसमें बाद में राहत देते हुए एक हजार तक के गिफ्ट को स्वीकार करने की अनुमति दे दी थी।

खुलासा

केंद्रीय सतर्कता आयोग की रिपोर्ट-सभी विभागों से मिलीं 1,15,203 शिकायतें, रेलवे और बैंक दूसरे व तीसरे स्थान पर रहे

भ्रष्टाचार की शिकायतों में गृह मंत्रालय पहले नंबर पर

नई दिल्ली, 21 अगस्त (एजेंसियां)। पिछले साल भ्रष्टाचार की सबसे ज्यादा शिकायतें केंद्रीय गृह मंत्रालय के अधिकारियों के खिलाफ आईं हैं। केंद्रीय सतर्कता आयोग (सीवीसी) की हाल ही में जारी सालाना रिपोर्ट के अनुसार, इसके बाद रेलवे और बैंक अधिकारियों के खिलाफ शिकायतें मिली हैं।

रिपोर्ट के अनुसार, पिछले साल केंद्र सरकार के सभी विभागों और संगठनों में सभी श्रेणियों के अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए ऐसी कुल 1,15,203 शिकायतें मिलीं। इनमें से 85,437 शिकायतों का निपटारा किया जा चुका है जबकि बाकी बची 29,766 शिकायतें लंबित हैं। इनमें से 22,034 शिकायतें तीन महीने से ज्यादा समय तक लंबित रहीं। एक अधिकारी ने कहा कि सीवीसी ने शिकायतों की जांच करने के लिए मुख्य सतर्कता अधिकारियों के लिए तीन महीने की समय-सीमा निर्धारित की है, जो संस्था की दूरस्थ शाखा के रूप में कार्य करते हैं। रिपोर्ट के अनुसार, जहां गृह मंत्रालय को उसके अधिकारियों के खिलाफ 46,643 शिकायतें मिलीं, वहीं रेलवे को 10,580 शिकायतें और बैंकों को 8,129 शिकायतें मिलीं।

23,919 शिकायतों को हुआ निपटारा

रिपोर्ट में कहा गया कि गृह मंत्रालय के कर्मियों के खिलाफ कुल शिकायतों में से 23,919 का निपटान कर दिया गया और 22,724 शिकायतें लंबित रहीं, जिनमें से 19,198 शिकायतें तीन महीने से ज्यादा समय तक लंबित रहीं। रिपोर्ट के अनुसार, रेलवे ने 9,663 शिकायतों का निपटारा कर दिया है, जबकि 917 शिकायतें लंबित हैं, जिनमें 9 शिकायतें तीन महीने से अधिक समय से लंबित थीं। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीटी) दिल्ली के कर्मियों के खिलाफ 7,370 शिकायतें दर्ज की गईं, जिनमें से 6,804 शिकायतों का निपटान हो गया और 566 शिकायतें लंबित रहीं जिनमें से 18 शिकायतें तीन महीने से ज्यादा समय तक लंबित रहीं। रिपोर्ट के अनुसार, आवास एवं शहरी मामलों के मंत्रालय (केंद्रीय लोक निर्माण विभाग समेत), दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए), दिल्ली मेट्रो रेल निगम (डीएमआरसी), दिल्ली शहरी कला आयोग, हिंदुस्तान प्रीफैब लिमिटेड, आवास एवं शहरी विकास निगम लिमिटेड, एनबीसीसी और एनसीआर योजना बोर्ड के कर्मियों के खिलाफ 4,710 शिकायतें दर्ज की गईं।

देश

उवाच

जबरदस्त संकटों का सामना कर रहे राज्य के शिक्षित युवाओं के लिए बड़े पैमाने पर और विविध रोजगार के अवसर पैदा करने की जरूरत है। जम्मू-कश्मीर युवाओं के लिए रोजगार के अवसर नहीं होने के मामले में शीर्ष पांच राज्यों में से एक है।

-गुलाम नबी आजाद, डीपीएपी के अध्यक्ष

तापमान	अधिकतम	न्यूनतम
दिल्ली	37.0	28.0
मुंबई	29.0	27.0
कोलकाता	32.0	28.0
चेन्नई	32.0	29.0

जनविश्वास बनाए रखें जनप्रतिनिधि : ओम बिरला

- लोस अध्यक्ष ने उदयपुर में राष्ट्रमंडल संसदीय संघ भारत क्षेत्र के सम्मेलन का किया उद्घाटन
- सभी स्पीकरों से निष्पक्षता के साथ सदन की कार्यवाही चलाने का किया आह्वान

उदयपुर, 21 अगस्त (देशबन्धु)। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सोमवार को उदयपुर में राष्ट्रमंडल संसदीय संघ (सीपीए) भारत क्षेत्र के नौवें सम्मेलन का उद्घाटन किया। सम्मेलन में उपस्थित पीठासीन अधिकारियों और विधायकों को संबोधित करते हुए ओम बिरला ने कहा कि विधानमंडल, चाहे वह संसद हो या राज्य विधान सभाएं और विधान परिषदें, 140 करोड़ भारतीयों की आशाओं, सपनों और आकांक्षाओं का प्रतिनिधित्व करते हैं। इसलिए, जन प्रतिनिधियों की यह जिम्मेदारी है कि वे विधायिका में लोगों के विश्वास को बनाए रखें। बिरला ने यह भी कहा कि यह सुनिश्चित करना जन प्रतिनिधियों का कर्तव्य है कि विधानमंडल लोगों के सामाजिक-आर्थिक कल्याण के लिए काम करें। उन्होंने कहा कि विधायकों को लोकतंत्र को मजबूत करने और संसदीय परंपराओं को समृद्ध करने के प्रयास करने चाहिए। सुशासन में विधानमंडलों की अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में बात करते हुए बिरला ने कहा कि विधायी कामकाज में जन-केंद्रित शासन पर रचनात्मक और सार्थक चर्चा होनी चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि जनप्रतिनिधियों को अनुकरणीय आचरण और शिष्टाचार बनाए रखना चाहिए ताकि सदन की प्रतिष्ठा और गरिमा बढ़े तथा विधायी संस्थाओं और जन प्रतिनिधियों पर लोगों का विश्वास और अधिक गहरा और मजबूत हो। बिरला ने इस बात का उल्लेख किया कि जनता की विधायकों से यह आशा होती है कि वे जनकल्याणकारी नीतियों को तैयार करने में कार्यपालिका का मार्गदर्शन करते हुए उनकी समस्याओं के समाधान और उनके कल्याण के लिए विधान सभाओं में सार्थक चर्चा करेंगे और यह तभी हो सकता है जब जनप्रतिनिधि उच्च मानकों के अनुसार आचरण और कार्य करें तथा सदन और सार्वजनिक जीवन में अनुशासन और मर्यादा का पालन करें। इस संदर्भ में बिरला ने पीठासीन अधिकारियों की निष्पक्षता और तटस्थता पर जोर देते हुए कहा कि पीठासीन अधिकारियों की यह विशेष जिम्मेदारी है कि वे अपने पद की गरिमा के अनुसार आचरण करें और सुनिश्चित करें कि सदन का संचालन निष्पक्ष रूप से हो। बिरला ने कहा कि जब कोई सदस्य पीठासीन अधिकारी के पद पर आसीन होता है, तो उसकी जिम्मेदारी और भी बढ़ जाती है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि सभी पीठासीन अधिकारी इस सर्वोच्च पद की गरिमा और प्रतिष्ठा बनाए रखने के लिए सभी संभव प्रयास करेंगे। बिरला ने आगे कहा कि विधानमंडल राजनीतिक पक्षपात से ऊपर उठकर सभी मुद्दों पर बहस और चर्चा के लिए हैं।

जनप्रतिनिधियों को अनुकरणीय आचरण व शिष्टाचार बनाए रखना चाहिए ताकि सदन की प्रतिष्ठा और गरिमा बढ़े : ओम बिरला

हरियंत्र ने की सीपीए सम्मेलन की भूमिका की सराहना

राज्यसभा के उप सभापति, हरिवंश ने सीपीए सम्मेलन की भूमिका की सराहना करते हुए कहा कि पूरे देश के विधानमंडलों के समक्ष आने वाली गंभीर चुनौतियों पर पीठासीन अधिकारियों की चर्चा के लिए यह एक महत्वपूर्ण मंच है। उन्होंने यह भी कहा कि इस मंच पर नवीन विचारों और अनुभवों को साझा करने से सुशासन बढ़ेगा। सम्मेलन के विषय पर बात करते हुए हरिवंश ने कहा कि प्रौद्योगिकी आधारित विकास के इस युग में यह अपरिहार्य है कि बेहतर शासन मानकों के लिए और सेवाएं प्रदान करने के लिए डिजिटल इंटरवेंशन जीवन का अभिन्न अंग बनें। सूचना संचार प्रौद्योगिकी के क्रांतिकारी प्रभाव के संदर्भ में, हरिवंश ने कहा कि शासन में प्रौद्योगिकी के उपयोग से न केवल भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने में मदद मिली है, बल्कि यह भी सुनिश्चित हुआ है कि जनकल्याणकारी लाभ सीधे उन लोगों तक पहुंचें जो उनके हकदार हैं। उन्होंने कहा कि जब सरकार नागरिकों को प्रभावी सेवाएं प्रदान करती है, तो शासन में उनका विश्वास बढ़ता है, जिससे लोकतंत्र मजबूत होता है।

सुशासन के लक्ष्य को प्राप्त करने में सूचना प्रौद्योगिकी बहुत सहायक : गहलोत

राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि वर्तमान समय में सुशासन के लक्ष्य को प्राप्त करने में सूचना प्रौद्योगिकी बहुत सहायक है। उन्होंने इस बात का उल्लेख किया कि आईटी की परिकल्पना हमारे नेताओं द्वारा की गई थी जिन्होंने शासन में प्रौद्योगिकी को व्यापक रूप से अपनाए जाने के लिए मिशन मोड पर काम किया था। गहलोत ने आगे कहा कि विधान सभा अध्यक्ष डॉ.सी.पी. जोशी ने पिछले पांच वर्षों में सीपीए को मजबूत किया है और उनके प्रयासों से विधानमंडल की कार्यकुशलता में वृद्धि हुई है। उन्होंने इस बात पर प्रसन्नता व्यक्त की कि सम्मेलन में डिजिटल सशक्तिकरण और सुशासन की दिशा में जन प्रतिनिधियों के बेहतर शासन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की जाएगी। गहलोत ने लोगों के जीवन को बेहतर बनाने के लिए राज्य सरकार द्वारा क्रियान्वित की जा रही विभिन्न योजनाओं के बारे में भी बताया। उन्होंने यह भी बताया कि स्वास्थ्य और शिक्षा जैसे क्षेत्रों में योजनाओं के कार्यान्वयन में प्रौद्योगिकी से बदलाव आ रहे हैं ।

मुशाल को विशेष सलाहकार बनाना पाक का आंतरिक मामला : उमर अब्दुल्ला

जम्मू,21 अगस्त (एजेंसियां)। जेल में बंद अलगाववादी नेता यासीन मलिक की पत्नी मुशाल हुसैन मलिक को पाकिस्तान के नवनियुक्त कार्यवाहक प्रधानमंत्री की सरकार में विशेष सलाहकार के रूप में नियुक्त किया गया है। इसको लेकर सोमवार को नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेता उमर अब्दुल्ला ने कहा कि जेकेएलएफ प्रमुख यासीन मलिक की पत्नी को नियुक्ति पड़ोसी देश का आंतरिक मामला है। मुशाल हुसैन को मानवाधिकार और महिला सशक्तिकरण मामलों के विशेष सलाहकार के रूप में नियुक्त किया गया है। अब्दुल्ला ने पार्टी मुख्यालय पर आयोजित पत्रकार वार्ता में संवाददाताओं से कहा, क्या हम पाकिस्तान से सलाह करके मंत्री नियुक्त करते हैं। फिर हमें उनसे यह अपेक्षा क्यों करनी चाहिए कि वे अपने मंत्री नियुक्त करने से पहले हमसे परामर्श करेंगे। यह उनका आंतरिक मामला है और हमारा इससे कोई लेना-देना नहीं है। वहीं चीन द्वारा लद्दाख में भारतीय क्षेत्र पर कब्जा करने के राहुल गांधी के बयान पर बोलने से इनकार किया है। बता दें कि मुशाल ने कई वर्षों तक कश्मीर और भारत विरोधी अभियान चलाया है। उन्होंने 22 फरवरी 2009 को रावलपिंडी में अलगाववादी नेता यासीन मलिक से शादी की। दोनों की मुलाकात तब हुई जब यासीन 2005 में पाकिस्तान के दौरे पर था। मुशाल ने लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स से स्नातक की डिग्री हासिल की है।

महबूबा ने भाजपा को दी पाक से सीख लेने की नसीहत

पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने सोमवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी सरकार को पाकिस्तान की अंतरिम सरकार में मुशाल मलिक के नामांकन से सबक लेना चाहिए। पूर्व मुख्यमंत्री मुफ्ती ने कहा कि पाकिस्तान उन लोगों को पुरस्कृत कर रहा है जो सोचते हैं कि वे जम्मू-कश्मीर पर उनके विचारों को आगे बढ़ा रहे हैं, लेकिन दुर्भाग्य से भाजपा सरकार उन लोगों को दंडित कर रही है जो जम्मू-कश्मीर में भारत के विचार का समर्थन करते हैं और उसका प्रचार करते हैं।

सार संक्षेप

दक्षिण कश्मीर में मुठभेड़ के बाद आतंकवादी भाग

श्रीनगर। दक्षिण कश्मीर के पुलवामा के परिगाम इलाके में सुरक्षा बलों के बीच हुई मुठभेड़ के बाद आतंकवादी भाग खड़े हुए। सुरक्षाबलों को परिगाम इलाके में गत रविवार शाम को आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना मिली थी। जिसके बाद, उनके उस स्थान पर पहुंचते ही आतंकवादियों ने गोलीबारी शुरू कर दी। जिसके जवाब में सुरक्षा बलों ने गोलीबारी की। सुरक्षा बलों ने अंधेरा अधिक होने जाने की वजह से ऑपरेशन रोक दिया था।

त्रिपुरा में दस करोड़ की हेरोइन जब्त, तीन गिरफ्तार

अगरतला। राज्य में अब तक की सबसे बड़ी नशीली दवाओं की बरामदगी में से एक में, त्रिपुरा पुलिस ने सोमवार को 10 करोड़ रुपये मूल्य की 1.3 किलोग्राम हेरोइन जब्त की और इस संबंध में तीन ड्रग तस्करों को गिरफ्तार किया। उत्तरी त्रिपुरा जिले के पुलिस अधीक्षक भानुपद चक्रवर्ती ने कहा कि साबुन के कई डिब्बों में मौजूद मादक पदार्थ टाटा सूमो वाहन में ले जाया जा रहा था, जो दक्षिणी असम से आ रहा था। गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए हमने उत्तरी त्रिपुरा जिले के चुराइबारी में एक चौकी बनाई और वाहन को रोका। तीन ड्रग तस्कर ड्रग्स के साथ वाहन में यात्रा कर रहे थे। गिरफ्तार ड्रग तस्करों को अदालत में पेश किया जाएगा। पुलिस अब हिरासत में लिए गए लोगों से पूछताछ कर रही है।

पानी के टेंकर की चपेट में आई बच्ची की मौत

चेन्नई। सोमवार को एक 10 वर्षीय लड़की की उस समय मौत हो गई, जब वह मां के साथ जिस स्कूटी पर जा रही थी उसका संतुलन बिगड़ गया और दोनों सड़क पर गिर गईं। उनके पीछे तेज गति से आ रहा पानी का एक टेंकर बच्ची के ऊपर से गुजर गया। लियोरा अपनी मां कीर्ति के साथ स्कूल जा रही थी। स्कूटी चलाते समय कीर्ति ने वाहन से नियंत्रण खो दिया और दोनों मां-बेटी सड़क पर गिर गईं। पुलिस ने बताया कि टेंकर से कुचलने के बाद लड़की की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद चालक मौके से भाग गया। पुलिस ने बताया कि लियोरा श्री शहर के महिपक्कम इलाके में एक निजी स्कूल की कक्षा पांच की छात्रा थी।

तेलंगाना में विमान यात्री से 20.59 लाख का सोना जब्त

हैदराबाद। तेलंगाना की राजधानी हैदराबाद के निकट शमशाबाद में राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सीमा शुल्क अधिकारियों ने सोमवार को एक यात्री से 20.59 लाख रुपए मूल्य का 397 ग्राम सोना जब्त किया। सीमा शुल्क विभाग के सूत्रों ने बताया कि शारजाह से विमान से आए यात्री के पास से सोना जब्त किया।

कर्नाटक कांग्रेस मंत्री के खिलाफ फर्जी पत्र मामले में दो हिरासत में

बेंगलुरु, 21 अगस्त (एजेंसियां)। कर्नाटक के राज्यपाल थावरचंद गहलोत को कृषि मंत्री एन चालुवरायस्वामी के खिलाफ भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए लिखे गए कथित फर्जी पत्र को लेकर अपराध जांच विभाग ने मैसूर जिले से कृषि विभाग के दो अधिकारियों को हिरासत में लिया है। हिरासत में लिये गये सहायक निदेशक गुरुदत्त और कृषि अधिकारी शिवप्रसाद से पुलिस पूछताछ कर रही है। हिरासत में लिए गए लोग कथित तौर पर मांड्या के सात कृषि अधिकारियों के नाम पर एक पत्र लिखने में शामिल थे, जिसमें आरोप लगाया गया था कि श्री चालुवरायस्वामी ने संयुक्त निदेशक के माध्यम से पोस्टिंग के लिए रिश्वत की मांग की थी। विपक्ष द्वारा राज्य सरकार पर सवाल उठाए जाने के बाद सिद्दारमैया ने अगली कार्रवाई में फर्जीवाड़े की सीआईडी जांच के आदेश दिए। जांच के दौरान सीआईडी ने पता लगाया कि पत्र मैसूर के सरस्वतीपुरम डाकघर के माध्यम से भेजा गया था। पूछताछ के बाद, दो अधिकारियों को हिरासत में लिया गया। राज्यपाल को हालांकि पत्र भेजने में उनकी भूमिका पर अभी भी दुविधा बनी हुई है। पुलिस यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि राज्यपाल को पत्र किसने लिखा? मंत्री चालुवरायस्वामी ने आरोप लगाया था कि यह पत्र फर्जी है। मांड्या के संयुक्त निदेशक ने पुलिस को बताया था कि कार्यालय में केवल चार अधिकारी थे, लेकिन राज्यपाल को लिखे पत्र पर सात हस्ताक्षर थे।



महिलाओं ने विभिन्न क्षेत्रों में की कामयाबी हासिल : मुर्मू

- राष्ट्रपति ने आर्मी वाइव्स वेलफेयर एसोसिएशन के कार्यक्रम में की शिरकत
- राष्ट्रपति ने नारी शक्ति को सराहा

नई दिल्ली,21 अगस्त (देशबन्धु)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोमवार को नारी शक्ति की तारीफ की और कहा कि महिलाओं ने अलग-अलग क्षेत्रों में कामयाबी हासिल की है और वह मिसाइलों से लेकर संगीत, हर क्षेत्र में कमाल कर रही हैं। बता दें कि दिल्ली में मानेकशॉ सेंटर में आर्मी वाइव्स वेलफेयर एसोसिएशन ने एक कार्यक्रम का आयोजन किया था। इस कार्यक्रम में राष्ट्रपति मुर्मू भी शामिल हुईं। कार्यक्रम के दौरान बोलते हुए राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि मैं सभी वीर नारियों को उनके योगदान के लिए आभार व्यक्त करती हूं। राष्ट्रपति ने कहा कि ऐसी कहावत है कि हर सफल व्यक्ति के पीछे एक महिला होती है लेकिन अब ऐसा कहा जाना चाहिए कि हर सफल व्यक्ति के साथ एक महिला होती है। आर्मी वाइव्स वेलफेयर एसोसिएशन की अध्यक्ष अर्चना पांडे ने राष्ट्रपति की तारीफ की और उन्हें खुद नारी शक्ति का उदाहरण बताया। इस दौरान उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ की पत्नी सुदेश धनखड़ और केंद्रीय मंत्री मीनाक्षी लेखी भी मौजूद रहीं।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि अस्मिता का प्रचलित अर्थ असीमित क्षमता के बोध से है और इन बहनों ने इसे सुंदर ढंग से प्रदर्शित किया है। राष्ट्रपति ने कहा कि नारी समुदाय में आत्म गौरव का भाव होने से गौरवशाली समाज और राष्ट्र का निर्माण संभव होता है। उन्होंने कुछ पुराने विचारों को छोड़ने और नए विचारों को अपनाने की जरूरत पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि देश की आधी आबादी नारी है, आज देश आर्थिक रूप से दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है और देश निरंतर आगे बढ़ने की प्रयासरत है। दरअसल, मुर्मू ने कहा कि उनकी मुलाकात अनेक ऐसी महिलाओं से हुई है जो परिग्रम के बल पर और चुनौतियों को पार करते हुए सफलता के शिखर पर पहुंची हैं। राष्ट्रपति मुर्मू ने आगे कहा कि मुझे यह जानकर संतोष हुआ है कि वीर-नारी बहनों के कल्याण के लिए 'आश्वान' नामक योजना चलाई जा रही है। उन्होंने कहा कि 'आवा' द्वारा यहां प्रदर्शित की गई उद्यमिता प्रदर्शनी से भारत की नारी प्रतिभा की सुंदर झलक देखने को मिली है।

मिसाइल से संगीत तक महिलाओं ने बहुत कुछ हासिल किया : द्रौपदी मुर्मू

राष्ट्रपति ने की आर्मी वाइव्स वेलफेयर एसोसिएशन की तारीफ

साथ ही आर्मी वाइव्स वेलफेयर एसोसिएशन की भी राष्ट्रपति ने तारीफ की। कार्यक्रम के दौरान सेना के जवान से शादी करने वाली एक उद्यमी महिला और झारखंड की एक टीचर, जो कि वीर नारी हैं, अपने अनुभव साझा किए। दोनों महिलाओं को सुनने के बाद राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि दोनों महिलाओं की दर्दभरी कहानियां सुनने, या कहें कि दृढ संकल्प और समर्पण की कहानी सुनकर रूह कांप गई। इसलिए ही इसे नारी शक्ति कहा जाता है।

केंद्र सरकार के सौतेले रवैए से बिहार में पीएमएवाई का कार्यान्वयन बाधित : जदयू

पटना,21 अगस्त (देशबन्धु)। बिहार के ग्रामीण विकास मंत्री एवं जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के वरिष्ठ नेता श्रवण कुमार ने पूर्व उप मुख्यमंत्री एवं भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राज्यसभा सांसद सुशील कुमार मोदी के बयान कि प्रधानमंत्री आवास योजना (पीएमएवाई) का लक्ष्य पूरा करने में बिहार विफल रहा है को निराधार बताया और कहा कि केंद्र के सौतेले रवैये के कारण प्रदेश में पीएमएवाई (ग्रामीण) के कार्यान्वयन में व्यवधान उत्पन्न हुआ है। कुमार ने सोमवार को यहां मोदी के बयान का खंडन करते हुए कहा कि उनका यह बयान निराधार एवं आंकड़ों से मेल नहीं खाता है। कुमार ने बताया कि राज्य सरकार को यह हमेशा सोच रही है कि सभी आवासविहीन लोगों को आवास की सुविधा उपलब्ध करा दी जाए। उन्होंने बताया कि वित्तीय वर्ष 2014-15 से वर्ष 2022-23 की अवधि में इंदिरा आवास योजना एवं प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत कुल मिलाकर राज्य में 42 लाख 38 हजार 109 आवासों का लक्ष्य केंद्र सरकार द्वारा बिहार को दिया गया था, जिसमें से वर्ष 2018-19, वर्ष 2022-23 एवं चालू वित्तीय वर्ष 2023-24 में एक भी आवास का लक्ष्य राज्य को नहीं मिला।

सभी आवासविहीन लोगों को आवास की सुविधा उपलब्ध कराना सरकार की सोच : श्रवण कुमार

आठ हजार लक्ष्य केंद्र सरकार ने वापस लिया

मंत्री ने बताया कि राज्य की प्रतीक्षा सूची में स्थलविहीनों के लिए आरक्षित लक्ष्य, जिन्हें राज्य सरकार द्वारा वास भूमि उपलब्ध कराते हुए आवास का लाभ दिए जाने की योजना थी उनमें से भी लगभग आठ हजार लक्ष्य केंद्र सरकार ने वापस ले लिया। अभी वर्तमान में प्रतिदिन पूर्ण किए जाने आवास की औसत संख्या 500 है एवं वित्तीय वर्ष 2023-24 में 01 अप्रैल 2023 के बाद से अब तक पूर्ण आवासों की संख्या 81 हजार 466 है। बिहार के नोडल खाता में मोदी द्वारा बताई राशि से लगभग 354 करोड़ रुपए राशि कम है। वर्तमान में यह राशि तीन हजार 138 करोड़ रुपए है, जिससे आवास के निर्माण का कार्य किया जा रहा है।

हैदराबाद में प्रदर्शन कर रहे भाजपा विधायक गिरफ्तार

हैदराबाद, 21 अगस्त (एजेंसियां)। तेलंगाना की राजधानी हैदराबाद के लकड़ीकापुल में स्कूल शिक्षा आयुक्त कार्यालय के विद्या स्वयंसेवकों के साथ धरना प्रदर्शन कर रहे भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विधायक रघुनंदन राव को सोमवार को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। यह प्रदर्शन विद्या स्वयंसेवकों के पदों के नवीनीकरण की मांग को लेकर किया। विद्या स्वयंसेवकों ने अपने अनुबंध के नवीनीकरण और तीन महीने के लंबित वेतन के निपटान के लिए स्कूल शिक्षा आयुक्त कार्यालय के सामने सड़क पर शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन किया। भाजपा विधायक विधायक रघुनंदन राव विद्या स्वयंसेवकों के साथ विरोध प्रदर्शन में शामिल हुए। प्रदर्शन के दौरान पुलिस और विद्या स्वयंसेवकों के बीच हुई बहस से तनाव बढ़ गया। इस बीच पुलिस ने रघुनंदन राव को हिरासत में ले लिया और बाद में उन्हें नामपल्ली पुलिस थाना ले जाया गया।

स्नातकों को वैज्ञानिक स्वभाव वाला बनाएं विवि के कुलपति : सिद्दारमैया

बेंगलुरु, 21 अगस्त (एजेंसियां)। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दामैया ने सोमवार को राज्य के विश्वविद्यालयों के कुलपतियों से स्नातकों को वैज्ञानिक स्वभाव और तर्कसंगत सोच से लैस करने को कहा। उन्होंने कुलपतियों और उच्च शिक्षा विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए कहा, विश्वविद्यालयों से निकलने वाले अज्ञानता से युक्त, वैज्ञानिक स्वभाव और तर्कसंगत सोच से रहित स्नातकों का क्या उपयोग है? क्या वे देश, राज्य और समाज के लिए उपयोगी हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालयों को ऐसे स्नातक तैयार करना चाहिए जो वैज्ञानिक, बौद्धिक, आर्थिक और सभ्य तरीके से देश का नेतृत्व करेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा, अगर वे अज्ञानता से भरकर विश्वविद्यालयों से बाहर आएंगे, तो न देश, राज्य और न ही अपने भविष्य के लिए उपयोगी होंगे। बैठक में 32 सार्वजनिक विश्वविद्यालयों के कुलपतियों और उच्च शिक्षा विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया। कर्नाटक राज्य सकल नामांकन अनुपात (जीईआर) 36 प्रतिशत है, जबकि राष्ट्रीय जीईआर 27.4 प्रतिशत है। बैठक के दौरान 2030 तक जीईआर को 50 प्रतिशत तक बढ़ाने का लक्ष्य निर्धारित करने का भी निर्णय लिया गया। कर्नाटक में पुरुष जीईआर 34.8 प्रतिशत, महिला जीईआर 37.2 प्रतिशत, अनुसूचित जाति 25.6 प्रतिशत और अनुसूचित जनजाति 23.4 प्रतिशत है। कर्नाटक के 32 विश्वविद्यालयों में लगभग 1.31 लाख छात्र पढ़ते हैं।

विश्वविद्यालयों के कुलपतियों संग की बैठक

आह्वान *दवाओं को सस्ता करने का उपराष्ट्रपति ने किया आह्वान,कहा*

जरूरतमंदों के लिए विनाशकारी हो सकता है व्यावसायीकरण

नई दिल्ली, 21 अगस्त (एजेंसियां)। एम्स दिल्ली के 48 वें दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि देश में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान का कोई विकल्प नहीं है। इस प्रमुख संस्थान ने वैश्विक मान्यता अर्जित की है। इस अवसर पर स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री मनसुख मंडविया, एम्स निदेशक एम श्रीनिवास।

भी उपस्थित थे। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने दवाओं को सस्ता करने का आह्वान करते हुए कहा कि व्यावसायीकरण जरूरतमंदों के लिए विनाशकारी हो सकता है। उपराष्ट्रपति ने यहां अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान-एम्स के 48वें दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि दवाओं को सस्ता करने और आम लोगों की पहुंच में बनाएं रखने पर जोर दिया जाना चाहिए। हर क्षेत्र में और अन्य गणमान्य व्यक्ति

देश में एम्स का कोई विकल्प नहीं : धनखड़

व्यावसायिकरण के उच्च मानकों को बनाए रखने की आवश्यकता पर बल देते हुए उन्होंने कहा कि थोड़ी सी ढील, थोड़ा सा व्यावसायीकरण, थोड़ा सी अनैतिकता जरूरतमंद लोगों के लिए विनाशकारी हो सकती। इस अवसर पर केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री प्रो. एसपी सिंह बघेल और अन्य प्रतिष्ठित व्यक्तियों ने दीक्षांत समारोह में भाग लिया। उपराष्ट्रपति ने कहा कि मुझे लगता है कि मैं दर्जनों बार एक मरीज के रूप में यहां आया हूं। यहां के डॉक्टरों का समर्पण अद्वितीय है। क्या आप रोगी के प्रति उनकी प्रतिबद्धता, भागीदारी और समर्पण को हरा सकते हैं। धनखड़ ने आगे कहा कि वह कानूनी पेशे से आते हैं और वह समझते हैं कि प्रोफेशनलिज्म रुख का क्या मतलब है।

उपराष्ट्रपति ने कहा कि थोड़ी सी नरमी, थोड़ा सा व्यावसायीकरण, थोड़ा सा नैतिक विचलन उन लोगों के लिए बुरा हो सकता है जिनकी हम सेवा करना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि किसी संस्थान की ताकत उसके कर्मचारी होते हैं, मैं उन सभी कर्मचारियों और आज डिग्री लेने वाले छात्रों को शुभकामनाएं देता हूं। धनखड़ ने आगे कहा कि आप अपने पूरे जीवन में उस शिक्षक को याद रखेंगे, जिन्होंने आपको पढ़ाया, क्योंकि उन्होंने आपको मार्गदर्शन दिया है। मुझे यकीन है कि आप उन्हें कभी निराश नहीं करेंगे। उपराष्ट्रपति ने कोविड महामारी का जिक्र करते हुए स्वास्थ्य कर्मियों की सराहना की। उपराष्ट्रपति ने कहा कि जब हर कोई महामारी की चुनौतियों का सामना कर रहा था तो हमारे स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं ने जोखिम उठाया और हमारी रक्षा के लिए आए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सराहना करते हुए उपराष्ट्रपति ने कोविड लॉकडाउन का जिक्र करते हुए कहा कि दुनिया में किसी ने भी व्यापक भागीदारी की रणनीति के बारे में नहीं सोचा जैसा कि प्रधानमंत्री ने किया। पूरे देश ने इसमें सहयोग किया। इससे कोविड को रोकने और उससे निपटने के सभी मोर्चों पर सकारात्मक परिणाम मिले।

सनी देओल की फिल्म मां तुझे सलाम का बनेगा सीक्वल

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेता सनी देओल की फिल्म मां तुझे सलाम को सीक्वल बनाया जाएगा। सनी देओल की फिल्म गदर 2 हाल ही में प्रदर्शित हुई है, जो बॉक्स ऑफिस पर सुपरडुपर हिट साबित हुई है। सनी देओल की फिल्म 'मां तुझे सलाम' के सीक्वल को लेकर खबर सामने आई है। फिल्म ट्रेड एनालिस्ट अतुल मोहन ने सोशल मीडिया पर एक पोस्टर शेयर करते हुए फिल्म मां तुझे सलाम के सीक्वल और टाइटल का अनाउंसमेंट किया। इस पोस्टर में तिरंगा बना हुआ है और तिरंगे के रंग में ही फिल्म का टाइटल 'मां तुझे सलाम 2' लिखा है। 'मां तुझे सलाम' वर्ष 2002 में रिलीज हुई थी। मां तुझे सलाम में सनी देओल ने मुख्य भूमिका निभायी थी। इस फिल्म में एक डायलॉग था, दूध मांगोगे तो खीर देंगे, कश्मीर मांगोगे तो चीर देंगे।

जो लोग ब्लैक कलर पसंद करते हैं उनका दिमाग कलरफुल होता है : काजोल

नई दिल्ली, 21 अगस्त (एजेंसियां)। अभिनेत्री काजोल ने सोमवार को अपने नए मोनोक्रोमैटिक फोटोशूट की पिक्चर्स एण्टिकेशन इंस्टाग्राम पर शेयर कीं। फोटो में वह लॉन्ग स्लीव्स वाला गाउन पहने नजर आ रही हैं। उन्होंने बालों को खुला छोड़ा हुआ है और नेक चेन से अपने लुक को पूरा किया है। काजोल की ब्लैक एंड व्हाइट तस्वीरों में वह साइड पोज देती नजर आ रही हैं। वह काफी ग्रेसफुल लग रही हैं। उन्होंने फोटो शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा, 'मनोवैज्ञानिक कहते है कि जो लोग ब्लैक कलर पसंद करते हैं उनका दिमाग सबसे रंगीन होता है। इस पर आप क्या कहते है?' पोस्ट पर फैंस ने कमेंट सेक्शन पर तारीफों के पुल बांधे। हर कोई काजोल के लुक की तारीफ कर रहा था।

वर्क फ्रंट की बात करें तो, उन्हें आखिरी बार 'लस्ट स्टोरीज़ 2' में 'देवयानी' के रूप में देखा गया था। उन्होंने 'द ट्रायल प्यार कानून धोखा' में भी अभिनय किया, जो डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर स्ट्रीमिंग एक कानूनी ड्रामा है। उनकी अगली फिल्म 'सरजमीन' और 'दो पत्ती' हैं।

वैज्ञानिकों ने की स्तन कैंसर से जुड़े चार नए जीन की पहचान

जीन स्तन जांच व जोखिम में कमी को करेंगे उजागर

टोरंटो, 21 अगस्त (एजेंसियां)। कनाडा और यूके के वैज्ञानिकों की एक अंतरराष्ट्रीय टीम ने स्तन कैंसर से जुड़े चार नए जीनों की पहचान की है, जिन्हें बढ़ते जोखिम वाली महिलाओं की पहचान करने के लिए परीक्षणों में शामिल किया जा सकता है।

विश्व स्तर पर 2.3 मिलियन से अधिक महिलाएं स्तन कैंसर से पीड़ित हैं। महिलाओं में होने वाली मृत्यु का कैंसर दूसरा प्रमुख कारण है। स्तन कैंसर के लिए वर्तमान परीक्षण में केवल कुछ जीनों पर विचार किया गया, जिसमें बीआरसीए1, बीआरसीए2 और पीएएलबी2 शामिल हैं। हालांकि ये केवल स्तन कैंसर की पहचान करने के लिए काफी नहीं हैं। इसके लिए अभी भी अधिक जीनों की पहचान की जानी बाकी है। नेचर जेनेटिक्स जर्नल में प्रकाशित अध्ययन में कम से कम चार नए स्तन कैंसर के जोखिम वाले जीनों के साक्ष्य मिले, जिनमें कई संकेत देने वाले साक्ष्य भी शामिल हैं।

■ 2.3 मिलियन से अधिक महिलाएं स्तन कैंसर से पीड़ित

इन नए जीनों की पहचान स्तन कैंसर के आनुवंशिक जोखिम के बारे में हमारी समझ में

योगदान देगी। यह शोध उन महिलाओं को इसे पहचानने में मदद करेगा, जिन्हें इस बीमारी का खतरा अधिक है। यह जीन स्तन जांच और जोखिम में कमी को उजागर करेंगे।

इन नवीन जीनों की खोज से कैंसर के विकास पर महत्वपूर्ण जानकारी भी मिलती है, जिससे संभावित रूप से नए उपचारों की पहचान करने का रास्ता खुल जाता है। इस शोध का उद्देश्य है कि इस जानकारी को वर्तमान में दुनियाभर में स्वास्थ्य पेशेवर इस्तेमाल में लाए, जिससे स्तन कैंसर के खतरे को भापा जा सके।

कनाडा के क्यूबेक में यूनिवर्सिटी लावल के प्रोफेसर जैक्स सिमर्ड ने कहा कि इस शोध से उच्च जोखिम वाली महिलाओं के लिए जोखिम कम करने की रणनीतियों, स्क्रीनिंग और उपचार विकल्पों के निर्धारण के संबंध में साझा निर्णय लेने को बढ़ावा मिलेगा।

सीएचयू डी क्यूबेक-यूनिवर्सिटी लावल रिसर्च सेंटर के जीनोमिक्स सेंटर के शोधकर्ता सिमर्ड ने कहा कि नए जीनों में पहचाने गए अधिकांश दुर्लभ हैं, लेकिन उन महिलाओं के लिए यह महत्वपूर्ण हो सकते हैं, जिनमें यह पाए जाते हैं। उदाहरण के लिए नए जीनों में से एक एमएपीउ3के1 में परिवर्तन स्तन कैंसर को जन्म देता है।

टीम ने स्तन कैंसर से पीड़ित 26,000 महिलाओं और बिना स्तन कैंसर वाली 217,000 महिलाओं के सभी जीनों में परिवर्तनों का अध्ययन किया। इनमें यूरोप और एशिया के आठ देशों की महिलाएं शामिल थीं।

कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय के कैंसर जेनेटिक महामारी विज्ञान केंद्र के निदेशक प्रो. डगलस ईस्टन ने कहा कि हमें इन जीनों में वेरिएंट से जुड़े कैंसर के खतरों को अधिक सटीक रूप से निर्धारित करने, ट्यूमर का अध्ययन करने और यह समझने के लिए अतिरिक्त डेटा की आवश्यकता है कि ये स्तन कैंसर के खतरों को प्रभावित करने वाले अन्य जीवनशैली कारकों के साथ कैसे जुड़ते हैं।

नाग पंचमी पर 'चंद्रयान-3 मिशन' की सफलता के लिए विशेष पूजा

बेंगलुरु, 21 अगस्त (एजेंसियां)। कर्नाटक के दक्षिण कन्नड़ जिले में प्रसिद्ध श्रीकुक्के श्री सुब्रमण्यम मंदिर में सोमवार को नाग पंचमी उत्सव पर चंद्रयान-3 मिशन की सफलता के लिए विशेष पूजा की गई। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के नाम पर विशेष पूजा की गई। मंदिर प्रबंधन ने 'कार्तिक पूजा', 'मझ पूजा' की। चंद्रयान-3 मिशन की सफलता के लिए विशेष 'क्षीर अभिषेकम' (मूर्ति पर दूध डालकर भगवान को अर्पित करना) किया गया।कुक्के सुब्रमण्यम प्रसिद्ध और बहुत प्रतिष्ठित हिंदू मंदिर है, जो नाग देवता को समर्पित है। तीर्थस्थल पर प्रतिदिन हजारों श्रद्धालु आते हैं। दरअसल, भारतीय अंतरिक्ष एजेंसी ने पिछले गुरुवार की दोपहर को मुख्य अंतरिक्ष यान चंद्रयान-3 से लैंडर को सफलतापूर्वक अलग कर दिया। चंद्रयान-3 अंतरिक्ष यान में एक प्रोपल्शन मॉड्यूल (वजन 2,148 किलोग्राम), एक लैंडर (1,723.89 किलोग्राम) और एक रोवर (26 किलोग्राम) शामिल है।

इसरो ने एक ट्वीट में बताया था- लैंडर मॉड्यूल (एलएम) को प्रोपल्शन मॉड्यूल (पीएम) से सफलतापूर्वक अलग कर दिया गया है।करीब 600 करोड़ रुपये की लागत वाले भारत के तीसरे चंद्र मिशन का मुख्य उद्देश्य लैंडर को चंद्रमा पर उतारना है। इससे पहले भारत का चंद्रयान-2 मिशन विफल हो गया था, क्योंकि 'विक्रम' लैंडर चंद्रमा पर दुर्घटनाग्रस्त हो गया था।

इसरो के मुताबिक, लैंडर के 23 अगस्त को शाम 5.47 बजे चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव के पास सॉफ्ट लैंडिंग करने की उम्मीद है। लैंडर लगभग 100 किमी की ऊंचाई से चंद्रमा पर उतरेगा। चंद्रयान-3 को 14 जुलाई को भारत के हेवी लिफ्ट रॉकेट एलवीएम-3 ने कक्षा में स्थापित किया गया था।

सूरत के अस्पताल में 24 घंटे में 31 बच्चों के जन्म का रिकॉर्ड बना

■ डायमंड अस्पताल के लिए एक ऐतिहासिक मील का पत्थर ■ 17 लड़कियों और 14 लड़कों की किलकारियों से गूंज उठा अस्पताल

सूरत, 21 अगस्त (एजेंसियां)। सूरत के डायमंड अस्पताल के लिए एक ऐतिहासिक मील का पत्थर, एक ही दिन में 31 प्रसव का उल्लेखनीय रिकॉर्ड हासिल किया गया है, जो अस्पताल और स्थानीय समुदाय दोनों के लिए एक महत्वपूर्ण दिन है।

खुशी के जश्न के बीच अस्पताल 17 लड़कियों और 14 लड़कों की किलकारियों से गूंज उठा। लैंगिक समानता और स्वास्थ्य को बढ़ावा देने की अपनी प्रतिबद्धता के लिए प्रसिद्ध डायमंड हॉस्पिटल ने अपनी अनूठी पहल के लिए प्रसिद्धि प्राप्त की है। अस्पताल बेटी के जन्म पर माता-पिता से एक भी रुपया चार्ज करने से परहेज करके अपनी उदारता बढ़ाता है, जिससे पारंपरिक धारणाओं को चुनौती दी जाती है और समावेशिता की भावना को बढ़ावा मिलता है।

इसके अलावा, अस्पताल का बहाना है कि मातृ एवं शिशु कल्याण के प्रति उसका दृढ़ समर्पण अटूट है। सामान्य डिलीवरी की लागत 1,800 रुपए है जबकि सिजेरियन डिलीवरी की कीमत 5,000 रुपए है, जिससे सभी के लिए गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य देखभाल तक पहुंच संभव हो जाती है।

अस्पताल के एक अधिकारी ने कहा कि 'डायमंड हॉस्पिटल के मिशन का एक निर्णायक पहलू लिंग पूर्वाग्रह के मुद्दे को सीधे संबोधित

करने के दृढ़ संकल्प में निहित है।

प्रत्येक जोड़े को एक से अधिक बेटियों के लिए अस्पताल प्रत्येक बेटी को 1 लाख रुपए का बांड प्रदान करता है, जो समान अवसरों के भविष्य के प्रति प्रतिबद्धता दर्शाता है। 2,000 बेटियों को पहले ही 20 करोड़ रुपए के चौंका देने वाले बांड दिए जा चुके हैं, जिससे एक अधिक न्यायसंगत समाज बनाने की दिशा में अस्पताल की प्रतिज्ञा और मजबूत हुई है।

डायमंड अस्पताल के ट्रस्टी दिनेश नावदिया ने इस महत्वपूर्ण दिन पर अस्पताल में छाए खुशी के माहौल पर प्रसन्नता व्यक्त की। अस्पताल प्रबंधन ने कहा कि इन 31 शिशुओं का जन्म, सभी स्वस्थ और स्वस्थ, अस्पताल की मेडिकल टीम के समर्पण और कड़ी मेहनत का प्रमाण है।

अस्पताल के एक अधिकारी ने कहा कि आज दुनिया को गौरवान्वित करने वाले 31 नवजात शिशुओं में से 17 बेटियां और 14 बेटे हैं, जो सराहनीय लिंग अनुपात को रेखांकित करता है जो 'बेटी बचाओ' (बेटी बचाओ) अभियान के साथ सहजता से मेल खाता है।

गरीबनाथ बाबा के दरबार में आस्था व भक्ति की अनोखी तस्वीर

एक पैर से राजनंदिनी 75 किमी चलकर पहुंची बाबा के दरबार

मुजफ्फरपुर, 21 अगस्त (एजेंसियां)। बिहार के मुजफ्फरपुर के गरीबनाथ बाबा के दरबार में आस्था और भक्ति की अनोखी तस्वीर देखने को मिली, जहां पहलेजा घाट से एक पैर से चलकर राजनंदिनी बाबा के दरबार पहुंची और जलाभिषेक किया। भाई-बहन के पर्व रक्षाबंधन के पूर्व दिव्यांग बहन ने बाबा गरीब नाथ का जलाभिषेक कर अपने भाई की सलामती की कामना की।

बिहार के हाजीपुर की एक पैर से दिव्यांग राजनंदिनी भाई की सलामती के लिए मांगी दुआओं को लेकर 75 किलोमीटर दूर से पहलेजा घाट से गंगा नदी से जल उठाकर एक पैर से ही गरीब नाथ मंदिर पहुंची और बाबा का जलाभिषेक कर आशीर्वाद लिया। वैशाली जिले के हाजीपुर की रहने वाली राजनंदिनी अपने पिता के साथ देर रात को बाबा गरीबनाथ धाम पहुंची। जहां बाबा गरीब नाथ का जलाभिषेक कर आशीर्वाद

लिया।

उन्होंने बताया कि अपने भाई के लिए मन्नत मांगी थी कि भाई ठीक हो जाएगा तो यहां पर बाबा को आकर जलाभिषेक करूंगी।

उन्होंने आगे कहा कि आज बहुत खुश हूं। आज मैं दरबार पहुंच गई। राजनंदिनी के इस अदभुत हौसले को देखकर पूरे कांवरिया पथ और बाबा मंदिर में पास लोग दंग रह गए। राजनंदिनी ने कहा कि उसका सपना आईपीएस बनकर देश की सेवा करना है। एक पांव होने के बाद भी उसके हौसले में कोई कमी नहीं है। राजनंदिनी के हौसलों को देख हर कोई आश्चर्य कर रहा है।

■ दिव्यांग बहन ने बाबा गरीब नाथ का जलाभिषेक कर अपने भाई की सलामती की कामना की

उल्लेखनीय है कि राजनंदिनी के भाई के हृदय का ऑपरेशन हुआ था। उन्होंने भाई के सुरक्षित ऑपरेशन को लेकर बाबा गरीब नाथ से मन्नत मांगी थी कि भाई ठीक हो जाएगा तो जलाभिषेक करूंगी।

अब जब भाई स्वस्थ हो गया, वह बाबा गरीब नाथ धाम जलाभिषेक करने पहुंच गई। राजनंदिनी के पिता सुभाष कुमार ने बताया कि मैं खुद अपनी बेटी से प्रेरणा लेता हूं और उसके जन्मे को देखकर आश्चर्यचकित हो जाता हूं। मेरे अंदर भी इतनी ऊर्जा, उत्साह और समर्पण का भाव नहीं है, जितनी मेरी बेटी के पास है। एक पैर होने के वजह से परिवार में लोगों ने आने से मना जरूर किया था। लेकिन, उसकी जिद के सामने हम सभी हार गए। उन्होंने कहा कि सब महादेव की कृपा है।

पंकज त्रिपाठी के पिता पंडित बनारस तिवारी का 99 साल की उम्र में निधन

मुंबई, 21 अगस्त (एजेंसियां)। लोकप्रिय एक्टर पंकज त्रिपाठी के पिता पंडित बनारस तिवारी का 99 साल की उम्र में निधन हो गया। रिपोर्ट्स के मुताबिक, पंकज उत्तराखंड में एक फिल्म की शूटिंग कर रहे थे और अब बिहार के गोपालगंज स्थित अपने गांव वापस जा रहे हैं।

पंकज त्रिपाठी की टीम की ओर आधिकारिक बयान में कहा गया कि भारी मन के साथ यह कहना पड़ रहा है कि पंकज त्रिपाठी के पिता पंडित बनारस तिवारी अब दुनिया में नहीं रहे। उन्होंने 99 साल का स्वस्थ जीवन जीया। उनका अंतिम संस्कार आज उनके करीबी परिवार के बीच किया जाएगा। पंकज त्रिपाठी फिलहाल गोपालगंज अपने गांव जा रहे हैं।

पंकज की लेटेस्ट रिलीज फिल्म 'ओएमजी 2' बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन कर रही है। फिल्म ने अपने दसवें दिन बॉक्स ऑफिस पर 113.67 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया है। इसमें अक्षय कुमार और यामी गौतम भी लीड रोल में हैं।

'लव ऑल' आपको लगेगा आप फिल्म नहीं अंतरराष्ट्रीय मैच देख रहे हैं : केके मेनन

नई दिल्ली, 21 अगस्त (एजेंसियां)। आगामी स्पोर्ट्स ड्रामा फिल्म 'लव ऑल' को लेकर अभिनेता केके मेनन पूरी तरह से तैयार हैं। उन्होंने कहा कि इस फिल्म को देखकर आपको लगेगा कि आप कोई दृश्य नहीं बल्कि एक अंतरराष्ट्रीय मैच देख रहे हैं। अभिनेता अपनी फिल्म के प्रचार के लिए राष्ट्रीय राजधानी में थे। उन्हें नीली शर्ट, बेज पैंट और नीले रंग के धूप का चश्मे में देखा गया। उन्होंने अपने लुक को ब्लैक एंड व्हाइट स्नीकर्स से पूरा किया। केके मेनन के साथ निर्देशक सुधांशु शर्मा भी थे। मीडियाकर्मियों से बातें करते हुए केके मेनन ने कहा कि यह एक पिता, पुत्र और एक मध्यम वर्गीय परिवार की कहानी है। कहानी बैडमिंटन पर केंद्रित है, जिसे बहुत विश्वसनीय तरीके से प्रस्तुत किया गया है। इस फिल्म के कलाकार वास्तविक

खिलाड़ी हैं, जो राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। तैयारियों और भूमिका के बारे में बोलते हुए अभिनेता ने कहा कि मैंने इसके लिए केवल सामान्य तैयारी की, जो किसी व्यक्ति को प्रस्तुत करने के लिए आवश्यक है। मैं सिद्धार्थ शर्मा का किरदार निभा रहा हूं। मैंने उनकी विशेषताओं को आत्मसात कर लिया है।

56 वर्षीय अभिनेता ने आगे कहा कि उनका मानना है कि खेल हमारे जीवन का बहुत महत्वपूर्ण हिस्सा है। उन्होंने साझा किया कि आपकी उम्र चाहे जो भी हो, आपको एक खेल गतिविधि से जुड़े रहना चाहिए, यह आपके लिए बहुत फायदेमंद होगा। मेरे लिए रैकेट खेल ठीक है।

'हैदर' फेम अभिनेता ने कहा कि वह सीक्वल के बारे में नहीं सोचते हैं। उन्होंने कहा कि जो कुछ भी मेरे हाथ में है मैं उसे सही ढंग से करने की कोशिश करता हूं। फिल्म के बारे में बात करते हुए निर्देशक सुधांशु ने कहा कि अगर हमने विजुअल इफेक्ट्स का इस्तेमाल किया होता तो मुश्किलें आतीं, क्योंकि इस फिल्म में ऐसे खिलाड़ी हैं जो भारत का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं।

आईआईटी ने विकसित की नियंत्रित इंसुलिन-डिलीवरी प्रणाली

नई दिल्ली, 21 अगस्त (एजेंसियां)। आईआईटी ने एक ऐसी प्रणाली विकसित की है जो हाई ब्लड शुगर के स्तर अनुसार इंसुलिन जारी करती है। यह ब्लड शुगर के उपचार के लिए एक नियंत्रित दृष्टिकोण प्रदान करती है। साथ ही यह नई प्रणाली ब्लड शुगर के मैनेजमेंट में सुविधा और सुरक्षा को बढ़ाती है।

आईआईटी भिलाई के रसायन विज्ञान विभाग के सहायक प्रोफेसर डॉ. सुचेतन पाल ने कहा कि यह हाइड्रोजेल-आधारित दवा वितरण प्रणाली हाई ब्लड शुगर के स्तर के जवाब में नियंत्रित तरीके से इंसुलिन जारी करने की क्षमता रखती है। यह स्वस्थ अग्न्याशय कोशिकाओं की प्राकृतिक इंसुलिन स्राव प्रक्रिया की नकल करती है। आईआईटी भिलाई के मुताबिक यह अध्ययन और इसकी खोजें भारत के लिए महत्व रखती हैं, एक ऐसा देश जिसे अक्सर मधुमेह का वैश्विक केंद्र कहा जाता है। द लांसेट में छपे भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद के हालिया अध्ययन से चौंकाने वाले आंकड़े सामने आए हैं। लगभग 101 मिलियन भारतीय वर्तमान में मधुमेह से जूझ रहे हैं। अग्न्याशय में अपर्याप्त इंसुलिन उत्पादन से उत्पन्न होने वाली यह पुरानी स्वास्थ्य बीमारी, जिसके परिणामस्वरूप उच्च रक्त शर्करा का स्तर होता है और काफी स्वास्थ्य जोखिम उत्पन्न होता है।

■ ब्लड शुगर के उपचार के लिए नियंत्रित दृष्टिकोण

टाइप 1 मधुमेह वाले कई रोगियों के लिए इंसुलिन एक आधारशिला चिकित्सा बनी हुई है। वर्तमान में, मधुमेह से पीड़ित व्यक्ति अपने रक्त शर्करा के स्तर को प्रबंधित करने के लिए अक्सर सुइयों या विभिन्न उपकरणों का उपयोग करके दैनिक इंसुलिन इंजेक्शन का सहारा लेते हैं।

अनुमान है कि भारत में लगभग तीन मिलियन लोग इंसुलिन थेरेपी पर निर्भर हैं। यह अध्ययन डॉ. सुचेतन पाल के नेतृत्व में किया गया है। इसमें इंसुलिन पर निर्भर मधुमेह रोगियों को इंसुलिन की आपूर्ति करने की एक सुरक्षित और कुशल विधि का वादा करता है। वर्तमान इंसुलिन इंजेक्शन विधियों की सीमाओं पर प्रकाश डालते हुए, डॉ. सुचेतन ने कहा कि वर्तमान इंसुलिन इंजेक्शन विधियों की कुछ सीमाएं हैं। वे शरीर की प्राकृतिक प्रणाली की तरह काम नहीं करते हैं और घातक हो सकते हैं।

वर्तमान इंसुलिन इंजेक्शन विधियां रक्त शर्करा के स्तर को खतरनाक रूप से कम कर सकती हैं, और रोगियों को हमेशा उन पर निर्भर रहना पड़ सकता है। इंसुलिन वितरण के बेहतर तरीकों की तलाश में, आईआईटी भिलाई के शोधकर्तालों ने हाइड्रोजेल के अभिनव अनुप्रयोग का पता लगाया। हाइड्रोजेल बायोकंपैटिबल पॉलिमर हैं जिनमें पानी की मात्रा अधिक होती है और कार्डियोलॉजी, ऑन्कोलॉजी, इम्यूनोलॉजी, घाव भरने और दर्द प्रबंधन सहित विभिन्न चिकित्सा क्षेत्रों में नियंत्रित दवा रिलीज के लिए इसका अध्ययन किया जा रहा है।

प्रेत कृपा से तुलसीदास को हुए थे रामभक्त हनुमान के दर्शन

चित्रकूट, 21 जुलाई (एजेंसियां)। मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के पावन चरित्र को जन जन तक पहुंचाने वाले काव्य ग्रंथ श्रीरामचरित मानस के रचयिता गोस्वामी तुलसीदास को प्रेत की कृपा से भगवान हनुमान के दर्शन सुलभ हुए थे और श्री हनुमान ने ही प्रभु राम और मां जानकी को पहचानने में उनकी मदद की थी। चित्रकूट जिले के राजापुर कस्बे में आत्मा राम नामक गरीब ब्राह्मण के पुत्र के रूप में संवत 1554 में जन्मे तुलसीदास के बारे में तमाम किवदंतियां प्रचलित है। कहा जाता है कि राजापुर में तुलसी जब शौच को जाते तो लौटते समय लोटे में बचा पानी रास्ते में पड़ने वाले एक बबूल के पेड़े में डाल देते थे। इस पेड़े पर एक जिन्न रहता था। तुलसी द्वारा रोज जल डालने से वह प्रसन्न हो गया और एक दिन तुलसी के सामने प्रकट हो कर उनसे उनकी मनोकामना पूछी। तुलसी ने राम के दर्शन की लालसा बताई तो जिन्न ने कहा की राम से मिलने के लिए हनुमान के दर्शन जरूरी हैं। तुलसी दास ने पूछा कि हनुमान जी के दर्शन कैसे होंगे और वह उन्हें

कैसे पहचानेंगे। उन दिनों राजापुर में रामकथा चल रही थी तब जिन्न ने बताया कि जो व्यक्ति राम कथा में सबसे पहले आये और सबसे बाद में जाए सबसे पीछे बैठे और उसके शरीर में कोढ़ हो, बस उनके पैर पकड़ लेना, वो ही हनुमान हैं। तुलसी ने ऐसा ही किया। कोढ़ी के बार बार मना करने के बाद भी जब तुलसी ने उनके पैर नहीं छोड़े उनकी दृढ़ता देख हनुमान प्रगट हो गए।

उन्होंने तुलसी को चित्रकूट जाकर वहीं निवास करने को कहा। राम से मिलने की आस में तुलसी एक बार फिर चित्रकूट आ गए और अपने इष्ट के दर्शन की प्रतीक्षा करने लगे। तुलसी चित्रकूट में अपनी कुटिया में रहते मन्दाकिनी तट में बैठ प्रवचन करते और राम के इन्तजार में समय बिताने लगे। एक दिन जब तुलसीदास चित्रकूट में मन्दाकिनी नदी के किनारे बने चबूतरे में बैठे प्रवचन कर रहे थे तब भगवान् राम और लक्ष्मण वहां से गुजरे लेकिन तुलसी उन्हें पहचान नहीं पाए। उसी रात तुलसी को सपने में हनुमान ने दर्शन दिया और उनसे इच्छा पूरी होने के बारे में पूंछा तो तुलसी ने कहा कि उन्हें तो किसी के दर्शन नहीं हुए। हनुमान ने तुलसी से कुछ दिन और इंतजार करने को कहा। थोड़े दिनों बाद जब तुलसी एक दिन उसी चबूतरे में बैठे चन्दन घिस कर श्रद्धालुओ को लगा रहे थे कि तभी भगवान राम लक्ष्मण और सीता सहित वहां आये और तुलसी दास से चन्दन लगवाने लगे। तुलसी कहीं फिर न चूक जाएं इसलिए हनुमान तोते का रूप रख बोले 'चित्रकूट के घाट में भई संतन की भीड़। तुलसी दास चन्दन घिसे तिलक देत रघुबीर।।

इस तरह हनुमान जी की कृपा से तुलसी दास को चित्रकूट में राम लक्ष्मण सीता के दर्शन हुए। इच्छा पूरी होने के बाद तुलसीदास फिर तीर्थयात्रा पर चल पड़े। संवत 1631 में 70 वर्ष की उम्र में तुलसी दास ने हनुमान की प्रेरणा से राम के चरित्र को दुनिया के सामने रखने के लिए एक ग्रन्थ लिखने का निश्चय किया और दो वर्ष सात माह और 26 दिनों की मेहनत के बाद राम चरित मानस के रूप में अगहन शुक्ल सप्तमी संवत 1633 में दुनिया के सामने आई। तुलसी के इस ग्रन्थ ने राम को घर घर पंहुचा दिया। काशी में राम चरित मानस की रचना पूरी करने के बाद तुलसी अपनी जन्म भूमि राजापुर लौट आये और यहीं रहकर राम का गुणगान करने लगे।

रायपुर, मंगलवार 22 अगस्त 2023

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

टमाटर तय कर रहे पत्रकारिता की कीमत

देश में विभिन्न वस्तुओं की बढ़ती कीमतें हमेशा चर्चा में रहती हैं। शायद ही ऐसा कोई शासनकाल रहा हो जब महंगाई पर सवाल न उठाये गये हैं, और सरकारों ने जवाब न दिये हों। इन दिनों टमाटर सुर्ख़ है। उसकी आसमान छूती कीमतें जनसामान्य को परेशान तो करने के बाद वैसे अब उतार पर हैं। हर किसी की रसोई की अनिवार्यता कहे जाने वाले टमाटर की कीमतें अभूतपूर्व ऊंचाई को छूकर उतर तो चुकी हैं लेकिन लगता है कि महंगे टमाटर वर्तमान निज़ाम के दौर में बहस के योग्य नहीं हैं- वैसे ही जैसे अन्य उपभोक्ता वस्तुओं के बढ़ते दाम भी नहीं रहे। यह दीगर बात है कि जिन मुद्दों का हो-हल्ला कर भाजपा केन्द्रीय सत्ता पर 2014 में काबिज हुई है, उनमें से एक महंगाई थी। यह आज के हुक्मरानों और विपक्ष के तत्कालीन झंडाबरदार नेताओं के लिये डायन थी जिसने जनता को बहुत हलाकान किया था।

2014 के पहले जब भारतीय जनता पार्टी विपक्ष में थी, तो महंगाई हमेशा बड़ा मुद्दा होती थी। होना भी चाहिये क्योंकि आम आदमी के बजट को बिगाड़ने से लेकर उसकी कमर तोड़ने का यह काम करती है। बहुत पुरानी बातें छोड़ भी दी जायें तो आज जो नेता भाजपा के संगठन व सरकार में बड़े ओहदे सम्हाले बैठे हैं उनमें से ज्यादातर ने इस सरकार के आने के पहले महंगाई के खिलाफ आंदोलनों में हिस्सा ज़रूर लिया होगा या जिनकी खाली सिलेंडरों के साथ अथवा महंगी सब्जियों की मालाएं पहने हुए तस्वीरें प्रकाशित हुई होंगी। वे इसके लिये पूर्व की सरकारों पर जमकर हल्ला बोलते थे और संसद के बाहर-भीतर आवाजें उठाते थे। इसमें कोई बेजा बात नहीं है और विपक्ष के नाते यह उनका कर्तव्य भी था।

निज़ाम बदला। हुक्मरान बदले; और परिस्थितियां बदलीं। जो लोग पहले महंगाई को पानी पी-पीकर कोसते थे, अब उनके गले सूखने बन्द हो गये हैं। भाजपा का शासन काल ऐसा है जो किसी भी मुद्दे पर न संवाद करता है और न जवाब देता है। फिर वह चाहे भ्रष्टाचार हो या फिर उसके द्वारा लिये गये गलत आर्थिक फैसलों के दुष्परिणाम हों, चीन द्वारा की गई घुसपैठ हो या पुलवामा कांड अथवा कोरोना के दौरान स्वास्थ्य सम्बन्धी कुप्रबंधन। किसी भी विषय पर सरकार ने कभी अपने कर्तव्यों को पूरा नहीं किया और न ही जवाबदेही की भावना का प्रदर्शन किया। कोई भी फैसला कैसे लिया गया, इस प्रक्रिया से लोगों को हमेशा अनभिज्ञ रखा गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी हों या उनकी सरकार का कोई भी मंत्री, शायद ही किसी विषय पर जनमानस को संतुष्ट कर पाया हो। चूंकि सारी शक्तियां स्वयं मोदी के अधीन हैं, अन्य मंत्रियों, अधिकारियों, संस्थाओं, विभागों की हैसियत आज हां में हां मिलाने से अधिक कुछ भी नहीं रह गई है। जब स्थिति ऐसी हो तो किसी भी बात का कोई स्पष्टीकरण हो ही नहीं सकता। केन्द्र सरकार हो या देश के किसी भी राज्य की भाजपा प्रणीत सरकार, यह नहीं बता पा रही है कि जो पेट्रोल पहले 40-45 रुपये का होकर भी महंगा था, वही आज 100 रुपए का होकर भी सस्ता कैसे है? ऐसे ही, डीज़ल, रसोई गैस, तेल, मसाले, सब्जियां आदि महंगी होकर भी सरकार व उसके नेताओं एवं समर्थकों को सस्ती क्यों लगती हैं?

इस पूरे काल का मूल्यांकन जब भी होगा, तय है कि मीडिया अपनी चुप्पी के लिये सर्वाधिक कोसा जायेगा। लोकतंत्र के चौथे स्तम्भ के रूप में स्वीकृत मीडिया राजसत्ता को गैर जिम्मेदार और लोकविरोधी बनने में प्रमुख सहायक संस्थान के रूप में याद किया जायेगा। मीडिया ने महंगाई के परिप्रेक्ष्य में इस झूठ को फैलाने और उसे लोगों द्वारा आत्मसात किये जाने में प्रमुख भूमिका निभाई कि कीमतें इसलिये बढ़ाई गई हैं कि इससे देशविरोधी ताकतों से लड़ने में सरकार को मदद मिल रही है। वैसे अकेला राष्ट्रवाद इस महंगाई को बढ़ाने का जिम्मेदार नहीं है। समाज में हिंसा और नफरत का जो वातावरण बनाया गया है उसने भी सरकार को महंगाई बढ़ाने का औचित्य प्रदान किया है। एक बड़ा वर्ग मानता है कि मोदी सरकार बहुसंख्यकों के धर्म की रक्षा कर रही है इसलिये उसकी इतने छोटे कारण से आलोचना नहीं की जानी चाहिये।

मीडिया ने राष्ट्रवाद, हिंसा और परस्पर घृणा को बढ़ावा देने के सरकार व भाजपा के कृत्य को मास्टर स्ट्रोक कहकर हमेशा महिमा मंडित किया तथा खुलकर समर्थन दिया, जिससे सरकार को हौसला मिला कि वह अड़चन में डालने वाले सवालों पर या तो ध्यान न दे या पूछने वालों को ही अपमानित या प्रताड़ित करे। जिनकी सरकार विरोधी के रूप में शिनाख्त हो जाती है, उन्हें सीधे जेलों का रास्ता दिखाया जाता है- फिर चाहे वे पत्रकार हों या फिर कोई स्वयंसेवी संगठन। महंगाई भी एक ऐसा ही विषय है जो सत्ता को असहज करता है। इसलिये कभी सिलेंडर लेकर प्रदर्शन करने तथा महंगाई के मुद्दे पर तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह को चूड़ी भेजने वाली केन्द्रीय मंत्री स्मृति ईरानी से एक समाचार चैनल की रविवार को आयोजित शिखर वार्ता के दौरान जब पूछा गया कि- 'परिजनों के साथ टमाटर का इस्तेमाल करते हुए वे इसकी बढ़ी हुई कीमतों के बाबत क्या सोचती हैं?', तो टेढ़े सवालों की अब आदी नहीं रह गयीं मंत्री ने कहा-'यह वैसा ही है जैसे आपसे कोई पूछे कि जेल में बिताये दिनों के बारे में आप क्या सोचते हैं?' उल्लेखनीय है कि जिस पत्रकार से मंत्री ने ऐसा कहा, वे एक बड़े उद्योग समूह के अधिकारी से पैसे उगाही के आरोप में जेल में समय काट चुके हैं। सरकार के हर गलत काम के साथ खड़े होने वाले मीडिया की कीमत जब आज अदने से टमाटर ने तय कर ही दी है तो हर ऐसे पत्रकार व मीडिया संस्थान को सोचने की ज़रूरत है जो निजी स्वार्थों के चलते सरकार का साथ देते हैं।

लाल किले पर 'हजार साल की गुलामी' का राग यानी खुला सांप्रदायिक खेल फर्रुखाबादी

लाल किले से स्वतंत्रता दिवस के अपने दसवें और वर्तमान कार्यकाल के आखिरी संबोधन में, प्रधानमंत्री मोदी ने जिस तरह अपने लिए असाधारण ऐतिहासिक भूमिका का सबसे ऊंचा आसन गढ़ने की कोशिश की है, उसके अलग-अलग तत्वों पर तो लोगों का फिर भी ध्यान गया है, लेकिन उसकी समग्रता पर काफी कम लोगों ने ही ध्यान दिया है। इसे देखते हुए, पी चिंदबरम का इंडियन एक्सप्रेस के अपने रविवारीय स्तंभ में यह ध्यान दिलाना दोहराए जाने का हकदार है कि प्रधानमंत्री मोदी, जब भारत के हजार साल की ''गुलामी'' पार कर के अमृतकाल के आरंभ के वर्तमान मुकाम पर पहुंचने की बात कर रहे थे, जहां उनके दावे के अनुसार अगले हजार साल की नींव रखी जा रही है, तो वह सिर्फ तात्कालिक तथा यहां तक कि मध्यम कालिक चिंताओं तक से ध्यान हटाने का पैंतरा ही नहीं आजमा रहे थे। इसके साथ ही वह खुद को हजार-हजार वर्ष के दो युगों की संधि पर, भारत का नेतृत्व कर रहे, असाधारण ''युग पुरुष'' के पैडस्टल पर खड़ा करने की बहुत सचेत कोशिश भी कर रहे थे। यह दूसरी बात है कि उनके पौने दो घंटे लंबे, बिखरे-बिखरे, शोरभरे किंतु निष्प्राण, धुरीहीन भाषण ने, इस सायास गढ़ी जाने वाली अभूतपूर्व ''महत्ता'' के संदेश के प्रसार को, बहुत हद तक खुद ही बाधित कर दिया।

''एक हजार साल'' के आगे के कालखंड पर प्रधानमंत्री मोदी के जोर देने की, नाजी जर्मनी के सुप्रीमो एडोल्फ हिटलर की ऐसी ही भविष्य प्रस्तुति से समानता ने बेशक, कई टिप्पणीकारों का ध्यान अपनी ओर खींचा है। ऐसे बड़े भविष्य फलक की उपयोगिता जाहिर है कि सर्वोच्च नेता का कद बढ़ाकर उसका सिर बादलों तक पहुंचा देने के लिए भी है और उसकी तात्कालिक प्रकट विफलताओं को महत्वहीन या तुच्छ बनाकर गायब कर देने के लिए भी। लेकिन, उनके अनुसार एक हजार काल के जिस कालखंड को पार कर भारत मौजूदा मुकाम पर पहुंचा है, उसकी प्रधानमंत्री मोदी की प्रस्तुति और खासतौर इस पूरे कालखंड के ''गुलामी'' का दौर होने के उनके दावे के निहितार्थों पर, शायद उतना ध्यान नहीं दिया गया है, जितना उनमें छुपे खतरनाक संदेशों को देखते हुए दिए जाने की जरूरत है।

बेशक, यह पहली बार नहीं है जब प्रधानमंत्री मोदी ने 'एक हजार साल की गुलामी' की बात की है। चंद हफ्ते पहले, अमेरिका की अपनी सरकारी यात्रा के दौरान, प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संबोधन में यही राग अलाप कर, इससे भी ज्यादा चौंकाया था। बेशक, उस समय भी लोगों के चौंकने की वजह यह हर्गिज नहीं थी कि नरेंद्र मोदी पहली बार ऐसा दावा कर रहे थे। एक जुमले की तरह 'एक हजार साल की गुलामी' को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पहले से जब-तब इस्तेमाल करते आ रहे थे। और ऐसा होना स्वाभाविक ही था क्योंकि संघ-भाजपा के इतिहास बोध में, 'एक हजार साल की गुलामी' की धारणा हमेशा से ही, केंद्रीय धारणा की तरह बनी रही है। हां, यह दूसरी बात है कि मोदीशाही के नौ साल से ज्यादा के दौरान, आधिकारिक इतिहास लेखन व शोध से लेकर, इतिहास की पाठ्य पुस्तकों तक और जाहिर है कि खासतौर सोशल मीडिया समेत जन-संवाद में, बढ़ते जोर के साथ तथा ऊंची आवाज में इसका दावा किया जाने लगा है। फिर भी, प्रधानमंत्री के अमेरिका के संबोधन तक इस दावे का पहुंचना, इसलिए चौंकाता था कि अब तक विदेश में ज्यादा सख्त छानबीन की आशंका से, औपचारिक रूप से ऐसे बहुसंख्यकवादी सांप्रदायिक संकेत देने से बचा जाता रहा था। बहरहाल, अब मोदी से उस संकोच को भी त्याग दिया है। और अब लाल किले के संबोधन के साथ तो इस धारणा को, एक तरह से मोदीराज का

राजेन्द्र शर्मा

प्रधानमंत्री ने लाल किले से अपने भाषण में इसी का एक और संकेत देते हुए, राष्ट्र को ''बर्बाद'' कर रही बुराइयों में, पिछले साल के अपने भाषण में गिनाई परिवारवाद तथा भ्रष्टाचार की बुराइयों के साथ, इस बार ''तुष्टिकरण'' की राजनीति को भी शामिल कर लिया है। सभी जानते हैं कि संघ-भाजपा की शब्दावली में ''तुष्टिकरण'' का एक ही अर्थ है—अल्पसंख्यकों की चिंता।

आधिकारिक सिद्धांत ही घोषित कर दिया गया है।

प्रधानमंत्री मोदी को शायद इसकी जानकारी नहीं हो, भारत की 'एक हजार साल की गुलामी' की अवधारणा, सीधे-सीधे ब्रिटिश औपनिवेशिक राज की उतरन है, जो संघ ने शुरू से पहनी हुई है। ब्रिटिश राज के हिस्से के तौर पर, भारत पर एक इतिहास-काल बोध भी थोपा गया था। इसकी रूपरेखा जेम्स मिल ने पेश की थी और ब्रिटिश राज के पूरे दौर में थोड़े-बहुत हेर-फेर के साथ इसी नजरिए का बोलबाला बना रहा था। इस नजरिए के हिसाब से भारत का ब्रिटिश-पूर्व इतिहास, दो हिस्सों में बांटा जा सकता था। ग्यारहवीं शताब्दी से शुरू हुआ मुस्लिम काल और उससे पहले का हिंदू काल। लेकिन, बात सिर्फ इस तरह के काल विभाजन के ऐतिहासिक रूप से गलत होने की नहीं थी। इस कथित मुस्लिम काल में ही चोल, गजपति, अहोम, काकतीय, विजयनगर राज, मेवाड़ और आगे चलकर मराठा जैसे प्रभावशाली राज भी रहे थे, हालांकि पहले सल्तनत तथा बाद में मुगल शासन के अंतर्गत उत्तरी भारत का बड़ा हिस्सा आता था। इस काल विभाजन की असली बात यह थी कि यह इतिहास को सिर्फ शासक के धर्म के नजरिए से देखकर, भारत के संदर्भ में देशी-विदेशी तय करने की कोशिश करता था। और हिंदू प्रजा, मुसलमान राजा के एक स्थायी टकराव की अपनी संकल्पना के जरिए, ब्रिटिश राज को वास्तव में हिंदुओं के उद्धारक के रूप में पेश करने की कोशिश करता था। ब्रिटिश सामराजी हुकूमत में यह खेल कितने सचेत रूप से खेला जा रहा था, इसका अंदाजा इस एक तथ्य से लगाया जा सकता है कि 1842-44 के दौरान भारत के गवर्नर जनरल रहे लॉर्ड एलनबरो ने 1842 में इसका ऐलान किया था कि कथित 'सोमनाथ के दरवाजे' अफगानिस्तान से ईस्ट इंडिया कंपनी नियंत्रित इलाके में लाकर, ब्रिटिश सेनाओं ने भारतीयों के 'आठ सौ साल के अपमान' का 'बदला' ले लिया था!

हैरानी की बात नहीं है कि एक ओर आरएसएस-परिवार और दूसरी ओर उसके मुस्लिम समकक्षों ने, भारत के इतिहास की इस सामराजी प्रस्तुति को ज्यों का त्यों हजम कर लिया था। जैसाकि ब्रिटिश हुकूमत चाहती थी, उनकी लड़ाई एक-दूसरे के खिलाफ और ब्रिटिश हुकूमत के संरक्षण के लिए थी। यह दूसरी बात है कि भारतीय इतिहास की वास्तविक धारा की दिशा कुछ और ही थी, जिसका परिचय 1857 के विद्रोह से मिल गया था, जिसे प्रसिद्ध इतिहासकार प्रोफेसर इरफान हबीब, साम्राज्यवाद के खिलाफ तब तक का सबसे बड़ा विद्रोह मानते हैं। आगे चलकर इसी वास्तविक इतिहास का प्रतिनिधित्व, ब्रिटिशविरोधी राष्ट्रीय आंदोलन करता था। हैरानी की बात नहीं है कि संघ समूह और उसके मुस्लिम समकक्ष, सचेत रूप से इस राष्ट्रीय आंदोलन से न सिर्फ बाहर ही रहे थे बल्कि वास्तव में उसके खिलाफ ही रहे थे। यह दूसरी बात है कि संघ-परिवार की इस भूमिका पर पर्दा डालने के लिए प्रधानमंत्री मोदी ने अपने स्वतंत्रता दिवस संबोधन में इस झूठ का सहारा लेने की कोशिश की थी कि 'कोई नहीं था जिसने तब स्वतंत्रता के लिए त्याग नहीं किया होगा।' जमींदार, राजे-रजवाड़े, महंत-मठाधीश, व्यापारी, संप्रदायवादी; ब्रिटिश राज के फर्माबरदार भी अंत-अंत तक बहुत थोड़े नहीं थे!

स्वाभाविक रूप से राष्ट्रवादी आंदोलन ने, उसके इतिहास लेखन ने, ब्रिटिश उपनिवेशिवादियों द्वारा प्रचारित इतिहास को भी चुनौती दी। उसने खासतौर पर भारत में कथित मुस्लिम काल को, यूरोपीय इतिहास के मध्ययुग की तरह, अवरुद्ध विकास का काल बनाकर पेश किए जाने की कोशिशों को चुनौती दी। इस क्रम में राष्ट्रवादी इतिहासकारों ने 1857 तथा उसके बाद के इतिहास को ही ब्रिटिश-विरोधी राष्ट्रवाद की नजर से नहीं देखा, मध्यकालीन शासनों को भी एक समावेशी राष्ट्रवादी नजर से देखा। लेकिन, प्रधानमंत्री मोदी इससे ठीक उल्टे चलते हुए, संघ के बहुसंख्यकवादी सांप्रदायिक नजरिए से ही संचालित होकर, इन शासनों मात्र को 'विदेशी' तथा इनके विरुद्ध जो कुछ भी रहा हो उसे 'राष्ट्रीय' बनाने की कोशिश करते हैं। दुर्भाग्य से संघ की यह सांप्रदायिक इतिहास दृष्टि, राष्ट्रवादी इतिहास लेखन की एक कमजोरी का बहुत फायदा उठाती है। ब्रिटिश श्रेष्ठतावाद के मुकाबले के लिए, राष्ट्रवादी इतिहास दृष्टि ने, मुस्लिम-पूर्व भारत के हिंदू भारत के रूप में यूरोपीय महिमामंडन को, जिसके पीछे स्पष्ट सामराजी कार्यनीति थी, कमोबेश अनालोचनात्मक तरीके से हजम कर लिया था। इस तरह, 'हिंदू भारत' के एक प्रकार के 'स्वर्ण युग' माने जाने की सामराजी विरासत सुरक्षित बनी रही, जिसने एक स्वतंत्र, समानतापूर्ण, जनतांत्रिक भविष्य गढ़ने के तकाजों के मुकाबले, बीते हुए 'स्वर्ण युग की वापसी' की पुकारों के लिए जगह मुहैया कराई। इसे हम आज कथित सनातन पर वापसी की पुकारों में देख रहे हैं। दूसरी ओर, खासतौर पर मुस्लिम को 'विदेशी' का पर्याय बनाया जा रहा है।

बहरहाल, प्रधानमंत्री ने लाल किले के अपने भाषण में 'हजार साल की गुलामी' के मुकाबले की 'परंपरा' और शक्तियों की दुहाई यह साफ कर दिया है कि वह आने वाले दिनों में और जाहिर है कि विधानसभा चुनाव के अगले चक्र के लिए और फिर आम चुनाव के लिए, बहुसंख्यक सांप्रदायिक ध्रुवीकरण का ज्यादा से ज्यादा खुलकर इस्तेमाल करेंगे। वास्तव में इसका एक और संकेत तो तभी मिल गया था जब कर्नाटक के चुनाव में भारी हार के फौरन बाद, प्रधानमंत्री ने समान नागरिक संहिता की मांग उछाल दी थी, जिसके संबंध में उन्होंने यह भी स्पष्ट करने में कोई कमी नहीं रहने दी थी कि यह सिर्फ मुस्लिम पर्सनल लॉ के खिलाफ मुहिम का मामला है।

प्रधानमंत्री ने लाल किले से अपने भाषण में इसी का एक और संकेत देते हुए, राष्ट्र को ''बर्बाद'' कर रही बुराइयों में, पिछले साल के अपने भाषण में गिनाई परिवारवाद तथा भ्रष्टाचार की बुराइयों के साथ, इस बार ''तुष्टिकरण'' की राजनीति को भी शामिल कर लिया है। सभी जानते हैं कि संघ-भाजपा की शब्दावली में ''तुष्टिकरण'' का एक ही अर्थ है—अल्पसंख्यकों की चिंता। प्रधानमंत्री ने जिस तरह इसे ''बर्बाद'' करने वाला बताया है और खासतौर पर सामाजिक न्याय को बर्बाद करने वाला बताया है; उसका संकेत स्पष्ट है कि अब अल्पसंख्यकों के जिक्र को भी एक प्रकार से अपराध बनाकर हमले का निशाना बनाया जाएगा और यह हमला किया जाएगा इसके नाम पर कि इससे, दलित आदि अन्य वंचितों के हक मारे जा रहे हैं।

(लेखक साप्ताहिक पत्रिका लोक लहर के संपादक हैं।)

म.प्र. में भाजपा उम्मीदवारों की पहली सूची ने बढ़ाई अन्तर्कलह

मध्य प्रदेश में भाजपा और कांग्रेस दोनों के दो कदमों ने न केवल दोनों दलों के कार्यकर्ताओं को बल्कि आम जनता को भी आश्चर्यचकित कर दिया है।

इन दो कदमों में सत्तारूढ़ भाजपा का भी एक कदम शामिल है जिसके तहत उसने तीन महीने बाद होने वाले आगामी विधानसभा चुनाव के लिए इसकी आधिकारिक घोषणा के भी पहने अपने उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की है। इस पहली सूची में विधानसभा की वे 39 सीटें हैं जहां से पार्टी 2018 के विधान सभा चुनाव में हार गई थी अर्थात ये उम्मीदवार ऐसे निर्वाचन क्षेत्रों से चुनाव लड़ेंगे जहां पार्टी को 2018 के आम चुनावों में हार का सामना करना पड़ा था। इस घोषणा के समय ने सभी को आश्चर्यचकित कर दिया। शायद यह पहली बार है कि मतदान के तीन महीने पहले ही उम्मीदवारों का चयन कर लिया गया है। दूसरा कदम कांग्रेस का है जिसने चुनाव की तारीखों से काफी पहले ही भाजपा सरकार के खिलाफ आरोपपत्र जारी कर दिया है।

एल एस हरदेनिया

भाजपा ने सोचा था कि उम्मीदवारों की घोषणा का पार्टी के लोग स्वागत करेंगे लेकिन हुआ इसके उलट। इस घोषणा का स्वागत करने के बजाय पार्टी के एक बड़े वर्ग में नाराजगी देखी गई। ऐसे समय में, जब सर्वेक्षणों में शिवराज सिंह चौहान सरकार के खिलाफ भारी सत्ता विरोधी लहर की भविष्यवाणी की गई थी।

हालांकि भाजपा ने सोचा था कि उम्मीदवारों की घोषणा का पार्टी के लोग स्वागत करेंगे लेकिन हुआ इसके उलट। इस घोषणा का स्वागत करने के बजाय पार्टी के एक बड़े वर्ग में नाराजगी देखी गई। ऐसे समय में, जब सर्वेक्षणों में शिवराज सिंह चौहान सरकार के खिलाफ भारी सत्ता विरोधी लहर की भविष्यवाणी की गई थी, भाजपा ने न केवल उन निर्वाचन क्षेत्रों में अपने उम्मीदवार उतारे हैं जहां वह 2018 में हार गई थी बल्कि पार्टी उम्मीदवार लगातार एक के बाद एक चुनाव हारते रहे हैं।

सूची से असंतुष्ट भाजपा नेता और कार्यकर्ता विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। यह इसके विपरीत कि चुनाव से करीब तीन महीने पहले सूची जारी कर यह संदेश देने की कोशिश की गई कि भाजपा कड़ी टक्कर देने जा रही है और राज्य में अपने पांचवें कार्यकाल के लिए चुनाव लड़ रही है। वह हर सीट पर लड़ेगी। प्रदेश भाजपा नेताओं ने दावा किया था कि इस सूची से कार्यकर्ताओं को संगठित और सक्रिय किया जायेगा। विधानसभा चुनाव से काफी पहले ही वे अपने घरों से निकलकर मैदान में उतरेंगे। इसे कांग्रेस के गढ़ कही जाने वाली कुछ सीटों को जीतने के लिए पर्याप्त समय के अवसर के रूप में देखा जा रहा था। 13 आदिवासी उम्मीदवारों की घोषणा का मतलब आदिवासी मतदाताओं को भगवा पार्टी की ओर वापस लाना भी था।

राजकुमार कराठे के गुरुवार सुबह 'आप' से इस्तीफा देने के कुछ घंटों बाद, उन्हें बालाघाट के लांजी निर्वाचन क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार के रूप में मैदान में उतारा गया। इसके विरोध में सीट से पार्टी के पूर्व विधायक रमेश भटेरे के समर्थकों ने राजकुमार कराठे के खिलाफ नारे लगाते हुए लांजी की सड़कों पर भाजपा के झंडे के साथ जुलूस निकाला। 'राजकुमार को झाड़ू मारो' उनका नारा था।

'केंद्रीय नेतृत्व को पता होना चाहिए कि उन्होंने उस व्यक्ति को टिकट दिया है जो आज भी पार्टी का प्राथमिक सदस्य नहीं है। शुक्रवार तक वह आप के साथ थे और लगातार भाजपा के केंद्रीय और राज्य नेतृत्व के खिलाफ प्रचार कर रहे थे। हमारी मांग है कि 'इस फैसले को बदला जाये,' रमेश भटेरे के एक समर्थक ने कहा।

छतरपुर से पूर्व मंत्री ललिता यादव को मैदान में उतारने का भी विरोध किया जा रहा है, यह सीट उन्होंने 2008 में 7,508 वोटों के अंतर से और 2013 में 2,217 वोटों से जीती थी। जब निर्वाचन क्षेत्र में उनका अंतर कम हो गया, तो पार्टी ने उन्हें 2018 के विधानसभा चुनाव में उन्हें बड़ा मलाहरा निर्वाचन क्षेत्र में स्थानांतरित कर दिया, जहां वह कांग्रेस के प्रद्युम्न सिंह लोधी (अब भाजपा में) से 15,779 मतों के अंतर से हार गईं। बड़ा मलाहरा में उमा भारती के मुख्यमंत्री कार्यकाल के दौरान उनकी सीट थी।

भाजपा ने दो बार छतरपुर नगर पालिका की अध्यक्ष रहीं अर्चना गुड्डू सिंह को छतरपुर से अपना उम्मीदवार बनाया है। अर्चना सिंह 2018 का चुनाव भी 3,496 वोटों के अंतर से हार गई थीं। अब सवाल पूछा जा रहा है कि पार्टी ललिता यादव को छतरपुर से क्यों मैदान में उतारेगी, जबकि 2013 में उनकी जीत का अंतर बहुत कम था और 2018 में बड़ा मलेहरा में हार गई थीं? छतरपुर में अर्चना सिंह की हार काफी कम वोटों से हुई थी। ललिता यादव के नाम की घोषणा होते ही अर्चना सिंह के समर्थकों ने छतरपुर के छत्रसाल चौराहे पर विरोध रैली निकाली। उन्होंने नारे लगाए- 'टिकट वापस करो'।

पार्टी के सूत्रों ने दावा किया कि छतरपुर में ललिता यादव की उम्मीदवारी का उद्देश्य जिले और आसपास के खरगापुर, निवारी, पृथ्वीपुर, देवरी, सुरखी और अन्य निर्वाचन क्षेत्रों सहित बुंदेलखंड क्षेत्र के आसपास के निर्वाचन क्षेत्रों में जातिगत समीकरण को संबोधित करना है। जातिगत समीकरण को ध्यान में रखते हुए, पार्टी ने रणनीतिक रूप से प्रीतम लोधी को उम्मीदवार बनाया है, जिन्हें पिछले साल ब्राह्मणों के खिलाफ उनके विवादास्पद बयान के कारण पार्टी से निष्कासित कर दिया गया था।

दूसरी ओर जब कांग्रेस ने भाजपा सरकार के खिलाफ आरोप पत्र जारी किया तो वह काफी स्मार्ट नजर आई। पूर्व मुख्यमंत्री कमल नाथ ने भाजपा सरकार पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए आरोप पत्र जारी किया। इसे घोटाला पत्र कहते हुए, कांग्रेस ने अपने आरोप पत्र में भाजपा सरकार पर मध्य प्रदेश में अपने 18 साल के शासन के दौरान कथित तौर पर 50,000 करोड़ रुपये के अवैध खनन घोटाला समेत 254 घोटालों का आरोप लगाया।

इन आरोपों में शामिल है 86,000 करोड़ रुपये का शराब घोटाला, 11,000 करोड़ रुपये का सीवरेज निर्माण घोटाला, 94,000 करोड़ रुपये का बिजली घोटाला, और 100 करोड़ का महाकाल निर्माण घोटाला भी।

कांग्रेस ने दावा किया कि आरोप राज्य विधानसभा में सवालों के सरकार के जवाब सहित दस्तावेजी सुबूतों पर आधारित है जिन्हें सीएजी और लोकायुक्त ने प्रस्तुत किया था। अनेक तो सीबीआई के दस्तावेज से लिये गये हैं। कांग्रेस ने भाजपा सरकार पर अन्य करोड़ों रुपये के घोटालों का भी आरोप लगाया जो सीधे आम जनता से जुड़े हैं - जैसे 15,000 करोड़ का पोषण आहार घोटाला, 12,000 करोड़ रुपये का मिड-डे मील घोटाला, 9,500 करोड़ का आंगनवाड़ी नल-जल घोटाला, 2,000 करोड़ का व्यापम घोटाला और 800 करोड़ रुपये का भर्ती घोटाला।

गुरवाणी विचार

हरि बिन अवर न देखो कोई

अन्तर गुरु आराधना जिन्हा जपगुरु नावो।
नेत्री सतगुरु, पेखना, सरबनी सुनना गुरू नावों।
सतगुरु सेती रतिया-दरगाहि पाइये धावों।
कहां नानक किरपा करे जिसन ऐह नत दे
जग मेहि उदय उदव काटके, बिरले कैई के।।

गुरवाणी की इन पंक्तियों द्वारा अर्जुन देव पांचवें नानक फरमा रहे हैं कि हम इंसानों को इस मानवदेही को पाकर किन-किन बातों का ख्याल रखना चाहिए। सब से पहले हमें अमृत वेले (तड़के) उठकर प्रभु नाम का जाप सिमरन करना चाहिए। अमृत वेले सच नावौं वडिआई विचार। फिर हमें प्रभु परमात्मा ने जिव्हा इसलिए दी है कि हमें इससे प्रभु परमात्मा की वाणी का पाठ करते रहना चाहिए। पराई निंदा चुगली करने में समय बिताना चाहिए- रसना गुण गोपाल निधि गायन। सां सहस रहस मन उपजियो। सगले दुख पलयिन।। फिर प्रभु परमात्मा ने सुंदर आंखें दी हैं, उससे प्रभु दर्शन करने हेतु गुरु द्वारा मंदिर, मस्जिद आदि जाना चाहिए न कि इन नेत्रों को गंदे नाटक चेटक देखने में लगाना चाहिए।

ऐ नेत्रों मेरियो हरि तुममें जोति रखी
हरि बिन अवर न देखो कोई।।

फिर हमें दो सुंदर कान दिए हैं उससे हमें हर वक्त प्रभु जस श्रवण करते रहना चाहिए न कि इन कानों को पराई निंदा चुगली में लगाए रखना चाहिए। ऐ सखनो मेरियो सांचे सुनने न पठाये। शरीर लाए सुनो सत वाणी। शरीर लाये सुनो सत बाणी, इस तरह हर वक्त प्रभु सिमरन बंदगी में इन अंगों को लगाए रखना चाहिए। तभी प्रभु परमात्मा की खुशी मिल गई तो फिर उसकी नजरें इनायत होने पर हमारे लोक परलोक दोनों सुहेला हो सकता है इसलिए गुरवाणी में समझाइश दी गई है- हलत सुख पलत सुख सिमरनो। नित नाम हरि का लीजै।।

उसकी प्रसन्नता प्राप्त होने पर ही हम अपनी जिंदगी जिसमें कई पूर्व जन्मों की मैल लगी हुई है कि मैल धोकर उजले मुख से इस संसार समुद्र से पार हो सकते हैं। हमारा जनम-मरण का चक्कर खत्म हो सकता है और हमें प्रभु के सांचे दरबार में स्थान प्राप्त हो सकता है। जहां फिर हमें किसी किस्म की फिकर, चिंता गम नहीं रहेगा ऐसी दरगाहि का वर्णन भक्त रविदास ने कुछ इस तरह किया है-बेगमपुरा शहर को नावों। पर हमें इसके लिए हर वक्त मन से प्रभु नाम सिमरन करते रहना चाहिए। कबीरदास जी कहते हैं-

केशो केशो कविये न सोइये आसार।
बार बार के केकने कभी तो सुने पुकार।।

हर इंसान का काम है प्रभु सिमरन बंदगी में मन से जुड़ा रहे। परमात्मा इतने भी बेरहम नहीं है कि हमारी पुकार न सुने कभी न कभी तो हमारी पुकार सुनेंगे। अतएव हमारा एक सूत्रीय कार्य यही होना चाहिए प्रभु नाम सिमरन। पत्थर की जगत (कुएं की) पर बार-बार नरम रस्सी जाकर भी अपना निशान बना देती है तो फिर हमारे बार-बार प्रभु नाम सिमरन करते रहने पर कभी न कभी तो हमारी पुकार प्रभु के सांचे दरबार में अवश्य सुनी जाएगी। प्रभु परमात्मा का हृदय कभी न कभी तो पसीजेगा और बस फिर हम पर उसकी किरपा दृष्टि बनेगी। हमारा कल्याण होना ही है अतएव हमें हर वक्त इस तरह प्रार्थना करते रहना चाहिए।

तुम करो दया मेरे सांई,
ऐसी बुद्धि करो परगासा सदा सदा तुध धिआंई।।

इंदर सिंह आहुजा

आपके पत्र

कानपुर में बाढ़ के हालात से जनजीवन प्रभावित, घरो में घुसा पानी

हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड और देश में कई राज्य इस वर्ष बाढ़ की चपेट में है। कानपुर के हालात खराब हैं। सैंकड़ों घरों में पानी दहलीज तक पहुंच गया है। फसलें चौपट हो गई है लेकिन फिर भी प्रशासन पर लोगों का पूरा भरोसा है। मुआवजा राशि के लिए योगी आदित्यनाथ के शासन में कोई चिंता नहीं है। गंगा खतरे के निशान के ऊपर बह रही है, वही शुक्लागंज में भी बाढ़ की स्थिति है। 700 बीघा से ज्यादा फसल, अमरूद के बाग और 7 सौ से ज्यादा मकान बाढ़ की चपेट में है। किसानों की हालत खराब हो रही है। फसलें बर्बाद होने और बाढ़ के पानी की भयावहता से आम नागरिक परेशान है। कानपुर में करीब 13 वर्ष बाद गंगा ने रौद्ररूप दिखाया है। चैनपुरवा गांव पिछले पांच दिनों से बाढ़ की चपेट में है लोगों ने अपने परिवार को सुरक्षित स्थान पर भेज दिया है। कानपुर के आसपास के गांवों में भी परेशानी बढ़ती जा रही है। प्रशासन को सबसे पहले लोगों को सुरक्षित स्थान पर भेजकर उनके लिए भोजन पानी की व्यवस्था करनी होगी। हताहत लोगों को भरोसा दिलाना होगा। गांव के जलस्तर के बढ़ने से लोगों में चिंता बढ़ रही है। पानी के भय से लोग छतों पर चढ़ कर रात बिताने के लिए मजबूर हैं। इस साल हर राज्य की यह स्थिति बनी है तो कई राज्यों में बारिश का अभाव भी है। कुदरत के आगे लाचार बना हुआ आदमी आगे के लिए सोच भी नहीं सकता है। पानी में डूबने से छप्पर टूट चुका है। घरों में अंदर तक पानी पहुंच चुका है। कुदरत की मार से खड़े नहीं हो पा रहे है। कटान से जलस्तर बढ़ने की आशंका जताई जा रही है। मूसलाधार बारिश से जलस्तर छोड़ने के कारण समस्या हुई है। बताया जा रहा है कि स्कूल में पानी घुसने से बच्चों को स्वास्थ्य केंद्र में पढ़ा रहे है। प्रशासन युद्ध स्तर पर कार्य कर रहा है। जिला प्रशासन ने 63 चौकियां बनाई है।

चन्द्रयान 3 की लैंडिंग का बेसब्री से इंतजार

भारत की सफलता का नजारा दुनिया निहारेगी भारत की कामयावी सातवें आसमान पर है। दुनिया की ताल से ताल मिलाने और दुनिया से दो कदम आगे बढ़ने की जिज्ञासा वैज्ञानिकों के दिल में है। चन्द्रयान 3 की लैंडिंग की तैयारी कर रहा है, उस घड़ी का हर एक को बेसब्री से इंतजार हर भारतवासियों को है। उस क्षण की खुशी की कल्पना नहीं की जा सकती। भारत ने 2008 में हरिकोटा से भारत के ध्रुवीय उपग्रह प्रक्षेपण वाहन सतीश धवन से अंतरिक्ष केंद्र से छोड़ा गया। अंतरिक्ष यान चांद की 3400 परिक्रमाएं की और 312 दिन काम करता रहा। वैज्ञानिकों ने इसके बाद भी प्रयास जारी रखा और चन्द्रयान 2 की लॉन्चिंग पहली बार 2018 में हुई थी। उसकी तारीख बदल कर 31 जनवरी कर दी गई। चन्द्रयान ने पृथ्वी के चार चक्कर लगाए थे। भारत अब मिशन चन्द्रयान 3 का इतिहास रचने के करीब पहुंच गया है। इसरो ने घोषणा की है कि विक्रम 23 अगस्त को उतरने की पूरी संभावना है। 23 को लाइव प्रसारण भी किया जाएगा। उधर रोसकोसमॉस लूना चन्द्रमा की सतह से टकरा गया। तकनीकी खराबी बताई जा रही है। लेकिन भारत की सिद्धि पर दुनिया की नजर है। जनता मोदी योगी की लोकप्रियता के दीवाने हैं। लोगों को लुभा रही है पीएम मोदी और सीएम योगी और चन्द्रयान 3 की नई डिजाइन वाली राखियां। बहनें सोने-चांदी से बनी महंगी राखियां खरीद रही हैं। इस बार राम मंदिर और चन्द्रयान को लेकर काफी उत्सुकता है। इस वर्ष ज्वेलर्स द्वारा खास राखी डिजाइन की जा रही है। इसमें पीएम मोदी, सीएम योगी, राममंदिर और चन्द्रयान 3 की डिजाइन वाली राखियां की छवि सोने चांदी के सिक्कों में चमक रही है। सोने के सिक्के में बनी राखी की कीमत 7 हजार से एक लाख 20 हजार तक है, जबकि चांदी में बनाई गई राखी की कीमत एक हजार से प्रारंभ होती है। गुजरात में यह इस तरह की राखी का क्रेज देखने को मिल रहा है।

कांतिलाल मांडोत, सूरत

देश विदेश

रूस में यूक्रेनी ड्रोन का मलबा गिरने से दो घायल

मास्को। रूस में मास्को क्षेत्र के इस्ट्रिंस्की जिले में एक यूक्रेनी ड्रोन का मलबा गिरने से दो लोग घायल हो गए। रूस के गवर्नर एंड्री वोरोब्योव ने सोमवार को यह जानकारी दी। रूसी रक्षा मंत्रालय ने कहा था कि रूसी वायु रक्षा प्रणालियों ने इलेक्ट्रॉनिक युद्ध के माध्यम से एक यूक्रेनी ड्रोन को मार गिराया। यह मास्को क्षेत्र में दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। बाद में, मंत्रालय ने जानकारी दी कि इयूटी पर तैनात वायु रक्षा बलों ने मास्को क्षेत्र में इस्ट्रिंस्की जिले के ऊपर एक और यूक्रेनी ड्रोन को नष्ट कर दिया है। श्री वोरोब्योव ने टेलीग्राम पर लिखा, घायल दोनों व्यक्तियों में से एक को अस्पताल में भर्ती कराया गया। इस हमले में तीन घरों में खिड़कियां टूट गईं।

ब्रिक्स शिखर सम्मेलन की आज से हो रही है शुरुआत

प्रधानमंत्री मोदी शिखर सम्मेलन में शामिल होंगे

नई दिल्ली, 21 अगस्त (एजेंसियां)। विदेश सचिव विनय क्वात्रा ने दक्षिण अफ्रीका के जोहान्सबर्ग में मंगलवार से शुरू होने वाले ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की चीनी प्रधानमंत्री शी जिनपिंग के साथ मुलाकात की संभावना पर टिप्पणी करने से सोमवार को इनकार कर दिया।

क्वात्रा ने 22 से 25 अगस्त के बीच मोदी की दक्षिण अफ्रीका और ग्रीस यात्रा पर एक ब्रीफिंग के दौरान मीडियाकर्मियों को बताया, प्रधानमंत्री मंगलवार सुबह जोहान्सबर्ग के लिए प्रस्थान करेंगे और वहां वह 15वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे। शिखर सम्मेलन का समापन 24 अगस्त को होगा। ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के मौके पर मोदी और जिनपिंग के बीच द्विपक्षीय बैठक की संभावनाओं के बारे में पूछे जाने पर विदेश सचिव (एफएस) ने कहा मेजबान देश दक्षिण अफ्रीका ने ब्रिक्स सदस्यों के अलावा बड़ी संख्या में अतिथि देशों को आमंत्रित किया है। दक्षिण अफ्रीका में मौजूद रहने वाले नेताओं के साथ द्विपक्षीय बैठकों के संदर्भ में प्रधानमंत्री का कार्यक्रम तय किया जा रहा है। उन्होंने कहा, जहां तक ब्रिक्स के विस्तार का सवाल है, हम शुरू से ही स्पष्ट रहे हैं कि जब ब्रिक्स विस्तार की बात आती है तो हमारा इरादा सकारात्मक और दिमाग खुला है। ये दक्षिण अफ्रीका में ब्रिक्स के शेरपाओं के बीच चल रही वर्तमान चर्चा के विषय हैं और मैं चर्चाओं के नतीजे के बारे में पहले से अनुमान नहीं लगाना चाहता। एफएस ने ब्रिक्स मुद्रा पर कहा, साझा मुद्रा ढांचे के बारे में बात करने से पहले आम मुद्रा चर्चा में कई पूर्वापेक्षाएं होती हैं। ब्रिक्स में चर्चा रूपरेखा, ब्रिक्स में उस चर्चा रूपरेखा का सार राष्ट्रीय मुद्रा के भीतर व्यापार पर केंद्रित है। उन्होंने कहा कि 15वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के लिए भारत से एक व्यापारिक प्रतिनिधिमंडल बिजनेस ट्रैक्स बैठकों और ब्रिक्स बिजनेस कार्उसिल, ब्रिक्स महिला बिजनेस एलायंस और ब्रिक्स बिजनेस फोरम की बैठकों में भाग लेने के लिए दक्षिण अफ्रीका की यात्रा भी कर रहा है।

विदेश मंत्रालय ने शी से मुलाकात की अटकलों को किया दरकिनार

द. अफ्रीका को ब्रिक्स बैंक से पांच अरब डॉलर से अधिक प्राप्त

ब्लॉमफोन्टेन। दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति सिरिल रामफोसा ने रविवार को कहा कि उनके देश को सड़क, जल आपूर्ति और ऊर्जा के निर्माण के लिए ब्रिक्स देशों द्वारा बनाए गए न्यू डेवलपमेंट बैंक से 100 अरब रैंड (5.27 अरब डॉलर) प्राप्त हुए। श्री रामफोसा ने ब्रिक्स शिखर सम्मेलन से पहले राष्ट्र को संबोधित करते हुए कहा, दक्षिण अफ्रीका को 2015 में ब्रिक्स देशों द्वारा स्थापित किए गए न्यू डेवलपमेंट बैंक से लाभ हुआ है। हमारे देश को सड़क, पानी और ऊर्जा जैसे क्षेत्रों में 100 अरब रैंड के मूल्य की कई बुनियादी ढांचा परियोजनाओं में बैंक द्वारा वित्त पोषित किया गया है। राष्ट्रपति ने कहा कि दक्षिण अफ्रीका अन्य ब्रिक्स देशों के साथ व्यापार और निवेश संबंधों को मजबूत कर रहा है। इसके अलावा, प्रौद्योगिकी, सुरक्षा और नवाचार जैसे क्षेत्रों में सहयोग कर रहा है। ब्रिक्स शिखर सम्मेलन 22-24 अगस्त तक जोहान्सबर्ग में आयोजित किया जाएगा। इसमें रूस, चीन, भारत, ब्राजील और दक्षिण अफ्रीका के नेताओं के भाग लेने की उम्मीद है। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के वीडियो लिंक के माध्यम से शिखर सम्मेलन में भाग लेने की उम्मीद है।

चीन ब्रिक्स विस्तार प्रक्रिया का समर्थन करेगा

बीजिंग। चीन ब्रिक्स विस्तार प्रक्रिया का समर्थन करेगा और संगठन में नए भागीदारों के शीघ्र प्रवेश का स्वागत भी करेगा। चीन के विदेश मंत्रालय की प्रेस सेवा ने सोमवार को यह जानकारी दी। मंत्रालय ने ब्रिक्स शिखर सम्मेलन से पहले कहा, चीन का हमेशा से मानना रहा है कि ब्रिक्स एक खुला और समावेशी तंत्र है, बीजिंग ब्रिक्स विस्तार प्रक्रिया का समर्थन करता है और अधिक समान विचारधारा वाले भागीदारों के ब्रिक्स बड़े परिवार में शीघ्र प्रवेश का स्वागत करता है।

सुडोकू 6293

	3			7	9	1		
	8	5			4			
1	6	9	5	2				
	5	6	4	3		2		1
3		2		5	8	9	7	
				8	1	4	9	5
			2			6	3	
		7	3	4			1	

: नियम :

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

हल आज ही के अंक में

दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

ग्रह स्थिति : मंगलवार 22 अगस्त, 2023 श्रावण शुक्ल पक्ष 4

राशिफल

मेष - आज आप सामाजिक तथा सार्वजनिक क्षेत्र में लोगों की प्रशंसा प्राप्त कर सकेंगे। धन की बेहाल आवक होगी। पारिवारिक और दांपत्यजीवन में सुख और संतोष का अनुभव होगा। वाहन सुख मिलेगा।

वृषभ -शारीरिक मानसिक स्वस्थता के साथ आप अपने काम निर्धारित रूप से पूरे कर सकेंगे। बीमार व्यक्ति आज स्वास्थ्य में सुधार का अनुभव करेंगे। नौनहाल पक्ष से अच्छे समाचार मिलेंगे। कार्य स्थान पर सहकर्मियों का सहयोग मिलेगा।

मिथुन -नए कामों की शुरुआत के लिए दिन अनुकूल नहीं है। जीवनसाथी और संतान के स्वास्थ्य का ध्यान रखने की जरूरत है। चर्चा, वाद-विवाद के दौरान मनहानि न हो। मित्रों के पीछे धन खर्च होगा।

कर्क -आप में आज आनंद और स्फूर्ति का अभाव रहेगा। मन में विक्षिप्तता रहेगी। छाती में दर्द या किसी कारण से तकलीफ होगी। अनिद्रा सताएगी। सार्वजनिक रूप से स्वाभिमान भंग न हो, इसका ध्यान रखें। धन खर्च होगा।

सिंह -कार्य सफलता और विरोधियों पर विजय मिलने से मन में प्रसन्नता छाई रहेगी। भाई-बहनों के साथ संबंधों में भधुरता रहेगी। मित्रों और स्नेहीजनों के साथ किसी रमणीय पर्यटनस्थल पर घूमने-फिरने का आनंद उठा सकेंगे।

कन्या -आपके लिए आज का दिन शुभ रहेगा। वाणी की मधुरता से दूसरे लोगों के मन पर अपनी सकारात्मक छाप छोड़ सकेंगे। पारिवारिक वातावरण भी अच्छा रहेगा। वाणी पर संयम बरतने से वाद-विवाद की संभावना कम हो जाएगी।

तुला -आपके प्रत्येक काम में आत्मविश्वास छलकता हुआ दिखेगा। आर्थिक योजनाएं भी सरलतापूर्वक बना सकेंगे। शारीरिक तथा मानसिक रूप से प्रसन्नता का अनुभव होगा। वस्त्राभूषण और आनंद-प्रमोद के पीछे खर्च होगा।

वृश्चिक -स्वभाव में उग्रता और वाणी पर संयम रखने की जरूरत है। शारीरिक शिथिलता और मानसिक चिंता से आपका मन व्यथित रहेगा। वाहन चलाते समय दुर्घटना हो सकती है। संभव हो तो ऑपरेशन या नई चिकित्सा को आज टाल दें।

धनु -आज का दिन आपके लिए लाभदायी है। आपको आर्थिक, सामाजिक और पारिवारिक क्षेत्र में भी लाभ होने की संभावना है। मित्रों और परिजनों के साथ पर्यटन स्थल पर जाने से खुशी मिलेगी।

मकर -परिवार और संतान के विषय में आपको आनंद और संतोष का भी अनुभव होगा। मित्रों और स्नेहीजनों के साथ हुई भेंट से आपका मन प्रसन्न हो उठेगा। व्यापार में धन की उगाही के लिए बाहर जाना लाभप्रद रहेगा।

कुंभ -विरोधियों के साथ वाद-विवाद न करने की सलाह दी जाती है। शारीरिक रूप से अव्यवस्था बनी रहेगी। शिथिलता और आलस्य बना रहेगा। मानसिक रूप से प्रसन्नता बनी रहेगी।

मीन -आकस्मिक धन लाभ का योग है। व्यापारीवर्ग को रुके हुए पैसे मिलेंगे। आज आपको शारीरिक और मानसिक रूप से अधिक परिश्रम करने पड़ेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च अधिक रहेगा।

नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।

आज का इतिहास

1320-नसीरुद्दीन खुसरू को गाजी मलिक ने हराया
1639-ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी ने तमिलनाडु की राजधानी चेन्नई (तत्कालीन मद्रास) की स्थापना की।
1848-अमेरिका ने न्यू मैक्सिको पर कब्जा किया।
1849-इतिहास का पहला हवाई हमला- ऑस्ट्रिया ने इटली के शहर वेनिस में चालक रहित गुब्बारों से हमला किया।
1851-ऑस्ट्रेलिया में सोने की खानों के इलाके की खोज हुई।
1894-नेटाल भारतीय कांग्रेस की स्थापना महात्मा गाँधी द्वारा 22 अगस्त को की गई थी।
1910-जापान ने पांच साल तक कोरिया का संरक्षण करने के बाद उस पर कब्जा किया।
1914-ब्रिटिश और जर्मन सैनिकों के बीच बेल्जियम में पहली मुठभेड़ हुई।
1921-राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने विदेशी वस्त्रों की होली जलाई।
1955-प्रसिद्ध फिल्म अभिनेता और राजनीतिज्ञ चिरंजीवी का जन्म।
1978-केन्या के पहले राष्ट्रपति जोमो केन्याता का 83 साल की उम्र में निधन।
1979-राष्ट्रपति नीलम संजीव रेड्डी ने लोकसभा भंग की।
2002-काठमांडू में सार्क देशिय मंत्रियों का सम्मेलन सम्पन्न, नेपाल में हवाई दुर्घटना में 16 व्यक्ति मारे गये।
2007-अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन की मरम्मत के लिए दो सप्ताह के मिशन पर गया अंतरिक्ष यान एण्डेवर फ्लोरिडा में कैनेडी स्पेस सेंटर पर सुरक्षित उतरा।
2008-मध्य प्रदेश सरकार ने बनवासियों के लिए साधारण वन अपराध मामले और मुआवजा वसूली खत्म करने का निर्माय लिया।

नीदरलैंड यूक्रेन को एफ-16 लड़ाकू विमान देगा : रुटे

हेग, 21 अगस्त (एजेंसियां)। डच प्रधानमंत्री मार्क रुटे ने रविवार को यूक्रेन के राष्ट्रपति वलोडिमिर ज़ेलेंस्की से पुष्टि की कि नीदरलैंड यूक्रेन को एफ-16 लड़ाकू विमान देगा। श्री जेलेंस्की रविवार को नीदरलैंड की यात्रा पर आए। उन्होंने आईडहॉवन हवाई अड्डे पर श्री रुटे से मुलाकात की और उन्होंने एक संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस की। यह स्पष्ट नहीं है कि श्री रुटे से मुलाकात की और उन्होंने एक संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस की। यह स्पष्ट नहीं है कि श्री रुटे से मुलाकात की और उन्होंने एक संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस की। यह स्पष्ट नहीं है कि श्री रुटे से मुलाकात की और उन्होंने एफ-16 लड़ाकू विमान यूक्रेन जाएंगे। श्री जेलेंस्की ने बाद में सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा कि उन्हें 42 डच एफ-16 लड़ाकू विमानों के समर्थन की उम्मीद है।

ट्यूनीशिया में फंसे 17 भारतीयों की हुई सुरक्षित वापसी

नई दिल्ली, 21 अगस्त (एजेंसियां)। सरकार ने ट्यूनीशिया में एक सशस्त्र समूह के चंगुल में फंसे पंजाब एवं हरियाणा के 17 लोगों को उच्च स्तरीय हस्तक्षेप के बाद सुरक्षित रिहा कराने के बाद कल शाम स्वदेश वापसी करा दी। सूत्रों ने आज यहां बताया कि विदेश मंत्रालय और ट्यूनिस स्थित भारतीय दूतावास के निरंतर प्रयासों के बाद, पंजाब और हरियाणा से 17 भारतीय नागरिकों के एक समूह को सफलतापूर्वक भारत ले जाया गया है। सूत्रों के अनुसार यह मामला 26 मई 2023 को फंसे हुए भारतीय नागरिकों के परिवारजनों द्वारा ट्यूनिस में हमारे दूतावास के ध्यान में लाया गया था। भारत से तस्करी के बाद भारतीयों को लीबिया के ज़वारा शहर में एक सशस्त्र समूह द्वारा बंदी बना लिया गया था। तब से दूतावास परिवार के सदस्यों के साथ निकट संपर्क में था। सूत्रों के मुताबिक भारतीय दूतावास ने मई और जून के दौरान और साथ ही अनौपचारिक चैनलों के माध्यम से नियमित रूप से लीबियाई अधिकारियों के साथ इस मामले को उठाया। गत 13 जून को, लीबियाई अधिकारियों ने भारतीय नागरिकों को बचाने में सफल रहे, लेकिन उन्हें अपनी हिरासत में ही रखा क्योंकि यह अवैध रूप से देश में प्रवेश का मामला था। सूत्रों ने बताया कि ट्यूनिस में भारतीय राजदूत और नयी दिल्ली में पदस्थ विदेश मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों के उच्च स्तरीय हस्तक्षेप के बाद, लीबियाई अधिकारी उन्हें रिहा करने पर सहमत हुए। सूत्रों के अनुसार लीबिया में उनके प्रवास के दौरान, भारतीय दूतावास ने भारतीयों की जरूरतों का ख्याल रखा, जिसमें आवश्यक खाद्य पदार्थ, दवाएं और कपड़े उपलब्ध कराना शामिल था। चूंकि उनके पास पासपोर्ट नहीं था, इसलिए उनकी भारत यात्रा के लिए आपातकालीन प्रमाणपत्र जारी किए गए थे।

उच्च स्तरीय हस्तक्षेप के बाद हुई रिहाई

प्रथम पृष्ठ का शेष

रायपुर, दुर्ग, भिलाई व रायगढ़ में ...

कार्रवाई जारी है! साथी ही दुर्ग के पद्मनाभपुर के सारथ के यहां छापा पड़ा है। बताया जा रहा है कि सट्टा कारोबार से जुड़े लोगों के पास दुबई से पैसों के हवाले का लिंक मिला थाए प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने आज एक बार फिर छत्तीसगढ़ के कई जिलों में एक साथ छापेमार कार्रवाई की है। सुबह 6 बजे से छापे की कार्रवाई चल रही है। बताया जा रहा है कि ईडी की टीम ने सोमवार की सुबह राइस मिल, पेट्रोल पंप कारोबारी, एडवोकेट और एक ट्रांसपोर्टर के ठिकानों पर दबिश दी है। जानकारी के अनुसार भिलाई स्थित फरीद नगर में मो. सद्दाम के यहां भी ईडी के अधिकारियों ने छापा मारा। मो. सद्दाम की शराब परिवहन में गाड़ियां चलती थी। जानकरी के अनुसार सोमवार की तड़के सुबह ईडी ने प्रदेश के दो अलग-अलग जिलों में छापेमारी कार्रवाई की। जिसमें से सट्टा कारोबार से जुड़े लोगों के ठिकानों पर भी ईडी ने सीआरपीएफ के जवानों के साथ दबिश दी है। बताया जा रहा है कि सट्टा कारोबार से जुड़े लोगों के पास दुबई से पैसों के हवाले का लिंक मिला था भिलाई के पदेव नगर निवासी ट्रांसपोर्टर के यहां भी कार्रवाई की गई है। दुबई से पैसों के हवाले का लिंक मिला था। भिलाई स्थित सूर्या विहार कॉलोनी में दिलीप चंद्राकर के घर भी छापा मारा गया है। दिलीप चंद्राकर ऑनलाइन महादेव ऐप सट्टा का कारोबार संभालने वाला सौरभ चंद्राकर का चाचा है। समाचार लिखे जाने तक सभी ठिकानों पर ईडी की कार्यवाही जारी है

सहायक शिक्षकों की भर्ती में ...

योज्यता से बीएड को अवैधानिक घोषित कर विलोपित करने की यह याचिका लगाई। याचिका में तब तक भर्ती प्रक्रिया पर रोक लगाने की मांग की। सुनवाई के बाद मुख्य न्यायाधीश रमेश कुमार सिन्हा और न्यायमूर्ति एनके चंद्रवंशी की युगलपीठ ने शासन ने ज़वाब मांगते हुए सहायक शिक्षक भर्ती विज्ञापन 23 में बीएड अभ्यर्थियों की काउंसिलिंग और उनके अंतिम चयन सूची जारी करने पर अंतरिम रोक लगा दी है।

चंद्रयान-2 के ऑर्बिटर ने ...

एजेंसी ने रविवार सुबह लैंडिंग मॉड्यूल का दूसरी ओर अंतिम बार गति कम करने के लिए डीबूस्टिंग (धीमा करने की प्रक्रिया) ऑपरेशन किया। उन्होंने बताया कि स्तह उतरने पर रोवर को चंद्रमा पर यथात्थव प्रयोग करने के लिए लैंडिंग मॉड्यूल से बाहर निकाला जाएगा। उन्होंने बताया है कि दूसरा डीबूस्टिंग अभियान रविवार सुबह 0200 बजे किया गया और लैंडिंग मॉड्यूल निर्दिष्ट लैंडिंग स्थल पर सूर्योदय का इंतजार करेगा और 23 अगस्त को संचालित लैंडिंग शुरू होगी। उन्होंने कहा कि इसके बाद चंद्रयान -3 अंतरिक्ष यान अब चंद्रमा से करीब 25 किलोमीटर दूर है। इसरो ने कहा, मॉड्यूल को आंतरिक जांच से गुजरना होगा और निर्दिष्ट लैंडिंग स्थल पर सूर्योदय का इंतजार करना होगा।

चंद्रयान-3 ने चंद्रमा के ...

अनुप्रयोग केंद्र (एसएसी), बेंगलुरु में विकसित किया है। एसएसी, इसरो के प्रमुख केंद्रों में से एक है जो इसरो के अभियानों के लिए अंतरिक्ष उपकरणों का डिजाइन एवं सामाजिक लाभ के लिए अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी के अनुप्रयोगों का विकास और संचालन पर केंद्रित है। अनुप्रयोगों में संचार, प्रसारण, नेविगेशन, आपदा निगरानी, मौसम विज्ञान, समुद्र विज्ञान, पर्यावरण निगरानी और प्राकृतिक संसाधन सर्वेक्षण आदि शामिल हैं।

गठन *पाकिस्तान की कार्यवाहक सरकार का फैसला*

सेना अधिनियम व ओएसए से संबंधित मामलों के लिए विशेष अदालत बनाई

इस्लामाबाद, 21 अगस्त (एजेंसियां)। पाकिस्तान में कार्यवाहक सरकार ने पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान, पूर्व विदेश मंत्री शाह महमूद कुरैशी और उनके सहयोगियों के खिलाफ महत्वपूर्ण साइफर मामले के साथ-साथ अन्य सभी मामलों की सुनवाई के लिए इस्लामाबाद में एक विशेष अदालत का गठन किया है जिनमें आधिकारिक गोपनीयता अधिनियम (ओएसए) और सेना अधिनियम 1952 के तहत आरोप तय किए गए हैं। विशेष अदालत का नेतृत्व आतंकवाद विरोधी अदालत (एटीसी) कोर्ट नंबर-1 के न्यायाधीश अब्दुल हसनत करेंगे, जबकि दोनों अधिनियमों के तहत आने वाले सभी मामलों की कार्यवाही इस्लामाबाद में न्यायिक

राष्ट्रपति आरिफ अल्वी द्वारा दो संशोधन विधेयकों (सेना अधिनियम संशोधन विधेयक 2023 और आधिकारिक गोपनीयता अधिनियम संशोधन विधेयक 2023) को मंजूरी देने से इनकार करने के बावजूद समय पर विधेयकों को संसद को पास नहीं भेजे जाने के कारण इन्हें स्वतः मंजूरी मिल गई। राष्ट्रपति ने कहा कि प्रधानमंत्री कार्यालय में उनके कर्मचारियों ने संसद को बिल वापस करने के उनके निर्देश के खिलाफ काम किया। राष्ट्रपति ने एक ट्वीट में कहा, अल्लाह गवाह है, मैंने आधिकारिक गोपनीयता संशोधन विधेयक 2023 और पाकिस्तान सेना संशोधन विधेयक 2023 पर हस्ताक्षर नहीं किए क्योंकि मैं इन कानूनों से असहमत था। मैंने अपने कर्मचारियों से बिलों को अप्रभावी बनाने के लिए निर्धारित समय के भीतर बिना हस्ताक्षर किए वापस करने को कहा। मैंने उनसे कई बार पुष्टि की कि क्या उन्हें वापस कर दिया गया है और आश्वस्त किया गया था कि वे वापस कर दिए गए हैं। हालांकि मुझे आज पता चला कि मेरे कर्मचारियों ने मेरी इच्छा और आज्ञा को कमज़ोर कर दिया। चूंकि अल्लाह सब जानता है, वह आईए को माफ कर देगा। लेकिन मैं उन लोगों से माफी मांगता हूं जिन पर इसका असर पड़ेगा। अल्वी का यह ट्वीट इस खबर के एक दिन बाद आया है कि उन्होंने दोनों विधेयकों पर हस्ताक्षर कर उन्हें मंजूरी दे दी है। इन घटनाक्रमों ने एक और साजिश को जन्म दे दिया है क्योंकि कई लोग ट्वीट के समय पर सवाल उठा रहे हैं और राष्ट्रपति अल्वी के इरादे पर भी आपत्ति व्यक्त की है, जिनके बारे में उनका कहना है कि उन्होंने खान के पाकिस्तान तहरीक-ए-इन्साफ के साथ अपनी संबद्धता दिखाने के



■ इमरान, शाह महमूद कुरैशी के साथ-साथ कई मामलों की करेगी सुनवाई

वर्ग पहेली 6293

१		२		३	■	४		५
				६			■	■
७				■		८		९
				१०			■	■
■	११		१२		■		१३	
					१४			■
१५		१६					१७	१८
			■	१९		२०		
२१			■			२२		२३
	२४						■	■

बायें से दायें:-

१. सुध-बुध खोया हुआ, जिसके होश हवास ठिकाने न हो (उर्दू)
४. आल्हाद कारक, आनंदकारक, पारस्परिक सद्भाव
६. सीमा, प्रतिष्ठा
७. उत्तराधिकारी (उर्दू)
८. परिमाण, मात्र-तौल (उर्दू)
१०. बिजली, गाज
११. आवश्यक, जरूरी (उर्दू)
१३. हारा हुआ, जिस पर किसी ने विजय पा ली हो
१४. कम होना, कुतर्क, नाकिया
१५. सज्जन, भलामानुस
१७. काल, अवसर
१९. यतीम
२१. एकतरफ की चपाती जिसे तेल आदि में तलकर या आग में भूनकर खाया जाता है
२२. कनी काटना, बचकर निकल जाना
२४. ख्याति प्राप्त करना (मुहावरा)

ऊपर से नीचे:-

१. शक्तिशाली
२. सहयात्री
३. बुद्धिमान
४. गाज, बिजली
५. मध्यभारत की एक नदी
९. चांदी का बना हुआ
११. निर्धन, कंगाल
१२. जंगल, वन
१३. चमकना, रूबरू होना, प्रणय क्रीड़ा, आनंद
१४. कम होना, कुतर्क, नाकिया
१५. भर पाने या चुकता हो जाने का भाव
१६. कसकर बांधना
१८. शराब
१९. ज्यादा, बहुत
२०. अत्यधिक, श्रम से शरीर शिथिल होना
२३. स्त्री, महिला

वर्ग पहेली-6292

घ	टु	२ ला	ल	३ स	■	४ ब	क्ष	५ स्थ	ल
र्भ		भ		६ म	वे	झी		गि	
७ का	रिं	दा		झ		८ क	ल्प	त	९ रू
र		य		१० दा	य	र			प
११ मि	क	दा	र		१४ वि	दो	ह		पै
	लिं		ख				१७ स	१८ ह	सा
१५ ब	द	हा	ल		या				
र		म्य		१९ वा	ह	२० क		ल	
२१ सा	रं	गी		मु		२२ जा	य	फ	२३ ल
त		२४ न	त्प	र	ता				ज्जा

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

दुनिया को जानें

कोविड से हाई ब्लड प्रेशर होने की संभावना अधिक : अध्ययन

न्यूयॉर्क, 21 अगस्त (एजेंसियां)। सार्स सीओवी-2 वायरस के कारण होने वाला कोविड-19, पहले से मौजूद हृदय रोगों वाले वयस्कों में उच्च रक्तचाप के विकास से महत्वपूर्ण रूप से जुड़ा हुआ है। 45,000 से अधिक लोगों के इलेक्ट्रॉनिक मेडिकल रिकॉर्ड के विश्लेषण के आधार पर एक नए अध्ययन से ये पता चला है। न्यूयॉर्क शहर में अल्बर्ट आइंस्टीन कॉलेज ऑफ मेडिसिन और मॉंटेफियोर हेल्थ सिस्टम में रेडियोलॉजी के प्रोफेसर टिम क्यू डुओंग ने कहा, पहले से मौजूद हाई ब्लड प्रेशर वाले रोगियों में कोविड-19 आम तौर पर अधिक गंभीर होता है, हालांकि यह अज्ञात था कि क्या सार्स सीओवी-2 वायरस हाई ब्लड प्रेशर के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है? हाइपरटेंशन जर्नल में प्रकाशित अध्ययन के मुताबिक, यह पहला अध्ययन है जो एक समान श्वसन वायरस की तुलना में कोविड संक्रमण वाले लोगों में हाई ब्लड प्रेशर से जुड़े विकास और जोखिम कारकों की जांच करता है। उच्च रक्तचाप को ऊपर और नीचे की संख्या 130/80 मिमी एचजी से अधिक या उसके बराबर होने के रूप में वर्गीकृत किया गया है।

खेल जगत

माही भाई हमेशा कहते हैं 'फ्यूचर की टेंशन मत लो' : ऋतुराज

डबलिन, 21 अगस्त (एजेंसियां)। भारत के उप-कप्तान ऋतुराज गायकवाड़, जिन्होंने आयरलैंड के खिलाफ दूसरे टी20 मैच में शानदार अर्धशतकीय पारी खेली, ने इस जीत के बाद सीएसके के कप्तान एमएस धोनी से नेतृत्व के पहलुओं को सीखने के बारे में बात की। घरेलू क्रिकेट में महाराष्ट्र का नेतृत्व करने वाले ऋतुराज गायकवाड़, जिन्हें आयरलैंड श्रृंखला के लिए उप-कप्तान बनाया गया है और इस साल चीन में आगामी एशियाई खेलों के लिए टीम का नेतृत्व करेंगे, उन्होंने अपनी शानदार परफॉर्मेंस का श्रेय अपनी आईपीएल टीम के कप्तान एमएस धोनी को दिया है। ऋतुराज ने कहा, 'ईमानदारी से कहूं तो मुझे लगता है कि नेतृत्व की भूमिका बहुत जटिल है। माही भाई हमेशा यही कहते हैं कि एक समय में एक ही मैच के बारे में सोचना चाहिए। बस वर्तमान क्षण में रहें, भविष्य के बारे में चिंता न करें। हर कोई प्रचार करता है, चाहे कुछ भी हो। मैं उस तरह का व्यक्ति नहीं हूं जो वास्तव में सोशल मीडिया देखता हूं कि कोई मेरे बारे में क्या कह रहा है।

राहुल और श्रेयस की एशिया कप के लिए भारतीय क्रिकेट टीम में वापसी

■ फिट बुमराह व प्रसिद्ध कृष्ण भी वन डे में लौटे ■ तिलक वर्मा नया चेहरा, सैमसन रिजर्व खिलाड़ी ■ चहल और अश्विन को नहीं मिली टीम में जगह

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

नई दिल्ली, 21 अगस्त (देशबन्धु)। मध्यक्रम के बल्लेबाज केएल राहुल जांघ की मांसपेशी और श्रेयस अय्यर ने पीठ की चोट से उबरने के बाद एशिया कप क्रिकेट टूर्नामेंट के लिए भारत की 17 सदस्यीय वन डे टीम में वापसी की है। पाकिस्तान और श्रीलंका संयुक्त रूप से 30 अगस्त से 17 सितंबर तक चलने वाले वन डे एशिया कप की मेजबानी करेंगे। इसमें कुल छह टीमें शिरकत करेंगी। भारत के लिए वेस्ट इंडीज में उसके घर में टी-20 सीरीज में दमदार प्रदर्शन करने वाले नवोदित बाएं हाथ के बल्लेबाज तिलक वर्मा एशिया कप के लिए टीम में स्थान बनाने में कामयाब अकेला नया चेहरा है। तिलक वर्मा को अभी भारत के लिए वन डे क्रिकेट में अपने करियर का आगाज करना है। वहीं विकेटकीपर बल्लेबाज संजू सैमसन रिजर्व खिलाड़ी होंगे। 20 बरस के तिलक वर्मा ने भारत के लिए अभी तक सात टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं और एक अर्द्धशतक सहित कुल 174 रन बनाए हैं।

चोट के बाद ऑपरेशन कराने के बाद फिट होकर भारत को आयरलैंड में टी-20 सीरीज जिताने में अहम भूमिका निभाने वाले तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और प्रसिद्ध कृष्ण भी एशिया कप के लिए भारतीय वन डे टीम में वापस लौटे हैं। बुमराह और प्रसिद्ध कृष्ण ने टी-20 सीरीज में मेजबान आयरलैंड के खिलाफ शुरू के दो-दो मैचों कुल चार -चार विकेट चटकाए हैं।

वेस्ट इंडीज सीरीज के लिए आराम दिए जाने के बाद तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने एशिया कप के लिए भारतीय टीम में जगह बनाने में कामयाब रहे हैं। वेस्ट इंडीज में गेंद से निराशाजनक प्रदर्शन करने वाले लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल को टीम से बाहर कर ही दिया गया है ऑफ स्पिन ऑलराउंडर रविचंद्रन अश्विन को भी एशिया कप के लिए चुनी गई भारतीय टीम में जगह नहीं मिली है। चहल की जगह बाएं हाथ के लेग स्पिनर कुलदीप यादव को तवज्जो देकर बाएं हाथ के कलाई के दो स्पिनर भारत के स्पिन गेंदबाजी आक्रमण की जिम्मेदारी संभालेंगे। एक दिलचस्प बात यह है कि किसी भी ऑफ स्पिनर को भारतीय टीम में जगह नहीं मिली है।

एशिया कप 30 अगस्त से शुरू होगा और उदघाटन मैच में पाकिस्तान मुल्तान में नेपाल से भिड़ेगा। भारत की टीम एशिया कप में ग्रुप ए में 2 सितंबर को पालीकेल(श्रीलंका) में पाकिस्तान से अपने पहले मैच भिड़ेगी और फिर 4 सितंबर को पालीकेल में ही नेपाल से मैच खेलेगी। ग्रुप बी में बांग्लादेश, अफगानिस्तान और श्रीलंका की टीमें हैं। दोनों ग्रुप से शीर्ष दो-दो टीमें सुपर 4 में पहुंचेगी। सुपर 4 में पहले और दूसरे स्थान में रहने वाली टीमें 17 सितंबर को कोलंबो(श्रीलंका) में फाइनल में आमने -सामने होंगी। एशिया कप के लिए भारतीय टीम का घोषणा सीनियर अजित आगरकर की अध्यक्षता वाली राष्ट्रीय चयन समिति ने की।

एशिया कप के लिए 17 सदस्यीय भारतीय क्रिकेट टीम - रोहित शर्मा (कप्तान), हार्दिक पांडया (उपकप्तान), शुभमन गिल, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, केएल राहुल (विकेटकीपर), रवींद्र जडेजा, जसप्रीत बुमराह, कुलदीप यादव, मोहम्मद सिराज, मोहम्मद शमी, ईशान किशन (विकेटकीपर), शार्दूल ठाकुर, अक्षर पटेल, सूर्य कुमार यादव, तिलक वर्मा, प्रसिद्ध कृष्ण ।

रिजर्व खिलाड़ी : संजू सैमसन

किसी के भी लिए दरवाजे बंद नहीं हुए है : रोहित शर्मा

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निविदा प्रपत्र 'अ' में पंचलिप्त एस.ओ.आर. में कम/अधिक या सामान दर पर नगर पंचायत चिखलाकसा में निम्नांकित कार्य हेतु पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट से तीन लिफाफा पद्धति में सील बंद निविदाएं अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में आमंत्रित की जाती है।

क्र.	कार्यो की संख्या	अनुमानित लागत (राशि रू. लाखों में)	निविदा प्रपत्र निकाय को प्राप्त होने की अंतिम तिथि
1	निकाय क्षेत्रान्तर्गत अधोसंरचना मद अंतर्गत 58 निर्माण कार्य	299.98	11.09.2023

उपरोक्त कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति व अन्य जानकारी नगर पंचायत कार्यालय से एवं विभागीय वेबसाईटhttp://www.uad.cg.gov.in से डाउनलोड कर प्राप्त की जा सकती है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पंचायत चिखलाकसा

16 लाख की ठगी करने वाले आरोपी को कोण्डागांव पुलिस ने किया गिरफ्तार

■ कोण्डागांव व फरसगांव क्षेत्र के 14 किसानों से मक्का खरीदी के नाम पर किया था धोखाधडी

कोण्डागांव 21 अगस्त (देषबन्धु)। कोण्डागांव पुलिस द्वारा कोण्डागांव तथा फरसगांव क्षेत्र के 14 किसानों से मक्का खरीदी के नाम पर कुल 16 लाख 60 हजार 105 रूपये का धोखाधडी कर कई माह से फरार ठगी के आरोपी राकेश नाग को रूदी जिला धमतरी से गिरफ्तार किया गया है।

जानकारी देते बताया गया है कि प्रार्थी नारद पाण्डे पिता स्व.घासीराम पाण्डे निवासी सातगांव पटेलपारा थाना जिला कोण्डागांव ने 07 जून 2023 को राकेश नाग निवासी सिरसी कलार व्यापारी के पास प्रति ष्टिटल 1600 रुपये की दर पर 23.60 ष्टिटल एवं नन्दलाल पाण्डे ने 28.32 ष्टिटल कुल 51.92 ष्टिटल विक्रय किया, जिसका कुल राशि 83,000 रुपये होता है। बेचे गए मक्का का रकम मांगने पर राकेश नाग के द्वारा आज दुंगा कल दुंगा कहकर रकम देने में आनाकानी किया जा रहा है। जिससे प्रार्थीगण को एहसास हो गया कि राकेश नाग निवासी सिरसी कलार के द्वारा मक्का खरीदकर कुल राशि 83,000 रुपये ने देकर धोखाधड़ी किया गया है। रामदयाल पाण्डे एवं अन्य लोगों का भी मक्का खरीदी कर रकम नहीं देकर धोखाधड़ी किया है। प्रार्थी की लिखित रिपोर्ट पर थाना कोण्डागांव में अप.क्र.277/2023 धारा 420 भा.दं.वि. का अपराध पंजीबद्ध किया गया। आरोपी राकेश नाग के द्वारा फरसगांव में संदीप कुमार पिता बद्रीनाथ मण्डावी 30 वर्ष निवासी जुगानी कलार सहित अन्य 11 किसानों से मक्का खरीदकर किसानों के मक्का का पैसा नहीं दिया है। किसानों के द्वारा पैसा मांगे जाने पर उन्हें फर्जी चेक एवं रकम देने के संबंध में अनुबंध पत्र देकर छलकर आर्थिक क्षति पहुंचाया था। जिस पर आरोपी के खिलाफ थाना फरसगांव में अपराध पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया।

कोण्डागांव एस.पी. वाय अक्षय कुमार आईपीएस ने मामला किसानों के हित से संबंधित होने से गंभीरतापूर्वक लेकर आवष्यक निर्देश दिए जिसपर एडि.एस.पी. दौलतराम पोर्ते के मार्गदर्शन में 21 अगस्त 2023 को एस.डी.ओ.पी. कोण्डागांव निमितेश सिंह व एस.डी.ओ.पी. फरसगांव अनिल कुमार विश्वकर्मा के नेतृत्व में कोण्डागांव व फरसगांव पुलिस की संयुक्त टीम गठितकर धोखाधडी करने वाले आरोपी राकेश नाग को रूदी जिला धमतरी से गिरफ्तार किया गया। राकेश पिता गंगाराम नाग 33 वर्ष निवासी सिरसी कलार थाना फरसगांव जिला कोण्डागांव छ.ग. के खिलाफ घटना कारित करने का अपराध सबुत पाये जाने से आरोपी को 21 अगस्त के 11 बजे विधिवत गिरफ्तार करके आरोपी को न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा जा रहा है।

उक्त सम्पूर्ण कार्यवाही निरीक्षक प्रहलाद यादव, निरीक्षक विजय वर्मा, स.उ.नि. दिनेश पटेल, पीताम्बर कठार, प्र.आर. नरेन्द्र देहारी, आर. संतोष कोडोपी, बीजु यादव का विशेष योगदान रहा।

प्रदेश में अब तक 697 मिमी औसत वर्षा

रायपुर 21 अगस्त (देशबन्धु)। राज्य शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा बनाए गए राज्य स्तरीय नियंत्रण कक्ष द्वारा संकलित जानकारी के मुताबिक एक जून 2023 से अब तक राज्य में 697.3 मिमी औसत वर्षा दर्ज की जा चुकी है। राज्य के विभिन्न जिलों में 01 जून 202[illegible] से आज 21 अगस्त सवेरे तक रिकार्ड [illegible] गई वर्षा के अनुसार बीजा[illegible] जिले में सर्वाधिक 123[illegible] मिमी और सरगुजा जि[illegible] में सबसे कम [illegible] 325.2 मिमी [illegible] औसत वर्षा दर्ज [illegible] की गयी है। राज्य स्तरीय बाढ़ नियंत्रण [illegible] कक्ष से प्राप्त जानकारी [illegible] के अनुसार एक जून से [illegible] अब तक सूरजपुर जिले [illegible] 609.2 मिमी, बलरामपुर में 627.8 मिमी, जशपुर में 556.2 मिमी, कोरिया में 667.8 मिमी, मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर में 680.2 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गयी।

इसी प्रकार, रायपुर जिले में 810.0 मिमी, बलौदाबाजार में 691.2 मिमी, गरियाबंद में 638.5 मिमी, महासमुंद में 736.2 मिमी, धमतरी में 717.4 मिमी, बिलासपुर में 720.0 मिमी, मुंगेली में 860.3 मिमी, रायगढ़ में 777.9 मिमी, सारंगढ़-बिलाईगढ़ में 621.0 मिमी, जांजगीर-चांपा में 593.1 मिमी, [illegible]ग्ती में 591.0 मिमी, कोरबा में 679.4 मिमी, [illegible]ग्रेण्डा-मरवाही में 683.9 मिमी, दुर्ग में [illegible]69.4 मिमी औसत वर्षा दर्ज की [illegible]यी। कबीरधाम जिले में [illegible]48.3 मिमी, [illegible] राजनांदगांव में [illegible]777.5 मिमी, [illegible]होहला-मानपुर-[illegible]अंबागढ़ चौकी में [illegible]393.6 मिमी, [illegible]बीरगढ़-छुईखदान-[illegible]र्ड में 717.7 मिमी, [illegible]बालोद में 757.7 मिमी, बेमेतरा में 544.1 मिमी, बस्तर में 714.0 मिमी, कोण्डागांव में 612.8 मिमी, कांकेर में 664.4 मिमी, नारायणपुर में 624.4 मिमी, दंतेवाड़ा में 810.2 मिमी और सुकमा में 1022.4 मिमी औसत वर्षा एक जून से अब तक रिकार्ड की गई।

हुंडई कार की डिक्की से 43 किलोग्राम गांजा जब्त, 2 गिरफ्तार

कोण्डागांव 21 अगस्त (देशबन्धु)। हुंडई कार की डिक्की से 42.77 किलोग्राम गांजा बरामद होने पर 2 आरोपियों को केशकाल पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया है।

एस.पी. कोण्डागांव वाय.अक्षय कुमार (आईपीएस) के निर्देश एवं एडि.एस.पी.दौलतराम पोर्ते के मार्गदर्शन एवं एस.डी.ओ.पी.केशकाल भूपत सिंह धनेश्री के पर्यवेक्षण में केषकाल पुलिस द्वारा अपने सभी कर्तव्यों का पालन चाक चैबंद रहकर किया जा रहा है।

ऐसे ही 20 अगस्त 2023 को मुखबीर से मिली सूचना के आधार पर थाना केशकाल के सामने एनएच-30 मेन रोड पर केषकाल पुलिस द्वारा चेक पोस्ट लगाकर वाहनों की सघन चेकिंग की जा रही थी, चेकिंग के दौरान जगदलपुर की ओर से आ रही सिल्वर रंग के आई 10 हुंडई कार क्र. डी.एल. 10 सीए 5196 को रोककर वाहन में सवार व्यक्तियों से पुछताछ करने पर उन्होंने अपना-अपना नाम सगीर अली पिता नवाब अली 30 वर्ष निवासी गाजीपुर नगला पाट 2 कॉलोनी सतसंग अध्यास थाना डबुआ जिला फरीदाबाद (हरियाणा) एवं गजेन्द्र सिंह पिता महेन्द्र सिंह 26 वर्ष निवासी नगला सिरिया पंचायत ककरारी पोष्ट बठोन थाना माट जिला मथुरा (उ.प्र.) का होना बताया। उक्त व्यक्तियों एवं सिल्वर रंग के आई 10 हुंडई कार की तलाशी लेने पर वाहन के पीछे डिक्की में छुपाकर रखा हुआ सेलोटेप में लपेटा 05 पैकट पाया गया, जिसमें कुल 42.770 किलोग्राम गांजा जैसा अवैध मादक पदार्थ बरामद किया गया तथा आरोपीगणों के कब्जे से 02 नग मोबाईल, 01 आधार कार्ड बरामद किया गया है। आरोपीगणों से पुछताछ करने पर अवैध मादक पदार्थ गांजा को ओड़िसा से लेकर बिक्री हेतु उत्तर प्रदेश, हरियाणा ले जाना बताया। बरामद किए गांजे की अनुमानित कीमत बाजार मूल्य के अनुसार 427700 रूपये है। आरोपीगण द्वारा अवैध मादक पदार्थ गांजा का तस्करी करना पाए जाने से आरोपीगणों के विरूद्ध थाना केशकाल में अप.क्र.68/2023 धारा 20 (ख) एनडीपीएस एक्ट अपराध पंजीबद्ध कर उपरोक्त आरोपीगणों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर 21 अगस्त को माननीय न्यायालय में पेश कर न्यायिक रिमांड भेजा गया। उपरोक्त कार्यवाही में निरीक्षक विनोद कुमार साहू, स.उ.नि.शंकरलाल ध्रुव, आरक्षक लिलेश्वर ध्रुव, शंभू मण्डावी, मनोहर निषाद, हरिशचंद मण्डावी, दिनेश मरकाम, गोपनीय सैनिक आत्मानंद कुलदीप की अहम भूमिका रही।

हाथों में जलाभिषेक का जल थामे कांवड़ लेकर निकले मुख्यमंत्री

■ भूपेश बघेल ने प्रदेशवासियों के मंगल के लिए की पूजा-अर्चना भी

■ गुढ़ियारी में मारुति मंगलम से आरंभ हुई दिव्य कांवड़ यात्रा, हटकेश्वर नाथ महादेव में जलाभिषेक

रायपुर 21 अगस्त (देशबन्धु)। श्रावण सोमवार पर आज पूरा प्रदेश शिव भक्ति के रंग में सराबोर रहा। राजधानी में भी शिवभक्ति की गूंज जगह-जगह सुनाई देती रही। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने गुढ़ियारी में मारुति मंगल में दिव्य कांवड़ यात्रा में हिस्सा लिया। पारंपरिक अनुष्ठान तथा पूजा पाठ करने के पश्चात मुख्यमंत्री शिव भक्तों के साथ बैठे। पारंपरिक वाद्य यंत्रों के साथ शिव जी के भजनों के उद्घोष से पूरा परिसर गूंज उठा। इस मौके पर लोकसभा सांसद श्री दीपक बैज, संसदीय सचिव श्री विकास उपाध्याय, नगर निगम अध्यक्ष श्री प्रमोद दुबे भी मौजूद रहे। इसके पश्चात मुख्यमंत्री ने अपने हाथों में जलाभिषेक का जल लिया और कांवड़ को अपने हाथों में लिया। पूरा परिसर ऊँ नमः शिवाय के नारों से गूंजता रहा। मुख्यमंत्री ने पारंपरिक वाद्ययंत्रों को थाप देकर भजनगायकों का उत्साह बढ़ाया। इस मौके पर कांवड़ यात्रियों से चर्चा में मुख्यमंत्री ने कहा कि श्रावण मास शिव जी का महीना है। शिव जी को आशुतोष भी कहते हैं। शिव जी बहुत जल्दी प्रसन्न होते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि श्रावण सोमवार का दिन बहुत शुभ होता है। हम सब अपने आराध्य देवता को प्रसन्न करने जुटते हैं। लंबी कांवड़ यात्रा में जुटते हैं। प्रदेश में और देश भर में लोग दूर दूर से कांवड़ लेकर शिव जी पर जलाभिषेक करते हैं। यह अनुभव बहुत दिव्य होता है। आज गुढ़ियारी से जो कांवड़ यात्रा निकाली गई है वो दिव्य ही है इसलिए इसका नाम भी दिव्य कांवड़ यात्रा रखा गया है। मुख्यमंत्री ने दूर दूर से कांवड़ यात्रा में जुटे शिव भक्तों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि यह शुभ दिन आप सभी के जीवन में मंगल लेकर आये। आयोजकों ने बताया कि कांवड़ यात्रा का समापन महादेवघाट स्थित हटकेश्वर महादेव में जलाभिषेक कर किया जाएगा।

NECC

22.08.2023	अंडा	मुर्गी	काकरेल
फार्म	4.40	80	160
थिल्हर	5.50	95	185
डिलीवरी	455 सैकड़ा		

दर्जन अंडा 65 रु.
मुर्गी खाद प्रति ट्राली 1000 रु.
CSPFA

प्रकाशक, मुद्रक- राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए देशबन्धु परिसर रामसागरपारा रायपुर से प्रकाशित एवं मुद्रित। सम्पादक- राजीव रंजन श्रीवास्तव। प्रेस पंजीयन- 6072/59 डाक पंजीयन-सीजी/रायपुर संभाग/19/2021-23
फोन- (0771) 4077750, 4077760, 2292011/22 फैक्स-2534955 email id: deshbandhuraipur@gmail.com, website:deshbandhu.co.in

संपादकीय

लोगों के बीच पहुंचेगा प्रशासन

प्रशासनिक कामकाज की दृष्टि से सबसे छोटी व महत्वपूर्ण प्रशासनिक इकाई तहसील होती है। तहसीलदार इसके प्रमुख होते हैं, जिन्हें कार्यपालिक दण्डाधिकारी होते हैं। छत्तीसगढ़ नए राज्य के रूप में 1 नवम्बर 2000 को अस्तित्व में आया था। उस समय 16 जिलों का यह राज्य था। यह महसूस किया गया कि लोगों तक प्रशासन की पहुंच बढ़ाने के लिए जिलों का पुनर्गठन किया जाना चाहिए। मध्य प्रदेश के समय से ही छत्तीसगढ़ वाले हिस्से में जिलों के पुनर्गठन की सिफारिश जिला पुनर्गठन आयोग ने कर दी थी, लेकिन मामला आगे नहीं बढ़ पा रहा था क्योंकि राजनैतिक नहीं बल्कि प्रशासनिक दृष्टि से भी छत्तीसगढ़ के हिस्से के प्रशासन और विकास पर नजर ही पड़ पाती थी। मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल से यह हिस्सा वैसे भी काफी दूर पड़ता था। पृथक राज्य बना तो सरकार ने प्रशासन तक लोगों की पहुंच बढ़ाने के लिए जिलों के पुनर्गठन की प्रक्रिया शुरू की। आज जिलों की संख्या 33 हो गई है। जब जिले बढ़े तो अनुविभागों और तहसीलों की संख्या भी बढ़ती चली गई। अब राज्य में 122 व 250 तहसीलें हो गए हैं। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने राजीव गांधी की जयंती पर 20 अगस्त को 13 अनुविभाग व 18 नई तहसीलों का वर्चुअल शुभारंभ किया। अब लोगों को इन कार्यालयों में होने वाले कार्यों के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा। इससे उनका समय और खर्च दोनों बचेगा। जब छत्तीसगढ़ राज्य बना तो प्रशासनिक खर्च बचाने की भी चिन्ता थी। तत्कालीन वित्त मंत्री डा.रामचंद्र सिंहदेव ने राज्य में नागरिक सुविधाएं बढ़ाने के लिए इस पर अधिक जोर दिया। मुख्यमंत्री अजीत जोगी थे, जो प्रशासनिक अधिकारी रह चुके थे। उन्होंने संभागायुक्त कार्यालयों को बंद करने का फैसला कर लिया। बाद में डा. रमन सिंह सरकार ने कार्यालयों की उपयोगिता महसूस हुई और सभी संभागायुक्त कार्यालय बहाल कर दिए गए। जिलों के साथ अनुविभागीय और तहसीलों की संख्या बढ़ती चली गई। कंप्यूटर, इंटरनेट और मोबाइल के इस जमाने में कई सहकारी सेवाएं ऑनलाइन हो गई है। अब सरकारी कार्यालयों में भौतिक रूप से छानबीन और सुनवाई से जुड़े मामले ही देखें-सुनें जाते हैं। नए अनुविभागों व नई तहसीलों के गठन से इन न्यायालयों में लंबित मामलों के निपटारा तेजी से होगा। जमीन के बंटवारे, सीमांकन आदि के लिए लोगों को अधिक इंतजार नहीं करना पड़ेगा। अनुविभागीय अधिकारी और तहसीलदार इन सब मामलों को साथ कानून-व्यवस्था का काम अधिक प्रभावी ढंग से कर सकेंगे। प्रशासनिक इकाइयां क्षेत्रफल की दृष्टि से छोटी होती हैं तो प्रशासनिक कार्यों के साथ ही विकास में तेजी आती है। नए जिलों के गठन के बाद वहां विकास में आई तेजी देखी जा सकती है। लोगों में भी अधिकारों के प्रति जागरूकता आती है। उनके लिए हर छोटे-बड़े काम के लिए भी सरकारी कार्यालयों के दरवाजे पर दस्तक देना आसान हो जाता है। छत्तीसगढ़ आर्थिक विकास की दिशा में तेजी से आगे बढ़ा है और सरकार की प्राथमिकताएं बदल चुकी है। खर्च से ज्यादा चिन्ता प्रशासन तक लोगों की पहुंच बढ़ाने की है ताकि वे सरकार की विकास योजनाओं का लाभ आगे आकर ले सकें। नए अनुविभाग और नई तहसीलों में पदस्थ अधिकारी लोगों की मदद के लिए तैयार रहेंगे और योजनाओं का क्रियान्वयन अधिक प्रभावी ढंग से हो सकेगा।

उल्टा पुल्टा

एक बहु अपने ससुर से कहती है- बाबू जी, इलाइची खतम हो गयी है आते समय बाजार से लेते आना।
ससुर - हमारे यहां बड़ों का नाम नहीं लेती, इलाइची तुम्हारी सास का नाम है।
बहू- ठीक है, आगे से ध्यान रखूंगी !!!
अगली बार बहु ने कुछ ऐसा कहा की ससुर के होश उड़ गए!
बहू- बाबू जी, माँ जी खतम हो गयी है आते समय, बाजार से लेते आना...

स्थानीय मुद्दों को लेकर भाजपाइयों ने दोरनापाल में धरना-प्रदर्शन कर नपं का किया घेराव

राज्यपाल के नाम सौंपा ज्ञापन

सुकमा, 21 अगस्त (देशबन्धु)। सोमवार को दोरनापाल नगर पंचायत से सम्बंधित 14 स्थानीय मुद्दों को लेकर दोरनापाल अटल चौक में भाजपाइयों द्वारा एकदिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया और नगर की समस्याओं को अनदेखी करने का आरोप कांग्रेस पार्टी पर लगाते हुए भाजपा कार्यकर्ताओं ने नगर पंचायत का घेराव किया। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने मंत्री कवासी लखमा के खिलाफ जमकर नारेबाजी भी किया जिसमें सभी जिले भर के भाजपा पदाधिकारियों ने दोरनापाल नगर पंचायत में हो रही गड़बड़ी और दोहरा मापदंड अपनाने का कांग्रेस पर आरोप लगाया। इस दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष बारसे धनीराम सहित संजय शुक्ला, महेंद्र भदौरिया, सोयम मुक्का, हूँगाराम मरकाम , दीपिका सोरी, कोरसा सन्नू, दिलीप पेद्दी, पी विजय, पार्वती परधानी, धर्मेंद्र भदौरिया, मड़कम भीमा, राधा नायक, कोशी ठाकुर, नूपुर वैदिक, आसिफ अली, अभय भदौरिया, पुष्पा भदौरिया, लक्ष्मी, महेंद्र सिंह भदौरिया, साई रेड्डी , सहित बड़ी संख्या में युवा मोर्चा, महिला मोर्चा के कार्यकर्ता शामिल रहे।

दोरनापाल के अटल चौक में एकदिवसीय धरना प्रदर्शन करने के बाद सभी भाजपा के कार्यकर्ताओं ने नगर पंचायत दोरनापाल का घेराव भी किया जिसमें भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ-साथ स्थानीय निवासी भी बड़ी संख्या में रहे। दोरनापाल के विभिन्न मुद्दों को लेकर अध्यक्ष धनीराम बारसे ने अपने संबोधन में मांग रखा की दोरनापाल को जल्द से जल्द ब्लॉक का दर्जा दिया जाए। दोरनापाल में बस स्टैंड का निर्माण जल्द से जल्द शुरू किया जाए एवं एरीबोर की घटना का जिक्र करते हुए दुष्कर्म की पीड़िता को मुआवजा देने की मांग रखी वहीं भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष एवं प्रदेश कार्यसमिति सदस्य हुंगाराम मरकाम ने भी संबोधन में स्थानीय विधायक को आड़े हाथ लिया। इसके अलावा पुलिस द्वारा भी बेरिकेटिंग और सुरक्षा के पर्याप्त व्यवस्था किया गया था। वही भाजपाइयों ने नगर पंचायत घेराव के दौरान पुलिस के साथ जमकर झुमाझपटी हुई और बेरिकेटिंग की सुरक्षा को तोड़ते हुए सभी नगर पंचायत कार्यालय पहुंचे जिसमें भाजपा महिला मोर्चा भी बड़ी संख्या में मौजूद रही। इस दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष बारसे धनीराम के नेतृत्व में 14 सूत्रीय व्यापन सौंपते हुए कांग्रेस सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी किया गया।

कनकापाल के ग्रामीणों ने सड़क व पुलिया निर्माण की लगाई कलेक्टर से गुहार

सुकमा, 21 अगस्त (देशबन्धु)। जिले के अंतिम छोर में बसे कनकापाल ग्राम पंचायत के आश्रित ग्राम एलेंगनार के ग्रामीणों ने सोमवार को जिला मुख्यालय स्थित कलेक्टर कार्यालय पहुंच कर कलेक्टर से सड़क व पुलिया निर्माण की मांग की है। इस दौरान तकरीबन आधा दर्जन से अधिक ग्रामीण मौजूद रहे। ग्राम पंचायत कनकापाल के ग्रामीणों ने 18 अगस्त को जगदलपुर विधानसभा के विधायक रेखचंद जैन से सरगी मोड़ से झीरम-कोटवापदर तक कि किलोमीटर सड़क निर्माण करने और 3 नग पुलिया निर्माण की गुहार लगाई थी जिसके बाद विधायक ने ग्रामीणों की मांग को ध्यान रखते हुए सड़क व पुलिया निर्माण कार्य की अनुशंसा की। ग्रामीण जगदलपुर विधायक द्वारा किए गए अनुशंसा पत्र समेत अपनी मांगों से कलेक्टर को अवगत कराने सोमवार को जिला मुख्यालय पहुंचे जहां उन्होंने कलेक्टर से मुलाकात कर उन्हें हो रही परेशानी से कलेक्टर को अवगत कराया जिस पर कलेक्टर ने ग्रामीणों की मांग को जल्द पूरा करने का आश्वासन दिया। ग्रामीणों ने कहा कि गांव से मुख्य सड़क तक आने में बारिश के दिनों में काफी तकलीफों का सामना करना पड़ता है। इसके अलावा दो किलोमीटर की दूरी में पड़ रहे नदी नालों के कारण बड़े वाहन का आवागमन बाधित होने से गांव तक एम्बुलेंस भी नहीं पहुंच पाता ऐसे में किसी ग्रामीण को गंभीर समस्या होती है तो बहुत ही कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है।

वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का आयुक्त ने लिया जायजा

जगदलपुर, 21 अगस्त (देशबन्धु)। नगर निगम आयुक्त हरीश मंडावी ने सोमवार को शहर के अमृत मिशन योजना के कार्यों का अधिकारियों के साथ निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिया। नयामुंडा प्लांट में अमृत मिशन योजना अंतर्गत 35 एमएलडी वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का चल रहे निर्माण कार्यों का आयुक्त के द्वारा निरीक्षण कर कार्यों में तेजी लाने का संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान आयुक्त हरेश मंडावी ने वाटर ट्रीटमेंट प्लांट के सभी कार्यों का जायजा लेकर अधिकारियों से अमृत मिशन का शहर में चल रहे इंटक बेल ,पाइप लाइन का विस्तार ,सब स्टेशन ,पानी टंकी व अन्य कार्यों के संबंध में जानकारी लेते हुए , अमृत मिशन के कार्यों को समय सीमा में पूर्ण करने का निर्देश दिया । निरीक्षण के दौरान अमृत मिशन के नोडल अधिकारी अजीत कुमार तिग्गा,सहायक नोडल अमर सिंह कश्यप साथ में संबंधित ठेकेदार उपस्थित थे ।

दीपावली के पूर्व अमृत मिशन के तहत शहर वासियों को पानी प्रदाय करने संबंधित एजेंसी को दिया लक्ष्य

विधायक रेखचंद ने ग्राम सुलियागुड़ा जूना पारा में शीतला माता गुड़ी का किया भूमिपूजन

जगदलपुर, 21 अगस्त (देशबन्धु)। स्थानीय विधायक एवं संसदीय सचिव रेट चंद जैन ग्राम पंचायत गुरंदी के आश्रित ग्राम सुलियागुड़ा जूना पारा में शीतला माता गुड़ी का भूमि पूजन किया। ?5 लाख की लागत से इस मंदिर का निर्माण हो रहा है। विधायक श्री जैन के गांव पहुंचने पर ग्रामीणों ने पूरे उत्साह के साथ अपने परंपरा के अनुसार स्वागत किया। इसी क्रम में सरदार वल्लभ भाई पटेल वार्ड में नव निर्मित शिव मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा में शामिल हुए संसदीय सचिव रेखचंद जैन ने विधि विधान से पूजा अर्चना कर छत्तीसगढ़ एवं बस्तर के सुख शांति समृद्धि की कामना की।

इस अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए विधायक जगदलपुर एवं संसदीय सचिव रेखचंद जैन ने कहा कि हमारे प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मंशा अनुरूप आदिवासी संस्कृति के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए माता गुड़ी एवं देव गुड़ियों का जीर्णोद्धार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मेरे विधानसभा क्षेत्र में अब तक 200 से अधिक गुड़ियों के जीर्णोद्धार लिए राशि स्वीकृत की जा चुकी है। नव नियुक्त शहर जिला अध्यक्ष सुशील मौर्य ने कहा की हमारे प्रदेश के संवेदनशील मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, प्रभारी मंत्री कवासी लखमा एवं विधायक जगदलपुर एवं संसदीय सचिव रेखचंद जैन के प्रयासों से आज जगदलपुर विधानसभा क्षेत्र में गुड़ियों का जीर्णोद्धार किया जा रहा है जो सराहनीय है। पूर्ववर्ती सरकार में जहां हमारे आस्था के केंद्र उपेक्षित थे आज हमारी सरकार उनकी सुध ले रही है। इस अवसर पर जनपद सदस्य इंदिरा राव, सरपंच विमला >> शेष पृष्ठ 9 पर>

एक बार फिर युवोदय अकादमी के बच्चे नीट पास कर एमबीबीएस के लिए हुए चयनित

जनप्रतिनिधियों-अधिकारियों ने सफल बच्चों को दी बधाई

जगदलपुर, 21 अगस्त (देशबन्धु)। कोविड कॉल में बच्चों की पढ़ाई बाधित न होने देने के लिए सरकारी शिक्षकों से कोचिंग और ऑनलाइन शिक्षा देने का नवाचार बस्तर जिला प्रशासन ने शुरू किया था। इस कोचिंग संस्थान में कमिश्नर, कलेक्टर सहित अन्य अधिकारी और जनप्रतिनिधिगण भी समय-समय पर जाकर मार्गदर्शन करते रहे हैं। विगत दो वर्षों में दो बेच के 64 बच्चे नीट क्वालीफाई कर चुके हैं, यहां कोचिंग लेने वाले कई बच्चे सरकारी मेडिकल कॉलेज में भी प्रवेश ले चुके हैं। इस बार फिर युवोदय अकादमी के बच्चों का चयन एमबीबीएस के लिए हुआ हैं। कलेक्टर बस्तर विजय दयारामक ने, ने सोमवार को इस संस्थान के निशा, ओजस, रश्मि और अनमोल को प्रोत्साहित कर बस्तर में सेवा देने के लिए प्रेरित किया। इस बार बस्तर जिले से 8 बच्चों का एक साथ चयन हुआ है। इन चयनित बच्चों को जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने बधाई देते हुए उन्हें अपनी शुभकामनाएं दी है। पूरे छत्तीसगढ़ से 42130 अभ्यर्थियों ने नीट में रजिस्ट्रेशन करवाया था जिसमें 19610 अभ्यर्थी नीट क्वालीफाई किए हैं। बस्तर संभाग के लिए युवोदय अकादमी जरूरतमंद बच्चों विशेषकर गरीब एवं कमजोर वर्ग के बच्चे जो दूसरे जिले या राज्य में जाकर नीट की तैयारी नहीं कर सकते हैं, उनके लिए युवोदय अकादमी वरदान साबित हुआ है। युवोदय अकादमी में नोट्स, ऑडियो-वीडियो नोट्स बनाकर छात्र-छात्राओं को ऑनलाइन तथा ऑफलाइन पढ़ाया जाता है। पूरे देश में यहां के नोट्स को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले युवाओं द्वारा पसंद किया जाता है। छत्तीसगढ़ के बच्चों के साथ अन्य राज्यों के बच्चे भी इस अकादमी के नोट्स का लाभ लेते हैं। छात्र-छात्राओं ने युवोदय अकादमी स्थापना के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सहित क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, वरिष्ठ अधिकारियों का आभार माना है। वहीं संस्थान के शिक्षकों के अथक प्रयासों के प्रति कृतज्ञता प्रकट किया है।

आसना की हेमलता ने नीट में चयनित होकर क्षेत्र का बढ़ाया गौरव

जगदलपुर। ग्रामीण स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चे प्रतियोगी परीक्षाओं में अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाते हैं ऐसी धारणा को आसना हायर सेकेंडरी स्कूल में पढ़ने वाली हेमलता कश्यप गलत सिद्ध किया है और नीट परीक्षा में चयनित होकर अपने माता-पिता तथा क्षेत्र का गौरव बढ़ाया है। हेमलता कश्यप पिता रैंझूराम कश्यप माता श्रीमती जमती शुरू से ही पढ़ाई में उत्कृष्ट प्रदर्शन करती आ रही है । उसने कक्षा दसवीं में 84.5 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण किया । इसी तरह कक्षा बारहवीं , जीव विज्ञान विषय के साथ 86 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण किया। इस वर्ष वह नीट परीक्षा में शामिल हुई और उसका राज्य में रैंक 3175 आया वहीं कैटेगरी रैंक - 102 रहा। उसे बलिराम कश्यप स्मृति मेडिकल कॉलेज डिमरापाल में प्रवेश मिला है। उनके इस उपलब्धि पर प्राचार्य रमेश उपाध्याय तथा समस्त शिक्षकों का विशेष सहयोग रहा।

आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल संवार रहा ग्रामीण बच्चों का भविष्य : लखमा

जगदलपुर, 21 अगस्त (देशबन्धु)। उद्योग एवं प्रभारी मंत्री कवासी लखमा स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय कोंटा में आयोजित सरस्वती निःशुल्क सायकल योजना वितरण कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने इस योजना के तहत बच्चों को सायकल भेंट किया। साथ ही बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की। स्कूली बच्चों के द्वारा मनमोहक प्रस्तुतियां दी गयी। कवासी लखमा ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि कोंटा विकास खंड लगातार विकास की सीढ़ी चढ़ रही है। आज यहां इंदिरा आवास, बिजली, सड़क, पक्का मकान बन रहा है। आज कोंटा में शांति है। सभी वर्ग के लोगों को राशन कार्ड का वितरण किया जा रहा है। कोरोना के समय में सभी को निःशुल्क राशन दिया गया। भाजपा और सीपीआई के कार्यकर्ता घर के अंदर ही रहे आप सबके बीच नहीं आए। रायपुर में रहकर मास्क, सैनेटाईजर की कभी कमी नहीं होने दिया गया। आज स्वामी आत्मानंद स्कूल के माध्यम से बच्चों की शिक्षा को बेहतर बनाने की कोशिश की जा रही है। सरकारी स्कूल में अंग्रेजी मीडियम स्कूल से गरीब परिवार के बच्चों को लाभ मिल रहा है। भविष्य में बच्चे एसपी, कलेक्टर बनकर आएंगे और बस्तर का नाम रोशन करेंगे। आप सभी बच्चे खूब पढ़े लिखे और बस्तर का नाम रोशन करें। इस दौरान प्रशासनिक अधिकारी, पदाधिकारीगण, शिक्षकगण, एनएसयूआई के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

उद्योग मंत्री ने स्कूल के बच्चों को सायकल देकर खूब पढ़ने की दी समझाईश

विश्वक्सेन पूजा के साथ प्रारंभ हुआ बालाजी मंदिर का महा पवित्रोत्सव

जगदलपुर, 21 अगस्त (देशबन्धु)। श्री बालाजी मंदिर के महा पवित्रोत्सव का शुभारंभ सोमवार को सुबह विश्वक्सेन की पूजा विधि विधान के साथ हुआ। आंध्र के श्रीकाकुलम से पधारे श्री अंपोलू अन्नत श्रीनिवास ने बताया कि किसी भी अनुष्ठान या समारोह की शुरुआत विश्वक्सेन की पूजा से होती है। ऐसा माना जाता है कि विष्णु की सेना के कमांडर-इन-चीफ के रूप में, वह अनुष्ठान या कार्य को बाधाओं से बचाते हैं।

प्रातः कालीन सत्र में सुबह 6 बजे से सुप्रभात, नित्य आराधना, वेद पारायण, मंगलाशासन, बाल भोग वितरण पुजा हुआ। प्रातः साढ़े नौ से बजे से विश्वक्सेन आराधना, भगवतपुण्यावचनम्, रक्षासूत्र बंधन, रूत्विकावरण प्रधानम् विधान के बाद अंकुरार्पण, यज्ञशाला आराधना, वास्तु योगेश्वर, मंडपआराधना, अग्नि प्रतिष्ठापन, पताक प्रतिष्ठा, ध्वजारोहण, गज्जलु प्रसाद वितरण किया गया। इसी तरह संध्या कालीन सत्र में विशेष होम, मण्डपआराधना, चक्राब्जामंडपाराधना, पवित्र प्रतिष्ठा के बाद प्रसाद वितरण हुआ। सभी पूजा विधान में बड़ी संख्या में भक्तगण अपनी उपस्थिति दर्ज करवा रहें हैं। मंगलवार को पवित्रोत्सव का महत्वपूर्ण रस्म सुदर्शन होम अदा किया जायेगा। सुदर्शन होम विधान के तहत मंदिर परिसर में विशेष तौर पर बनाये गये कुल 11 कुंडों में हवन किया जायेगा। मुख्य हवन कुंड के अलावा शेष हवन कुंडों में 40 जोड़े पूजा में शामिल रहेंगे।

पवित्रोत्सव के पहले दिन पूजा अनुष्ठानों में शहर के आम से लेकर खास जनों ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई जिनमें अक्षय ऊर्जा विकास अभिकरण के अध्यक्ष मिथिलेश स्वर्णकार, इंद्रावती विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष राजीव शर्मा, महापौर सफ़ीरा साहू, मदरसा बोर्ड के डायरेक्टर सत्तार अलि, पार्षद बी. ललिता, सुभम यदु आदि शामिल हैं।

11 हवन कुंडों में सुदर्शन होम प्रारंभ

पालतू मवेशियों को रेडियम बेल्ट लगाकर टैगिंग करने हेतु चलाया जा रहा है सघन अभियान

जगदलपुर, 21 अगस्त (देशबन्धु)। राज्य शासन के निर्देश के परिपालन में कलेक्टर विजय दयारामक. के मार्गदर्शन में सड़क दुर्घटना में पशुधन एवं जनहानि को नियंत्रित करने हेतु पशुधन विकास विभाग एवं नगरीय प्रशासन के द्वारा आपसी समन्वय कर घुमन्तु पशु जो राष्ट्रीय राजमार्गों एवं अन्य सड़कों पर विचरण करते हैं या बैठते हैं उन्हें रेडियम बेल्ट पहनाकर टैगिंग करने के पश्चात कांजी हाऊस एवं गौठानों में विस्थापन किया जा रहा है। घुमंतु पशुओं को लगाये गये रेडियम की पट्टी होने के कारण रात के समय मार्गों में विचरण के दरम्यान वाहनों के प्रकाश से रेडियम पट्टी चमकने से वाहन चालक सावधान हो जाते हैं और दुर्घटना होने से बचाया जा सकता है। सयुंक्त संचालक पशुधन विकास >> शेष पृष्ठ 9 पर>

आईटीआई में प्रशिक्षण अधिकारियों की नियुक्ति हेतु दस्तावेज सत्यापन उपरांत पात्रता सूची जारी

जगदलपुर, 21 अगस्त (देशबन्धु)। संयुक्त संचालक औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थायें क्षेत्रीय कार्यालय बस्तर क्षेत्र जगदलपुर में शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं में तृतीय श्रेणी के प्रशिक्षण अधिकारी के पदों पर नियुक्ति हेतु दस्तावेज सत्यापन के उपरांत प्रत्येक दिवस के पात्र-अपात्र पाये गये एवं होल्ड में रखे गये अभ्यर्थियों की सूची सूचना पटल पर चस्पा कर दी गई है। उक्त सूची पर कोई अभ्यर्थी दावा या आपत्ति प्रस्तुत करना चाहते हैं तो संयुक्त संचालक औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थायें क्षेत्रीय कार्यालय बस्तर क्षेत्र जगदलपुर में 23 अगस्त 2023 संध्या 5 >> शेष पृष्ठ 9 पर>

23 अगस्त तक दावा-आपत्ति

हादसे रोकने पशुओं को लगाए जा रहे रेडियम बेल्ट

कलेक्टर व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से ओडिशा राज्य के और अन्य नजदीकी जिलों से किया समन्वय बैठक

दंतेवाड़ा, 21 अगस्त (देशबन्धु)। कलेक्टर विनीत नंदनवार के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में घुमंतू पशुओं को सड़क दुर्घटना से बचाव हेतु रेडियम बेल्ट लगाए जा रहे हैं। इससे सड़कों पर पशुओं को होने वाले जोखिमों से बचाया जा सकता है।

उपसंचालक पशु चिकित्सा सेवाएं डॉ. एस जहीरुद्दीन ने बताया कि विगत दिवसों में टेकनार गौठान, हारम एवं बड़ेकारली में सड़क हादसों से पशुओं के बचाव हेतु रेडियम बेल्ट, टीकाकरण, औषधि वितरण, कृत्रिम गर्भाधान कार्य किया गया। इसमें पशु उपचार-38, टीकाकरण-168, कृत्रिम गर्भाधान-13, औषधि वितरण-288, रेडियम बेल्ट-128 पशुओं में लगाया गया। गौठान में उपस्थित पशुपालकों को पशुओं को खुले में न छोड़ने की समझाइश दी गई। पशुओं को खुले में छोड़ने की जानकारी मिलने पर पशुपालक के ऊपर जुर्माना नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी इसके बारे में भी बताया गया। इस कार्यक्रम के दौरान जिले के अधिकारी, कर्मचारी, पशु चिकित्सालय गीदम, पशु चिकित्सालय बड़े तुमनार, पशु औषधालय कारली, कृत्रिम गर्भाधान उपकेंद्र दंतेवाड़ा के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे। घुमंतू पशुओं को सड़क दुर्घटना से बचाव हेतु जिला प्रशासन द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है। कलेक्टर के आदेशानुसार जिले के नगरीय निकाय एवं नेशनल हाईवे, स्टेट हाईवे से लगे ग्रामों में रेडियम बेल्ट पशुओं में लगाने हेतु निरंतर कार्य किया जा रहा है, जिससे सड़कों पर होने वाले दुर्घटनाओं से बचा जा सके।

- कलेक्टर के मार्गदर्शन में जुटा पशुधन विभाग
- टेकनार गौठान, हारम और बड़े कारली में शिविर

जगदलपुर, 21 अगस्त (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विजय दयाराम के. और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जितेंद्र मीणा ने ओडिसा राज्य के सीमावर्ती जिले मलकानगिरी, नवरंगपुर, कोरापुट के कलेक्टरों और पुलिस अधीक्षक तथा अन्य नजदीकी जिलों सुकमा, दंतेवाड़ा कोंडागांव से विधानसभा निर्वाचन-2023 की तैयारी के संबंध में सुरक्षा समन्वय की वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक किया गया। बैठक में सूचनाओं के आदान-प्रदान सहित अन्य आवश्यक समन्वय व्यवस्थाओं के संबंध में चर्चा किया गया। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी हितेश बघेल, डीएसपी दिलीप कोसले सहित निर्वाचन कार्यालय के कर्मचारी उपस्थित थे।

एनएमडीसी किरंदुल में तीन दिवसीय अंतर परियोजना बैडमिंटन का शुभारंभ

बचेली/किरंदुल, 21 अगस्त। एनएमडीसी परियोजना बैलाडीला किरंदुल में 21 से 23 अगस्त के बीच में आयोजित होनेवाली अंतर परियोजना बैडमिंटन प्रतियोगिता का उद्घाटन समारोह का आयोजन बैला क्लब में किया गया। मुख्य अतिथि श्री पद्मनाभ नाईक, मुख्य महाप्रबंधक ने बैडमिंटन स्पर्धा का बैडमिंटन खेलकर विधिवत उद्घाटन किया और सभी खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर शुभकामनाएं दी। स्वागत भाषण श्री बी.के.माधव, उप महाप्रबंधक (कार्मिक) ने दिया।इस दौरान विशिष्ट अतिथि सर्वश्री एस. बी. सिंह, मुख्य महाप्रबंधक, दोणिमलै लौह अयस्क खान, दोणिमले, एम. सुब्रमण्यम, महाप्रबंधक (विद्युत), के. साजी, अध्यक्ष, राजेश संधू, सचिव, एसकेएमएस किरंदुल, विनोद कश्यप, अध्यक्ष, ए. के. सिंह, सचिव एमएमडब्ल्यू यूनियन, किरंदुल, बचेली कॉम्प्लेक्स से देवाशिष पाल, अध्यक्ष, आशीष यादव, सचिव, इंटक, जागेश्वर राव, अध्यक्ष, एसकेएमएस, रविशंकर मिश्रा, उपाध्यक्ष, एसकेएमएस इत्यादि उपस्थित थे। इस तीन दिवसीय प्रतियोगिता में पन्ना, बचेली, मुख्यालय हैदराबाद, दोणिमलै, एवं किरंदुल कॉम्प्लेक्स की टीमें सम्मिलित की गई है।सभी टीमों को पूल-ए एवं पूल-बी ग्रुप में बांटा गया। प्रतियोगिता का फाईनल मैच दिनांक 23.8.2023 को बैला क्लब, किरंदुल में खेला जाएगा। उद्घाटन दौरान श्री जी. वेलबसंथन, उप महाप्रबंधक (कार्मिक), डी. सिन्हा, सहा.महाप्रबंधक (कार्मिक), संजय पाटील, सहा.महाप्रबंधक (राजभाषा), एच. एन. तिवारी, सचिव, खेल सलाहकार समिति, सहित कार्मिक विभाग के अधिकारी और किरंदुल कॉम्प्लेक्स के ऋीड़ा सलाहकार समिति की पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित थे। प्रतियोगिता सम्पन कराने की जवाबदारी जिला बैडमिंटन संघ दंतेवाड़ा को दिया गया जिसमे मुख्य निर्णायक अमलेन्दु चक्रवर्ती, उप निर्णायक रुपेश साहू, उदय शर्मा, अशोक पाल नंदी , उतकर्ष व अन्य निर्णायक जन थे। कार्यक्रम संचलन एवं धन्यवाद ज्ञापन राजनाथ के द्वारा किया गया।

ट्राइबल विभाग के 177 कर्मियों को समयमान वेतन

कलेक्टर से मिलकर प्रशासन का माना आभार

दंतेवाड़ा, 21 अगस्त (देशबन्धु)। प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के मंशानुरूप कर्मचारियों के हित में लगातार कार्य किया जा रहा है। शासन के निर्देशानुसार राज्य के सिविल सेवा के सदस्यों को सेवा में आगे बढ़ने के निश्चित तथा समयबद्ध अवसर उपलब्ध कराये जाने की दृष्टि से से शासकीय सेवकों को उनके पूर्व सेवाकाल में न्युनतम तीन उच्चतर समयमान वेतनमान उपलब्ध कराये जाने के निर्देश प्राप्त हुए। इसके अनुसार आज संयुक्त जिला कार्यालय भवन में कलेक्टर विनीत नंदनवार के निर्देशन पर समिति गठित कर तृतीय एवं चतुर्थ वर्ग कर्मचारियों की समयमान वेतनमान का कार्य पूरा किया गया। आदिम जाति कल्याण विभाग में पदस्थ कर्मचारियों को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय समयमान दिया गया, जिसमें तृतीय वर्ग में 3 कर्मचारी एवं चतुर्थ वर्ग में 174 कर्मचारियों को समयमान वेतनमान स्वीकृति किया गया। इसके लिए आदिम जाति कल्याण विभाग के कर्मचारियों द्वारा कलेक्टर श्री नंदनवार को धन्यवाद भी ज्ञापित किया गया। इस अवसर पर आदिवासी विकास विभाग के उपायुक्त डॉ आनंद सिंह सहित अन्य कर्मचारी मौजूद थे।

मेले में 15 कंपनियों ने 80 युवाओं को दिया रोजगार

दंतेवाड़ा, 21 अगस्त (देशबन्धु)। जिला प्रशासन के द्वारा बेरोजगार युवाओं को रोजगार देने के उद्देश्य से सोमवार को विकासखंड गीदम अंतर्गत कारली में एक दिवसीय रोजगार मेले का शुभारंभ जिला पंचायत अध्यक्ष सुश्री तुलिका कर्मा के द्वारा किया गया।

लाइवलीहुड कॉलेज में आयोजित इस मेले में युवक युवतियों को प्रतिष्ठित कंपनियों में रोजगार का अवसर मिल रहा है। विभिन्न पदों पर भर्ती साक्षात्कार और दस्तावेज मूल्यांकन के आधार पर की गई। आज हुए रोजगार मेला में बेरोजगार युवाओं की भारी भीड़ उमड़ी। इस दौरान बेरोजगार युवाओं के इंटरव्यू लिये गये। आयोजित रोजगार मेले में 510 युवक, युवतियों ने भाग लिया। आयोजित मेले में 15 कंपनियों ने बेरोजगार युवाओं का साक्षात्कार कर मौके पर 80 लोगों का प्रारंभिक चयन किया गया। सभी बेरोजगार युवाओं के उज्जवल भविष्य की कामना की। इस रोजगार मेले में निजी क्षेत्र की कई प्रतिष्ठित कम्पनियों ने हिस्सा लिया और युवाओं को रोजगार का आफर दिया। इन्हें फायरमेन, सिक्योरिटी गार्ड, सिक्योरिटी सुपरवाईजर ड्रायवर (हवी लायसेंस), एक्स सर्विस मेन, मशीन ऑपरेटर, मैकेनिक, पैकेजिंग स्टॉफ, इलेक्ट्रिशियन, हॉस्पिटालिटी, सेल्स कंसलटेन्ट, टेली कॉलिंग (महिला), साईट सुपरवाईजर, ऑफिस स्टॉफ, ड्रायवर, एवं अन्य पदों के लिए विभिन्न पदों पर भर्ती कर रोजगार प्रदान करने हेतु प्रारंभिक रूप से चयनित किया। इसके साथ ही आज इस रोजगार मेले में मुख्य अतिथि द्वारा उपस्थित सभी लोगों को मतदाता शपथ दिलाई गई और अपने मताधिकार का प्रयोग करने जागरूक किया गया।

जिपं अध्यक्ष तुलिका ने की रोजगार मेले की शुरूआत

पंचायती राज व डिजिटल इंडिया राजीव की देन : अवधेश

जिला अस्पताल में मरीजों को फल वितरण

दंतेवाड़ा, 21 अगस्त (देशबन्धु)। राजीव भवन दंतेवाड़ा मे कांग्रेस के कार्यकर्ताओ के द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री, आधुनिक भारत के स्वपनदृष्टा भारत रत्न राजीव गाँधी के छाया चित्र पर माल्यार्पण कर जयंती मनाई गई। साथ ही कांग्रेस कमेटी और युवा कांग्रेस के साथ जिला अस्पताल मे मरीजों को फल वितरण किया गया। राजीव को याद करते हुए जिलाध्यक्ष अवधेश गौतम ने बताया कि आज जो पूरे भारत वर्ष मे राजीव गांधी के ही द्वारा पंचायती राज, डिजिटल इंडिया की नीव रखी गई थी जो आज हर राज्य जिला और गावों मे पहुँच चुका है। जयंती में जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष वीरेन्द्र गुप्ता, जिला महामंत्री प्रशासन रितेश जैन, जिला पंचायत सदस्य सुलोचना कर्मा, जिला महामंत्री मनीष भट्टाचार्य, जिला महामंत्री प्रवीण राणा, जिला महामंत्री; प्रवक्ता विमल सलाम, जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमती इंदिरा शर्मा, ब्लाक अध्यक्ष विवेक देवांगन, प्रवक्ता राजकुमार तामो, युथ कांग्रेस अध्यक्ष गणेश दुर्गा, अशिफ रजा, अजय मरकाम, मुकुंद ठाकुर, एन. नागराज, आकाश विश्वास, संजय विश्वकर्मा, जोगराज बुरड़, इंदिरा ठाकुर, गीतांजलि कुशवाह, राधा नाग, जनपद पंचायत सदस्य रिंकी वैंजाम, कमलू अतरा, जितेन्द्र कश्यप, राकेश मंडावी, पुरूषोत्तम दुर्गा एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

सार-संक्षेप

प्राकृतिक आपदा से मृत्यु के चार प्रकरणों में 20 लाख आर्थिक सहायता स्वीकृत

कोण्डागांव, 21 अगस्त (देशबन्धु)। कलेक्टर दीपक सोनी द्वारा राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के अंतर्गत प्राकृतिक आपदा पीड़ितों के 05 प्रकरणों में वारिसों को 20 लाख रुपये की आर्थिक सहायता अनुदान राशि प्रदान करने की स्वीकृति दी गयी है। जिसके अनुसार धनोरा तहसील के ग्राम कानागांव निवासी अंशिका पटेल की सर्पदंश से मृत्यु होने पर माता उमा बाई पटेल और पिता रूपचंद पटेल, बड़ेराजपुर तहसील के छोटराजपुर निवासी बरातीन की सर्पदंश से मृत्यु होने पर पिता रामजी, माकड़ी तहसील के ग्राम चिंचडोगरी निवासी बुधियारिन नाग की गाज गिरने से मृत्यु होने पर पति नरसिंह नाग, तालाब के पानी में डुबने से कोण्डागांव तहसील के ग्राम मालाकोट निवासी वर्षन नेताम की मृत्यु पर माता तिलकवती नेताम, पिता आयतुराम नेताम एवं फरसगांव तहसील के गाम जैतपुरी निवासी शहीद की मृत्यु पर माता राम बाई पिता श्याम सुन्दर को आर्थिक सहायता राशि प्रदान की जाएगी। जिसमें प्रत्येक प्रकरण में चार-चार लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान करने की स्वीकृति दी गयी है। उक्त स्वीकृत आर्थिक सहायता राशि सम्बन्धित वारिसों के बैंक खाते में हस्तांतरित किये जाने के निर्देश सम्बन्धित तहसीलदारों को दिये गये हैं।

आकाश बने भाजयुमो के मंडल अध्यक्ष

भानुप्रतापपुर, 21 अगस्त। भारतीय जनता युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष राजा पाण्डे की सहमति एवं भाजपा मंडल अध्यक्ष नरोत्तम चौहान की अनुशंसा पर आकाश सोलंकी को भाजयुमो मंडल भानुप्रतापपुर का युवा मोर्चा अध्यक्ष नियुक्ति किया गया। आकाश की इस नियुक्ति पर समर्थकों ने हर्ष व्यक्त किया है।



सावन झूला व तीज मिलन में मतदान की शपथ

दंतेवाड़ा, 21 अगस्त (देशबन्धु)। जिला साहू संघ (महिला प्रकोष्ठ) दंतेवाड़ा एवं महिला पर्तजलि योग समिति के तत्वावधान में सावन झूला तीज मिलन समारोह का आयोजन किया गया। आयोजन के माध्यम से तीज पर्व की महत्ता एवं हरतालिका व्रत कथा का वाचन किया गया, योग से शरीर एवं मन को स्वस्थ रखने का संकल्प पारित किया गया सामूहिक नृत्य छत्तीसगढ़ी गीत के साथ किया गया।

साहू समाज की आराध्य देवी भक्ति माता कर्मा एवं भगवान शिव की आरती से कार्यक्रम का आरंभ हुआ छत्तीसगढ़ की पारंपरिक कलेवा, ठेठरी, खूरमी गुजिया सभी बहने अपने-अपने घरों से बनाकर लाई एवं एक दूसरे को व्यंजन भेंट किए सभी सुहागिन बहनों को सुहाग सामग्री वितरण किया गया।

कार्यक्रम में जिला साहू संघ की महिला उपाध्यक्ष श्रीमती बीना साहू जिला साहू संघ महिला प्रकोष्ठ दंतेवाड़ा की अध्यक्ष श्रीमती उर्मिला साहू, श्रीमती वेद साहू तहसील दंतेवाड़ा महिला उपाध्यक्ष, बचेली से महिला उपाध्यक्ष लक्ष्मी साहू, लता साहू, डॉ नीता साहू पदाधिकारी प्रदेश प्रचार सचिव, मुख्य अतिथि के रूप में श्रीमती संगीता चंदन, अहिल्या साहू, कुसुम साहू, दुर्गा साहू, उपस्थित हुए। इस पूरे कार्यक्रम विशेष सहयोग बीआर साहू, जिला कोषाध्यक्ष दंतेवाड़ा, तहसील साहू अध्यक्ष नरेंद्र साहू एवं प्रदेश आईटी प्रकोष्ठ के पदाधिकारी मनीष साहू, नारायण साहू एवं योगेश साहू जिला दंतेवाड़ा अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ उपाध्यक्ष का रहा। प्रदेश युवा प्रकोष्ठ के पदाधिकारी वैभव चंदन उपस्थित हुए। मंच संचालन का कार्यक्रम श्रीमती लक्ष्मी साहू ने किया। इस पूरे कार्यक्रम में सभी पुरुष सामाजिक सदस्य भूपेंद्र साहू, नारायण साहू, अजय साहू, संदीप, गिरीश, गुलाब, टहल, तेजराम, एवं महिलाएं कार्यकारिणी सदस्य, डिकम साहू, पम्मी साहू, रंजू, अर्चना, कुसुम, चंपा, दुर्गा, हिना, दीपा, दुर्गेश्वरी गीतांजलि, टेमन, सुभद्रा, सोनी, रानी, राधा, कंचन, दिलेश्वरी एवं सबसे वरिष्ठ महिला 80 वर्ष की महिला रेवती साहू ने उपस्थित होकर पूरे समाज का आशीर्वाद प्रदान किया। इस सामाजिक कार्यक्रम की विशेष बातें यह रहा आने वाले विधानसभा चुनाव के लिए सभी सामाजिक सदस्यों को शासन द्वारा चलाए जा रहे प्रचार स्वीप के तहत मतदाता जागरूकता अभियान के बारे में बताया गया। सभी सामाजिक सदस्यों को वोट देने के लिए शपथ ग्रहण कराया गया।

- स्वीप का सामाजिक आयोजनों में भी दिख रहा असर
- महिलाओं ने किया हरितालिका व्रत कथा का श्रवण

भूपेश है तो भरोसा है के नारे के साथ थामा कांग्रेस का दामन

दंतेवाड़ा, 21 अगस्त (देशबन्धु)। भारत रत्न प्रधानमंत्री राजीव गाँधी की जयंती पर ग्राम पंचायत चितालूर सैकड़ो युवाओं ने जिला पंचायत अध्यक्ष तुलिका कर्मा के नेतृत्व में कांग्रेस का दामन थामा। चितालूर के ग्रामीण युवा अध्यक्ष सहदेव नाग ने बताया कि कांग्रेस पार्टी की रीति-नीति से प्रभावित होकर सभी युवाओं ने कांग्रेस पार्टी का दामन थामा है। जिला पंचायत अध्यक्ष तुलिका कर्मा ने आज चितालूर के राउतपारा पहुँच सभी नवप्रवेशी युवाओं को पार्टी गमछा, माला व मिठाई खिलाकर कांग्रेस पार्टी में विधिवत प्रवेश दिलाया। प्रवेश से पहले सभी युवाओं के साथ मिलकर तुलिका व अन्य लोगों ने स्व. राजीव गांधी की चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। नवप्रवेशी युवाओं को संबोधित करते हुए तुलिका ने कहा कि आप सभी का कांग्रेस परिवार में स्वागत है। हमारी सरकार में सभी कार्यकर्ताओं को समान दर्जा दिया जाता है। विकास और विकास के साथ सबका साथ सबका विकास ही हमारा पहला लक्ष्य है। तुलिका ने कहा कि कांग्रेस सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से प्रभावित होकर हर दिन लोग हमसें जुड़ रहे है। कांग्रेस सरकार ने जो कहा सो किया। भूपेश है तो भरोसा है के नारे के साथ आज पूरा छत्तीसगढ़, कांग्रेस के साथ खड़ा है। आप सभी युवाओं के लिए बेरोजगारी भत्ता के साथ रोजगार प्रदान अनेक योजनाएं संचालित की जा रही है, जिसका फायदा आप सभी को उठाना है। जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री मनोज कौरव ने कहा कि भूपेश बघेल की सरकार में अंतिम व्यक्ति तक सभी योजनाओं का लाभ पहुँच रहा है। जिले के अभी अंदरूनी इलाकों में सड़क, पानी, बिजली समेत सभी बुनियादी सुविधाएं पहुँच रही हैं, जिससे चहुँओर खुशहाली का माहौल है। मनोज ने कहा कि आने वाले दिनों हर गाँव से बड़ी संख्या में युवा व बुजुर्ग कांग्रेस पार्टी में शामिल होंगे, क्योंकि आज सिर्फ पार्टी के लोग नहीं आम जनता भी कह रही है भूपेश है तो भरोसा है। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष से युवाओं ने अपनी कुछ मांगो से अवगत कराया, जिसे तुलिका ने मौके पर त्वरित निराकरण किया। इस दौरान महिला कांग्रेस की शहर अध्यक्ष इंदिरा शर्मा, पार्षद संजय विश्वकर्मा, एन. नागराज, सत्यभान सिंह जादौ, मुकुंद ठाकुर, आकाश विश्वास, आसिफ हमीद, इंद्रा ठाकुर, गीतांजली कुशवाहा, राधा नाग, किशनदेवी समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण व युवा मौजूद थे।

जिपं अध्यक्ष तुलिका के नेतृत्व में सैकड़ों युवाओं का कांग्रेस प्रवेश

प्रादेशिकी का शेष...

विधायक रेखचंद ने ग्राम सुलियागुड़ा...

कश्यप,उप सरपंच रमेश बघेल,पंच वेसज, पद्मनाथ,जयमणी, रामनारायण,धनी बघेल वरिष्ठ नेता सूर्य नारायण राव ,राम प्रसाद कश्यप, भूतपूर्व सरपंच साधूराम बघेल, पुजारी नाथ, वरिष्ठ पत्रकार संतोष सिंह, वरिष्ठ नेता हेमू उपाध्याय, विधि विभाग के जिलाध्यक्ष अवधेश झा समेत बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

पालतू मवेशियों को रेडियम बेल्ट ...

विभाग जगदलपुर डॉ डीके नेताम ने इस बारे में बताया कि नगरीय क्षेत्र के अधिकारियों द्वारा मुनादी करवाकर पशुओं से फसल को बचाने, पशुओं को खुले में नहीं छोड़ने एवं पशुओं को सड़क दुर्घटनाओं से बचाने के लिए पशुपालकों से रेडियम बेल्ट आवश्यक रूप से लगवाने की अपील की जा रही है। इस दिशा में अब तक कुल 443 पशुओं में रेडियम बेल्ट पहनाकर एवं टैगिंग किया जाकर कुल 171 पशुओं को कांजी हाऊस एवं गौठानों में विस्थापन किया गया है। इस अभियान में स्थानीय जनों का लगातार सहयोग प्राप्त किया जा रहा है।

आईटीआई में प्रशिक्षण अधिकारियों की ...

बजे तक दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि एवं समय तक प्राप्त दावा-आपत्ति पर 24 अगस्त 2023 को विचार कर उसी दिन सायंकाल तक दस्तावेज सत्यापन स्थल पर परिणाम चस्पा कर दी जावेगी। प्रभारी सर्युक्त संचालक प्रशिक्षण औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थार्थ बस्तर क्षेत्र जगदलपुर परमेश्वर इड़पाने ने इस बारे में बताया कि विलंब से दावा-आपत्ति हेतु प्राप्त अभ्यावेदन पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

विधायक देवती ने की ओलंपिक की शुरूआत

बालूद में विकासखंड स्तरीय स्पर्धा प्रारंभ

दंतेवाड़ा, 21 अगस्त (देशबन्धु)। विकासखण्ड स्तर पर छत्तीसगढ़िया ओलंपिक आयोजन का शुभारंभ विधायक श्रीमती देवती मर्हेद कर्मा ने किया। उन्होंने विकासखंड स्तर पर पहुंचे खिलाड़ियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। श्रीमती कर्मा ने कहा कि यह खुशी एवं गर्व की बात है कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा शुरू किए गए छत्तीसगढ़िया ओलंपिक से लोगों को ग्रामीण स्तर से राज्य स्तर तक खेलने का मौका मिल रहा है। उन्होंने छत्तीसगढ़िया ओलंपिक खेल के द्वितीय चरण के लिए मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया। उल्लेखनीय है कि राज्य शासन के द्वारा छत्तीसगढ़िया ओलंपिक खेल बड़े ही हर्ष पूर्ण माहौल में पूरे प्रदेश में आयोजन किया जा रहा है। राजीव युवा मितान क्लब से ग्राम पंचायत स्तर से शुरू हुआ यह खेल राज्य स्तर तक खेला जायेगा। जिसमें 18 आयु वर्ग , 18 से 40 आयु वर्ग की महिला और पुरुष, 40 से ऊपर आयु वर्गों के लिए 16 प्रकार के खेल आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य रामूराम नेताम, जनपद अध्यक्ष श्रीमती सुनीता भास्कर अन्य जनप्रतिनिधिगण, दन्तेवाड़ा जनपद सीईओ श्रीमती कल्पना ध्रुव, सरपंच, ग्रामीण जन मौजूद रहें।

जिलाध्यक्ष अवधेश के समक्ष 30 ग्रामीणों का कांग्रेस प्रवेश



दंतेवाड़ा, 21 अगस्त (देशबन्धु)। भूपेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से प्रभावित होकर चितालूर के करीब 30 ग्रामीणों ने कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ली। कार्यकर्ताओ को ब्लॉक अध्यक्ष गंगूराम कश्यप ने जिला कांग्रेस कमेटी के नाम विधिवत् आवेदन देकर कांग्रेस भवन में अध्यक्ष अवधेश गौतम से कार्यालओ को रसीद करवाकर सदस्यता ग्रहण करवाई। इसमे मुख्य रूप से उपस्थित जिला महामंत्री मनीष भट्टाचार्य, दंतेवाड़ा ब्लॉक अध्यक्ष विवेक देवांगन, जनपद सदस्य रिंकी वैंजाम, कमलू अतरा, जितेन्द्र कश्यप, उपस्थित थे।

कोशिश करने वालों की कभी हार नहीं होती : छविन्द्र

दंतेवाड़ा, 21 अगस्त (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक खेलकूद स्पर्धा के समापन में विधायक देवती मर्हेद कर्मा और पीसीसी मेम्बर छविंद्र कर्मा कटेकल्याण पहुंचे। कार्यक्रम की शुरुआत छग महतारी की छायाचित्र पर माल्यार्पण के साथ की गई। समापन मौके पर विधायक और पीसीसी मेम्बर ने कबड्डी का फाइनल मुकाबला टॉस कराकर शुरुआत कराया। दो दिवसीय छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक स्पर्धा में जोन-कटेकल्याण के तहत आसपास गांवों के सैकड़ो ग्रामीण खिलाडी शामिल हुए। इसमें पारम्परिक गेम्स संकली, फुगड़ी के अलावा रस्साखींच, खो-खो, कबड्डी, बाटी, गिल्ली डंडा, गेड़ी दौड़, लंबी कूद जैसी प्रतियोगिता में ग्रामीण खिलाड़ियों ने अपना दमखम दिखाया। विजेता-उप विजेता खिलाड़ियों व टीम को शुभकामनाएं देते विधायक देवती महेंद्र कर्मा ने स्थानीय गोंडी में सम्बोधित किया। पीसीसी मेम्बर छविंद्र कर्मा ने खिलाड़ियों को आगामी दिनों में छत्तीसगढ़ में दंतेवाड़ा का नेतृत्व करने का आशीर्वाद देते कहा कि हमारी संस्कृति, परम्परा व रीतिरिवाज ही है, जो आगे बढ़ने में सहायक होती है। इसलिए हमें इसकी रक्षा करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि जो सफल नहीं हो सके हैं उन्हें ईमानदारी से प्रयास करते रहना चाहिए, तभी आप हर क्षेत्र में लक्ष्य हासिल करते जाएंगे। किसी भी क्षेत्र में ईमानदारी से किया गया प्रयास कभी असफल नहीं होता। छविंद्र ने कहा कि छग के मुखिया भूपेश बघेल ने पारम्परिक खेलों से खिलाड़ियों को जोड़े रखने तथा ग्रामीण अंचलों में छिपी प्रतिभा को बाहर लाने छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक खेल की शुरूआत की है। उन्होंने कहा कि जोन स्तर पर विजेता खिलाड़ी, ब्लाक, जिला, संभाग स्तर पर बेहतर प्रदर्शन कर राज्य स्तर पर दंतेवाड़ा का नेतृत्व करते जिले का नाम रोशन करेंगे। इस दौरान कटेकल्याण ब्लाक अध्यक्ष जीपी मरकाम, लखमू बघेल, आयतु, बुधराम, कौंडूकभाग, धीरू नाग समेत काफी संख्या में ग्रामीण व खेलप्रेमी मौजूद थे।

खेलकूद के समापन में विधायक देवती के साथ पहुंचे पीसीसी मेंबर

पांच सूत्रीय मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर गए स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी

जगदलपुर, 21 अगस्त (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ हेल्थ फेडरेशन कर्मचारी संघ के बैनर तले स्वास्थ्य विभाग के करीब एक हजार कर्मी 5 सूत्रीय मांगों को लेकर सोमवार से बेमुद्दत हड़ताल पर चले गए। कर्मचारी अपनी मांगों को पूरा कराने के लिए संभागीय मुख्यालय स्थित पुरानी कृषि उपज मंडी में धरना प्रदर्शन कर रहे हैं, जिसके चलते जिले में स्वास्थ्य सेवा बुरी तरह चरमरा गई। हालत यह रही कि जहां कई उपस्वास्थ्य केंद्र बंद रहे तो वहीं दूसरी ओर सोमवार से ही शुरू हुए मिशन इंद्र धुनष कार्यक्रम को संविदा पर नियुक्त कर्मचारियों के भरोसे संचालित करना पड़ा। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने माना कि जिले में करीब 50 फीसदी संविदा और इतने ही रेगूलर कर्मचारी हैं।

इन रेंगूलर कर्मचारियों के हड़ताल में चले जाने से स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं के संचालन पर इसका असर तो पड़ेगा लेकिन कोई योजना या कार्यक्रम बंद नहीं होगा। जरूरत मंदों को इन दोनों का लाभ दिया जाएगा। इस हड़ताल के चलते मेकाज से लेकर महारानी हास्पिटल में लोगों को आंशिक रूप से परेशानी उठानी पड़ी। मेकाज में जहां जूनियर डाक्टर्स ने पूरी व्यवस्था संभाली थी तो वहीं महारानी में मरीजों की देखरखे नर्सिंग स्टाफ और संविदा पर नियुक्त कर्मचारियों के भरोसे रहा। गौरतलब है कि इस अनिश्चितकालीन हड़ताल में वेतन विसंगति, अनियमित वेतन, कोरोना भत्ता डॉक्टरों समेत मेडिकल स्टाफ पर हो रही हिंसा को लेकर आने वाले दिनों में स्वास्थ्य कर्मी धरना प्रदर्शन और रैली भी निकालने की योजना बना रहे हैं। गौरतलब है कि इस दौरान जहां मेकाज के कई डाक्टर इन कर्मचारियों की मांगों का समर्थन करने के लिए मौके पर पहुंचे थे तो वहीं दूसरी ओर कर्मचारी अब तक मांगों के पूरा नहीं होने को लेकर सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते रहे।

मांग को पूरी कराने के लिए पहली बार दिखा रहे एकजुटता

महीनों से अपनी मांगों को पूरी कराने के लिए छग स्वास्थ्य कर्मचारी संघ कोशिश कर रहा था लेकिन उसकी कोशिश अब तक सफल नहीं हो पाई। जिसके चलते प्रदेशभर के स्वास्थ्य से जुड़े 12 संगठन के सदस्य एक मंच पर जुटे हैं। इसमें सौडा, जेयूडीए, जेडीए, एफएमजी और यूडीएफए डॉक्टर एसोसिएशन, डेंटल सर्जन, छग स्वास्थ्य संयोजक कर्मचारी संघ, नर्सिंग ऑफिसर एसोसिएशन छग, छग प्रदेश नर्सेज एसोसिएशन, परिचारीका कर्मचारी कल्याण संघ, छग एनएचएम संघ एवं छग शासकीय वाहन चालक संघ शामिल हैं।फेडरेशन के जिला अध्यक्ष पंकज सेठिया ने कहा कि पहली बार स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी कर्मचारी एक मंच पर जुट रहे हैं। पहली बार ग्रामीण क्षेत्रों के उप स्वास्थ्य केंद्र से लेकर शहर क्षेत्र के मेडिकल कॉलेज की सेवाएं एकसाथ प्रभावित होंगी। उन्होंने कहा कि इस हड़ताल के चलते शासकीय चिकित्सालय, स्वास्थ्य केंद्रों में ओपीडी के साथ-साथ पोस्टमार्टम और एमएलसी की सुविधा भी नहीं मिल पाएगी।

विधायक ने छत्तीसगढ़ महतारी की पूजा-अर्चना

चारामा, 21 अगस्त (देशबन्धु)। जनपद पंचायत स्तरीय छत्तीसगढ़िया ओलंपिक का शुभारंभ चारामा विकासखंड के चारामा नगर के मिनी स्टेडियम में 21 अगस्त को क्षेत्रीय विधायक श्रीमती सावित्री मंडावी के द्वारा छत्तीसगढ़ महतारी की पूजा अर्चना कर किया गया। मुख्य अतिथि क्षेत्र विधायक के द्वारा विशील बजाकर 100 मीटर दौड़ युवक-युवती और 100 मीटर गेड़ी दौड़ खेलना शुभारंभ किया। छत्तीसगढ़िया ओलंपिक में कबड्डी, लगडी दौड़, संखली, बिल्ला, फुगड़ी, गेडी दौड़, रस्साकसी, पिट्ठल ,गिल्ली डंडा, खो खो, बांटी,भौरा,लंबी कूद सहित छत्तीसगढ़ के विभिन्न न पारंपरिक खेलों की प्रतियोगितायें संपन्न हुई, खेलों में 05 से 17वर्ष और 18 वर्ष से 40 वर्ष के प्रतिभागियों के लिए खेलो का आयोजन हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि क्षेत्र विधायक ने कहा कि छत्तीसगढ़ की पारंपरिक खेल जो की जीवन की व्यवस्था में लोग धीरे-धीरे लोग भूलते जा रहे थे, उसे छत्तीसगढ़ सरकार के द्वारा पुनर्जीवित करते हुए ग्राम स्तर से लेकर राज्य स्तर पर छत्तीसगढ़ ओलंपियाड खेलों का आयोजन किया जा रहा है, ताकि हम अपने छत्तीसगढ़ की पारंपरिक खेलों से जुड़ सकें साथी खिलाड़ियों को आगे बढ़ने का मौका मिल सके इसी तरह छत्तीसगढ़ सरकार ने विभिन्न तरह की योजना निकालकर छत्तीसगढ़ की संस्कृति परंपरा धरोहर को जीवित करने का और उसे बढ़ाने का काम किया है ,इसके लिए छत्तीसगढ़ सरकार धन्यवाद के पात्र हैं। उन्होंने खिलाड़ियों से कहा कि हर खेल में किसी की जीत और किसी की हार होती है, बेशक जीतने वाला खिलाड़ी खुश और हारने वाला खिलाड़ी नाखुश होगा, लेकिन हारने वाला खिलाड़ी और अधिक मेहनत करें और अपने खेल के कला को जीवित रखकर मेहनत करें और आगे बढ़े।खेलों में पूर्व में आयोजित जोन स्तरीय खेलो में विजय प्रतिभागियों को ही शामिल किया गया था। और जनपद स्तर पर हू खेलों में चयनित खिलाड़ियों को जिला स्तर पर प्रतियोगिता में चयनित किया जावेगा। इस अवसर पर नरेंद्र यादव सदस्य गौ सेवा आयोग जिला पंचायत सदस्य नवली मीना मंडावी, जनपद अध्यक्ष अरुण मरकाम, जनपद उपाध्यक्ष सत्तार खान सहित जनपद सदस्य गण ग्रामों के सरपंच एवं कांग्रेस के वरिष्ठ सभी पदाधिकारी उपस्थित रहे। प्रतियोगिता को संपन्न कराने हेतु जनपद पंचायत सीईओ गोपाल सिंह कंवर, बीईओ केशव साहू,स्कूलों के सीएससी,जनपद कर्मचारी दिलदार मरकाम, लोमन सिंह नेताम, कीर्ति नेताम, अमित सोनी, लक्ष्मीकांत सिन्हा, तुलाराम ठाकुर और विजय दुर्गासी, खेलों के पीटीआई शिक्षक नीरज कुमार वट्टी, राहुल कुमार ठाकुर, शत्रुघ्न देवांगन, हरधर सिंह, खुमान सिंह साहू,शीतलेश राज,दुलेश्वरी पोया,खुला मंडावी, गोपाल राम मडावी, प्रदुमन श्रीवास, कुश कुमार मेश्राम, विनोद सेन, मनीष कुमार सिन्हा, मनोज कुमार, राजेश कुमार मनकुहरा, हुमैंद्र साहू, भीखम यादव, मुकेश जैन, कल्दीयुश लकडा सहित पंचायत विभाग के सचिव, पंचायत जनप्रतिनिधियों, स्कूलों के शिक्षकों, पुलिस जवानों का सहयोग रहा।

सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने शांति फाउंडेशन, बालिका गृह व सूरज बाल संस्थान बालक गृह का किया निरीक्षण

कोण्डागांव, 21 अगस्त (देशबन्धु)। सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोण्डागांव के द्वारा शांति फाउंडेशन, बालिका गृह एवं सूरज बाल संस्थान बालक गृह कोण्डागांव का निरीक्षण किया गया। 21 अगस्त 2023 को उत्तरा कुमार कश्यप जिला न्यायाधीश/ अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोण्डागांव के मार्गदर्शन में श्रीमति अम्बा शाह सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोण्डागांव के द्वारा शांति फाउंडेशन कोण्डागांव का निरीक्षण कर उपस्थित जनों के स्वास्थ्य के संबंध में जानकारी लेते हुए जिन व्यक्तियों के स्वास्थ्य में सुधार हुआ है, उनको अपने-अपने परिवार में पहुचाने तथा पुनर्वास के संबंध में आवश्यक कार्यवाही एवं मदद करने का आश्वासन दिया गया। इस दौरान बालिका गृह कोण्डागांव एवं सूरज बाल संस्थान बालक गृह कोण्डागांव का भी निरीक्षण किया गया, जिसमें बालक-बालिका गृह कोडागांव में निवासरत बच्चों को मिलने वाली सुविधाओं के संबंध में अवगत कराते हुए उनकी स्वास्थ्य के संबंध में जानकारी ली गई और वर्तमान में फैल रहे आई फ्लू के संक्रमण से बचाव के संबंध में भी जानकारी दी गई और शिक्षा के महत्व को बताते हुए उनको अच्छी शिक्षा प्राप्त करने हेतु प्रेरित किया गया तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोण्डागांव से उन बच्चों को निःशुल्क विधिक सलाह सहायता प्रदाय करने का आश्वासन दिया गया। इस अवसर पर यतीन्द्र सलाम अध्यक्ष शांति फाउंडेशन कोण्डागांव, श्रीमति मणी शर्मा, अधीक्षिका बालिका गृह कोण्डागांव, परदेशीराम पोयाम बा.क.अधिकारी बालक गृह कोण्डागांव एवं पैरालिगल वालिंटियर्स सुनील कुमार मरकाम, विवेक कश्यप उपस्थित रहे।

निर्माणाधीन आवासों को समय-सीमा में पूर्ण करने कलेक्टर ने दिए निर्देश

कोण्डागांव, 21 अगस्त (देशबन्धु)। प्रधान मंत्री आवास योजना के तहत निर्माणाधीन आवासों को समय-सीमा के भीतर पूरा करने के निर्देश कलेक्टर दीपक सोनी ने दिए। सोमवार को जिला कार्यालय के भू तल में स्थित सभा कक्ष में आवास निर्माण के प्रगति की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने यह निर्देश दिए।

कलेक्टर ने कहा कि सभी आवासों के निर्माण का कार्य रंगाई-पोताई के साथ ही प्रधान मंत्री आवास योजना के लोगों के साथ पूरा करने के पश्चात् इसकी जियो टैगिंग अवश्य कराएं। उन्होंने आवास निर्माण में रुचि लेकर कार्य करने वाले उत्कृष्ट रोजगार सहायकों को सम्मानित करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने कहा कि प्रत्येक हितग्राही अपने आवास का निर्माण स्वयं कराए और किसी भी परिस्थिति में ठेकेदार के माध्यम से आवास का निर्माण न कराए। यदि कहीं ठेके के माध्यम से आवास निर्माण या राशि गबन की शिकायत आती है, तो उसकी तत्काल वसूली करवाई जाए।

उन्होंने आवास निर्माण के कार्य को निर्धारित समय में पूरा करने के लिए आवश्यक सामग्री की उपलब्धता सुनिश्चित रखने के निर्देश दिए। उन्होंने सामग्री की सहज उपलब्धता के लिए स्थानीय व्यवसायियों के साथ ही स्व सहायता समूह के महिलाओं को भी प्रोत्साहित करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि दुर्गम क्षेत्रों में आवास निर्माण की सामग्री उपलब्ध कराने वाले व्यवसायियों को भी व्यवसाय में वृद्धि के लिए जिला प्रशासन द्वारा आवश्यक सहयोग उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने सभी तकनीकी सहायकों को साप्ताहिक लक्ष्य देते हुए कार्य के प्रगति की दैनिक समीक्षा की बात भी कही। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रेम प्रकाश शर्मा सहित प्रधान मंत्री आवास योजना और मनरेगा के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

सार-संक्षेप

मतदाता जागरूकता हेतु आधार केन्द्रों में लोगों को किया गया जागरूक

कोण्डागांव, 21 अगस्त (देशबन्धु)। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले में मतदाताओं को प्रेरित कर शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिए चलाये जा रहे मतदाता जागरूकता कार्यक्रम (स्वीप) अंतर्गत कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देशन में सोमवार को जिला कार्यालय परिसर में स्थित आधार सेवा केन्द्र में आधार कार्ड निर्माण सुधार हेतु आए हितग्राहियों को मतदान हेतु जागरूक करने के लिए जानकारी देते हुए सभी को मतदान देने हेतु प्रेरित किया गया। इस अवसर पर लोगों से चर्चा करते हुए उनके मतदान से जुड़े सवालों का भी समाधान करते हुए उन्हें जानकारी दी गयी। सभी आधार सेवा केन्द्रों में विभिन्न दिवसों पर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन समय-समय पर कराया जा रहा है।

25 को 1130 पदों पर भर्ती हेतु रोजगार मेले का होगा आयोजन

कोण्डागांव, 21 अगस्त (देशबन्धु)। संकल्प परियोजना अंतर्गत जिले के युवाओं को रोजगार का अवसर प्रदान करने हेतु कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देशानुसार जिला कौशल विकास प्राधिकरण द्वारा 25 अगस्त को रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। इस मेले में 09 नियोजकों द्वारा 1130 पदों पर पूर्ति की जायेगी। जिसमें स्टैकर एक्सक्यूटिव, लोडर एक्सक्यूटिव, तकनीकी सहायक, सैल्स एसोसिएट, सिक्यूरिटी गार्ड, बीपीओ, केयर टेकर, नर्सिंग स्टॉप, मार्केटिंग एक्सक्यूटिव, मेनेजर, ड्राइवर, फायर मैन, एक्स सर्विस मैन, टेलीकॉलर, कम्प्यूटर ऑपरेटर, डाटा एंट्री ऑपरेटर, लाईफ मित्र, फिल्ड ऑफिसर के पदों पर आठवीं से स्नातक तक शैक्षणिक योग्यता रखने वाले युवाओं को आमंत्रित किया गया है। जिसमें 25000 रूपयों तक मासिक मानदेय के पद शामिल है।

विधायक सावित्री मंडावी ने विभिन्न ग्राम पंचायतों को वन अधिकार मान्यता प्रमाण पत्र प्रदान किया

चारामा, 21 अगस्त (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ सरकार के द्वारा ग्राम पंचायत में देवगुड़ी एवं विभिन्न देव स्थलों के संरक्षण के तहत ग्राम पंचायत को सामुदायिक वन अधिकार मान्यता प्रमाण पत्र प्रदान किया जा रहा है, इसी क्रम में जनपद पंचायत चारामा अंतर्गत पूर्व में कई ग्राम पंचायत को सामुदायिक वन अधिकार मान्यता पत्र प्रमाण पत्र प्रदान किया जा चुका है ,वहीं सोमवार 21 अगस्त को क्षेत्रीय विधायक श्रीमती सावित्री मंडावी के कर कमलो से 17 ग्राम पंचायत जिसमें ग्राम कोरतरा, हिंगंनझर , तिरकाडंड, रामपुर, लिलेझर ,काशीपुर, दल्लीडीह , जैसाकरी , अरोद ,परसोदा, गिधाली ,मैनपुर, मरकाटोला, पिपरोर , मचांदूर और तारसगांव इन सभी ग्राम पंचायतों को वन अधिकार मान्यता पत्र प्रदान किया गया। जिसमें ग्राम पंचायतों को देव गुड़ी एवं देवी स्थलों हेतु ग्राम पंचायत की जमीन पट्टे के रूप में प्रदान की गई, ताकि वह भविष्य में इस पट्टे की जमीन पर देवी स्थल ,देव कार्य कर सकेंगे। इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक श्रीमती सावित्री मंडावी ने उपस्थित ग्राम पंचायत के प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कहा कि जब से छत्तीसगढ़ में भूपेश सरकार आई है तब से उन्होंने ग्राम पंचायत में वहां की संस्कृति और आराध्य देव के लिए कार्य किया है हर ग्राम पंचायत को सामुदायिक वन अधिकार मान्यता पत्र देकर उन्हें इस बात की गारंटी दी जा रही है ,की अब ग्राम पंचायत की एक जमीन उनके देव कार्यो एवं विभिन्न देव संबंधित आयोजनों के लिए सुरक्षित है ,समय-समय पर सरकार के द्वारा ग्राम पंचायत में देव कार्यो के लिए विभिन्न प्रकार के फंड की व्यवस्था की गई है, पूर्व विधायक स्वर्गीय श्री मनोज मंडावी के द्वारा भानुप्रतापपुर विधानसभा के लगभग लगभग सभी गांव में देवगुड़ी और सहाड़ा देव की निर्माण हेतु राशि प्रदान की गई। उन्होने ग्राम पंचायत के प्रतिनिधियों से अपील की कि वे इस पट्टे की जमीन पर देव संबंधित कार्यो को अच्छे से निपटाए एवं ग्रामीणों को हमारी परंपरा और हमारे रीति-रिवाजों से जोड़े। पट्टा वितरण के दौरान नरेंद्र यादव सदस्य गौ सेवा आयोग, नवली मीणा मंडावी जिला पंचायत सदस्य सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी कांग्रेस कार्यकर्ता एवं ग्राम पंचायतों के सरपंच उपस्थित रहे।

ऐतिहासिक धार्मिक स्थल गोबरहीन को विकसित करने जिला स्तरीय दल ने किया परीक्षण

कोण्डागांव, 21 अगस्त (देषबन्धु)। मुख्य मंत्री भूपेश बघेल द्वारा अपने बेड़मा (केशकाल) प्रवास के दौरान ऐतिहासिक धार्मिक स्थल गोबरहीन (गढ़धनोरा) को पर्यटन क्षेत्र के रूप में विकसित करने की घोषणा की थी। जिसके अनुसार शनिवार को कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश पर जिला स्तरीय दल ने विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार करने हेतु क्षेत्र का निरीक्षण किया। इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर अंकित चैहान के नेतृत्व में बने इस 04 सदस्यीय दल के द्वारा विभिन्न आवश्यकता हेतु रिपोर्ट तैयार कर परीक्षण प्रतिवेदन बनाया गया।

जिला स्तरीय दल द्वारा पर्यटन विकास की दृष्टि से गोबरहीन में सर्व सुविधा युक्त विश्रांम गृह, तालाब में सौंदर्यीकरण एवं जीर्णोद्धार कर मोटर बोट की सुविधा, आउटलेट नालियों के निर्माण, पहुंच मार्ग की मरम्मत, जोड़ा शिवलिंग मार्ग के स्टॉप डैम पर पुलिया, मिट्टी मुरम सड़क एवं पेंच मरम्मत कार्य, पेयजल की अतिरिक्त सुविधा, मंदिर की सीढ़ियों में रेलिंग, आसपास समतलीकरण एवं लैंडस्कैपिंग कार्य, आवश्यक पूजा सामग्री एवं अन्य दुकान हेतु भवन निर्माण, हाईमास्ट लाइट एवं कैंटीन, सामुदायिक क्षेत्र में अतिरिक्त कक्ष मरम्मत की आवश्यकता, जोड़ा शिवलिंग के पास पर्यटकों के लिए पेयजल की सुविधा आदि पर विस्तृत कार्ययोजना तैयार की। इसके लिए दल द्वारा आस पास के ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों से भी चर्चा की गयी। इस अवसर पर जनपद पंचायत सीईओ रामेश्वर महापात्रे, तहसीलदार आशुतोष शर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

कलेक्टर की पहल पर बंधक मजदूरों की तमिलनाडू के नामक्कल से हो रही वापसी

कोण्डागांव, 20 अगस्त (देशबन्धु)। अधिक पारिश्रमिक की लालच में फंसकर कोंडागांव जिले के बंजोड़ा से तमिलनाडू के नामक्कल में मजदूरी करने गए पांच युवाओं की सकुशल वापसी कलेक्टर दीपक सोनी की पहल पर हो रही है। इनमें एक युवक शनिवार को वापसी कर चुका है, वहीं चार युवक रविवार को वापसी कर रहे हैं। धनोरा थाना क्षेत्र के दिनेश राणा, सेवन राणा, अनय प्रसाद बघेल, गजानंद राणा और भुवनेश्वर अधिक मजदूरी के लालच में फंसकर तमिलनाडू के नामक्कल में काम करने गए थे, जिन्हें बंधक बना लिया गया था। इनमें से एक युवा ने इसकी जानकारी अपने रिश्तेदार को दी। मामले के संज्ञान में आते ही कलेक्टर श्री सोनी ने बंधक युवाओं की सकुशल वापसी के संबंध में अधिकारियों को निर्देशित किया। अनुविभागीय दंडाधिकारी शंकरलाल सिन्हा तथा केशकाल के अनुविभागीय पुलिस अधिकारी और ग्रम निरीक्षक श्री सोरी ने नामक्कल के पुलिस अधिकारियों से युवाओं की वापसी के लिए संपर्क किया। वहां के पुलिस अधिकारियों ने बंधक युवाओं को छुड़ाकर वापसी के लिए दल गठित किया और शनिवार को इन युवाओं को छुड़ाया। इनमें दिनेश राणा की वापसी शनिवार को करा दी गई, जबकि रविवार को चार अन्य युवाओं की वापसी भी हो गई है। सभी युवा सोमवार शाम तक कोंडागांव पहुंच जायेंगे।

गौर नृत्य के माध्यम से मताधिकार की जानकारी

दंतेवाड़ा, 21 अगस्त (देशबन्धु)। स्वीप कार्यक्रमों के तहत जिले के सभी ग्राम पंचायतों में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। स्वीप अंतर्गत पिछले 2 दिवस जिले में मतदाता जागरूकता के लिए विशेष शिविर का आयोजन किया गया।

विभिन्न विभागों के समन्वय से शिविर लगाकर आने वाले मतदाताओं को मतदान करने व नये मतदाता का नाम जोड़ने के साथ-साथ नव विवाहित, वृद्ध मतदाताओं, दिव्यांगजन मतदाताओं का सम्मान किया गया व मतदाता जागरूकता रैली निकली गई। 18 वर्ष के लोगों को मतदाता सूची में नाम जोड़ने एवं मतदान में अपनी सहभागिता देने हेतु प्रेरित किया गया एवं शपथ दिलाया गया। शिविर में दंडामी नृत्य के माध्यम से वोट करने हेतु लोगो को प्रेरित किया गया। साथ ही मतदान के महत्व के बारे में बताया गया। शिविर में आधार बनाने हेतु स्टॉल, केसीसी के आवेदन, राजस्व संबंधी विवाद के आवेदन, स्वास्थ्य सुविधा मुहैया कराई गई एवं जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। रंगोली प्रतियोगिता के माध्यम सभी ग्रामवासी को वोट देने हेतु प्रेरित किया गया। साथ ही विभागों के द्वारा निर्वाचन के साथ-साथ विभागीय योजनाओं की जानकारी भी दी गई।

इसी के अंतर्गत एकीकृत बाल विकास परियोजना बचेली में महिला जागृति शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में स्तनपान का महत्व, विभागीय योजना, स्वीप पर आधारित रंगोली, 7वें माह के बच्चों का अन्नप्राशन, गोद भराई, रेडी टू ईट फूड के व्यंजन प्रदर्शनी लगाई गई। कार्यक्रम में उपस्थित नवविवाहिता जोड़ो को श्रीफल भेंट कर सम्मान किया गया और स्वीप कार्यक्रम अंतर्गत मतदाता सूची में 18 वर्ष के बालक, बालिकाओं जो पहली बार मतदान का उपयोग करेंगे उन्हे मतदाता सूची में नाम जोड़ने व संशोधन इत्यादि के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

- ग्रामीणों को किया जा रहा जागरूक
- स्वीप कार्यक्रम के तहत प्रशासन ने झोंकी ताकत

मुरारीपारा में मनाया नाग पंचमी

कोण्डागांव, 21 अगस्त (देशबन्धु)। शासकीय प्राथमिक शाला मुरारीपारा बड़े बेंदरी में कब बुलबुल टीम के छात्र-छात्राओं की उपस्थिति में कब मास्टर पवन कुमार साहू के नेतृत्व में नाग पंचमी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कब मास्टर पवन कुमार साहू ने नाग पंचमी के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि सावन के महीने के पंचमी तिथि को प्रतिवर्ष नाग पंचमी का पर्व मनाया जाता है। हिंदू धर्म शास्त्र के अनुसार इस दिन बारह नागों की पूजा का विशेष महत्व बताया गया है, जिनमें अनंत, वासुकी, शेष, पद्म, कंबल, कर्कोटक, अश्वतर, धृतराष्ट्र, संखपाल, कालिया, तक्षक और पिंगल नाग की पूजा का विशेष महत्त्व है। नाग पंचमी के दिन नागों की पूजा करने से काल सर्प से मुक्ति मिलती है। इसलिए हमें अपने जीवन में कोई भी नाग सर्प को नहीं मारना चाहिए। नागराज की लंबाई 13 फीट से लेकर 20 फीट तक होती है।

कैपिटल ज़ोन

उल्टा पुल्टा

चिंटू- चिंकी तुम 4 घंटे से कहां गायब थी?
चिंकी- शॉपिंग करने गई थी बेबी.
चिंटू- अच्छा बाबू, क्या-क्या खरीदा?
चिंकी- एक टॉप और ढेर सारी सेल्फी।

संपादकीय

युवाओं पर सरकार का खास फोकस

राजनीति में युवाओं की दिलचस्पी जगजाहिर है। राजनीतिक दलों की अपनी-अपनी युवा इकाइयां हैं। राजनीतिक दल छात्र राजनीति को भी प्रभावित करते रहे हैं। हालांकि वे कहते हैं छात्र संगठन, स्वतंत्र संगठन हैं, इन संगठनों को राजनीति से जोड़ना ठीक नहीं है। इसके विपरीत राजनीति में छात्र भी सक्रिय भागीदारी निभाते आए हैं। संगठन के रूप में उनकी पहचान दल विशेष से जुड़े होने की भी है। इस बार दिवंगत प्रधानमंत्री राजीव गांधी की जयन्ती पर इस बात की चर्चा जोरशोर से की गई कि उन्होंने 18 वर्ष के युवाओं को मतदान का अधिकार दिया। इसकी याद भी आनी ही थी क्योंकि कुछ माह बाद चुनाव भी होने वाले हैं। इन नए और युवा वोटरों की भूमिका महत्वपूर्ण हो सकती है। कांग्रेस इस युवा संगठन से सधे कदमों से आगे बढ़ रही है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पहले सरकार और संगठन का प्रभाव का पता लगाने पहले भेंट-मुलाकात कार्यक्रम के जरिए राज्य के हर हिस्से में पहुंचे। इस कार्यक्रम में उन्होंने समाज प्रमुखों से मिलने के अलावा कांग्रेस के नेताओं और जनप्रतिनिधियों से जनभावनाओं को जानने की कोशिश की। इन दिनों मुख्यमंत्री भेंट-मुलाकात युवाओं के साथ कार्यक्रम में युवाओं से सीधा संवाद कर रहे हैं। ऐसा ही युवा संवाद मुख्यमंत्री सरयुजा संभाग में मंगलवार को करने वाले हैं। इस संवाद में पूरे संभाग से हजारों की संख्या में युवा पहुंचते हैं और उनका मुख्यमंत्री से सीधा संवाद होता है। युवा हित में इस संवाद के बाद सरकार ने कुछ अहम फैसले भी किए हैं। युवाओं को लगता है उनकी भावनाएं समझी जा रही हैं। कालेज आने-जाने में होने वाली परेशानी इसी संवाद में युवाओं की ओर से मुख्यमंत्री के सामने रखी गई थी। सरकार कालेज आने-जाने वाले छात्र-छात्राओं को बसों में मुफ्त सवार का ऐलान कर चुकी है। इसी तरह सरकार ने युवाओं के हित में कुछ अन्य अहम फैसले भी लिए हैं। सरयुजा के युवा संवाद में भी हो सकता है कुछ अहम मुद्दों की चर्चा हो और मुख्यमंत्री कुछ नई घोषणाएं करें। जाहिर है जब मौका दिया जाए तो युवा जुड़ते हैं। इस कार्यक्रम के जरिए मुख्यमंत्री ने युवाओं को जोड़ने का काम किया है, जिसका लाभ चुनावों में भी मिल सकता है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी युवाओं को आगे लाना चाहते हैं। उन्होंने पार्टी के स्तर पर लीक से हटकर कइयों को मौका भी दिया है। युवा संवाद कार्यक्रम की ही कड़ी में एक युवा संवाद राहुल गांधी के साथ करने की भी तैयारी है। दो सितम्बर को यह युवा संवाद होगा। युवाओं पर इस तरह सरकार ने फोकस का अर्थ लगाया जा सकता है। आज की राजनीति में नीति-सिद्धांतों से कहीं ज्यादा रणनीति का महत्व हो गया है। ऐसी रणनीति जिसमें लोगों को प्रभावित किया जा सके। छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की स्थिति मजबूत आंकी जा रही है, उसके पीछे उसकी सधी हुई रणनीति है। कांग्रेस की सरकार ने अपनी नीतियों और योजनाओं में भी लोगों को सामने रखकर चलने की कोशिश की है। योजनाओं के जरिए लोगों को सीधा लाभ पहुंचाने का प्रयास किया है।

रायपुर दक्षिण विस में कांग्रेस से सर्वाधिक 20 उत्तर में 15, ग्रामीण में सबसे कम 4 दावेदार

रायपुर पश्चिम से अब तक किसी ने नहीं किया दावा, दावेदारी पेश करने का आज अंतिम दिन

रायपुर, 21 अगस्त (देशबन्धु)। भाजपा के अभेद्य किले रायपुर दक्षिण विधानसभा में भाजपा के अपराजेय योद्धा बृजमोहन अग्रवाल विधायक हैं। अब इसी सीट पर कांग्रेस के दावेदारों की भीड़ उमड़ रही है। सोमवार तक 20 लोगों ने टिकट के लिए आवेदन जमा किया है। इनमें वर्तमान महापौर, पूर्व महापौर, युवा कांग्रेस अध्यक्ष, प्रदेश महामंत्री, पार्षद सभी अपनी दावेदारी पेश कर रहे हैं। दावेदारी भी ऐसी कि समर्थकों की भीड़ लेकर कांग्रेस भवन पहुंच रहे हैं। वही दूसरी ओर रायपुर पश्चिम से

अब तक किसी ने दावेदारी नहीं की है। यहां से विकास उपाध्याय वर्तमान में विधायक है। इनका चुनाव लड़ना तय माना जा रहा है। लिहाजा अब तक किसी ने दावा नहीं किया है। मंगलवार को दावेदारी पेश करने का अंतिम दिन है।

रायपुर दक्षिण सीट से कांग्रेस के बड़े दावेदारों में एजाज ढेबर महापौर, प्रमोद दुबे पूर्व महापौर, आकाश शर्मा प्रदेश अध्यक्ष युवा कांग्रेस, कन्हैया अग्रवाल पीसीसी महामंत्री (2018 में इसी सीट से चुनाव लड़ चुके हैं) पार्षद सतनाम पनाग ,समीर अख्तर, अपना आवेदन जमा कर चुके हैं। इसके साथ ही योग आयोग के अध्यक्ष ज्ञानेश शर्मा और, विकास तिवारी प्रवक्ता भी इसी सीट से प्रमुख दावेदार हैं। इसके अलवा देवेंद्र यादव, रामकुमार शुक्ला, मनमोहनसिंह ठाकुर, अमीन मेमन, उत्तम साहू, निवेदिता चटर्जी, आशा चौहान, पूनम यादव, संपत सिंह राजपूत शामिल है।

रायपुर उत्तर विधानसभा से अब तक

सत्यनारायण शर्मा नहीं लड़ेंगे चुनाव, बेटे पंकज ने टिकट के लिए किया आवेदन

15 दावेदार सामने आए हैं इनमे प्रमुख रूप से विधायक कुलदीप जुनेहा, एजाज ढेबर, पंकज मिश्रा, अमर गिदवानी, राकेश गुप्ता, नागेंद्र पांडे, हरदीप सिंह होरा, तरुणेश परिहार, अर्जुनदास वासवानी ने टिकटके लिए दावा किया है। रायपुर ग्रामीण से अब तक सिर्फ चार लोगों ने दावेदारी की है इनमे पंकज शर्मा, विनोद तिवारी, नागभूषण राव, उत्कर्ष वर्मा शामिल है मंगलवार को दावेदारी पेश करने का अंतिम दिन है। पार्टी के सीनियर नेता कल अपनी दावेदारी पेश कर सकते हैं।

प्रदेश के वरिष्ठ कांग्रेस नेता सत्यनारायण शर्मा इस बार चुनाव नहीं लड़ने का ऐलान किया है बल्कि उनकी जगह सोमवार को उनके बेटे पंकज शर्मा ने दावेदारी की है। टिकट के लिए ब्लॉक कांग्रेस कमेटी को आवेदन सौंपा है। चुनावी मैदान में शर्मा प्रत्याशी के रुप में तो दिखाई नहीं देंगे

पंकज शर्मा ने आज ब्लॉक कांग्रेस कमेटी में चुनाव लड़ने के लिए आवेदन किया। श्री शर्मा ने कहा मैं 7 बार लगातार चुनाव लड़ चुका हूं, 35 साल से विधायक हूं और हमने तय किया है कि परिवार का कोई एक ही सदस्य चुनाव लड़ेगा और इस बार मेरी जगह पंकज शर्मा टिकट ने टिकट के लिए आवेदन किया है, अगर पार्टी टिकट देती है तब चुनाव लडेंगे। पार्टी ने जो प्रक्रिया निर्धारित की है, उस प्रक्रिया के तहत पंकज ने आवेदन किया है प्रक्रिया होकर ऊपर तक नाम जाता है, तब हाईकमान ही आगे का फैसला लेगी।

उन्होंने कहा मै राजनीति से संन्यास नहीं ले रहा हूं पार्टी की सेवा जिंदगी भर करता रहूंगा जब तक जिंदा हूं तब तक पार्टी की सेवा लगातार करूं करूंगा जहां पार्टी मेरा उपयोग जरूरी समझेगी वहां मैं उपलब्ध रहूंगा। रायपुर ग्रामीण के मतदाताओं से हमारा पारिवारिक संबंध है, पूरा भरोसा पंकज और मुझ पर है, हम सब मिलकर काम करेंगे और पंकज जीतेगा।

पंकज शर्मा बिरगांव नगर निगम के महापौर समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं के साथ गांधी मैदान स्थित जिला कांग्रेस कार्यालय में टिकट के लिए आवेदन जमा करने पहुंचे।उन्होंने ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष को अपना आवेदन सौंपा। इस दौरान पंकज शर्मा ने कहा ग्रामीण की जनता के साथ पांच सालों से हमारा सीधा जुड़ाव है। जनता ने हम पर भरोसा जताया है। जनता की सेवा करने अब चुनावी मैदान पर उतरने आया हूं।

महापौर ऐजाज ढेबर ने उत्तर और दक्षिण दो विधानसभा सीट के लिए की दावेदारी

महापौर एजाज ढेबर विधानसभा चुनाव के लिए अपनी दावेदारी पेश कर दी है। ढेबर ने दक्षिण विधानसभा और उत्तर विधानसभा से टिकट के लिए दावेदारी की है। सैकड़ो कार्यकर्ताओं के साथ पहुंचकर ढेबर ने ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कार्यालय पहुंचकर अपना आवेदन दिया है। श्री ढेबर आज दोपहर नगर निगम मुख्यालय से अपने समर्थकों के साथ गांधी मैदान कांग्रेस भवन पहुंचे द्य श्री ढेबर ने वहा उपस्थित रायपुर दक्षिण के लिए डॉ खूबचंद ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अध्यक्ष प्रशांत टेंगड़ी लेफ्टिनेंट अरविंद दीक्षित ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष नवीन चंद्राकर शहीद पंकज विक्रम ब्लॉक कांग्रेस के अध्यक्ष सुमीत दास व रायपुर उत्तर विधानसभा के

■ ब्लॉक अध्यक्ष को दिया आवेदन

लिए गुरु घासीदास ब्लॉक कांग्रेस के अध्यक्ष श्रीमती दीपा बग्गा को महापौर एजाज ढेबर ने आवेदन सोपा इस दौरान महापौर के समर्थन में जोरदार नारे लगाए गए।श्री ढेबर के साथ पार्षद एमआईसी सदस्य नागभूषण राव शहर प्रवक्ता मोहम्मद मजीद फहीम कल्पना सागर सद्दाम सोलंकी, महोबिया नंदू सिन्हा राहुल शुक्ला सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस के पदाधिकारी व कार्यकर्तृता उपस्थित थे।

मुख्य सचिव से वार्ता के बाद शिक्षकों की हड़ताल स्थगित

रायपुर, 21 अगस्त (देशबन्धु)। दस दिनों से चली आ रही सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन की हड़ताल स्थगित हो गयी है। अधिकारियों से मिले आश्वासन के बाद शिक्षक फेडरेशन ने अनिश्चितकालीन हड़ताल को स्थगित करने का निर्णय लिया। इससे पहले 10 अगस्त से सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन ने अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने का ऐलान किया था, जिसके बाद प्रदेश के हजारों स्कूलों में ताला लटक गया था।

इस बीच सरकार ने सख्ती भी दिखाई और हड़ताली शिक्षकों को नोटिस जारी कर तुरंत काम पर लौटने का निर्देश भी दिया। लेकिन सहायक शिक्षक सहित अन्य शिक्षक संवर्ग ने हड़ताल से लौटने के बजाय जेल भरो आंदोलन का आह्वान कर दिया। इस बीच शनिवार को प्रदेश के 800 से ज्यादा शिक्षकों को अलग-अलग जिलों से नोटिस जारी किया गया। वहीं 3 दिन का अल्टीमेटम देते हुए काम पर लौटने का निर्देश दिया। लेकिन सहायक शिक्षकों ने जेल भरो आंदोलन के बाद मंत्रालय घेराव की भी घोषणा कर दी, सोमवार को प्रदेश भर के शिक्षक रायपुर में जुटे और मंत्रालय घेराव किया। इसी बीच आधिकारिक स्तर से बातचीत की पहल हुई, जिसके तहत सहायक शिक्षक, समग्र शिक्षक फेडरेशन के प्रतिनिधि मंडल ने उनसे मांगों के संदर्भ में चर्चा की। आश्वासन के बाद सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन ने आंदोलन को खत्म करने का ऐलान किया है। अधिकारियों से मुलाकात कर लौटे सहायक शिक्षक/समग्र शिक्षा फेडरेशन के प्रदेश अध्यक्ष मनीष मिश्रा ने कहा किप्रमुख सचिव ने उन्हें आश्वासन दिया है कि उनकी मांगों पर जल्द विचार करेगी।एक-दो दिनों के भीतर फेडरेशन के प्रतिनिधियों को बुलाया जायेगा और उनकी मांगों पर चर्चा की जायेगी। प्रमुख सचिव के आश्वासन पर भरोसा कर हम अपने हड़ताल को स्थगित कर रहे हैं।

नागपंचमी पर मलखंब, मल्लयुद्ध, कुश्ती खेलने की रही है प्राचीन परंपरा : भूपेश

- रायपुर में राज्य स्तरीय कुश्ती अकादमी खोलने की घोषणा
- बजरंगबली अखाड़ा प्रोत्साहन योजना होगी शुरू
- गुड़ियारी में आयोजित कुश्ती प्रतियोगिता में शामिल हुए मुख्यमंत्री

रायपुर, 21 अगस्त (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल आज राजधानी रायपुर के गुड़ियारी में शंकर सेवा समिति द्वारा आयोजित कुश्ती प्रतियोगिता में शामिल हुए। उन्होंने प्रदेशवासियों को नागपंचमी की बधाई और शुभकामनाएं दीं। उन्होंने इस मौके पर राज्य में कुश्ती को बढ़ावा देने के लिए रायपुर में राज्य स्तरीय कुश्ती अकादमी खोलने की घोषणा की। इसके साथ उन्होंने खिलाड़ियों को प्रोत्साहन देने के लिए बजरंगबली अखाड़ा प्रोत्साहन योजना शुरू करने की भी घोषणा की।

मुख्यमंत्री श्री बघेल ने कुश्ती प्रतियोगिता को सम्बोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में नागपंचमी के अवसर पर मलखंब और कुश्ती प्रतियोगिता की प्राचीन परंपरा रही है। त्यौहार के अवसर पर ऐसे प्रतियोगिता आपसी भाईचारे और सौहार्द का संचार करती है। उन्होंने कहा कि नागपंचमी का त्यौहार उन्हें बचपन की याद दिलाती है। बचपन में स्लेट पट्टी पर नागदेवता का चित्र बनाते थे। अगरबत्ती और गुलाल भी चढ़ाते थे। यह एक सुखद अनुभव है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि नागपंचमी के अवसर पर पहले गांव-गांव में मलखम्ब, मल्लयुद्ध कबड्डी, कुश्ती आदि का आयोजन होते थे। पहलवान बड़ी संख्या में हिस्सा लेते थे। आज के दौर में ऐसे अवसर पर कुश्ती का आयोजन सराहनीय है। राज्य सरकार खेल और खिलाड़ियों को प्रोत्साहन के लिए छत्तीसगढ़िया ओलंपिक का आयोजन कर रही है। बड़ी संख्या में बच्चे और बुजुर्ग हिस्सा ले रहे हैं। राज्य सरकार हर संभव खेल और खिलाड़ियों के प्रोत्साहन के लिए तत्पर है। इस मौके पर संसदीय सचिव विकास उपाध्याय ने भी सम्बोधित किया।

कुश्ती प्रतियोगिता में दांवपेंच महत्वपूर्ण होता है। कुश्ती खिलाड़ी सूझ-बूझ और चतुराई से दांवपेच का उपयोग कर कुश्ती के कतावतर धुरंधर को भी चित्त कर देते हैं। कुश्ती में धोबीपछाड़, धाक, बैकसाती सहित टांगा, कलाजंक, फितले, भारनद्रज, लेंसन और झोली जैसे दांवपेंचों से कुश्ती का रोमांचक खेल एक अलग अनुभव कराती है। कुश्ती प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए विजेताओं में प्रथम पुरस्कार रामकुण्ड अखाड़ा, रायपुर को प्राप्त हुआ, द्वितीय पुरस्कार खेल विभाग को और तृतीय पुरस्कार देवीबरी अखाड़ा पुरानी बस्ती, रायपुर को मिला।

इस अवसर पर एमआईसी मेम्बर सुन्दर जोगी, अखाड़ा समिति के अध्यक्ष तोरन लाल साहू, उपाध्यक्ष रामखिलावन साहू, दीनानाथ शर्मा सहित बड़ी संख्या में वार्डवासी और कुश्ती खिलाड़ी और दर्शक उपस्थित थे।

आदिवासियों को हेलिकॉप्टर में घुमाने सिंहदेव ने किया वायदा

समुद्र देखने की इच्छा पर कहा- ठीक है पुरी चलेंगे, खुश होकर पंडरिया की महिलाओं ने खिलाई खीर

रायपुर, 21 अगस्त (देशबन्धु)। प्रदेश के उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव ने पंडरिया के आदिवासियों से वादा किया है कि उन्हें हेलिकॉप्टर की सैर कराएंगे। पुरी का समुद्र दिखाएंगे। आदिवासी ये सुनकर इतने खुश हुए कि अपने साथ लाई हुई कांग की खीर खाने के लिए दी। बाबा ने पूछा- यह क्या है? इसे कैसे खाते हैं? फिर खुद ही उन्हें किचन में लेकर गए और कहा- इसे बनाओ और मुझेंं खलाओ।

ये दिलचस्प वाक्या सोमवार को हुआ। दरअसल, पंडरिया ब्लॉक के कुकदुर तहसील के कुछ आदिवासी सोमवार को बाबा से मिलने रायपुर के सिविल लाइन बंगले पहुंचे थे। झूमर, तिलगट् ?टा, छिंदीडीह के पहाड़ी क्षेत्रों से ये आए थे। आदिवासयों के समूहों की कुछ शिकायतें थी। उन्हें वनअधिकार पट्ट ?टे और बीज को लेकर अपनी बात रखनी थी। कागज में आवेदन लेकर आए थे। उनके आवेदन को बाबा ने ले लिया, पढ़ा और आदेश दे दिया। कहा- काम हो जाएगा। फिर अनौपचारिक बातचीत का सिलसिला शुरू हुआ।

बाबा ने पूछा- और कोई बात है। कवधर्वा से आए

एक बैगा आदिवासी ने कहा कि बाबा, हमारा एक सपना है। हम लोग आपको हेलिकाप्टर में आते देखते हैं, तो कहते हैं कि हमें भी हेलिकॉप्टर में बैठना है। बाबा ने मुस्कुराकर पूछा-अरे, कहां जाओगे हेलिकाप्टर में...। आदिवासियों ने कहा कि कहां जाएंगे बाबा, आप जहां भेज दोगे।इसके बाद फिर बाबा ने कहा- और कुछ? आदिवासियों में से कुछ ने कहा कि हम लोगों ने कभी समंदर नहीं देखा है। समुद्र देखने की इच्छा है। बाबा ने कहा- अच्छा ठीक है। हम तुम सबको हेलिकाप्टर में समुद्र दिखाएंगे। हम सबको पुरी भेजेंगे। हेलिकॉप्टर की सैर भी हो जाएगी और समुद्र भी देख लोगे।

बाबा ने कहा कि आप कितने लोग हैं, जो हेलिकॉप्टर में जाना चाहते हैं। उन्होंने बताया कि करीब चालीस लोग हैं। बाबा ने कहा- ठीक है। 20-20 करके आपको हेलिकॉप्टर में पुरी घुमाने भेजेंगे।

ये सुनकर वहां आए आदिवासी गदगद हो गए। उन्होंने इस दौरान यहां आई रमली बाई बैगा अपने साथ पारंपरिक व्यंजन कांग की खीर लेकर आई। बाबा को समझ नहीं आया, वो क्या चीज थी। उन्होंने रमली से पूछा तो वो समझ नहीं पाई कि बाबा क्या कह रहे हैं। सकुचा गई। सिंहदेव उन्हें किचन में लेकर गए और कहा कि इसे यहां बनाओ। उसने खीर गर्म की और बाबा को खिलाया। थोड़ी थोड़ी खीर यहां मौजूद सभी लोगों ने चखी। इसके बाद आदिवासी चले गए।

पांच वर्षों में 40 लाख लोग गरीबी के दायरे से बाहर आए : मुख्यमंत्री

रायपुर, 21 अगस्त (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सोमवार को कहा कि सरकार की नीतियों के कारण ही छत्तीसगढ़ के हर वर्ग में खुशहाली आई है। नीति आयोग की रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि पिछले पांच सालों में छत्तीसगढ़ में 40 लाख लोग गरीबी के दायरे से बाहर आए हैं। ऐसा इसलिए संभव हो पाया क्योंकि हमारी न्याय योजनाओं का लाभ लोगों तक पहुंचा, इससे हर वर्ग को लोग लाभान्वित हुए और पूरी अर्थव्यवस्था को इससे संजीवनी मिली।

मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ के लोगों की विशेषता है कि हम असहमति का भी सम्मान करते हैं। लोगों से मशविरा करते हैं और इसके बाद नीतियां तैयार करते हैं। मुख्यमंत्री राजधानी में एक निजी कार्यक्रम में लोगों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जो अच्छी कार्यप्रणालियां हैं उन्हें यथावत रखते हैं, जिनमें कुछ त्रुटि है और सुधार की गुंजाइश है उन्हें ठीक करते हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे भीतर यह सादगी इसलिए आई क्योंकि यह भूमि भगवान राम की निनहाल है। यहां कबीर, गुरुघासीदास और विवेकानंद जैसे साधकों का असर है। छत्तीसगढ़

■ हमारी योजनाओं से हर वर्ग के लोग लाभान्वित हुए

एक सांस्कृतिक ईकाई है। यद्यपि राज्य का निर्माण वर्ष 2000 में हुआ लेकिन छत्तीसगढ़ राज्य को लेकर जो लोगों के सपने थे, वे पूरे नहीं हो पाए। छत्तीसगढ़ी संस्कृति को एक नये राज्य में फलने-फूलने का जैसा अवसर मिलना चाहिए था, वैसा नहीं मिल पाया। हम लोगों ने यह काम किया है। अपनी धरोहर को सहेजने का काम हमने शुरू किया है। भगवान राम हमारे भांजे हैं उनसे जुड़े हुए राम वन पथ गमन परिसर के विकास का कार्य हमने आरंभ किया। कौशल्या माता मंदिर के विस्तार का काम हमने आरंभ किया। अपनी सांस्कृतिक और अस्मिता को सहेजने का काम हमने किया है।

भूपेश ने गिनाई सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाएं

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने छत्तीसगढ़ की जरूरतों के मुताबिक और यहां के परिवेश को समझते हुए नीतियां बनाई। मसलन जब स्वास्थ्य सेवा लोगों तक पहुंचाने की बात आई तो हमने हाट बाजारों को चुना। हाट बाजार लोगों की गतिविधियों के मुख्य केंद्र में होते हैं। यहां मोबाइल मेडिकल वैन भेजने से लाखों लोगों को लाभ हुआ। अंग्रेजी माध्यम में शिक्षा समय की सबसे बड़ी मांग थी। स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय योजना के अंतर्गत हमने ऐसे स्कूल आरंभ किए। अंग्रेली कालेज भी खोले और भविष्य में भी जरूरत के मुताबिक कालेज खोले जाएंगे।

पर्यवेक्षक परीक्षा एडमिट कार्ड के लिए व्यापमं ने जारी किया लिंक

रायपुर 21 अगस्त। महिला एवं बाल विकास विभाग की पर्यवेक्षक (खुली सीधी भर्ती) एवं पर्यवेक्षक(परिसीमित सीधी भर्ती) 2023 परीक्षा के प्रवेश पत्र हेतु व्यापमं द्वारा लिंक जारी किया गया है। परीक्षा 27 अगस्त को होगी।

शिक्षाविद् व लेखक समाज में ला सकते हैं क्रांति : राज्यपाल

रायपुर, 21 अगस्त (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ के राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन गत दिवस एमबीसी टीवी द्वारा भुवनेश्वर में आयोजित शिक्षा सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि शामिल होते हुए कहा कि शिक्षा समाज और देश को समृद्ध और प्रगतिशील बनाती है। जब शिक्षा मजबूत होती है तो समाज विकास की दिशा में आगे बढ़ता है और मजबूत होता है। हर व्यक्ति को अपनी शिक्षा के लिए, अपने समाज के लिए, अपने अधिकारों के लिए लड़ना चाहिए। यह सीख अपनी माटी और मां के लिए लड़ने की प्रेरणा देती है। इस क्षेत्र में शिक्षाविदों एवं लेखकों की महत्वपूर्ण भूमिका है। जब वे समाज में गिरावट या मानव अधिकारों का उल्लंघन देखते थे, तो वे अपने लेखन के माध्यम से क्रांति पैदा कर सकते थे।

शिक्षा केवल वह नहीं है जो हमें पाठ्यपुस्तकों से मिलती है बल्कि हम अपने अनुभवों से, जीवन से, समाज से, खुद से, दूसरों से आदि से सीखते हैं। महात्मा गांधी ने शिक्षा की तुलना जीवन से की और कहा, 'जीवन में ऐसा कुछ भी नहीं है, चाहे वह कितना भी छोटा क्यों न हो, जो शिक्षा की चिंता का व्यक्त नहीं कर सकता'।

शिक्षा जन्म से शुरू होती है और जीवन भर चलती रहती है। शिक्षा प्राप्त करने के लिए मनुष्य दूसरों पर निर्भर रहता है। यह प्रकृति, इतिहास, ऋषि-मुनि, संत, पर्यावरणीय परिस्थितियों हो सकती हैं। जिस देश की शिक्षा व्यवस्था जितनी मजबूत होती है, वह देश उतना ही मजबूत और विकसित होता है।

2020 में भारत के लोकप्रिय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने नई शिक्षा नीति 2020 पेश की, जो एक क्रांतिकारी कदम है। यह शिक्षा नीति देश को समृद्ध और मजबूत बनाने में मदद करेगी। नया पाठ्यक्रम भाषा,

संस्कृति, देशभक्ति, ज्ञान विकास, पूछताछ और मूल्यों पर जोर देता है। राज्यपाल ने कहा कि यह शिक्षा नीति मनुष्य के सामाजिक, आर्थिक, नैतिक, धार्मिक, बहुभाषी, मानसिक, चारित्रिक आदि गुणों में सुधार करेगी।

कोरोना के दौरान भारत ने दुनिया भर में कोरोना की महामारी से लड़ने में अग्रणी भूमिका निभाई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर भारतीय वैज्ञानिकों के शोध से बनी कोविड वैक्सीन देश के 140 करोड़ लोगों के जीवन की रक्षा करने में सफल रही। इतना ही नहीं, इस वैक्सीन को दुनिया के कई देशों में मुफ्त भेजकर लोगों को इस महामारी से बचाया जा सकता है। राज्यपाल श्री हरिचंदन ने अपने भाषण में कहा कि इस जनगणना ने भारत के अरबों आम लोगों को कोरोना के आतंक से बचाया है और दुनिया में देश का सम्मान बढ़ाया है।

शिक्षा मानव व्यवहार को बदल देती है। उक्त कार्य आमतौर पर साहित्यकारों एवं शिक्षाविदों द्वारा किया जाता है। लेखक और शिक्षाविद् अपने अध्ययन से जागरूकता पैदा करते हैं और समाज में क्रांति ला सकते हैं। हमारी शिक्षा सत्य, शांति, अहिंसा, दान, देशभक्ति, पारिवारिक संहिता के मूल्यों में समानता को कायम रखती है। यह पर्यावरण और लोगों को बेहतर रास्ते अपनाने के लिए प्रेरित करता है। राज्यपाल ने उक्त उद्गार भुवनेश्वर में स्थानीय टीवी चौनल द्वारा आयोजित एक शैक्षिक सभा में व्यक्त किए।

कार्यक्रम में राज्यपाल श्री विश्वभूषण हरिचंदन, न्यूज रुप के अध्यक्ष एवं विधायक सौम्यरंजन पटनायक, उत्कल विश्वविद्यालय की चांसलर सविता आचार्य सम्मानित अतिथि के रूप में शामिल हुए, बैठक की अध्यक्षता श्री बद्रीनाथ पटनायक ने की एवं डॉ. धन्यवाद ज्ञापन अशोक पांडा ने किया।

स्वास्थ्यकर्मी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर

इलाज के लिए भटक रहे मरीज, अस्पतालों में कार्य प्रभावित

रायपुर, 21 अगस्त (देशबन्धु)। पांच सूत्री मांगों को लेकर स्वास्थ्य कर्मचारियों का चरणबद्ध तरीके से आंदोलन जारी है. छत्तीसगढ़ स्वास्थ्य फे डरेशन के बैनर तले स्वास्थ्यकर्मी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए हैं. टारजन गुप्ता स्वास्थ्य संयोजक संघ के अध्यक्ष ने बताया, दो दिनों तक प्रदेश के 33 जिलों में अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी है.

अध्यक्ष ने बताया इसके बाद प्रदेशभर के सभी कर्मचारी रायपुर में राज्य स्तरीय अनिश्चितकालीन हड़ताल करेंगे. 40000 स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी कर्मचारियों ने अपनी मांगों को लेकर हॉस्पिटल का बहिष्कार किया है. प्रदेश के 5200 उपस्वास्थ्य केंद्र, 650 पीएचसी, 150 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के स्वास्थ्यकर्मी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं.

प्रदेशभर के स्वास्थ्य कर्मियों के अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जाने से सभी जिलों के अस्पताल में कार्य प्रभावित हुआ है. वहीं मरीज इलाज कराने भटक रहे हैं.

नगरनार स्टील प्लांट को खरीदने की लगी होड़

रायपुर, 21 अगस्त (देशबन्धु)। नगरनार एक ऐसा प्लांट है जिससे बस्तर के लोग इमोशनली जुड़े हुए, क्योंकि पिछले 20 सालों से बस्तर की जनता को इस प्लांट से बड़ी उम्मीदें हैं, लेकिन खबर ये हैं कि उद्घाटन से पहले ही इसे खरीदने वाले बस्तर आने-जाने लगे हैं। जिस पर आज सीएम भूपेश बघेल ने कहा कि ये जनता की भावना से खिलवाड़ है तो बीजेपी का कहना है बस्तर की चिंता कांग्रेस न करें। दोनों दलों के अपने-अपने दावे हैं पर हकीकत क्या है।

भाजपा-कांग्रेस में तकरार

बस्तर में लगभग 25 हजार करोड़ की लागत से तैयार नगरनार स्टील प्लांट की केन्द्र सरकार नीलामी करने जा रही है। नीलामी में शामिल पांच कंपनियां प्लांट का निरीक्षण भी कर चुकी है। अब तक नगरनार स्टील प्लांट का उद्घाटन नहीं किया गया है। संभावना है कि आगामी छत्तीसगढ़ दौरे पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी उद्घाटन कर सकते है। अब नगरनार स्टील प्लांट की नीलामी प्रक्रिया से कांग्रेस आक्रामक हो गई है। आगामी विधानसभा चुनाव में छत्तीसगढ़ कांग्रेस के लिए यह एक बड़ा मुद्दा बन रहा है। कारण इससे पहले जब नगरनार स्टील प्लांट की विनिवेशीकरण की खबरें तीन साल पहले आयी थी। तब विधानसभा में कांग्रेस सरकार ने संकल्प पारित कर इसे खरीदने की बात कही थी। लेकिन अब केन्द्र सरकार की नीलामी प्रक्रिया से राज्य सरकार के लिए यह रास्ता भी बंद हो गया है। वहीं अरुण साव ने कहा है कि बीजेपी जो भी निर्णय लेगी वो आदिवासियों के हित में होगी। आगामी विधानसभा और लोकसभा चुनाव के लिए छत्तीसगढ़ में भाजपा को घेरने कांग्रेस को यह बड़ा मुद्दा मिल गया है। जिसे कांग्रेस आदिवासियों की भावनाओं से जोड़ दिया है। ऐसे में अब देखना होगा कि केन्द्र सरकार नीलामी की यह प्रक्रिया चुनाव से पहले पूरी कर लेगी या बाद में?

रीपा योजना में भारी फर्जीवाड़ा : भाजपा

रायपुर 21 अगस्त (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी के सोशल मीडिया प्रदेश सह संयोजक और भारत सरकार के कृषि मंत्रालय के सामान्य परिषद के पूर्व सदस्य मितुल कोठारी, भाजपा पाटन उत्तर मंडल अध्यक्ष लोकमणि चंद्राकर और दुर्ग जिला पंचायत सदस्य हर्षा चंद्राकर ने प्रदेश सरकार की महात्मा गांधी ग्रामीण औद्योगिक पार्क (रीपा) योजना में भारी फर्जीवाड़े का खुलासा करते हुए आरोप लगाया है कि भूपेश सरकार रीपा योजना के तहत पाटन क्षेत्र के स्व-सहायता समूह की महिलाओं से शराब दुकानों के पास बिकने वाले चखना और पानी का पाउच बनवा रही है। भाजपा नेताओं ने कहा कि रीपा योजना के तहत ग्रामीण महिलाओं, स्व-सहायता समूहों एवं बेरोजगारों को लघु उद्योग स्थापित कर ग्रामीण उत्पाद को प्रोत्साहित करना है लेकिन दुर्भाग्य है कि सरकार लघु उद्योग लगाने के नाम पर नमकीन और पानी पाउच खरीद कर उसकी पैकिंग कर महिलाओं से चखना बिकवा रही है।

श्री कोठारी, श्री चंद्राकर व श्रीमती चंद्राकर ने कहा कि रीपा योजना में रोज़गारमूलक उत्पादन इकाई से ग्रामीण कृषि उत्पाद का प्रसंस्करण, काष्ठ निर्मित वस्तुओं का निर्माण एवं किसी भी उत्पाद से नवीन उत्पाद का निर्माण कर रोज़गार में बढ़ोतरी कर आय सृजन करने का उद्देश्य है, लेकिन प्रदेश की भूपेश सरकार रीपा योजना 600 करोड़ रुपए की व्यवस्था कर ग्लास, पानी पाउच, मिक्चर बाज़ार से खरीदकर पैक कर पाटन क्षेत्र की दुकानों में बिकवा रही है जो केवल और केवल शराबखोरी करने वालों के काम आएगा। भाजपा नेताओं ने सवाल किया कि यह योजना ग्रामीण

रोज़गार बढ़ाने के लिए है या ग्रामीणों में शराब पीने की प्रवृति को बढ़ाने की है?

भाजपा पाटन उत्तर मंडल अध्यक्ष श्री चंद्राकर ने पत्रकारों को बताया कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल अपने ही निर्वाचन क्षेत्र में अपनी सरकार की योजनाओं का दुरुपयोग कर रहे हैं! श्री चंद्राकर ने कहा कि रीपा योजना के तहत ग्रामीण महिलाओ, स्व-सहायता समूहों व बेरोजगारों को लघु उद्योग के रूप में उत्पादन करने के केंद्र बनाए जा रहे हैं और उनमें अनेक प्रकार की मशीनें लगाकर उद्योगों को प्रोत्साहित किया जाना है। लेकिन पाटन क्षेत्र के ग्राम कुंडा में जारी उक्त योजना में गिलास और उसके अंदर मिक्चर का पैकेट व पानी का पाउच पैक करके वहीं लोग बेच रहे हैं, हालाँकि पैक पर अधिकतम खुदरा मूल्य (एमआरपी) अंकित नहीं है। इसी प्रकार प्लास्टिक पाउच प्रतिबंधित होने के बावजूद उसमें पानी भरकर बेचा जा रहा है।

जिले के बॉडी बिल्डर और पावर लिफ्टर की चयन प्रतियोगिता कल

रायपुर, 21 अगस्त (देशबन्धु)। रायपुर जिला बॉडी बिल्डिंग एसोसिएशन के तत्वाधान में 23 अगस्त को रात्रि 8 बजे स्टेट बॉडी बिल्डिंग और स्टेट पावर लिफ्टिंग बेंच प्रेस की प्रतियोगिता का चयन ताम्रकार गोल्ड जिम न्यू चंगौरा भाटा चौक कुशालपुर ब्रिज मेन रोड के पास किया जाएगा रायपुर जिला बॉडी बिल्डिंग एसोसिएशन के सचिव मानिक ताम्रकार ने बताया कि चयन प्रतियोगिता में केवल रायपुर जिला के बॉडी बिल्डर और पावर लिफ्टर ही भाग लेंगे प्रतियोगिता वजन वर्ग के आधार पर होगा चयनित बॉडी बिल्डर 3 सितंबर को राजनांदगांव स्टेट चैंपियनशिप में भाग लेंगे और पावर लिफ्टर 27 अगस्त को चिरमिरी स्टेट बेंच प्रेस की प्रतियोगिता में भाग लेंगे रायपुर जिला के चयनित बॉडी बिल्डर और पावर लिफ्टर को ताम्रकार गोल्ड जिम में विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा।

नए जिला शिक्षा अधिकारी ने संभाला पदभार



रायपुर, 21 अगस्त। रायपुर के नये जिला शिक्षा अधिकारी हिमांशु भारती जी के पदभार ग्रहण करने पर पुष्प गुच्छ भेटकर स्वागत किया गया और वेतन विषय पर चर्चा हुई इस अवसर पर प्रो जे एन पांडेय स्कूल के व्याख्याता बी एल साहू राघवेंद्र मिश्रा यू ए साहू गिरीश ताम्रकार ए एम झा मौजूद थे।

आत्मज्ञानी दीपक भाई रायपुर में आज व कल

पं. दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में प्रश्नोत्तरी सत्संग और ज्ञान विधि

रायपुर, 21 अगस्त। हर एक मनुष्य निरंतर सुख की खोज में है। दुःख किसी को पसंद ही नहीं है, जबकि इस खोज का अंत तब होता है जब शाश्वत सुख की प्राप्ति होती है। यह शाश्वत सुख हमें हमारे वास्तविक स्वरूप (आत्मा) की पहचान होने के पश्चात ही प्राप्त हो सकता है। शाश्वत सुख के इस मार्ग की खोज, ए.म.पटेल द्वारा हुई थी, जो दादा भगवान के नाम से जाने जाते हैं। उन्होंने यह बेजोड़ आध्यात्मिक विज्ञान विश्व के लिए खुल्ला किया, जो अक्रम विज्ञान के नाम से प्रसिद्ध हुआ।

अक्रम विज्ञान' स्वयं के वास्तविक स्वरूप (आत्मा)' की प्राप्ति की नींव पर आधारित है। यह अद्भुत विज्ञान रोज व रोज जीवन में उपस्थित होते हुए प्रश्नों के समाधान पाने के लिए व्यावहारिक चाबियाँ भी प्रदान करता है, जिससे जीवन में शांति और आनंद की प्राप्ति होती है। यहाँ ज्ञानी पुरुष की कृपा से, सिर्फ दो घंटों में, 'ज्ञानविधि' द्वारा' स्वयं के वास्तविक स्वरूप (आत्मा) 'की पहचान संभव है।

इस कलियुग में आज लाखों लोग दादा भगवान के अलौकिक अक्रम विज्ञान द्वारा, जीवन जीने की सही समझ प्राप्त करके आनंद

में रहते हुए, मोक्ष मार्ग पर प्रगति कर रहें हैं। दुनिया के सभी लोग यह ज्ञान प्राप्त करके दुःखों से मुक्त हों, यही भावना के साथ परम पूज्य दादा भगवान द्वारा दीक्षित और आत्मज्ञानी पूज्य डॉ. नीरु माँ के सहाध्यायी आत्म ज्ञान पूज्य श्री दीपक भाई विश्वभर में परिभ्रमण कर रहें हैं। पूज्य श्री दीपक भाई इस सप्ताह के अंत में रायपुर में पधार रहे हैं। उनके इस सत्संग प्रवास के अंतर्गत 22अगस्त (मंगलवार) को शाम 4.30 से 7.30 बजे तक आप श्री के साथ प्रश्नोत्तरी सत्संग कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम के दूसरे दिन 23 अगस्त (बुधवार) शाम 4.30 से 8 बजे आत्म साक्षात्कार पाने के लिए अद्भुत भेदज्ञान प्रयोग-'ज्ञानविधि' का आयोजन किया गया है। दोनो ही कार्यक्रम साइंस कोलेज परिसर के पं. दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में होंगे।

उल्लेखनीय है कि इस प्रश्नोत्तरी सत्संग कार्यक्रम में आ व्यवहार, धर्म या आध्यात्म से संबंधित प्रश्नों का पूज्य दीपक भाई के पास से समाधान प्राप्त कर सकते है। यह अमूल्य कार्यक्रम निःशुल्क है और सभी धर्म/संप्रदाय के लोग इसका लाभ ले सकते हैं। विभिन्न टीवी चैनलों पर सत्संग कार्यक्रम देखने वाले रायपुर एवं आसपास के शहर के लाखों जिज्ञासुओं के लिए आत्म ज्ञानी पूज्य श्री दीपक भाई को प्रत्यक्ष देखने और सुनने का यह एक सुनहरा अवसर है।

राष्ट्रपति से आज भेंट करेंगे एकलव्य के 40 विद्यार्थी

वायुयान से पहली बार दिल्ली पहुंचे विद्यार्थी



रायपुर, 21 अगस्त (देशबन्धु)। राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु और केन्द्रीय जनजातीय कार्य मंत्री श्री अर्जुन मुंडा एवं केन्द्रीय जनजातीय राज्य मंत्री श्रीमती रेणुका सिंह से छत्तीसगढ़ राज्य में संचालित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय के 40 विद्यार्थी 22 अगस्त को मुलाकात करेंगे। एकलव्य विद्यालय छत्तीसगढ़ के 40 विद्यार्थी पहली बार वायुयान से रवाना होकर आज दिल्ली पहुंचे। राष्ट्रपति, केन्द्रीय जनजातीय कार्य मंत्री और केन्द्रीय जनजातीय राज्य मंत्री एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय के विद्यार्थियों से नई दिल्ली में मुलाकात के दौरान जनजातीय विकास, जनजातीय गौरव दिवस, उनके शैक्षणिक विकास की प्रगति पर चर्चा कर उनके विचार जानेंगे।

एकलव्य विद्यालय के विद्यार्थी पहली बार वायुयान से यात्रा करने के कारण बहुत ही उत्साहित हैं और वे खुद को बहुत ही सौभाग्यशाली समझ रहे हैं कि उनको हवाई यात्रा के साथ भारत के सर्वोच्च पदासीन राष्ट्रपति से मिलने का अवसर प्राप्त हो रहा है। बच्चों ने कहा कि यह हमारे जीवन का अविस्मरणीय दिन होगा। एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय के सभी विद्यार्थियों ने वायुयान से पहली बार यात्रा कराने के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल, आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति मंत्री श्री मोहन मरकाम, विभाग के सचिव श्री डी.डी. सिंह और आयुक्त श्रीमती शम्मी आबिदी के प्रति आभार व्यक्त किया है।

निधन

श्रीमती रानी श्रीवास्तव

रायपुर, 21 अगस्त। ढेबर सिटी निवासी श्रीमती रानी श्रीवास्तव पति आलोक श्रीवास्तव लिपिक लोक निर्माण विभाग रायपुर का दुखद के निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार दोपहर महादेव घाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ। वे कु. अवनी श्रीवास्तव की माता, सिंचाई विभाग तिल्दा के लिपिक सर्वेश सक्सेना तथा धर्मेश सक्सेना की बहन थी।

आयुषी अवस्थी

रायपुर, 21 अगस्त। पीयुष नगर कुशालपुर निवासी शुभम अवस्थी (शुभु) की धर्मपत्नी श्रीमती आयुषी अवस्थी का सोमवार, 21 अगस्त को आकस्मिक निधन हो गया। अंतिम यात्रा निवास स्थान से 22 अगस्त, मंगलवार को दोपहर 12 बजे महादेवघाट मोक्षधाम के लिए निकलेगी। आयुषी छत्तीसगढ़ श्रमजीवी पत्रकार संघ के अध्यक्ष अरविंद अवस्थी की पुत्रवधु व रजत अवस्थी की भाभी थी।

खाद्य भण्डारों व कृषि केंद्रों को नोटिस

उर्वरक एवं कीटनाशक विक्रय परिसरों की जांच



रायपुर, 21 अगस्त। जिले के समस्त उर्वरक, कीटनाशी निरीक्षकों के द्वारा कीटनाशी / उर्वरक विक्रय परिसरों का निरीक्षण किया जा रहा है। उर्वरक निरीक्षकों द्वारा खरीफ फसलों के लिए खाद की कमी ना हो इसको ध्यान में रखते हुए उर्वरक का व्यवसाय कर रहे थोक खुदरा विक्रेता एवं सेवा सहकारी समितियों में पीओएस मशीन स्टॉक एवं भौतिक स्टॉक का सत्यापन किया जा रहा है। सातग ही अमानक उर्वरक एवं कीटनाशक औषधियों का विक्रय पर रोक लगाने के लिए निरंतर कार्यवाही की जा रही है। कृषि विभाग के उप संचालक ने बताया कि डीएच खाद भण्डार पारागांव, आरंग, मां अंबे कृषि संसार तिल्दा का निरीक्षण द्य किया गया, जिसमें कीटनाशी अधिनियम 1968 एवं 1971 तथा उर्वरक गुण नियंत्रण 1985 के खण्ड 5 और 35 (1) के तहत कारण बताओ नोटिस दिया गया। हर्ष कृषि केन्द्र सिलयारी धरसीवा कीटनाशी अधिनियम 1968 एवं 1971 के तहत कारण बताओ नोटिस दिया गया ।

हमले पर सियासी हमला

अपनी विधायक की सुरक्षा नहीं कर पाए, सवा लाख बहू-बेटियों की रक्षा कैसे करेंगे? : अरुण साव

रायपुर 21 अगस्त (देशबन्धु)। खुज्जी विधायक छन्नी साहू पर हुए हमले की लेकर बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव ने तंज कसा है. अरुण साव ने कहा, यह हमला एक विधायक के ऊपर नहीं, यह छत्तीसगढ़ की सवा करोड़ बहू बेटियों पर हुआ है. राज्य सरकार अपनी पार्टी के एक विधायक की सुरक्षा करने में असक्षम है. तब यह सवा लाख बहू-बेटियों की रक्षा कैसे कर पाएंगे?राज्य में कानून-व्यवस्था की स्थिति चौपट है, यह हमला इसका उदाहरण है. एक ऐसी सरकार जो बेटियों की रक्षा न कर सके, जो अपनी पार्टी के विधायक की रक्षा न कर सके, ऐसी सरकार को पद में रहने का कोई अधिकार नहीं है.



महासमुंद में सीएम बघेल द्वारा की गई कई घोषणाओं को लेकर अरुण साव ने कहा, वे घोषणावीर सीएम हैं. धरातल पर कोई काम नहीं हुआ है, चुनाव नजदीक आ रहा है जनता को ठगने का प्रयास किया जा रहा है. मगर यह छत्तीसगढ़ की जनता राज्य सरकार के झूठे वादों में नहीं आएगी. राज्य सरकार छत्तीसगढ़ की जनता को झूठा वादा नहीं कर सकती. वहीं 21 प्रत्याशियों के साथ बैठक को लेकर अरुण साव ने कहा, चुनाव प्रचार अभियान को आगे कैसे बढ़ाना है,इसलिए बैठक की जाएगी. वहीं अन्य राज्यों से आए विधायकों की बैठक पर बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव ने कहा, आज अन्य राज्यों के विधायकों की एक दिवसीय कार्यशाला है. आवंटित विधानसभा क्षेत्र में जाएंगे, 7 दिनों तक पार्टी के कार्यों को आगे बढ़ाएंगे.

हरिशंकर परसाई जन्मशताब्दी समारोह



रायपुर, 21 अगस्त (देशबन्धु)। पदुमलाल पुन्नालाल बख्शी सृजन पीठ, भिलाई, छत्तीसगढ़ द्वारा 20 अगस्त को इंडियन काफी हाउस, सेक्टर 10, भिलाई में हरिशंकर परसाई जन्मशताब्दी समारोह का आयोजन किया गया। आयोजन के मुख्य अतिथि डॉ रमेश तिवारी थे एवं अध्यक्षता बक्शी सृजन पीठ के अध्यक्ष ललित वर्मा ने की इस अभिनव आयोजन में व्यंग्य पुरोधा हरिशंकर परसाई के साथ ही छत्तीसगढ़ के चार मूर्धन्य व्यंग्यकारों को उनके योगदान के लिए याद करते हुए उन के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर साहित्यकारों ने अपने विचार रखे। छत्तीसगढ़ में व्यंग्य के पर्याय प्रभाकर चौबे पर जीवेश प्रभाकर ने, त्रिभुवन पांडे पर विनोद साव ने, विनोद शंकर शुक्ल पर श्रीमती स्नेहलता पाठक ने एवं लतीफ घोंघी पर ईश्वर शर्मा ने अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का संचालन व्यंग्यकार राजशेखर चौबे ,रायपुर एवं आभार प्रदर्शन कुबेर सिंह साहू, राजनांदगांव ने किया।

विकास के कांवड़ यात्रा में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

''बोल बम'' और ''हर हर महादेव'' के नारों से गूँज उठा पश्चिम विधानसभा

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल एवं प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज सहित कई नेता हुए शामिल

रायपुर, 21 अगस्त (देशबन्धु)। पश्चिम विधायक विकास उपाध्याय के द्वारा सोमवार को गुढ़ियारी से निकाली गई दिव्य कांवड़ यात्रा में श्रद्धालुओं का हुजूम उमड़ पड़ा। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने पूजा-अर्चना के बाद कुछ दूर तक कांवड़ यात्रा में शामिल हुए। भारी भीड़ के चलते गुढ़ियारी से लेकर महादेव घाट तक रास्ते में कांवड़ियों का जनसैलाब दिखाई दे रहा था। वहीं भीड़ के चलते जगह-जगह यातायात जाम रहा।

संसदीय सचिव एवं विधायक विकास उपाध्याय के नेतृत्व में आयोजित दिव्य एवं विशाल कांवड़ यात्रा आज गुढ़ियारी स्थित श्री हनुमान के मंदिर, मारुति मंगलम भवन से निकली। धर्मगुरुओं के द्वारा पूरे विधि विधान से भगवान शंकर एवं उनके कांवड़ की पूजा-अर्चना कराई गई। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल एवं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज सहित कई कांग्रेस नेता भी सम्मिलित हुए। इस दौरान श्रद्धालुगणों का जनसैलाब श्री शंकर भगवान की भक्ति में उमड़पड़ा। विधायक विकास उपाध्याय अपने परिवार सहित स्वयं भी कांवड़ धारण किये एवं बोल बम व हर हर महादेव का उच्चारण कर इस दिव्य यात्रा का शुभारंभ किये। उनके साथ पूरे पश्चिम विधानसभा के निवासी एवं कई हजारों की संख्या में श्रद्धालु भी कांवड़ लिये इस यात्रा में झूमते गाते निकल पड़े।विभिन्न मुख्य चौंक-चौराहों के पास दिव्य कांवड़ यात्रा का पुष्प वर्षा के साथ भव्य रूप से स्वागत अभिनंदन भी किया गया।

आज यह यात्रा गुढ़ियारी मारुति मंगल से गुढ़ियारी पड़ाव होते हुए शुक्रवारी बाजार, फिर पहाड़ी चौक होते हुए भारत माता चौक, फिर सीएसईबी के पास से होते हुए कर्मा माता चौक, उसके बाद कबीर चौक होते हुए फ्लाई ओवर चढ़कर तेलघानी नाका चौक पहुंची। अग्रसेन चौक होते हुए आजाद चौक थाना के सामने आमापारा होते हुए लाखेनगर वाले रास्ते से अश्वनी नगर, सुन्दर नगर चौक होते हुए रायपुरा चौक से सीधे महादेव घाट मार्ग होते हुए बाबा हटकेश्वर नाथ महादेव श्री शंकर भगवान के मंदिर में पहुँची। जहाँ विधायक विकास उपाध्याय एवं उनके परिवार व समस्त श्रद्धालुओ ने काँवड़ में लिये जल को भगवान हटकेश्वर शिवलिंग में सहस्त्रधार सहित चढ़ाकर भोलेनाथ का आशीर्वाद प्राप्त किये। विधायक विकास उपाध्याय के कार्यकर्ताओं ने विभिन्न स्थानों में पानी, शरबत, फल, नाश्ते एवं बाबा हटकेश्वर मंदिर महादेव घाट में समस्त श्रद्धालुओं के लिए भोजन की व्यवस्था की थी। श्रद्धालुओं के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए स्वास्थ्य टीम द्वारा एम्बुलेंस व पुलिस सहायता केन्द्र व पुलिस द्वारा पूर्ण सुरक्षा के साथ वालेंटियर्रो ने भी अपना बहुमूल्य योगदान दिया।

इंदिरा प्रियदर्शिनी बैंक घोटाला

नीरज जैन की तलाश, अग्रिम जमानत याचिका खारिज

रायपुर, 21 अगस्त (देशबन्धु)। राजधानी रायपुर के 17 साल पुराने चर्चित इंदिरा प्रियदर्शिनी बैंक घोटाले के आरोपी नीरज जैन की अग्रिम जमानत अर्जी को हाईकोर्ट ने खारिज कर दिया है। इसके साथ ही डिवीजन बेंच ने जांच प्रक्रिया को भी सही ठहराया है।

करीब 24 करोड़ रुपए के इस पूरे घोटाले की नए सिरे से जांच की अनुमति हाईकोर्ट ने ही दी थी। इसके साथ ही नीरज जैन की तलाश शुरु हो गई है।

पुलिस ने इंदिरा बैंक के तत्कालीन मैनेजर उमेश सिन्हा के नार्को टेस्ट की रिपोर्ट के आधार पर जांच के लिए अनुमति मांगी थी। कोर्ट से अनुमति मिलने के बाद पुलिस ने आरोपी नीरज जैन के जगदलपुर स्थित अलग-अलग ठिकानों पर छापेमारी की थी। लेकिन, वह पुलिस के पहुंचने से पहले ही फरार हो गया था। पुलिस ने उसके घर पर एक नोटिस चस्पा की है। उससे पूछताछ करने के लिए पुलिस उसकी तलाश कर रही है।

आरोपी नीरज ने खोली थी 12 कंपनियां: आरोपी नीरज जैन ने फर्जी दस्तावेजों के आधार पर 12 कंपनियां खोली थी। इन्हीं कंपनियों में बैंक का पैसा जमा हुआ है। इसलिए पुलिस नीरज की तलाश कर रही है। बैंक से पैसा लेने के बाद कंपनियों को सुनियोजित तरीके से बंद कर दिया गया।

हाईकोर्ट में लगाई थी अग्रिम जमानत: पुलिस ने इस केस में 2006 में नीरज जैन को गिरफ्तार किया था, जिसके बाद वह जमानत पर रिहा हो गया। इस बीच कोर्ट ने नए सिरे से जांच की अनुमति दी। इसके बाद पुलिस ने जांच व पूछताछ के लिए नीरज की जानकारी जुटाई तो वह गायब हो गया। अब उसे दोबारा गिरफ्तारी का भय सता रहा है। यही वजह है कि उसने इस केस में हाईकोर्ट में रिवीजन अपील की, जिसमें उसने अग्रिम जमानत देने की मांग की थी। हाईकोर्ट की डिवीजन बेंच ने सुनवाई के बाद उसकी अपील के साथ ही अग्रिम जमानत अर्जी को भी खारिज कर दिया है।

अंतर्राज्यीय बस स्टैण्ड के पास गांजे की तस्करी, पुलिस ने दो तस्करों को पकड़ा

रायपुर 21 अगस्त (देशबन्धु)। रायपुर पुलिस ने नशे के खिलाफ कार्रवाई करते हुए बस स्टैण्ड पास से 5 किलो 700 ग्राम गांजा के साथ मध्यप्रदेश के 2 अंतर्राज्यीय गांजा तस्करों को गिरफ्तार किया है. थाना टिकरापारा क्षेत्रांतर्गत भाठागांव स्थित बस स्टैण्ड के पास व्यक्ति अपने पास बैग में गांजा रखा है कि सुचना पर एण्टी क्राईम एवं सायबर यूनिट ने यह कार्रवाई की।

जानकारी के अनुसार एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट ने तस्करी करने वाले आरोपियों को गांजा के साथ रंगे हाथ पकड़ा। दोनों व्यक्ति के पास रखें बैग की तलाशी लेने पर बैग में गांजा रखा होना पाया गया। गांजा के संबंध में पूछताछ करने पर उनके द्वारा गांजा को जगदलपुर से लाकर मध्यप्रदेश तस्करी करना बताया गया। जिस पर आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से कुल 05 किलो 700 ग्राम गांजा कीमती लगभग 60,000/- रूपये बरामद किया गया। आरोपियों के विरूद्ध थाना टिकरापारा में अपराध क्रमांक 414/2023 धारा 20बी नारकोटिक्स एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर कार्रवाई की गई। गिरफ्तार आरोपियों के नाम व पता- अमित ठाकुर पिता शिवप्रसाद ठाकुर उम्र 26 साल निवासी ग्राम धमनी थाना पाटन जिला जबलपुर मध्यप्रदेश।. सौरभ सिंह उर्फ अनिकेत सिंह ठाकुर पिता विनोद सिंह ठाकुर उम्र 24 साल निवासी ग्राम मातनपुर खिरमई माता मंदिर के सामने थाना बेलखड़ा जिला जबलपुर मध्यप्रदेश।

अंबेडकर अस्पताल के डॉक्टरों ने वाल्व का किया पुनः प्रत्यारोपण

रायपुर, 21 अगस्त (देशबन्धु)। डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्मृति चिकित्सालय स्थित एडवांस कार्डियक इंस्टीट्यूट में छत्तीसगढ़ निवासी अपने उम्र के छठवें दशक के मध्य में मरीज के हृदय में ट्रांसकैथेटर ऐर्ऑटिक वाल्व प्रत्यारोपण (टावी) करके तथा ट्राइक स्पिड वाल्व बैलून वाल्वुलोप्लास्टी के जरिए हृदय के वाल्व में आई समस्या को दूर कर मरीज का जीवन सुरक्षित बचा लिया। एसीआई के कार्डियोलॉजी विभागाध्यक्ष डॉ. स्मित श्रीवास्तव के नेतृत्व में हुए इस उपचार प्रक्रिया के बाद मरीज को हृदय से संबंधित पुरानी सभी जटिलताओं से निजात मिल गई।

छत्तीसगढ़ निवासी उम्र के 6वें मध्य की महिला मरीज की 2010 में निजी अस्पताल में ओपन हार्ट सर्जरी हुई थी। जिसमें हृदय के दो वाल्व चेंज हुए थे। 2017 में पुनः ओपन हार्ट सर्जरी हुई, जिसमें दो वाल्व और चेंज हुए। इसके बाद मरीज की 2017 में हुई सर्जरी की जटिलता के कारन जनित धड़कन की कमी के चलते 15-20 दिन के बाद पेसमेकर लगाने के लिए फिर सर्जरी हुई। इन तीन सर्जरी के बाद मरीज का हार्ट पम्पिंग काफी कम हो गई थी।अगले कुछ सालो में पुराने सर्जिकल वाल्व भी धीरे-धीरे खराब हो गए।मरीज को दोनों सर्जरी द्वारा प्रतिरोपित वाल्वस में अत्यधिक

हृदय के वाल्व में आई समस्या को दूर कर मरीज का जीवन सुरक्षित बचाया

सिकुड़न होने के कारण सांस लेना कठिन होता जा रहा था। टिश्यू वाले वाल्व में खराबी और सिकुड़न जल्दी आ जाते हैं।

इसके बाद मरीज को एडवांस कार्डियक इंस्टीट्यूट के कार्डियोलॉजी विभाग में आगे उपचार के लिए आकलन और परियोजना बनाई गई।इस जटिल कार्डियक प्रक्रिया करने की योजना बनाने के लिए डॉ भीमराव आंबेडकर हॉस्पिटल के रेडिओडिग्नोसिस विभाग से डॉ एएस वी एएस नेताम ने सी टी कोरोनरी एंजियोग्राफी द्वारा वाल्व का सटीक माप निर्धारित करके दिया। निश्चेतना विशेषज्ञ डॉ शशांक ने मरीज़ को बिना बेहोश किया पूरी प्रक्रिया के दौरान अर्धचेतन अवस्था में संभाले रखा।टेक्निकल टीम का नेतृत्व खेम सिंह मंडे और जीतेन्द्र चलकर और कैथ लैब में मुख्य नर्सिंग असिस्टेंट आनंद सिंह ने मरीज़ के ब्लड प्रेशर और धड़कन को मॉनिटर किया।डॉ प्रतीक गुप्ता ने प्रक्रिया के दौरान इकोकार्डियोग्राफी द्वारा वाल्व की स्तिथि निरंतर दिखाई।

डॉ. स्मित श्रीवास्तव के अनुसार दो वाल्व की एक साथ प्रक्रिया करना जोखिम को कई गुना बढ़ा दिया था, साथ ही पुराने पेसमेकर का एक तार खराब हुए वाल्व के बीच में था।जिसके प्रक्रिया के दौरान किचन और मरीज की धड़कन के बंद होने की सम्भावना का कारण बन सकता था।मरीज का हार्ट कम पम्प कर रहा था, इसलिए दवाओं के सहारे हार्ट की पम्पिंग क्षमता को ठीक किया और बिना छाती खोले हार्ट के बाएं तरफ के ऐर्ऑटिक वाल्व का टावी प्रोसीजर के जरिए वाल्व चेंज करने का निर्णय लिया।

इसके साथ ही साथ दाहिने तरफ के खराब ट्राइकस्पिड वाल्व को भी खोलने का निर्णय लिया। हार्ट के बाएं हिस्से में स्थित पुरानी 2010 की सर्जरी द्वारा लगाए गए एओर्टिक वाल्व के अंदर ही जांघ की नासिका के रास्ते बिना छाती खोले नया वाल्व लगाया जिसे सेल्फ एक्सपेंडिंग वाल्व कहते हैं। इस वाल्व को पुराने वाल्व से थोड़ा ऊपर खोला, जिसके कारण मरीज के खून का बहाव काफी अच्छा हो गया।इस वाल्व को लगाने के बाद मरीज की सांस फूलने और अन्य दूसरी गंभीर दिक्कतें दूर हो गई। मरीज का जीवन पहले की तुलना में बेहतर हो गया।डॉ. स्मित श्रीवास्तव के अनुसार दिल के दाहिने हिस्से में पुरानी 2017 की सर्जरी द्वारा लगाए गए संकीर्ण और खराब हो चुके पुराने ट्राइकस्पिड वाल्व को भी बिना छाती खोले दाएं गर्दन की नस जुगलर वेन के माध्यम से बैलून की सहायता से खोल दिया गया।उपचार प्रक्रिया के बाद पुराना पेसमेकर यथावत अपना काम कर रहा है और मरीज़ पूर्ण स्वस्थ होने की राह पर है।

सावन मेले में बच्चों-महिलाओं का झलका उत्साह

रायपुर, 21 अगस्त (देशबन्धु)। सावन का महीना हर तरफ उमंग और उत्साह से भरा है 7 हर तरफ सेलिब्रेशन की धूम मची है, तो कान्यकुब्ज महिला मंडल, आशीर्वाद भवन, रायपुर की महिलाएं इसमें कैसे पीछे रहती हैं? दिनांक 19 और 20 अगस्त को दो दिवसीय सावन मेला का आयोजन बड़ी उमंग और जोश के साथ आशीर्वाद भवन, रायपुर में किया गया, जिसमें बच्चों और महिलाओं की विभिन्न प्रतियोगिताएं जैसे - फैंसी ड्रेस, पाक कला, रैम्प वाक इत्यादि रखी गई। व्यंजन प्रतियोगिता में सूजी के मीठे और नमकीन व्यंजन बनाकर सखियों ने अपनी पाक कला का परिचय दिया मीठे व्यंजन में - प्रथम स्थान संध्या मिश्रा (सीनियर), द्वितीय स्थान अनुराधा मिश्रा और तीसरे स्थान चंद्रप्रभा दुबे

इसी प्रकार नमकीन व्यंजन में - प्रथम स्थान चंद्रप्रभा दुबे, द्वितीय स्थान मोनिका शुक्ला और तीसरे स्थान पर

शुक्ला और अनुराधा मिश्रा ने तीसरे स्थान प्राप्त किया।

कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज का आयोजन

सावन मेले का आयोजन हरित श्रृंगार के बिना अधूरा है? सभी बहनों ने फिल्मी धुन पर रैंप वॉक कर सबकी खूब तालियां बटोरी जिसमे प्रथम स्थान रही - चंद्रप्रभा दुबे, दूसरा स्थान मोनिका शुक्ला और तीसरे स्थान पर पायल पांडे ने अपना नाम किया।

खेल-खेल में अपनी उम्र को पीछे छोड़ सभी बहने उस पल में जीती नजर आई जो बहने घर पर रहकर ही ऐसा कुछ करती हैं, उन्होंने भी चूड़ी, बिंदी, कपड़े बच्चों के समान, अचार, बड़ी, पापड़ के स्टाल लगाए, सभी ने जमकर खरीददारी की 7 अपनों के साथ बैठकर सब ने नाश्ते और चाय का आनंद उठाया।

इस अनूठे आयोजन में बच्चे कैसे पीछे रहते उन्होंने भी शिव और पार्वती की जीवंत प्रस्तुति दी।

फैंसी ड्रेस (शिव जी की वेशभूषा) प्रतियोगिता में प्रथम स्थान - अर्जित शुक्ला, दूसरा स्थान - अनविका अवस्थी और तीसरा स्थान तरूश मिश्रा ने हासिल किये।

पार्वती जी की वेशभूषा में प्रथम स्थान - आराध्या तिवारी, द्वितीय स्थान - ओजस्वी मिश्रा और तीसरा स्थान अदिता दुबे ने अर्जित किये।

महिला सदस्यों द्वारा बिग तम्बोला का खेल खेला गया 7 निर्णायक मंडल द्वारा इस अनूठे आयोजन के लिए कान्यकुब्ज महिला मंडल को हार्दिक बधाई दी 7 हर्ष और उल्लास के साथ सावन मेले का समापन हुआ।

मोटर पम्प व केबल वायर के साथ दो शातिर चोर गिरफ्तार

रायपुर 21 अगस्त (देशबन्धु)। तिल्दा नेवरा पुलिस ने दो लोगों को चोरी के आरोप में हिरासत में लिया है। ये दोनों ने पांच दिन पहले हुई रात्रि में तिल्दा बस्ती के तालाखार खेत से 3 एचपी का मोटर पम्प और के बल वायर की चोरी किये थे। जिसकी रिपोर्ट प्रार्थी ने किया था इस पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने दो शातिर चोर को पकड़ा है।

पुलिस ने मुखबिर की सूचना के आधार पर मेधुराम साहू और ललित ध्रुव को हिरासत में लेकर पूछताछ किया। तो दोनों ने चोरी करना स्वीकार किया। मोटर पम्प और के बल वायर को मेधुराम साहू अपने घर मे छिपाकर रखा था। तिल्दा पुलिस चोरी की समान को बरामद जब्त दोनों आरोपी को गिरफ्तार कर रिमांड से जेल भेज दिया है।

न्यायाधीश ने छोड़ी कुर्सी; विधानसभा बिलाईगढ़ से मांगी कांग्रेस की टिकट

रायपुर, 21 अगस्त (देशबन्धु)। कांकेर के मुख्य न्यायिक न्यायाधीश कृष्णकांत भारद्वाज ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। शनिवार को त्याग पत्र देने के बाद वे बिलाईगढ़ पहुंचे। यहां उन्होंने ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष भागवत साहू के जरिए कांग्रेस की सदस्यता हासिल की। इस दौरान एक आवेदन पत्र सौंपते हुए उन्होंने कांग्रेस की ओर से बिलाईगढ़ से विधानसभा चुनाव लड़ने की दावेदारी भी पेश कर दी है। जानकारी के अनुसार कांकेर जिला के न्यायाधीश एवम मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट कृष्णकांत भारद्वाज ने कल बिलाईगढ़ विधानसभा के उम्मीदवार तौर पर अपने समर्थकों के साथ कांग्रेस पार्टी के कार्यालय बिलाईगढ़ पहुंचकर अपना आवेदन क्लाक अध्यक्ष भागवत साहू को सौंपा। पूर्व में चर्चा थी कि न्यायाधीश कृष्णकांत अपने जज पद से त्याग पत्र देकर विधानसभा बिलाईगढ़ से चुनाव लड़ सकते है।उन्होंने अपने पद से त्यागपत्र सौंप दिया हैं। इसके बाद 20 अगस्त को ही बिलाईगढ़ कांग्रेस कार्यालय आकर अपना आवेदन पत्र जमा कर दिए। उन्होंने 3 माह पहले ही विधानसभा के समस्त कांग्रेस कार्यकर्ता एवम जनता से जनसपर्क कर रहे थे जिनके आधार पर कयास लगाया गया था कि वे विधानसभा चुनाव लड़ सकते हैं। विगत दिवस उन्होंने प्रत्याशी बनाए जाने को लेकर कांग्रेस पार्टी के छत्तीसगढ़ प्रभारी शैलजा से भी मुलाकात की थी। न्यायाधीश बिलाईगढ़ तहसील के ग्राम रामभाठा ग्रामपंचायत सेंदुरस के मूल निवासी हैं। न्यायाधीश को न्यायिक कार्य करते हुए चौदह वर्ष से अधिक हो चुके हैं। उनकी सेवा अवधि 16 वर्ष और बची हुई है।

साइबर अपराध से निपटने पुलिस को और सतर्क होना होगा : डीजीपी

रायपुर 21 अगस्त (देशबन्धु)। पुलिस महानिदेशक अशोक जुनेजा के मुख्य आतिथ्य में आज पुलिस मुख्यालय नवा-रायपुर में 02 दिवसीय गूगल और पेटीएम साईबर प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। पुलिस मुख्यालय और वित्तीय कारोबार संचालित करने वाली गूगल एवं पेटीएम के प्रशिक्षित अधिकारियों की टीम द्वारा सभी जिलों से आये साईबर नोडल पुलिस अधिकारी (अतिरिक्त/ उप पुलिस अधीक्षक स्तर) एवं जिला साईबर सेल के प्रभारी पुलिस अधिकारियों एवं रेंज स्तर से साईबर थाने में पदस्थ पुलिस अधिकारी/कर्मचारी को साईबर ठगी की रोकथाम और त्वरित कार्यवाही किये जाने हेतु पुलिस अधिकारियों को प्रशिक्षित किया जायेगा।

पुलिस महानिदेशक श्री जुनेजा ने प्रशिक्षण कार्यक्रम में राज्य के सभी जिलों से आये साईबर नोडल पुलिस अधिकारी एवं जिला साईबर सेल के प्रभारी पुलिस अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा

कि साईबर अपराध ठगी और ब्लेकमेलिंग जैसी अपराधों की बढ़ती संख्या को ध्यान में रखते हुए पुलिस अधिकारियों को और अधिक सतर्क रहने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि आईटी एक्ट के अलावा डॉटा प्रोटेक्शन एक्ट 2023 भी लागू हो गया है। इसमें साईबर ठगी के बढ़ते मामलों से निपटने और अपराधियों को पकड़ने तथा न्यायालय से दण्डित कराने के प्रावधान किये गये हैं, इन प्रावधानों से साईबर अपराधियों को दण्ड दिलाने में मदद मिलेगी।

पुलिस मुख्यालय में 2 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ

श्री जुनेजा ने सभी पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया कि साईबर ठगी के मामलों में अपडेट जानकारी हार्ड एवं साफ्ट कॉपी दोनों उपलब्ध होनी चाहिए जिससे प्रार्थी या शिकायतकर्ता के शिकायत का समाधान यथाशीघ्र किया जा सके। उन्होंने साइबर अपराधियों द्वारा अन्य राज्यों में बैठकर किये जाने वालों अपराधों पर अंकुश एवं अपराधियों को पकड़ने के लिए अन्य राज्यों के पुलिस अधिकारियों से समन्वय बनाकर शीघ्रतापूर्वक कार्य करना चाहिए।

इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक प्रदीप गुप्ता ने अपने संबोधन में कहा कि अपराधी को पकड़ना साक्ष्य एकत्रित करना एवं अपराधी को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर उसे दण्ड दिलाना पुलिस के लिए बहुत बड़ी चुनौती है, इसलिए पुलिस को आधुनिकतम रूप से प्रशिक्षित होना बहुत आवश्यक है। उन्होंने आशा व्यक्त किया कि गूगल और पेटीएम जैसे वित्तीय कार्य संपादित करने वाली संस्थाओं के अधिकारियों द्वारा दिया जाने वाला प्रशिक्षण पुलिस अधिकारियों के लिए उपयोगी सिद्ध होगा।प्रशिक्षण कार्यक्रम में गूगल और पेटीएम के प्रशिक्षित अधिकारियों की टीम द्वारा स्क्रब- (लाइन्फोर्समेंट रिव्हेस्ट सिस्टम) पोर्टल, फ्राड, इमरजेंसी रिव्हेस्ट, फ्राड ट्रेंड, बिजनेस, ट्रान्जेक्शन, मानिटरिंग संबंधी विषयों पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी। अपरान्ह में पेटीएम की टीम द्वारा ऑनलाईन बैंकिंग की कार्यप्रणाली एवं पेटीएम द्वारा साईबर क्राईम को रोकने की दिशा में उठाये गये कदम के बारे में विस्तार से बताया गया। कार्यक्रम का संचालन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक साईबर क्राईम कविं गुप्ता ने किया। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक एसआरपी कल्लूरी, हिमांशु गुप्ता सहित पुलिस मुख्यालय के वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

संपादकीय

युवाओं पर सरकार का खास फोकस

राजनीति में युवाओं की दिलचस्पी जगजाहिर है। राजनीतिक दलों की अपनी-अपनी युवा इकाइयां हैं। राजनैतिक दल छात्र राजनीति को भी प्रभावित करते रहे हैं। हालांकि वे कहते हैं छात्र संगठन, स्वतंत्र संगठन हैं, इन संगठनों को राजनीति से जोड़ना ठीक नहीं है। इसके विपरीत राजनीति में छात्र भी सक्रिय भागीदारी निभाते आए हैं। संगठन के रूप में उनकी पहचान दल विशेष से जुड़े होने की भी है। इस बार दिवंगत प्रधानमंत्री राजीव गांधी की जयन्ती पर इस बात की चर्चा जोरशोर से की गई कि उन्होंने 18 वर्ष के युवाओं को मतदान का अधिकार दिया। इसकी याद भी आनी ही थी क्योंकि कुछ माह बाद बुवाब भी होने वाले हैं। इन नए और युवा वोटरों की भूमिका महत्वपूर्ण हो सकती है। कांग्रेस इस चुनाव से सधे कदमों से आगे बढ़ रही है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पहले सरकार और संगठन का प्रभाव का पता लगाने पहले भेंट-मुलाकात कार्यक्रम के जरिए राज्य के हर हिस्से में पहुंचे। इस कार्यक्रम में उन्होंने समाज प्रमुखों से मिलने के अलावा कांग्रेस के नेताओं और जनप्रतिनिधियों से जनभावनाओं को जानने की कोशिश की। इन दिनों मुख्यमंत्री भेंट-मुलाकात युवाओं के साथ कार्यक्रम में युवाओं से सीधा संवाद कर रहे हैं। ऐसा ही युवा संवाद मुख्यमंत्री सरगुजा संभाग में मंगलवार को करने वाले हैं। इस संवाद में पूरे संभाग से हजारों की संख्या में युवा पहुंचते हैं और उनका मुख्यमंत्री से सीधा संवाद होता है। युवा हित में इस संवाद के बाद सरकार ने कुछ अहम फैसले भी किए हैं। युवाओं को लगता है उनकी भावनाएं समझी जा रही हैं। कालेज आने-जाने में होने वाली परेशानी इसी संवाद में युवाओं की ओर से मुख्यमंत्री के सामने रखी गई थी। सरकार कालेज आने-जाने वाले छात्र-छात्राओं को बसों में मुफ्त सवार का ऐलान कर चुकी है। इसी तरह सरकार ने युवाओं के हित में कुछ अन्य अहम फैसले भी लिए हैं। सरगुजा के युवा संवाद में भी हो सकता है कुछ अहम मुद्दों की चर्चा हो और मुख्यमंत्री कुछ नई घोषणाएं करें। जाहिर है जब मौका दिया जाए तो युवा जुड़ते हैं। इस कार्यक्रम के जरिए मुख्यमंत्री ने युवाओं को जोड़ने का काम किया है, जिसका लाभ चुनावों में भी मिल सकता है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी युवाओं को आगे लाना चाहते हैं। उन्होंने पार्टी के स्तर पर लीक से हटकर कइयों को मौका भी दिया है। युवा संवाद कार्यक्रम की ही कड़ी में एक युवा संवाद राहुल गांधी के साथ करने की भी तैयारी है। दो सितम्बर को यह युवा संवाद होगा। युवाओं पर इस तरह सरकार ने फोकस का अर्थ लगाया जा सकता है। आज की राजनीति में नीति-सिद्धांतों से कहीं ज्यादा रणनीति का महत्व हो गया है। ऐसी रणनीति जिसमें लोगों को प्रभावित किया जा सके। छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की स्थिति मजबूत आंकी जा रही है, उसके पीछे उसकी सधी हुई रणनीति है। कांग्रेस की सरकार ने अपनी नीतियों और योजनाओं में भी लोगों को सामने रखकर चलने की कोशिश की है। योजनाओं के जरिए लोगों को सीधा लाभ पहुंचाने का प्रयास किया है।

उल्टा पुल्टा

चिंटू- चिंकी तुम 4 घंटे से कहां गायब थी?
चिंकी- शॉपिंग करने गई थी बेबी.
चिंटू- अच्छा बाबू, क्या-क्या खरीदा?
चिंकी- एक टॉप और ढेर सारी सेल्फी।

कांग्रेस टिकिट के लिये राजीव भवन में लगा रहा दिनभर आवेदन करने वालों का तांता, लोग बाजे-गाजे के साथ पहुंचे

दुर्ग ग्रामीण से विधायक व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने किया आवेदन, दुर्ग शहर से भी 10 दावेदार

दुर्ग, 21 अगस्त (देशबन्धु)। कांग्रेस भवन में आज पूरे दिन दुर्ग शहर व दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस की टिकिट के लिये दावेदारों द्वारा आवेदन पत्र जमा कराने वालों का तांता लगा रहा। दुर्ग ग्रामीण से टिकिट के लिये वहां के वर्तमान विधायक एवं प्रदेश शासन के गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने व्लाक कांग्रेस अध्यक्ष नंद कुमार सेन को आवेदन पत्र सौंपा। दुर्ग ग्रामीण से आवेदन पत्र जमा करने वालों की कुल संख्या 6 है।

इसी तरह दुर्ग से भी 10 लोगों ने अपने अपने आवेदन पत्र व्लाक कांग्रेस अध्यक्षों को सौंपे है। इन आवेदन पत्रों के आने से अब भी स्पष्ट हो गया कि दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस प्रत्याशी वर्तमान विधायक ताम्रध्वज साहू तथा दुर्ग शहर विधायक अरूण वोरा चुनौतीविहीन नहीं है। दुर्ग शहर से अभी तक विधायक अरूण वोरा ने आवेदन पत्र जमा नहीं किया है।

इधर ताम्रध्वज साहू आज दोपहर करीब साढ़े 3 बजे भारी लाव लश्कर के साथ राजीव भवन (कांग्रेस भवन) पहुंचे। वे अखिल भारतीय कांग्रेस कार्यसमिति के सदस्य बनने के बाद पहली बार पहुंचे। उनके स्वागत के लिये जिला कांग्रेस के अध्यक्ष, महापौर भिलाई-3 निर्मल कोसरे एवं अन्य प्रमुख कांग्रेस पदाधिकारीगण बड़ी संख्या में उपस्थित थे। उनके साथ प्रदेश कांग्रेस के महामंत्री जितेन्द्र साहू, छत्तीसगढ़ श्रम कल्याण मंडल के उपाध्यक्ष केशव बंटी हरमुख, जिला पंचायत अध्यक्ष पुष्पा यादव, जनपद अध्यक्ष दुर्गा देवेन्द्र देशमुख, पूर्व जनपद अध्यक्ष मोहनलाल हरमुख, रिवेन्द्र यादव, नंद कुमार सेन, भिलाई कांग्रेस अध्यक्ष अमित चंद्राकर, सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित थे। इस अवसर पर मंत्री श्री साहू ने अपने सभी कार्यकर्ताओं से पुनः कांग्रेस टिकिट मांगने के लिये सहमति ली उन्होंने अपनी राजनीतिक यात्रा में कार्यकर्ताओं से मिले उत्साहवर्धक सहयोग का उल्लेख करते हुए भविष्य में भी सहयोग की उम्मीद व अनुरोध किया। इसके बाद श्री साहू ने ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष नंद कुमार सेन को आवेदन पत्र सौंपा।

श्री साहू ने बताया कि पार्टी के निर्णय अनुसार जिसकी भी कांग्रेस टिकिट से चुनाव लड़ने की इच्छा है उसे ब्लाक कांग्रेस कमेटी में आवेदन करना होगा। ब्लाक कांग्रेस कमेटी सभी आवेदन पत्रों को जिला कांग्रेस कमेटी को और जिला कांग्रेस कमेटी प्रदेश कांग्रेस कमेटी को आवेदन अपनी अपनी टिप्पणियों के साथ भेजेगी। यहां से आवेदन पत्र अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी भेजे जाएंगे। जहां पर स्क्रीनिंग कमेटी के निर्णय के बाद पार्टी हाईकमान से टिकिट जारी होगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि टिकिट के लिये कोई भी कार्यकर्ता आवेदन कर सकता है। हाई कमान का निर्णय सर्वमान्य हो सकता है। पार्टी जिसे भी टिकिट देगी सभी एकजुट होकर उसका कार्य करेगें।

प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनायेगें।

प्रदेश में कानून व्यवस्था अच्छी : इस अवसर पर पत्रकारों द्वारा पूछने पर उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रदेश में कानून व्यवस्था काफी अच्छी है। घटनाओं को पहले से नहीं रोका जा सकता मगर किसी भी घटना के बाद मामले को तत्परता से सुलझाया जा रहा है। आरोपी पकड़े जाते है। उन्होंने महादेव एप के मामले में कहा कि कानून अपने अनुसार कार्य करेगा। ईडी किसी वांछित अपराधी को पकड़ती है तो वह जायज है।

भाजपा के पास प्रत्याशी नहीं : पाटन से सांसद विजय बघेल को टिकिट देने के सवाल पर उन्होंने कहा कि भाजपा को वहां कोई दूसरा प्रत्याशी नहीं मिला इसलिये विजय बघेल को खड़ा किये है।

अब तक 6 दावेदार : दुर्ग ग्रामीण विधानसभा से टिकिट के लिये अब तक 6 दावेदारों ने टिकिट के लिये आवेदन किया है। युवा कांग्रेस के नेता जयंत देशमुख भी आज सैकड़ों लोगों के साथ बाजे गाजे ढोल नगाड़ों व आतिशबाजी के साथ राजीव नगर पहुंचे और ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष नंद कुमार सेन को आवेदन पत्र सौंपा। इस मौके पर श्री देशमुख ने कहा कि वे पूर्व के भी चुनावों में टिकिट मांगते रहे है। वे कांग्रेस के अनुशासन से बंधे है, पार्टी के हर निर्णय का पालन करेगें।

दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस की टिकिट के लिये आवेदन करने वालों में मंत्री ताम्रध्वज साहू के अलावा भोला कोसरिया, कल्पना देशमुख, रामेश्वर प्रसाद, योगिता चंद्राकर, जयंत देशमुख, धमेन्द्र देशमुख ने आवेदन किया है।

शहर से 10 आवेदन, राजेश, मदन, दीपक, ऋषभ भी आवेदन कर्ता : दुर्ग शहर विधानसभा क्षेत्र से आज शाम 5 बजे तक 10 कांग्रेसजनों ने टिकिटार्थियों ने अपने आवेदन पत्र पश्चिम ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष राजकुमार साहू को आवेदन पत्र सौंपें। विधायक अरूण वोरा ने आज आवेदन नहीं किया है। उन्होंने बताया कि वे कल 22 अगस्त को आवेदन करेगें।

दुर्ग शहर से आवेदन करने वालों में वरिष्ठ कांग्रेस पार्षद मदन जैन, नगर निगम सभापति राजेश यादव, पार्षद ऋषभ जैन, वरिष्ठ नेता दीपक दुबे, अधिवक्ता आशीष तिवारी, पोषण लाल साहू बोरसी, भुनेश्वर साहू, कल्पना देशमुख, संजू (संजय) धनकर शामिल है।

पार्टी के साथ रहेगें: ऋषभ जैन

इस संबंध में जब एक दावेदार ऋषभ जैन से पूछा गया कि क्या वे पार्टी से टिकिट न मिलने पर बगावत कर निर्दलीय मैदान में उतरेगें। उन्होंने कहा कि वे पार्टी के अनुशासित सिपाही है। कांग्रेस ने आवेदन का अवसर अपनी लोकतांत्रिक प्रक्रिया के अनुरूप दिया है जिसका पालन करते हुए उन्होंने अपनी दावेदारी पेश की है। यह पूछे जाने पर कि आपकी एक विज्ञप्ति में कहा गया है कि आप पर आवेदन वापस लेने को लेकर काफी दबाव डाला जा रहा है। दबाव डालने वाले लोग कौन है ? क्या विधायक अरूण वोरा समर्थक दबाव डाल रहे है। श्री जैन ने कहा कि उन्होंने कोई विज्ञप्ति जारी नहीं कराई है। कौन दबाव डाल रहा है या नही डाल रहा है यह पता आगे लगेगा। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया है कि वे कांग्रेस के निर्देश का पालन करेगें। जिसे भी टिकिट मिलेगी उसके पक्ष में कार्य करेगें।

जिला सहकारी विकास समिति का गठन

दुर्ग, 21 अगस्त (देशबन्धु)।देश में सहकारी आंदोलन को मजबूती प्रदान करने एवं उसकी जमीनी स्तर पर पहुंच बनाने हेतु राज्य शासन द्वारा जिला सहकारी विकास समिति का गठन सहकार से समृद्धि के दृष्टिकोण व सहकारिता आंदोलन को मजबूती प्रदान एवं उसकी पहुंच को जनसाधारण तक सुलभ करने की उद्देश्य से किया गया है। जिसकी प्रथम बैठक आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में कलेक्टर पुष्पेन्द्र कुमार मीणा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में सहकारिता विभाग के अधिकारियों ने अवगत कराया कि जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित दुर्ग से सम्बद्ध प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों की आदर्श उपविधि का अंगीकरण कर समितियों को बहुउद्देशीय एवं बहुआयामी बनाने के उद्देश्य से जिले की 87 प्राथमिक कृषि सहकारी समितियों के उपविधि में संशोधन की कार्यवाही 20 जुलाई तक पूर्ण की जा चुकी है। प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों का कम्प्यूटरीकरण परियोजना के अंतर्गत जिला दुर्ग में पायलट प्रोजेक्ट के रूप में चिन्हित 3 प्राथमिक कृषि शेष पृष्ठ 9 पर

हेमचंद विवि में 1 सितंबर से माइग्रेशन एवं डिग्री के लिए ऑनलाईन आवेदन

दुर्ग, 21 अगस्त (देशबन्धु)। हेमचंद यादव वि.वि., दुर्ग में 1 सितंबर से माइग्रेशन सर्टिफिकेट तथा स्नातक एवं स्नातकोत्तर तथा पीएचडी की डिग्री प्राप्त करने हेतु सभी विद्यार्थी वि.वि. के पोर्टल के माध्यम से ऑनलाईन आवेदन प्रस्तुत कर सकेंगे। इससे दूरदराज से आने वाले विद्यार्थियों को होने वाली कठिनाई का काफी हद तक निराकरण हो सकेगा। यह जानकारी देते हुए अधिष्ठाता छात्र कल्याण, डॉ. प्रशांत श्रीवास्तव ने बताया कि अरूणा पल्टा ने आज वि.वि. में अधिकारियों की बैठक लेकर इस बात के निर्देश दिये।

उल्लेखनीय है कि नये शैक्षणिक सत्र में बड़ी संख्या में प्रवेश लेने वाले तथा बाहर के संस्थानों में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों को माइगेशन सर्टिफिकेट की आवश्यकता होने के कारण वि.वि. परिसर स्थित काउंटर पर विद्यार्थियों को लम्बी कतार में लगना पड़ता था जिसके कारण समय भी काफी लगता था तथा कभी-कभी वाद-विवाद की स्थिति भी निर्मित हो जाती थी। इस पर संज्ञान लेते हुए कुलपति, डॉ. अरूणा पल्टा ने प्रवेश, एवं परीक्षा तथा पात्रता सर्टिफिकेट प्राप्त करने हेतु ऑनलाईन आवेदन की सुविधा उपलब्ध थी इसी सुविधा का विस्तार करते हुए अब माइग्रेशन तथा उपाधि प्राप्ति हेतु भी ऑनलाईन व्यवस्था किये जाने के निर्देश दिये।

कुलपति कक्ष में आयोजित बैठक में कुलसचिव, भूपेन्द्र कुलदीप, अधिष्ठाता छात्र कल्याण, डॉ. प्रशांत श्रीवास्तव, उपकुलसचिव, डॉ. सुमीत अग्रवाल, हिमांशु शेखर मंडावी की उपस्थिति में कुलपति, डॉ. पल्टा ने पुर्नमूल्यांकन तथा पुर्नगणना के प्रकरणों का निदान 31 अगस्त तक करवाये जाने के निर्देश भी दिये।

भाजपा ने शुरू किया प्रवासी विधायक कार्यक्रम

बिहार से आकर सीतामढ़ी के विधायक मिथिलेश गुप्ता ले रहे बैठकें

दुर्ग, 21 अगस्त (देशबन्धु)। विधानसभा चुनाव के मद्देनजर भाजपा द्वारा चलाये जा रहे प्रवासी विधायक कार्यक्रम के तहत विगत दो दिनों से दुर्ग शहर विधानसभा क्षेत्र में बिहार सीतामढ़ी के विधायक मिथिलेश गुप्ता ने विभिन्न स्थानों में पार्टी कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों की बैठक लेकर पार्टी की जीत के लिये लगातार कार्य करने का आव्हान किया। उन्होंने बूथ स्तर से मंडल स्तर के कार्यकर्ताओं से व्यक्तिशः चर्चा कर जरूरी जानकारियां ली। आज पूरा ने विधानसभा चुनाव के बाद होने वाले लोकसभा चुनाव को लेकर भी टिप्स दिये।

श्री गुप्ता ने अपने प्रवास के दूसरे दिन आज चंडी शीतला मंडल में मंडल स्तरीय बैठके ली। एसटी, एससी कार्यकर्ताओं के साथ बैठकें ली। विभिन्न महिला स्व सहायता समूह की महिलाओं एवं निर्वाचित जनप्रतिनिधियों की बैठल की। पहले दिन भी उन्होंने कार्यकर्ताओं के साथ बैठकर चुनावी तैयारियों, वाल राइटिंग, सोशल मीडिया में चल रहे कार्यों की समीक्षा की व निर्देश दिये।

बैठक में जिला भाजपा अध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा, महामंत्री ललित चंद्राकर, सुरेन्द्र कौशिक, उषा टावरी, चंद्रिका चंद्राकर, कांतिलाल बोथरा, पूर्व विधायक डी.एल.कोसेंवाड़ा, विनायक नातू, मनोज मिश्रा, शिव चंद्राकर, डॉ. सुनील साहू, देवनारायण चंद्राकर, श्याम शर्मा, गजेन्द्र यादव, अनूप गटागट भी उपस्थित थे।

गणपति विहार में मनाया गया हरियाली तीज महोत्सव

दुर्ग, 21 अगस्त (देशबन्धु)। एवरग्रीन महिला ग्रुप गणपति विहार बोरसी द्वारा श्रावण मास हरियाली तीज महोत्सव का आयोजन स्थानीय हीरामणि उद्यान में परंपरागत ढंग से मनाया गया।

कार्यक्रम की संयोजिका डाक्टर मंजूशा नामदेव ने बताया कि कालोनी में तीज महोत्सव पर हरे रंग के परिधान में अनेक रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। सोलो डांस, ग्रुप डांस, सोलो गाना में महिलाओं ने हिस्सा लिया। एवरग्रीन महिला ग्रुप ने इन्हें पुरस्कार भी प्रदान किया।

तीज क्वीन बनीं शुभ्रा देशमुख द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर वीणा ठाकुर, आरती चंद्राकर रहीं। सोलो एवं ग्रुप शेष पृष्ठ 9 पर

भटगांव शाला भवन के जीर्णोद्धार की मांग

दुर्ग, 21 अगस्त (देशबन्धु)। कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित होने वाले कलेक्टर जनदर्शन कार्यक्रम में कलेक्टर पुष्पेन्द्र कुमार मीणा ने जिले के विभिन्न स्थानों से पहुंचे लोगों से मुलाकात कर उनकी मांगों एवं समस्याओं के संबंध में जानकारी लेते हुए प्राप्त आवेदनों का शीघ्र निराकरण हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक पहल करने को कहा। आज जनदर्शन में 112 आवेदन प्राप्त हुए।

कलेक्टर जनदर्शन में पाटन निवासी कृषक ने खेत में पानी एवं रास्ता दिए जाने की मांग की। उन्होंने बताया कि अनावेदक के खेत से होकर मेरे खेत में नहर पानी जाता है। वर्तमान में अनावेदक द्वारा मेरे खेत में आने जाने वाले रास्ते एवं नहर पानी को ले जाने नही दिया जा रहा है, जिसके कारण वह कृषि कार्य करने में असमर्थ है। इस पर कलेक्टर ने तहसीलदार पाटन को निरीक्षण कर आवश्यक कार्यवाही करने को कहा।

इसी प्रकार बोरी निवासी ने स्वयं की शेष कृषि भूमि पर अनावेदक द्वारा आम रास्ता बनाए जाने की शिकायत की। उन्होंने बताया कि मेरे जीविका का एकमात्र साधन कृषि भूमि है, जिससे

जनदर्शन में मिले 112 आवेदन

मै अपने परिवार का भरण पोषण करता हूँ। किन्तु अनावेदक द्वारा मेरे शेष बची कृषि भूमि पर बिना किसी न्यायलयीन आदेश व विधिक कार्यवाही के कृषि भूमि पर आम रास्ता बना लिया गया है, जिसके कारण हमेशा अशांति का माहौल बना रहता है। इस पर कलेक्टर ने तहसीलदार बोरी को आवश्यक कार्यवाही करने को कहा।

कैलाश नगर वार्ड-19 के कॉलोनीवासियों ने आम रास्ते को रोककर भवन निर्माण किए जाने की शिकायत लेकर पहुंचे कॉलोनीवासियों ने बताया कि आम रास्ता को रोककर अन्य व्यक्ति द्वारा भवन निर्माण किया जा रहा है, जिससे कॉलोनीवासियों को आने जाने में बहुत परेशानी हो रही है। उन्होंने बताया कि 40-50 वर्षों से आम रास्ता से आना जाना चल रहा था। यदि भवन निर्माण आम रास्ता को छोड़कर बनाया जाए तो कॉलोनीवासियों को परेशानियों का सामना नही करना पड़ेगा। इस पर कलेक्टर ने तहसीलदार नजूल दुर्ग को आवश्यक कार्यवाही करने को कहा। भटगांव सरपंच ने शासकीय प्राथमिक शाला भवन भटगांव का जीर्णोद्धार के लिए आवेदन दिया। उन्होंने बताया कि शासकीय प्राथमिक शाला भटगांव भवन अत्यंत शेष पृष्ठ 9 पर

राज्य स्तरीय शतरंज चैंपियनशिप का शुभारंभ

दुर्ग, 21 अगस्त (देशबन्धु)। अग्रवाल जनकल्याण समिति व अग्रवाल महिला समिति एवं जिला शतरंज संघ के संयुक्त तत्वाधान राज्य स्तरीय अंडर 7 एवं अंडर 11 शतरंज चैंपियनशिप का आयोजन सेक्टर 6 भिलाई स्थित अग्रसेन भवन में 21 अगस्त से 24 अगस्त तक आयोजित किया गया है इसमे राज्य भर के रिकॉर्ड 215 शतरंज खिलाड़ी शह और मात की जोर आजमाइश में अपनी किस्मत आजमा रहे है।

■ प्रदेश के 215 खिलाड़ी शामिल

जिला शतरंज संघ दुर्ग के अध्यक्ष ईश्वर सिंह राजपूत ने बताया कि उक्त चैंपियनशिप में कोरबा के महज साढ़े तीन वर्ष के खिलाड़ी सात्विक शर्मा भी चैंपियनशिप शेष पृष्ठ 9 पर

नगपुरा में मनाया गया तीर्थंकर नेमीनाथ भगवान का जन्म कल्याणक महोत्सव

दुर्ग, 21 अगस्त (देशबन्धु) श्री उवसग्गहरं पार्श्व तीर्थ नगपुरा में आज श्रावण सुद पंचमी को 22वें तीर्थंकर परमात्मा श्री नेमिनाथ भगवान का जन्म कल्याणक आचार्य विजय लब्धि सूरीश्वर की पुण्यतिथि एवं भीष्मपरम्परी आचाय अरिहंतसिद्ध सूरीश्वर जी म.सा. के जन्मतिथि प्रसंग पर तीर्थ में चातुर्मासार्थ विराजित साध्वी मुक्तिप्रियाश्री जी म.सा. 12 की निश्रा में गुणानुवाद सभा आयोजित हुई।

तीर्थ के मैनेजिंग ट्रस्टी पुखराज दुगड़, तीर्थभक्त जयचंद दुगड़, दीप प्रज्जवलन एवं माल्यार्पण, कार्यक्रम का शुभारंभ किया। आज श्री नेमिनाथ प्रभु को वर्धमान शक्रस्तव स्तोत्र के साथ महाअभिषेक किया गया। गुणानुवाद सभा में 22वें तीर्थंकर श्री नेमिनाथ प्रभु के जीवन चरित्र को स्मरण करते हुए नेमिनाथ प्रभु की जीवदया प्रेम की भावना को आत्मसात करने का संकल्प लिया गया। पू. आचार्य भगवंत विजय लब्धिसूरीश्वर आरोग्यम् नगपुरा के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. दानेश्वर टंडन, महिला चिकित्सा अधिकारी डॉ. पूजा भेसले ने महापुरूषों के तैलचित्र सम्मुख शेष पृष्ठ 9 पर

निर्माण पूर्ण नहीं करने वाले ठेकेदार होगें ब्लेक लिस्टेड : आयुक्त

भिलाई नगर, 21 अगस्त (देशबन्धु)।सुपेला शीतला तालाब का सौंदर्यीकरण कार्य को पूर्ण नहीं करने वाले ठेकेदार को काली सूची में डालने तथा प्रगतिरत कार्य को सितम्बर माह में पूर्ण करने निर्देश के साथ निगम में चल रहे विभिन्न निर्माण कार्यों का आयुक्त ने किया समीक्षा।

नगर पालिक निगम, भिलाई के आयुक्त रोहित व्यास ने निगम क्षेत्र में चल रहे विभिन्न मदो के विकास कार्य, निर्माण कार्य, मुख्यमंत्री घोषणा, तालाबों का सौंदर्यीकरण, वृक्षारोपण कार्यों की जोनवार समीक्षा करते हुए सभी जोन आयुक्तों से कहा की मुख्यमंत्री घोषणा के जितने भी कार्य चल रहे है, उसका प्रतिदिन स्थल अवलोकन कर प्रगति से अवगत हो, आयुक्त ने इस बात पर नाराजगी व्यक्त किये की कार्यादेश जारी होने के बाद भी निगम क्षेत्र के विभिन्न निर्माण कार्यों को समय सीमा में

ठेकेदार द्वारा पूर्ण नहीं किया जा रहा है, उन्होने अधीक्षण यंत्री से कहा की ठेकेदार द्वारा निर्माण को पूर्ण करने में किये जा रहे विलम्ब की पृथक से समीक्षा कर सूची तैयार कर अवगत करावे। आयुक्त ने स्पष्ट किया की सौपे गये कार्य में कोताही बरतने वाले ठेकेदार के विरूद्ध कार्यवाही हेतु जोन आयुक्त ठेकेदार को नोटिस जारी कर ब्लेक लिस्ट करने प्रस्तावित करे। निगम क्षेत्र में चल रहे मुख्यमंत्री घोषणा, सांसद निधि, विधायक निधि, महापौर निधि, पार्षद निधि के प्रगतिरत कार्य को शीघ्र पूर्ण करे। इसी प्रकार अप्रारंभ कार्य को शीघ्र प्रारंभ करने के निर्देश अधिकारियों को दिये।

आयुक्त श्री व्यास ने तालाबों के कार्यों की समीक्षा करते हुए सुपेला शितला तालाब के सौंदर्यीकरण कार्य में ठेकेदार द्वारा बरती जा रही लापरवाही के लिए मेसर्स गोपाल उपाध्याय कंस्ट्रक्शन कंपनी को ब्लेक लिस्ट करने का निर्देश जोन आयुक्त जोन -02 को दिये। उन्होने स्कूल जतन योजना, सार्वजनिक भवन निर्माण, स्कूलो का संधारण कार्य, यात्री प्रतिक्षालय निर्माण, सियान सदन, महिला सदन, धार्मिक न्याय, समग्र शिक्षा अंतर्गत चल रहे कार्य, स्वामी आत्मानंद स्कूल में शौचालय निर्माण कार्य, वार्डों में प्रसाधन निर्माण, मंच व चबुतरा निर्माण, गोठान निर्माण, डोम शेड निर्माण, वृक्षारोपण, वाटर एटीएम, सीसी रोड, सामुदायिक भवन शेष पृष्ठ 9 पर

तालाब में डूबने से दो बच्चियों की मौत

भिलाईनगर, 21 अगस्त (देशबन्धु)। पाटन थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम भंसूली में दो बच्ची की तालाब में डूबने से मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि एक बच्चे की उम्र 2 वर्ष एवं एक बच्चे की उम्र 3 वर्ष के करीब है। घटना करीब दोपहर 12 की बताई गई है। पुलिस ने बताया कि ग्राम भंसूली में आज दो बच्चियां खेलते खेलते तालाब तक जा पहुंची और नहाने के लिए उसमें उतर गई, लेकिन इस दौरान दोनों ही बच्चियों डूब गई। जिन्हें तत्काल तालाब से बाहर निकाला गया और शासकीय अस्पताल पाटन ले जाया गया परंतु दोनों ही बच्चियों की मौत हो गई। रुद्राणी पिता पिंकी 2 वर्ष एवं कुमारी इशिका, पिता भूषण ढीमर 5 वर्ष शामिल है। सूचना मिलते ही जिला पंचायत उपाध्यक्ष अशोक साहू ने प्राइवेट गाड़ी में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पाटन भेजे और बीएमओ डॉक्टर शर्मा को त्वरित इलाज करने के निर्देशित दिए। डाक्टर ने जांच के दौरान मृत घोषित कर दिया। फिलहाल पुलिस के द्वारा मार्ग कम कायम कर विवेचना में लिया है।

तीन वार्डों में हमर क्लिनिक का भूमिपूजन

चरोदा भाठा, जी.केबिन और उरला में 37-37 लाख से बनेगा भवन

भिलाईनगर, 21 अगस्त (देशबन्धु)। भिलाई-3 देश के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. राजीव गांधी की जयंती पर भिलाई-चरोदा महापौर निर्मल कोसरे ने क्षेत्र को स्वास्थ्य सुविधाओं की सौगात से नवाजा है। महापौर ने निगम क्षेत्र के तीन वार्डों में हमर क्लिनिक निर्माण के लिए भूमिपूजन किया। शीघ्र ही वार्ड 22 चरोदा भाठा, वार्ड 35 जी.केबिन और वार्ड 30 उरला में 37-37 लाख की लागत से भवन निर्माण पूरा कर आम जनमानस को हमर क्लिनिक के माध्यम से स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान की जाएगी। भिलाई-चरोदा नगर निगम क्षेत्र के लिए पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की जयंती का दिन सौगातों भरा रहा। महापौर निर्मल कोसरे ने इस दिन को विशेष बनाते हुए तीन अलग-अलग वार्डों में हमर क्लिनिक निर्माण के लिए भूमिपूजन किया। तीनों चिन्हित वार्ड में 37-37 लाख रुपए की लागत से हमर क्लिनिक संचालित करने सर्व सुविधायुक्त भवन का निर्माण किया जाएगा। वार्ड 22 चरोदा भाठा में दादर रोड सहित वार्ड 35 जी. केबिन और वार्ड 30 उरला में हमर क्लिनिक शुरू हो जाने के बाद इन वार्डों में रहने वालों को स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर भिलाई-3 व चरोदा शहर पर निर्भरता कम हो जाएगी। महापौर निर्मल कोसरे ने भूमिपूजन उपरांत बताया कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में प्रदेश स्तर पर स्वास्थ्य सुविधाओं में लगातार इजाफा हो रहा है। हमर क्लिनिक योजना इसका प्रत्यक्ष प्रमाण है। नगर निगम क्षेत्र में भिलाई-3 के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और चरोदा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र आने वालों को उनके अपने वार्ड के आसपास हमर क्लिनिक से स्वास्थ्य सुविधाएं मिलने लगेगी। उन्होंने बताया कि भिलाई .चरोदा निगम क्षेत्र में 7 हमर क्लिनिक बनाया जाना है। जिसमें से वार्ड 40 गनियारी, वार्ड 02 हथखोज और दादर वार्ड में पूर्व में हो चुके भूमिपूजन के साथ निर्माण कार्य प्रगति पर है। शीघ्र ही एक और हमर क्लिनिक के लिए वार्ड का चयन कर भूमिपूजन किया जाएगा। इस अवसर पर एमआईसी सदस्य मोहन साहू, एस. वेंकट रमना, ईश्वर साहू, पार्षद टेनेन्द्र ठाकरे, ललित दुर्गा, निशा राजेश यादव, पूर्व पार्षद आशीष वर्मा, गिरजा शंकर बंछोर, युवराज कश्यप, प्रकाश दुर्गा सहित बड़ी संख्या में वार्ड के नागरिक उपस्थित थे। महापौर निर्मल कोसरे ने कहा कि इस योजना के शुरु हो जाने से लोगों को इलाज के लिये भटकना नही पड़ेगा।

ठाकुराइन टोला में निकली भव्य कांवर यात्रा

भिलाईनगर, 21 अगस्त (देशबन्धु)। बोल बम कांवर यात्रा समिति की बैठक ग्राम ठाकुराइन टोला (पाटन) में लिये निर्णय के अनुसार आज 21 अगस्त को बोल बम कांवर यात्रा समिति पाटन द्वारा 13 वर्षों से लगातार काँवर यात्रा धूमधाम के साथ पुराना बाजार चौक पाटन से टोलाघाट के लिए काँवर यात्रा निकली गई। टोलाघाट में शिवभक्तों को 31000 रुद्राक्ष का वितरण किया गया। बोल बम कांवर यात्रा के संयोजक जितेंद्र वर्मा ने समिति के सदस्यों व ग्रामीणों के बीच कार्य विभाजन कर व्यवस्था की जिम्मेदारी सबको दी गई थी। जिसके तहत भोजन व्यवस्था, रुद्राक्ष वितरण व्यवस्था, मंच व्यवस्था, पार्किंग व्यवस्था, पूजा व्यवस्था, मीडिया व्यवस्था, अतिथि व्यवस्था सहित अन्य व्यवस्थाओं के लिए कार्य विभाजन कर सबको जिम्मेदारी दी गई थी, ताकि किसी भी भक्त को कोई परेशानी न हो। बोल बम कांवर यात्रा में शामिल होने के लिये लोगों को आमंत्रण कार्ड भी बंट गया था। बोल बम कांवर यात्रा के संयोजक एवं सभी सदस्यों ने व्यवस्था सुनिश्चित की हुई थी। यात्रा में प्रमुख रूप से माधव प्रसाद वर्मा, विनोद साहू, दिलीप साहू, गिरधर वर्मा, योगेश भाले, पूनेंद्र सिन्हा, पूनम सिन्हा, संजू वर्मा, पदमान साहू, मिलन देवांगन, गजेन्द्र साहू, केवल देवांगन, केशव बंछोर, सागर सोनी, संजु वर्मा, राजेन्द्र वर्मा, वासु वर्मा, जयप्रकाश साहू, समीर बंछोर, रमेश वर्मा, अभय पटेल, महेश लहरी, ध्रुव साहू, छविराम निषाद, द्रोण चंद्राकर, गोपीचंद धरमगुड़ी, मुकुंद साहू, दामोदर चऊधारी, ओंकार कौशिक, सुनील वर्मा, नीलमणि साहू, योगेश्वर साहू, नारद सेन, भूषण, जगतपाल, सुखराम सहित बड़ी संख्या में बोल बम कॉवर यात्रा महिलाओं सहित के समिति के सदस्य उपस्थित थे।

उत्कृष्ट कार्य करने वालों का हुआ सम्मान

भिलाईनगर, 21 अगस्त (देशबन्धु)। एक शाम मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्री राम के नाम स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर इस भक्ति में और देशभक्ति से भरे आयोजन में 1001 दियो की महाआरती साथी राम स्तुति, हनुमान चालीसा का सामूहिक पठन, देशभक्ति से भरे ऑर्केस्ट्रा का गायन, रामायण के शबरी प्रसंग पर नाटक मंचन और इसके अतिरिक्त छत्तीसगढ़ के 36 विशिष्ट योगदान देने वाले सम्मानित गणों को डॉक्टर अब्दुल कलाम सम्मान से नवाजा गया। माता कौशल्या के प्रदेश छत्तीसगढ़ में भिलाई वैशाली नगर विधानसभा में मंत्री ताम्रध्वज साहू मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित थे। यह कार्यक्रम अपने आप में एक विशिष्ट अंदाज और पहचान के साथ आयोजित किया गया। अरुण सिसोदिया के अनुसार इसका मुख्य उद्देश्य वैशाली नगर विधानसभा व भिलाई में रामराज की परिकल्पना में एक छोटा सा प्रयास था। जिसमे सभी धर्म, समुदाय, प्रान्त व विचार के लोगो का भाईचारा, प्रेम और देश की अखंडता को एक सूत्र में पिरोया जा सके। इस कार्यक्रम में पूर्व मंत्री बदरुद्दीन कुरैशी व सम्मान पाने वाले गणमान्य सेना के जवान, पूर्व सैनिक, कोरोना में विशिष्ट सेवा करने वाले, एसामाजिक संगठनों के लोग जैन समाज, सिख समाज, सतनाम पंथ, हिन्दू समाज, क्रिस्चियन समाज, बौद्ध समाज के सम्माननित खिलाड़ी व अन्य विभितियो को सम्मानित स्वर्ग गौरव की अनुभूति प्राप्त किये इस आयोजन को सफल बनाने में तथा कार्यक्रम में उपस्थित अथितियों व आम जनता के प्रति अरुण सिसोदिया ने आभार व्यक्त किया। श्री सिसोदिया ने कहा कि जिन लोगों को सम्मानित किया गया है, वे सभी अपने-अपने क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य कर प्रदेश के विकास में अपना अमूल्य योगदान दे चुके है। उन्होनें कहा कि सम्मान करने का उद्देश्य केवल उन्हें प्रेरित करना था।

अंगदान महोत्सव पखवाड़ा के समापन पर संगोष्ठी

भिलाईनगर, 21 अगस्त (देशबन्धु)। अंगदान महोत्सव पखवाड़ा के समापन पर एक राष्ट्रीय स्तर की संगोष्ठी में देश के कई प्रख्यात सर्जरी विशेषज्ञों ने अंगदान पर अपने विचार रखें। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ प्रमोद बिनायके ने अंगदान के प्रति जागरूकता बढ़ाने हेतु इस प्रकार की संगोष्ठी के आयोजन की आवश्यकता बताई। वक्ता डॉ संतोष नसीने थे उन्होंने किडनी ट्रांसप्लांट पर महत्वपूर्ण जानकारी दी। डीके हॉस्पिटल के प्लास्टिक सर्जरी विभाग के अध्यक्ष डॉ दक्षेश शाह ने स्किन बैंकिंग और स्किन ट्रांसप्लाटेशन के बारे में विस्तार से समझाया। रायपुर के लिवर ट्रांसप्लांट सर्जन डॉ अजीत मिश्रा ने लीवर प्रत्यारोपण की बारीकियों के बारे में चर्चा की। जबलपुर मेडिकल कॉलेज के प्लास्टिक सर्जरी के विभाग अध्यक्ष डॉ पवन अग्रवाल ने स्किन बैंकिंग के लिए कानून कायदे की व्यापक जानकारी दी। भोपाल के गांधी मेडिकल कॉलेज से आए प्लास्टिक सर्जरी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ अरुण भटनागर ने स्किन बैंक के निर्माण तथा उपकरणों के संबंध में उपयोगी जानकारी दी। केईएम अस्पताल मुंबई की प्लास्टिक सर्जरी विभाग अध्यक्ष डॉ विनीता पुरी ने हैंड ट्रांसप्लांट पर दिये व्याख्यान पर सभागार में उपस्थित सभी लोगों ने खड़े अभिवादन किया। इस कार्यक्रम में मध्य प्रदेश तथा छत्तीसगढ़ के वरिष्ठ प्लास्टिक सर्जन डॉ एम एल जैन, डॉ ममता सिकरोरिया, डॉ सुनील कालड़ा, डॉ दीपक कोठारी, डॉ सुमित नेमा, डॉ राजीव कुकरेजा, डॉ शरद, डॉ गुरपाल, डॉ कमलेश, डॉ सुभाष साहू, डॉ यतिंद्र तथा वरिष्ठ कार्डियक सर्जन डॉ सुबोध सिकोरिया सहित अन्य वरिष्ठ डाक्टर्स उपस्थित थे। इस संगोष्ठी में डॉ विनीता द्विवेदी, डॉ राजीव पाल और डॉ कौशलेन्द्र ठाकुर उपस्थिति रही। कार्यक्रम का संचालन डॉ जोयिता सरकार द्वारा व धन्यवाद ज्ञापन डॉ उदय कुमार तथा डॉ अनिरुद्ध मेने द्वारा किया गया।

पाटन की जनता से आर्शीवाद लेने आया हूं : विजय

भिलाईनगर, 21 अगस्त (देशबन्धु)। पाटन विधानसभा चुनाव के भाजपा प्रत्याशी विजय बघेल ने पाटन विधानसभा क्षेत्र का दौरा किया। सर्व प्रथम ग्राम पतोरा में विरंगना रानी दुर्गावती के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर विधानसभा में प्रवेश किया जहां हजारों की संख्या में अपने प्रत्याशी का ग्राम वासियों ने स्वागत किया। वहां से उनका काफिला ग्राम सेलुद चौक में पहुंचते ही खेमलाल साहू मण्डल अध्यक्ष के नेतृव में स्वागत किया गया। वहां से ग्राम गोड़पॉडरी, छाटा में स्वागत किया गया। ग्राम पुण्डा चौक पर लोगों ने स्वागत सत्कार किया। ग्राम देवादा में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को नमन करते हुए आगाज किया कि पाटन स्वतंत्रता सेनानी की भूमि है। पाटन की जनता का आशीर्वाद लेने आया हूँ। आत्मानंद चौक पाटन पहुंचने पर हजारों की संख्या में लोगो ने स्वागत किया पर विधायक प्रत्याशी विजय बघेल ने कहा कि पाटन स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की भुमि है। पहले तो चारा घोटाला हुआ करता था अब तो गोबर घोटाला और गौ मूत्र का भी घोटाला हो रहा है। पाटन की जनता ने भाजपा पे भरोसा कर मुझे भव भ्रष्टाचार से मुक्त करने के लिए पाटन के कार्यकर्ता के उपर बहुत बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है। आप सबके आशीर्वाद से चुनाव जीतकर आपकी सेवा पूरे तन मन धन समर्पण से करूँगा। मां चण्डी मंदिर एवं राज राजेश्वरी जगत जननी माता सितला दरबार में पहुंच कर पुजा अर्चना कर आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर पाटन विधानसभा के चारों मंडल अध्यक्ष खेमलाल साहु, लोकमनी चंद्राकार, लालेश्वर साहु, पाटन प्रभारी सचिदानंद उपासने, जिला अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा, श्रीमती दिव्या कलिहारी, श्रीमती हर्षा चन्द्राकर, रूप सिंह सिन्हा, दिलीप साहू, राजा पाठक, निक्की भाले, रोहित साहू, खेमिन साहू, कुणाल शर्मा, नारद साहू, मोहन साहू, फेरहा धीवर, दिनेश साहू, विनय चन्द्राकर, हरिशंकर साहू, रमेश देवांगन, टीकाराम देवांगन, सागरवंशी, होरीलाल देवांगन, जय वर्मा, सोहन साहू, मोहन साहू सहित हजारों भाजपा कार्यकर्ताओं उपस्थित रहे।

विश्व मच्छर दिवस पर टाउनशिप में निकाली रैली



भिलाईनगर, 21 अगस्त (देशबन्धु)। विश्व मच्छर दिवस पर संयंत्र के जन स्वास्थ्य विभाग सेक्टर-8 द्वारा रैली का आयोजन किया गया। जिसमे पी.एच.डी के अधिकारी एवं कर्मचारियों के द्वारा कार्यक्रम शामिल हुए। रैली में मच्छर से विभिन्न प्रकार की बीमारी की उत्पत्ती के बारे मे स्वास्थ्य शिक्षा एवं बचाव तथा उपचार के बारे मे जानकारी दी गई। रैली के माध्य से लोगों को बताया कि संक्रमित मादा एनाफिलीस मच्छर के काटने से मलेरिया रोग, संक्रमित मादा क्यूलेक्स मच्छर के काटने से फाईलेरिया रोग (हाथीपाव) जैसे गंभीर विकृति शरीर मे आती है. तथा संक्रमित मादा एडिस मच्छर के काटने से डेंगू बीमारी होता है। कार्यक्रम मे पुष्पेन्द्र मीणा जिलाधीश के निर्देश एवं डॉ.जे.पी मेश्राम मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी दुर्ग के मार्गदर्शन मे डॉ.सी.बी.एस.बैंजारे जिला मलेरिया अधिकारी दुर्ग के नेतृत्व मे विश्व मच्छर दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर के.के. यादव जनरल मैनेजर, ए.के. बंजारा, वरिष्ठ प्रबंधक, मोहन राव, सुपरवाईजर मलेरिया विभाग, नितिन भुसारी, हरिशचन्द्र शिवारे, विवके कापरे, एस.के पटेरिया, आर.के.बरगेते, आर.के.मसकोले, लक्की दुबे, के.एन.तिवारी, धनीराम ठाकुर, गिरीश बंजारे, किशन यादव शारत, श्री नागराजू, श्री महाराणा, अजय खला, अशोक चन्द्राकर, कृष्णमूर्ति, गोपल कृष्ण वर्मा, विद्या चरण लहर व टाउनशीप के 96 ब्रिडज चेकंस एवं सुपरवाईजर, अधिकारी कर्मचारियो शामिल हुए।

प्रगति यात्रा सेक्टर-7 पहुंचने पर विधायक का स्वागत

भिलाई, 21 अगस्त। भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव ने प्रगति यात्रा के दूसरे दिन रविवार को सेक्टर 7 में लोगों के साथ 15 किलोमीटर की पदयात्रा की। इस दौरान 85 लाख के कार्यों का भूमिपूजन और लोकार्पण किया। विधायक ने महाराणा प्रताप भवन के पास चाय होटल में लोगों के साथ बैठकर चाय पी और लोगों के साथ प्रगति यात्रा शुरू किया। पूरे सेक्टर 7 का दौरा करते हुए पैदल पैदल विधायक देवेंद्र यादव रसियन काम्प्लेक्स पहुंचे। जैसे ही विधायक देवेंद्र पहुंचे उससे पहले ही क्षेत्र के लोग गेट पर उनके स्वागत किया। रशियन कॉम्प्लेक्स की माताओं ने विधायक के समक्ष कुछ मांग रखी। इस दौरान विधायक श्री यादव ने कहा पहले यहां कभी कोई काम नहीं हुआ था, लेकिन हमने शुरुआत की । पेवर ब्लॉक लगाने से कम से कम काम तो शुरू हुआ। उम्मीद जगी की कोई तो कोई काम किया। कोई तो सोंचा। मेरी नैतिक जिम्मेदारी है। सब को बिजली बिल का लाभ मिलेगा। लीज डीड की योजना का लाभ। ओपन जिम बनाएंगे। बच्चो के लिए बस स्टॉप बनाएंगे। सफाई भी करवाएंगे। लाइट की व्यवस्था की है मंगवा लिए है जल्द ही लग जायेगी। भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव लगातार लोगों से मिल रहे हैं उनके संपर्क में हैं और घर.घर जाकर उनकी समस्याओं को जान रहे हैं। वे भिलाई ही नहीं बल्कि प्रदेश के पहले ऐसे विधायक हैं, जो विधायक बनने के बाद से लेकर लगातार अलग-अलग आयोजन के माध्यम से लोगों के घर घर पहुंचकर उनके समस्याओं को जानने और उसका निदान करने की लगातार कोशिश में जुटे हुए हैं। पहले भी वे भेंट मुलाकात के माध्यम से लोगों के घर घर जाकर मिले थे और अभी प्रगति यात्रा की शुरुआत उन्होंने की है। उन्होंने सेक्टर-7 के सभी घर तक पहुंचे दिन भर में कुल 15 किलोमीटर की पैदल यात्रा की। जबकि यात्रा के पहले भी वह सेक्टर 9 कि वार्ड में 10 किलोमीटर की पैदल यात्रा किए थे। इस प्रगति यात्रा के दौरान वे 251 किलोमीटर से पदयात्रा पूरे भिलाई नगर विधानसभा क्षेत्र में करने वाले हैं। विधायक श्री यादव जनता और जनप्रतिनिधि के बीच की दूरी को समाप्त कर दिए। लोग अपने घर से बाहर निकाल कर विधायक का स्वागत किया उनकी आरती उतारी और तिलक लगाकर उनका भव्य स्वागत किया। यात्रा के दौरान विधायक देवेंद्र यादव ने साहू समाज की वर्षों पुरानी मांग को पूरा कर दिया। सालों से साहू समाज के लोग अपने सामाजिक आयोजनों के लिए एक भवन की मांग की। विधायक ने तत्काल पहल की और साहू समाज के लिए सेक्टर सेवन में एक सर्व सुविधा युक्त डोम शेड के निर्माण की घोषणा की साथ ही विकास कार्य भी शुरू करवा दिया है। यहाँ डोमशेड में दो कमरे भी बनाये जायेंगे। साहू समाज के लोग विधायक के साथ निर्माण कार्य का निरीक्षण करने पहुंचे। तथा क्षेत्र के लोगों ने डोम शेड की साइज और बढ़ाने की मांग की जिसे भी विधायक देवेंद्र यादव ने तत्काल आश्वासन दिया और बढ़ाने की घोषणा की।

गायत्री प्रज्ञापीठ खुर्सीपार में बाउंड्रीबाल का भूमिपूजन



भिलाईनगर, 21 अगस्त (देशबन्धु)। बाउंड्री बाल सुरक्षा के लिए आवश्यक किंतु स्नेह व सम्मान का दीवार हमेशा खुला रहना चाहिए। उक्त बातें श्रीमती रजनी बघेल ने आज गायत्री प्रज्ञापीठ खुर्सीपार में सांसद विजय बघेल द्वारा स्वीकृत सांसद निधि से प्रस्तावित गायत्री मंदिर परिसर के बाउंड्रीबाल निर्माण के भूमिपूजन के अवसर पर कहा। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित उन्होंने कहा कि भिलाई का हृदय स्थल खुर्सीपार का यह गायत्री मंदिर जन आस्था का प्रमुख केन्द्र है। दैनिक गायत्री यज्ञ हवन के साथ-साथ यहां भारतीय संस्कृति व संस्कार को जीवंत जागृत बनाये रखने के उद्देश्य से अनेक कार्यक्रम होते रहता है। सुरक्षा की दृष्टि से दीवार का निर्माण आवश्यक था अब बाउंड्रीबाल का निर्माण होने से यहाँ शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में गायत्री महायज्ञ का बड़ा आयोजन हो सकेगा। भूमिपूजन के पूर्व कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्रीमती रजनी बघेल का स्वागत अभिनंदन संस्थान के प्रमुख ट्रस्टी श्रीमती रत्ना वर्मा, लक्ष्मण देवांगन द्वार किया गया। श्रीमती रत्ना वर्मा विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे। गायत्री मंदिर परिसर खुर्सीपार में आज बाउंड्रीबाल निर्माण के भूमिपूजन के अवसर पर संस्थान के श्रीमती रत्ना वर्मा, लक्ष्मण देवांगन, सत्यनारायण निषाद, मोहन उमरे, संजय पद्माशाली शालिक राम साहू, प्रतिभा राय, श्रीमती जया, रूखमणी देवांगन, मिसी वर्मा, जया लक्ष्मी, कुणाल साहू, रामकुमार धनकर सहित गायत्री परिवार कार्यकर्ता उपस्थित थे।

राजीव युवा मितान क्लब ने मनाई राजीव जयंती

भिलाईनगर, 21 अगस्त (देशबन्धु)। पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय स्वर्गीय राजीव गांधी की जयंती के अवसर पर राजीव युवा मितान क्लब के सदस्यों ने राजीव गांधी के चित्र में माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया एवं गोष्ठी की गई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से राजीव युवा मितान क्लब के भिलाई नगर के समन्वयक पूर्व पार्षद सौरभ दत्ता उपस्थित हुए। उन्होनें पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव के आधुनिक भारत निर्माण में किए गए कार्यों को याद किया गया। सौरभ दत्त ने कहा कि आज हमारा देश ने सूचना प्रौद्योगिकरण के क्षेत्र में जो तरक्की की है वह स्वर्गीय राजीव गांधी की देन है। युवाओं को 18 वर्ष में मतदान का अधिकार भी राजीव गांधी की देन है। स्वर्गीय राजीव गांधी मानव सेवा के मिसाल थे। उन्होनें कहा कि सद्भावना और आपस में भाईचारा और प्रेम का रास्ता देशवासियों को दिखाया। आज का दिन युवाओं के लिए प्रेरणा का दिन है एवं हम सब राजीव गांधी का जन्मदिवस संकल्प दिवस के रूप में मनाएं। समाज एवं जरूरतमंद तक सेवा दे जो कि राजीव युवा मितान क्लब का मूल उद्देश्य है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गौरव श्रीवास्तव, पूर्व पार्षद सूर्यकांत सिन्हा, नागेंद्र गुप्ता, पार्षद सेवन ठाकुर, पार्षद राजेश चौधरी, पार्षद साकेत चंद्राकर, राजीव युवा मितान क्लब के अध्यक्ष राजू रजक, आमिर खान, आकाश हंडे, राहुल शर्मा, संदीप कोरी, अजय, हर्ष यादव सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे सभी ने राजीव गांधी के चित्र में माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किया।

वैशाली नगर से ट्रांसपोर्टर व्यवसायी ने पेश की दावेदारी

भिलाईनगर, 21 अगस्त (देशबन्धु)। युवा ट्रांस्पोर्टर इन्द्रजीत सिंह, छोटू ने वैशाली नगर विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी के रूप में अपना आवेदन जिला अध्यक्ष मुकेश चन्द्राकर व ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नंद कुमार कश्यप को सौंपा। इस अवसर पर उनके साथ छत्तीसगढ बलकर ट्रांसस्पोर्ट के प्रदेश अध्यक्ष मलकीत सिंह लल्लू, अमित सिंह, अनिल कुमार सिंह, निर्मल सिंह, शहनवाज कुरैशी, रज्जन अकील खान, गिरी राव मौजूद थे। स्व, बीरा सिंह के पुत्र इंद्रजीत सिंह चूंकि वैशाली नगर विधानसभा क्षेत्र के कोहका व सूर्या विहार कालोनी में कई वर्षों से क्षेत्र के लोगों की सेवा करते आये हैंए समाज सेवा में उनके पिता व इन्द्रजीत सिंह का योगदान रहा है। साथ ही आज कांग्रेस पार्टी से इन्द्रजीत सिंह ने वैशाली नगर से चुनाव लडने के लिए अपना आवेदन देकर राजनैतिक गलियारों में सरगर्मी ला दी। चूंकि इन्द्रजीत सिंह पेशे से ट्रांसपोर्ट जगत से जुडे हुए है और लगातार वह लोगों के बीच में रहते है। मे कांग्रेस पार्टी को लाभ मिलेगा। इन्द्रजीत सिंह राजनैतिक के साथ-साथ सामाजिक व कई कल्याणकारी कार्य करते आ रहे है। उनके द्वारा गरीबों के लिए एसबीएस हॉस्पिटल पॉवर हाउस संचालित है जिसका सीधा लाभ गरीबों को मिल रहा है।

गृहमंत्री ने किया विकास कार्य का भूमिपजन

भिलाईनगर, 21 अगस्त (देशबन्धु)। गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने सोमवार को 53 कार्यो का भूमिपूजन किया। ग्रामीण परिवेश वाले पुरैना और डुण्डेरा के आधा दर्जन वार्डो में 5 करोड़ 34 लाख 49 हजार से विकास होगा। मंत्री ने कहा कि नागरिकों की मांग पर विकास होता है। गृहमंत्री ने कहा कि नागरिकों की मांगो को सूचीबद्ध कर कार्यो को मूर्त रूप दिया। उन्होंने विकास के नए आयाम के लिए नागरिकों की मांग को प्रमुख होना बताया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महापौर शशि सिन्हा व विशिष्ट अतिथि प्रदेश कांग्रेस के महामंत्री जितेन्द्र साहू, एमआईसीए अनुप डे, गोविन्द चतुर्वेदी, सनीर साहू, चन्द्रप्रकाश सिंह निगम, सोनिया देवांगन, परमेश्वर पार्षद, पार्वती महानंद, रंजीता बेनुआ, रोहित धनकर, खिलेन्द्र चन्द्राकर, जहीर अब्बास, अनिल देशमुख, ओमप्रकाश मिझा, सुनंदा चन्द्राकर, मुकुंद भाऊ, एल्डरमेन जी राहुल तरूण बंजारे आदि उपस्थित थे। गृहमंत्री ने मैत्री नगर चौक सौंदर्यीकरण के तहत परशुराम चौक निर्माण करने भूमिपूजन किया। इसी तरह पुरैना में कौशल्या माता चौक का निर्माण किया जाएगा। पुरैना की महिलाएं मंत्री का स्वागत परंपरागत तरीके से की। पुरैना व डुण्डेरा में 25 से भी अधिक लोगों ने कांग्रेस प्रवेश किया। गृहमंत्री व ब्लाक अध्यक्ष ने कांग्रेस प्रवेश करने वालों को कांग्रेस का गमछा ओढ़ाकर स्वागत किया। गृहमंत्री ने पुरैना में फुटकर व्यापारियों और परंपरागत व्यवसाय करने वालों के लिए बनाए पीनी पसारी का लोकार्पण किया। इसके अलावा सतनाम भवन डुण्डेरा का भी लोकार्पण किया। उन्होंने पुरैना में जर्जर हो चुके अटल आवास के मरम्मत के लिए भूमिपूजन किया। जिसमें वार्ड 38 में स्ट्राम वॉटर ड्रेन 3 लाख, सीसी रोड 11 लाख, सांस्कृतिक भवन निर्माण 20 लाख, सांस्कृतिक भवन निर्माण 20 लाख, शा.प्रा.शाला में अतिरिक्त कक्ष 8.75 लाख, शा.मा.शाला में अतिरिक्त कक्ष 13.70 लाख, चौड़ीकरण 15 लाख, मार्ग संधारण 6.85 लाख, वार्ड 39 बाउंड्रीवाल निर्माण 5 लाख, बाउंड्रीवाल निर्माण 5 लाखए सीसी रोड 4 लाख, सामुदायिक भवन 10 लाख, रोड चौड़ीकरण 8.78 लाख, बाउंड्रीवाल 5 लाख, बाउंड्रीवाल निर्माण 5 लाख, रोड निर्माण 4.57 लाख, वार्ड 40 चबुतरा निर्माण 1 लाख, मंच निर्माण 2 लाख, सीसी रोड 11 लाख, सांस्कृतिक भवन 20 लाख, शा.प्रा. शाला में अतिरिक्त कक्ष 8,75 लाख. शा.मा.शाला में अतिरिक्त कक्ष 13.70 लाख इत्यादि का भूमि पूजन किया।

जिले में अब तक 544.1 मिमी. औसत वर्षा

बेमेतरा, 21 अगस्त। चालू बारिश सीजन के दौरान बेमेतरा जिले में 01 जून से 21 अगस्त 2023 सवेरे 8.00 बजे तक जिले में 544.1 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। जिले में अब तक सर्वाधिक वर्षा तहसील बेरला में 636.6 मि.मी. तथा न्यूनतम 445.3 मि.मी. वर्षा नवागढ़ तहसील में दर्ज की गई है।

डीएमएफ फंड में भ्रष्टाचार 13 सूत्रीय मांग पर सर्व आदिवासी समाज ने किया धरना प्रदर्शन

डौण्डी, 21 अगस्त (देशबन्धु)। खनिज न्यास निधि से डौंडी ब्लाक में कराए गए कार्यों की जांच सहित 13 सूत्रीय मांग को लेकर डौंडी में सर्व आदिवासी समाज ब्लॉक इकाई द्वारा 5 घँटे तक मथाई चौक में धरना प्रदर्शन किया गया सर्व आदिवासी समाज के अध्यक्ष मोहन हिडको गंगाराम दर्रो जनक लाल ठाकुर नगर पंचायत अध्यक्ष सोमेश सोरी ने चेतावनी देते हुए कहा कि डीएमएफ मद की राशि का डौंडी ब्लॉक में बंदरबाट हो रहा है, जिसमें प्रशासन के मिली भगत भी स्पष्ट झलक रही है उनकी मांगों पर 7 दिन मे कार्यवाही नहीं होने पर वे लोग पुनः आंदोलन करेंगे जिसकी जवाबदेही प्रशासन की होगी आदीवासी समाज सड़क पर बैठकर चक्का जाम कर दिया जिसमें दल्लीराजहरा तथा भानूप्रतापपुर की ओर आवा जाही करने वाले वाहनों कंद रही इस दौरान प्रशासन की ओर से डेढ़ बजे एसडीएम सुरेश कुमार साहू ने आंदोलन कार्यों से चर्चा करके बताया कि उनके द्वारा दिए गए पत्र के जवाब में जिला पंचायत द्वारा जांच के लिए आदेश जारी किया गया है 15 दिन में जांच करके रिपोर्ट प्रशासन को सौंपने की बात कर आंदोलनकारियों को आश्वस्त कर रहे थे, परंतु प्रदर्शन कारियों ने प्रशासन द्वारा उन्हें बार बार गुमराह करने की बात करते हुए आक्रोशित हो गए और तत्काल निर्णय की मांग कर रहे थे 3 बजे आंदोलनकारी मथाई चौक से उतकर डौंडी की सड़कों पर प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए जा रहे थे इसी दौरान डौंडी के थाना प्रभारी कैलाश मर्स्त तथा आदिवासी समाज के युवाओं के मध्य जमकर तु तु मय मय विवाद की स्थिति निर्मित होने को आ गई डीएसपी की हस्तक्षेप से मामला ठंडा हुआ आदिवासियों की रैली जनपद कार्यालय पहुंचकर गेट के सामने आंदोलन पर बैठकर प्रसासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते रहे परंतु जनपद मे कोई अधिकारी नहीं होने की सूचना पर 7 दिन बाद पुंन आंदोलन करने की बात नेताओं द्वारा की गई सर्व आदिवासी समाज द्वारा डौंडी नगर बंद तथा चक्का जाम की वजह से सोमवार को डौंडी की सभी दुकानें पूर्णता बंद रही साथ ही यात्रियों के डौंडी से भानुप्रतापपुर डौंडी से दल्ली राजहरा की ओर आने जाने वाले लोग बस स्टैंड से मथाई चौक तक पैदल बच्चों तथा समान

- 7 दिनों में कार्रवाई न होने पर पुनः आंदोलन की चेतावनी
- दशरथ यादव परिवार के 6,7 लोग शासकीय नौकरी में जांच की मांग

को लेकर भटकते नजर आए आदिवासी समाज द्वारा जिन 13 सूत्री मांग है को लेकर आंदोलन किया गया था उसमें शासन के आदेशनुसार डौंडी ब्लाक के ग्राम पंचायत को 50 लख रुपए तक के स्वीकृत कार्य को पंचायत को देने तथा टेकेदारी बंद करने डौंडी विकासखंड में खनिज न्यास निधि से कराए गए कार्यों की जांच करने खनिज विकास निधि से सुकड़ी गुहान शिल्प कला प्रशिक्षण के लिए व्यय 49 लाख रुपये एवं सब्जी मसाला विकास प्रशिक्षण में एक करोड़ 96 लाख रुपए खर्च किया गया है उसकी न्याय संगत जांच करने डोडी ब्लॉक के आश्रम छात्रावास मे बिना विज्ञापन के भृत्य और रसोइया की भर्ती को निरस्त कर नये सिरे से भर्ती करने के साथ ही दशरत यादव जो वर्तमान में शिक्षक है जो की खुद अधीक्षक के पोस्ट में पदस्थ है व ग्राम पंचायत मरदेल के आश्रम अधीक्षक के प्रभार में है। इनके परिवार के 6 7 लोगों नेताओं के सिफारीश से शासकीय कार्य में भर्ती हुए है। दशरथ यादव के पुत्र डौण्डी के आदीवासी एकलव्य आश्रम का अधीक्षक है। सर्व आदीवासी समाज ने मांग किया की डौण्डी का एकलव्य आश्रम आदीवासी आश्रम है इस आश्रम में आदीवासी अधीक्षक की नियुक्ति होनी चाहिए साथ ही दशरथ यादव परिवार के 6 7 लोग शासकीय नौकरी में कैसे लगे इसकी भी जांच किये है।इसी के साथ आयरन और से प्रभावित लाल पानी से पटे हुए फाइंस की सफाई एवं प्रभावित लोगों को रोजगार उपलब्ध कराने डौंडी ब्लाक के स्थानिक कार्य मे स्थानीय बेरोजगारों को 100 प्रतिशत आरक्षण का लाभ देने ब्लॉक के विभिन्न बांधो मे नाली निर्माण करने डोंडी मे राजस्व विभाग का पूरा सेटअप तथा उप पंजीयक कार्यालय को डौंडी में स्थानांतरित करने ब्लॉक में जर्जर हाई स्कूल के स्थान पर नए भवन का निर्माण कराने स्कूलों मे शिक्षकों की कमी पर सेटअप के आधार पर शिक्षक की व्यवस्थ करने डोंडी की रेलवे स्टेशन मार्ग को सुगम मार्ग बनाने तथा डोंडी मे विद्युत व्यवस्था को दुरुस्त करने की मुख्य मांग है धरना प्रदर्शन में अनीता कुमेटी रेवा रावटे रोहित महेला राजेश रावटे बनवाली चिराम देवेंद्र सिन्द्रामे जितेंद्र नेताम गणेश सेवता नगर पंचायत उपाध्यक्ष डॉ रूपेश नायक सहित हजारों की संख्या में महिला पुरुष शामिल रहे।

जिले के 1.47 लाख किसानों के खाते में न्याय योजना की दूसरी किश्त कि राशि 1.6 लाख अतंरण

बेमेतरा 20 अगस्त। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल आज रविवार 20 अगस्त को पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय राजीव गांधी की जयंती च्सद्भावना दिवसज के अवसर पर महासमुंद के हाई स्कूल मैदान में आयोजित कार्यक्रम में बटन दबाकर राजीव गांधी न्याय योजनाओं सहित अन्य योजना के हितग्राहियों किसानों, मजदूरों, ग्रामीण व पशुपालकों को 2055.60 करोड़ रूपए की राशि का ऑनलाईन भुगतान किया।

राजीव गांधी किसान न्याय बेमेतरा ज़िले के 1.47 लाख किसानों के खातों में इस साल की दूसरी किश्त की राशि 1करोड 6लाख रूपये अंतरण की गयी। वही मुख्यमंत्री परम सम्मान निधि योजना के तहत भी ज़िले की 429 ग्राम पंचायतों को 21.45 लाख रुपए की दूसरी किश्त मिली। ज़िले के 1350 गोबर विक्रेताओं के खाते में 11.60 लाख रुपये अंतरण हुए।

मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के महासमुंद से वर्चुअल शुभारंभ कार्यक्रम में ज़िला कार्यालय बेमेतरा के दिशा सभाकक्ष में संसदीय सचिव व विधायक नवागढ़ श्री गुरूदयाल सिंह बंजारे,कलेक्टर श्री पदुम सिंह एल्मा,मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती लीना कमलेश मंडावी, अपर कलेक्टर श्री सी.एल. बंजारे,सहित जनप्रतिनिधि,ज़िला अधिकारी वर्चुअल जुड़े। पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी की जयंती के अवसर पर सद्भावना दिवस पर उपस्थित संसदीय सचिव सहित अधिकारी-कर्मचारियों ने एकता और सद्भावना की शपथ ली ।

मंत्री भेड़िया ने विकास कार्यों का किया भूमिपूजन

दल्लीराजहरा/डौण्डी, 21 अगस्त (देशबन्धु)। नगर पालिका व डौण्डी ब्लाक के विभिन्न ग्राम पंचायतों में अनिला भेड़िया ने विकास कार्यों का भूमिपूजन व लोकार्पण किया इस अवसर पर मंत्री भेड़िया ने कहा की हमारी सरकार सभी समाज को साथ ले कर चल रही है। सभी समाज के कल्याण के लिए हमारी सरकार कार्य कर रही है। शासन के जनहित योजनाओं के माध्यम से आम लोगों के जेब में पैसा पहुंच रहा है,जिससे किसान बेरोजगार युवा महिलाएं सहित आम लोगों की आर्थिक स्थिति मजबूत हुई है। शिक्षा क्षेत्र में भी एक नया आयाम प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने लिख दिया है शिक्षा योजना से गरीब बच्चों को अंग्रेजी में शिक्षा मिलने से उनका आत्मविश्वास बढ़ा है इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष शिबू नायर मंत्री प्रतिनिधि पीयूष सोनी ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष अशोक बाम्बेश्वर पूर्व पार्षद राम जतन भारद्वाज पार्षद विभिन्न ग्राम पंचायतों के सरपंच पंच गण कांग्रेस के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

प्रभाटोला में सैकड़ों ग्रामीणों ने थामा भाजपा का दामन

कवर्धा, 21 अगस्त। भारतीय जनता पार्टी चुनाव की दृष्टि से ग्रामीण क्षेत्रों में निरंतर बैठकें व सम्मेलन कर ग्रामीणों से सीधे संवाद स्थापित कर रही है कवर्धा विधानसभा क्षेत्र में बोडला मण्डल के ग्राम प्रभाटोला में शनिवार को सैकड़ो की संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भाजपा का दामन थामा 7 इस दौरान भाजपा प्रदेश महामंत्री विजय शर्मा ने ग्रामीणों को भाजपा का गमछा पहनाकर पार्टी में स्वागत किया और भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता दिलाई ।भाजपा प्रवेश कार्यक्रम में जिला महामंत्री संतोष पटेल व मंडल महामंत्री राजेश साहू भी उपस्थित रहे।

आपको बता दे चुनाव परिणाम की दृष्टि से प्रभाटोला में कांग्रेस को हमेशा बढ़त मिलती रही है ज्यादातर ग्राम वासियों का कांग्रेस के प्रति रुझान रहा है आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर अपना प्रभाव बढाने में लगी भारतीय जनता पार्टी में लगातार इस तरह भाजपा प्रवेश करने वालो की संख्या बढ़ी है जिससे पार्टी में भी उत्साह का माहौल है।

इस पूरे विषय पर भाजपा में प्रवेश करने वाले ग्रामीणों का कहना है हमने परम्परागत रूप से कांग्रेस का साथ दिया जब भाजपा सत्ता में थी तब भी हम कांग्रेस पर भरोषा करते रहे है चंद लोगो में सिमटी कांग्रेस में विकास ,मुलभुत सुविधाओं का भी अभाव हो गया है . छोटे मोटे कामो के लिए प्रत्येक ग्रामीण रायपुर नही जा सकता आम जनता पहुँच से कोसो दूर है। भाजपा ने कभी हमे इस तरह की स्थिति देखने को नही मिली। भाजपा के कार्यकर्ता ,नेता जन सुलभ उपलब्ध है इसलिए हम सब भाजपा पर विश्वास जता रहे है।

वही विजय शर्मा ने ग्रामीणों का स्वागत करते हुए कहा प्रधानमन्त्री नरेंद्र मोदी जी ने अंतिम व्यक्ति तक सीधे सरकार की पहुँच बनाई है उन्वाला ,प्रधानमन्त्री आवास,शौचालय व किसान सम्मान निधि हो या हर घर तक नल से जल पहुचाने का काम ,जनता प्रधानमन्त्री मोदी जी व भाजपा के कार्य शैली भ्रस्टाचार मुक्त सुशासन के चलते भाजपा के साथ जुड़ कर देश को आगे बढ़ाने में जिले को आगे बढ़ाने में अपनी भूमिका निभाना चाहते है यह हर्ष का विषय है।

ग्राम प्रभाटोला से राजू भारती, नरेश जोशी, शिवप्रसाद, दिलीप सोनकर, आनंद कोसले ,चरण आडिल, महेश डहरिया ,बसंत कोसले,कोमल टंडन ,शत्रोहन भारती ,सुखनन्दन आडिले ,दिनेश टंडन,नागेश टंडन,,महेश पात्रे,अजय यादव, मनोज यादव, धनंजय टंडन, भीखम टंडन ,किशन डिन्डोरे ,सुरेन्द्र कुर्रे ,पंचराम कोसले ,जितेन्द्र कोसले, गौकरण टंडन सहित सैकड़ो ग्रामीणों ने भाजपा में प्रवेश कर पार्टी के प्रति अपनी निष्ठां जताई।

सावन माह के सातवें सोमवार को कांवड़ यात्रा

गुरूर, 21अगस्त। गुरुर के सबसे प्राचीन मंदिर काल भैरव देऊर मंदिर से कोलिहामार गणेशा तालाब से कलसों में जल भरकर देऊर मंदिर में कांवड़ियों ने रुद्राभिषेक किया। रुद्राभिषेक साथ साथ मंत्रोच्चारण कर महा आरती किया गया।मंदिर आचार्य पंडित सुरेश पांडेय ने बताया कि काल भैरव देऊर मंदिर में पूरे सावन भर रुद्राभिषेक किया जा रहा है।

जिले में सघन मिशन इन्द्रधनुष 5.0 अभियान प्रारंभ

बेमेतरा, 21 अगस्त (देशबन्धु)। नियमित टीकाकरण कार्यक्रम के अंतर्गत जिला बेमेतरा में कलेक्टर श्री पदुम सिंह एल्मा के निर्देशन में 21 अगस्त 2023 से सघन मिशन इन्द्रधनुष 5.0 अभियान के प्रथम चरण की शुरुआत की जा रही है, जो कि 26 अगस्त 2023 तक टीकाकरण सत्र का आयोजन 6 दिवस तक जायेगा। मिशन इन्द्रधनुष 5.0 के तहत मुख्यतः मीजल्स रूबेला उन्मूलन एवं टीकाकरण से छूटे हुए बच्चों को पूर्ण टीकाकरण किये जाने के लिए आगामी दिवसों से 03 माह तक रुटन बद्ध तरीके से आयोजित किया जायेगा।

सघन अभियान का प्रथम चरण 21 अगस्त से 26 अगस्त 2023 तक , द्वितीय चरण 20 सितंबर से 26 सितम्बर 2023 तक एवं तृतीय चरण 25 अक्टूबर से 31 अक्टूबर 2023 तक आयोजित की जाएगी ग्रु जिसके तहत 0-2 वर्ष आयु वर्ग, 02-05 वर्ष आयु वर्ग एवं गर्भवती महिलाएं जिनके टीके निर्धारित समय पर या किसी कारणवश छूट गए ऐसे बच्चों व गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण मिशन इंद्रधनुष अभियान 5.0 के तहत आयोजित होने वाले सत्रों में किया जावेगा।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि मिशन इन्द्रधनुष अभियान से संबंधित समस्त प्रकार की तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। टीकाकरण के लिए ड्यू लाभार्थी 0-2 वर्ष आयु वर्ग, 02-05 वर्ष आयु वर्ग एवं गर्भवती महिलाएं का हेड काउंट सर्वे (घर-घर भ्रमण कर) जानकारी एकत्र करके 06 दिवस के प्रथम चरण में टीकाकरण सत्र लगाकर लाभार्थियों को टीकाकृत करने का कार्य योजना तैयार किया गया। जिले में ड्यू (टीकाकरण के लिए छूटे हुए) 0-2 वर्ष के बच्चों की संख्या 1182, 02-05 वर्ष के बच्चों की संख्या 786 एवं गर्भवती महिलाओं की संख्या 420 है, जिन्हे 435 टीकाकरण सत्र का आयोजन करके छूटे हुए टीके लगाये जायेंगें। कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए गांव एवं स्वास्थ्य संस्थाओं में निगरानी करने के लिए जिला स्तर से मॉनिटरिंग टीम की ड्यूटी लगाई गई है।

हाईटेक बस स्टैण्ड से निकलकर अब कवर्धा शहर से होकर गुजरेगी

कवर्धा, 21 अगस्त। नवीन हाईटेक बस स्टैण्ड से प्रारंभ होने वाले बसों को अब कवर्धा शहर में प्रवेश दिया जायेगा। कैबिनेट मंत्री व कवर्धा विधायक मो.अकबर के निर्देशानुसार व चैम्बर ऑफ कॉमर्स, कांग्रेस पार्षद दल, बस मालिक संघ कवर्धा एवं यात्रियों, जनमानस की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए रायपुर, बिलासपुर, जबलपुर, राजनांदगांव, दुर्ग शहर की ओर जाने वाले सभी बसों को अब राहत प्रदान करते हुए शहर अंदर प्रवेश देने की अनुमति प्रदान कर दी गई है। जारी नियम/शर्तों के अधीन रखते हुए शहर में बसो को 05 मिनट का स्टापेज प्रदान किया जायेगा।

कैबिनेट मंत्री मो. अकबर के निर्देश पर बसों को शहर प्रवेश की मिली हरी झंडी

5 मिनट का स्टापेज पुराने बस स्टांप के पास

नवीन हाईटेक बस स्टैण्ड से गुजरने वाले सभी बसों को शहर के अंदर प्रवेश देने व पुराने बस स्टैण्ड में 05 मिनट का स्टापेज कर यात्रियों व बस मालिकों को सुविधा प्रदान करने हेतु कैबिनेट मंत्री व कवर्धा विधायक मो.अकबर के नाम से अनुरोध पत्र नगर पालिका अध्यक्ष ऋषि कुमार शर्मा को सौंपा गया था। नगर पालिका अध्यक्ष ऋषि कुमार शर्मा ने बताया कि कैबिनेट मंत्री मो.अकबर के निर्देशानुसार व परिवहन विभाग, यातायात विभाग व नगर पालिका की संयुक्त चर्चा अनुसार अब शहर में बसों को प्रवेश देते हुए पुराने बस स्टैण्ड के पास 05 मिनट का स्टापेज प्रदान किया जायेगा।

शहर प्रवेश होने से जनसामान्य को मिलेगी राहत : ऋषि कुमार शर्मा

नगर पालिका अध्यक्ष ऋषि कुमार शर्मा ने बताया कि संयुक्त चर्चा अनुसार अब रायपुर जाने वाले बस का मार्ग बायपास टाठ होटल से लोहारा नाका चौक पुराना बस स्टैण्ड 05 मिनट का स्टापेज नवीन बाजार होते हुए रायपुर के लिए रवाना होगें। इसी तरह राजनांदगांव एवं दुर्ग की ओर चलने वाली बसो का मार्ग बायपास होते हुए महेन्द्र शो-रूम नवीन बाजार होते हुए पुराना बस स्टैण्ड 05 मिनट का स्टापेज लोहारा नाका चौक होते हुए राजनांदगांव, दुर्ग के लिए रवाना एवं बिलासपुर व जबलपुर की ओर चलने वाले बसों का मार्ग बायपास हेतु महेन्द्रा शो रूम नवीन बाजार पुराना बस स्टैण्ड में 05 मिनट का स्टापेज एवं सिग्नल चौक होते हुए बिलासपुर, जबलपुर के लिए रवाना होगें।

शर्तों के अधीन बनी सहमति

मुख्य नगर पालिका अधिकारी नरेश कुमार वर्मा ने बताया कि बस ऑपरेटर, बस मालिक संघ, आम जनता , स्कूल आने-जाने वाले छात्र-छात्राओं व शिक्षकों की समस्याओं को ध्यान में रखते हुए यात्री बसों का मार्ग को कवर्धा शहर में प्रवेश देने एवं पुराना बस स्टैण्ड के पास 05 मिनट का स्टापेज देने पर अस्थायी सहमति बनी है।

अपर कलेक्टर ने सुनी लोगों की समस्याएं

बेमेतरा, 21 अगस्त (देशबन्धु)। प्रत्येक सोमवार को कलेक्टर जनचौपाल कार्यालय कलेक्ट्रेट में आयोजित होती है। इस चौपाल में जिले के अलग-अलग क्षेत्र के लोग अपनी-अपनी समस्याएं एवं शिकायतें लेकर आते हैं। जन चौपाल में आने वाले सभी लोगों की समस्या और उनके समाधान का निराकरण भी किया जाता है। आज की जनचौपाल में अपर कलेक्टर ने लोगों की समस्याओं को गौर से सुना और संबंधित अधिकारियों से दूरभाष पर और समक्ष बुलाकर संबंधित आवेदनों को त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। कुछ आवेदनों का मौके पर ही निराकरण किए गए। आज के जनचौपाल में 58 आवेदन विभिन्न शिकायत एवं समस्याओं से संबंधित थे जिन्हे संबंधित विभाग के अधिकारियों को निराकरण हेतु भेजा गया।

जनचौपाल में रामविलास और गंगा सोनी को मिला श्रवण यंत्र एवं व्हीलचेयर

जनदर्शन में समाज कल्याण विभाग ने एक दिल छू लेने वाली कहानी रखी। कलेक्टर जनचौपाल में दूरदराज के गांवों से अपनी समस्याओं के समाधान हेतु पहुँचे लोगों में से तहसील थानखम्हरिया के उमराव नगर निवासी एक श्रवण बाधित रामविलास एवं तहसील साजा के वार्ड नं. 09 निवासी गंगा सोनी भी पहुँचे। रामविलास ने अपर कलेक्टर को पत्र के माध्यम से अपनी परेशानियों को बताते हुए कान की मशीन एवं गंगा सोनी ने व्हील चेयर प्रदान करने के लिए आवेदन दिया। अपर कलेक्टर श्री सी एल मार्कण्डेय त्वरित संज्ञान लेते संबंधित अधिकारी को आवश्यक उपकरण प्रदान करने के निर्देश दिए। जिस पर समाज कल्याण विभाग बेमेतरा द्वारा दिव्यांग रामबिलास को श्रवण यंत्र एवं गंगा सोनी को व्हीलचेयर प्रदान किया गया।

रामबिलास बताते है कि श्रवण यंत्र मिलने से अब सुनने में किसी प्रकार की समस्या नहीं होगी और वे अपना काम आसानी से कर सकते हैं। समाज कल्याण विभाग द्वारा सहायक उपकरण मिलने पर रामविलास और गंगा सोनी के चेहरे पर मुस्कुराहट आ गयी वे बहुत खुश नजर आ रहे थे। दोनो ने प्रदेश सरकार द्वारा दिव्यांगों के लिए चलाई जा रही योजनाओं का धन्यवाद देते हुए प्रदेश सरकार तथा कलेक्टर व समाज कल्याण विभाग को धन्यवाद ज्ञापित किया। इसी तरह धान विक्रय का बोनस राशि दिलाने, वृद्धा पेंशन प्रदान करने, गोबर खरीदी हेतु आदेशित करने के संबंध, राशनकार्ड में चावल नहीं मिलने की शिकायत, अतिक्रमण हटाने, नामांतरण करने, आर्थिक सहायता प्रदान करने आदि के संबंध में आवेदन प्राप्त हुए।

निधन

श्रीमती रानी श्रीवास्तव



रायपुर, 21 अगस्त। ढेबर सिटी निवासी श्रीमती रानी श्रीवास्तव पति आलोक श्रीवास्तव लिपिक लोक निर्माण विभाग रायपुर का दुखद के निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार दोपहर महादेव घाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ। वे कु. अवनी श्रीवास्तव की माता, सिंचाई विभाग तिल्दा के लिपिक सर्वेश सक्सेना तथा धर्मेश सक्सेना की बहन थी।

आयुषी अवस्थी

रायपुर, 21 अगस्त। पीयुष नगर कृ.शा.लो.पू.र निवासी शुभम अवस्थी (शुभु) को धर्मपत्नी श्रीमती आयुषी अवस्थी का सोमवार, 21 अगस्त को आकस्मिक निधन हो गया। अंतिम यात्रा निवास स्थान से 22 अगस्त, मंगलवार को दोपहर 12 बजे महादेवघाट मोक्षधाम के लिए निकलेगी। आयुषी छत्तीसगढ़ श्रमजीवी पत्रकार संघ के अध्यक्ष अरविंद अवस्थी की पुत्रवधु व रजत अवस्थी की भाभी थी।

प्रादेशिकी का शेष...

जिला सहकारी विकास समिति...

साख सहकारी समिति क्रमशः सेवा समिति करंजा भिलाई, सेवा सहकारी समिति भेड़सर एवं वृत्ताकार सेवा सहकारी समिति ननकट्टी का प्रथम एफएचआर की कार्यवाही पूर्ण हो चुकी है तथा द्वितीय चरण एफबीआर की कार्यवाही भी पूर्ण हो चुकी है। शेष 84 प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों की एफएचआर की कार्यवाही पूर्ण की जा चुकी है तथा एफबीआर की कार्यवाही प्रगतिरत है। सामान्य सेवा केन्द्र (सीएससी) के माध्यम से 3 सौ से अधिक सेवाएं प्रदान करने हेतु पैक्स समितियों को चिन्हांकित कर सीएससी केन्द्र स्थापित करना है। तत्संबंध में जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित दुर्ग से सम्बद्ध 87 समस्त प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों द्वारा आवेदन किया जा चुका है। ग्रामीण स्तर पर जेरेरिक दवाईयों की सुविधाएं प्रदान करने हेतु 05 पैक्स समितियों में जनऔषधि केन्द्र की स्थापना की जाएगी। प्राथमिक रूप से जिला सहकारी केन्द्रीय द्वारा चिन्हित जिले के 05 प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति (ननकट्टी, नगपुरा, बोरी, पाटन एवं फुण्डा) का चिन्हांकन कर जानकारी मुख्यालय को प्रेषित किया गया है। सहकारी क्षेत्र में विश्व की सबसे बड़ी विकेन्द्रीकृत अनाज भंडार योजना हेतु पायलट प्रोजेक्ट हेतु जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक से सम्बद्ध पैक्स समितियों का चयन करना है। तत्संबंध में पैक्स की आर्थिक सक्षमता तथा उक्त योजना की आवश्यकता एवं प्रासंगिकता का आंकलन किया जाना आवश्यक है। पात्र पैक्स को एलपीजी डिस्ट्रीब्यूशनशिप/रिटेल पेट्रोल/डीजल आउटलेट्स की सुविधा प्रदान की जाएगी। तत्संबंध में पात्र पैक्स समितियों के निर्धारण का मापदण्ड तथा शासन से स्कीम की संरचना अपेक्षित है।

बैठक में एडीएम अरविंद एक्का, सहायक पंजीयक सहकारी संस्थाएं अवधेश मिश्रा, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के सीईओ अपेक्षा व्यास सहित सहकारिता विभाग के अन्य अधिकारी एवं समिति के सदस्य उपस्थित थे।

गणपति विहार में मनाया गया...

डांस में मंजुलता धृतलहरे, डाक्टर निहारिका, सोनिया, नीलम, वर्षा साहू, पारूल साहू, नीलम साहू, दीप्ति साहू, अंजलि अग्रवाल, वीणा ठाकुर, शकुंतला मार्कंडेय सामरिका रथ एवं टिकेश्वरी ने अपनी मोहक प्रस्तुति दी।

कार्यक्रम का संचालन चित्रा गौर ने किया। इस अवसर पर महिलाओं ने हौजी एवं गेम्स का भी आनंद लिया। सभी उपस्थित महिलाओं को उपहार भी दिये गये।

भटगांव शाला भवन के जीर्णोद्धार की ...

जर्जर की स्थिति में है, वर्तमान में भवन में कक्षा का संचालन किया जा रहा है। जर्जर होने के कारण भविष्य में कभी भी घटना घटने की संभावना बनी रहती है। इस पर कलेक्टर ने जिला शिक्षा अधिकारी को तत्काल कार्यवाही करने को कहा। साथ ही अवैध कब्जा, बटंवारा, आर्थिक सहायता, सीमांकन, प्रधानमंत्री आवास योजना, राशन कार्ड सहित अन्य आवेदन जनदर्शन में प्राप्त हुए। इन सभी आवेदनों पर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही करने को कहा।

राज्य स्तरीय शतरंज चैंपियनशिप का...

में खेल रहे है और आकर्षण का केंद्र बने हुए है। अंडर 7 एवं अंडर 11 के नन्हे मुन्ने खिलाड़ियों में चैंपियनशिप को लेकर अपार उत्साह है।

प्रतियोगिता का शुभारंभ प्रदेश शतरंज संघ के महासचिव विनोद राठी अंतरराष्ट्रीय महिला खिलाड़ी किरण अग्रवाल, रमेश अग्रवाल, चुनमुन अग्रवाल अंतर्राष्ट्रीय आर्बिटर अलंकार भिवगड़, तुलसी सोनी, एस के भगत की उपस्थिति में किया गया ।

नगपुरा में मनाया गया...

की श्रद्धांजलि देते हुए उनके द्वारा लिखे गए स्तवनों का सामूहिक गायन विद्यार्थियों द्वारा किया गया। वर्धमान गुरूकुल के छात्रा रंजीता एवं साथी ने गुरू भक्ति गीत प्रस्तुत किया। नम्रता निषाद ने कविता के माध्यम से आचार्य लब्धि सूरीश्वर जी के म.सा.के सम्पूर्ण जीवनवृत से अवगत कराया।

तीर्थ के सचिव संतोष यादव ने लब्धि सूरीश्वर जी के जीवनवृत पर प्रकाश डालते हुए बताया कि गुरूदेव सदैव दूसरे गुणों को सम्मान देते थे।

साध्वी मुक्तिप्रिया श्री जी म.सा. ने धर्मसभा को संबोधित करते हुए कहा कि तीर्थंकरों का जन्म स्वयं के साथ ही विश्व के समस्त प्राणियों के कल्याण हेतु होता है। इसलिए तीर्थंकर परमात्मा के जन्म दिवस को जन्म कल्याणक कहा गया है। नारकीय जीव भी तीर्थंकर के जन्मकल्याणक अवसर पर आनंद की अनुभूति करते हैं। उन्होंने कहा कि आचार्य भगवंत अरिहंतसिद्ध सूरीश्वर जी ने 19 वर्ष की अल्प आयु में टी.वी. जैसे गंभीर व्याधि से जूझते हुए शत्रुंजय की यात्रा किये। जहाँ विज्ञान समाप्त होता है वहाँ से आध्यात्म प्रारंभ होता है ।

कार्यक्रम में आरोग्यम् के साधक, मुम्बई, अहमदाबाद, मद्रास के तीर्थयात्रीगण उपस्थित रहे।

निर्माण पूर्ण नहीं करने वाले ...

निर्माण जैसे चल रहे तथा अप्रारंभ कार्यों की समीक्षा किये है। आयुक्त ने बैठक में विलम्ब से आने वाले तथा बिना पूर्व सूचना के अनुपस्थित रहने वाले अधिकारी के विरूद्ध नोटिस जारी करने के निर्देश दिये है। बैठक में अपर आयुक्त, सभी जोन आयुक्त, कार्यपालन अभियंता, सहायक अभियंता, उपअभियंता उपस्थित थे।

पुलिस अधीक्षक ने कोतवाली बालोद का किया वार्षिक निरीक्षण

बालोद, 21 अगस्त। 21 अगस्त 2023 को पुलिस अधीक्षक डॉ. जितेंद्र कुमार यादव के द्वारा थाना कोतवाली बालोद का वार्षिक निरीक्षण किया गया। वार्षिक निरीक्षण में पुलिस अधीक्षक महोदय ने परेड सलामी लेकर परेड में उपस्थित थाना बालोद के समस्त अधिकारी कर्मचारियों के ड्रेसिंग टर्न आउट तथा परेड का जायजा लिया। थाना परिसर भवन, एवं थाना के दस्तावेजों का भी अवलोकन किया गया। निरीक्षण में अच्छे वेशभूषा एवं राइफल बेसिक वेपन ड्रिल हेतु अधिकारी कर्मचारियों को इनाम दिया गया। थाना के अधिकारी कर्मचारियों की समस्या सुनकर निराकरण करने निर्देशित किया गया। वार्षिक निरीक्षण परेड में एसडीओपी बालोद श्री प्रतीक चतुर्वेदी, थाना प्रभारी रविशंकर पाण्डे समेत थाना स्टाफ सम्मिलित हुए।

स्वास्थ्य विभाग मे सीधी भर्ती के पद पर दावा आपत्ति की अंतिम तिथि 28 तक

बेमेतरा, 21 अगस्त (देशबन्धु)। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला बेमेतरा के अधीन जिला स्तरीय सीधी भर्ती के पद पर वर्ग-दो फार्मासिस्ट ग्रेड-02, ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक पुरुष एवं ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक महिला के पदों के लिए प्राप्त ऑनलाइन आवेदनों की सूची का प्रकाशन एवं सूची में अभ्यर्थियों से ऑनलाइन दावा आपत्ति आमंत्रण की सूचना एवं संबंधित आवश्यक सूचना बेमेतरा जिले के वेबसाईट में अपलोड किया गया है। अभ्यर्थी / आवेदक उक्त वेबसाइट में सूची का अवलोकन कर सकते हैं एवं दावा आपत्ति कि निर्धारित अंतिम तिथि 28 अगस्त 2023 सायं 05.30 बजे तक विभागीय मेल आईडी में ऑनलाइन माध्यम से कर सकते हैं।

ताम्रध्वज साहू को कांग्रेस वर्किंग कमेटी में मिली जगह समर्थकों में उत्साह

बेमेतरा जिले से रहा है गहरा नाता

बेमेतरा, 21 अगस्त (देशबन्धु)। कांग्रेस पार्टी ने नेशनल वर्किंग कमेटी में दुर्ग ग्रामीण विधायक व राज्य के गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू को शामिल करने की घोषणा से उनके समर्थको में खुशी की लहर दौड़ गई है। छत्तीसगढ़ के विधानसभा चुनाव के ठीक पहले ताम्रध्वज साहू को पार्टी नेतृत्व से बड़ा पारितोषिक मिलने से ताम्रध्वज साहू प्रदेश की कांग्रेस राजनीति में मजबूत बन गए है।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने इ्ढ्ढञ्ज की नई टीम का ऐलान कर दिया गया। जारी सूची में 39 नेताओं का नाम शामिल है। छत्तीसगढ़ से कांग्रेस कमेटी ने नई कार्यसमिति में मंत्री ताम्रध्वज साहू को शामिल किया है। वहीं सांसद फूलो देवी नेताम को पर्मानेंट इनवाइटिस के रूप में शामिल किया गया है। इसके अलावा 32 स्थाई आमंत्रित सदस्य, 9 विशेष आमंत्रित सदस्य , ग्रुथ कांग्रेस, एनएसयूआई, महिला कांग्रेस और सेवा दल के अध्यक्षों को भी जगह दी गई है। वर्किंग कमिटी में जगह मिलने के साथ ही ताम्रध्वज साहू का स्थान दुर्ग ग्रामीण सीट पर एक हद तक तय हो गया है। नई जिम्मेदारी के बाद वे जोरदार ढंग से पार्टी फोरम में अपनी बात रख सकेंगे और अपनी चुनावी रणनीतियों को अंजाम दे सकेंगे। ताम्रध्वज साहू की नियुक्ति से उनके समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई है।...

बेहद ही सरल एवं सहज व्यक्तित्व के धनी ताम्रध्वज साहू इससे पहले भी राष्ट्रीय स्तर पर पिछड़ा वर्ग के अध्यक्ष के रूप में अपने कार्यशैली सहज एवं सरल व्यक्तित्व के चलते अपनी पहचान बना चुके हैं इसके साथ ही साथ बेमेतरा जिले से ताम्रध्वज साहू का पुराना नाता रहा है बेमेतरा विधानसभा में जहां भी 5 साल विधायक रहे उसके बाद दुर्ग लोकसभा के संसद के रूप में निर्वाचित होने के बाद वे लगातार बेमेतरा विधानसभा एवं बेमेतरा जिला से सतत संपर्क बनाए रखे हुए हैं आज भी बेमेतरा आगमन पर उनका बेहद ही आत्मिकता व गर्म जोशी से उनके समर्थक स्वागत करते हैं जिसकी मुख्य वजह यह है कि वह लगातार कार्यकर्ताओं को तवज्जो देते ही रहते हैं तथा कार्यकर्ताओं को यह कतई एहसास नहीं होने देते कि वह बेमेतरा में पहले विधायक रह चुके हैं या सांसद रह चुके हैं आज भी बहुत ही सामान्य रूप से कार्यकर्ताओं से मिलना ही उनकी अपनी पहचान बनी हुई है आज जैसे ही स्थानीय कार्यकर्ताओं को उनके कांग्रेस वर्किंग कमेटी में शामिल होने की खबर मिली कार्यकर्ताओं ने बेहद ही उत्साह का संचार हुआ तथा विधायक आशीष छाबड़ा सहित कार्यकर्ता उन्हें बधाई देते रहे साथ ही साथ कार्यकर्ताओं ने यह भी कहा कि यह बेमेतरा के लिए सम्मान की बात है कि प्रदेश के गृहमंत्री को कांग्रेस वर्किंग कमेटी में जगह मिल पाई है.

संसदीय कार्यमंत्री चौबे ने धमधा-साजा विधानसभा के लिए प्रस्तुत की दावेदारी

धमधा/साजा, 21 अगस्त (देशबन्धु)। संसदीय कार्यमन्त्री रविन्द्र चौबे जी ने आज अपने विधानसभा मुख्यालय साजा में सैकड़ो कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में कांग्रेस पार्टी से धमधा-साजा विधानसभा के लिए विधि-विधान से दावेदारी पत्र प्रस्तुत की। जिसमे माननीय मंत्री ने विधानसभा मुख्यालय स्थित साजा कांग्रेस भवन में बेमेतरा जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष-बन्शीलाल पटेल, धमधा ब्लॉक अध्यक्ष-शिवकुमार वर्मा, थान खम्हरिया ब्लॉक अध्यक्ष-जितेन्द्र उपाध्याय की उपस्थिति में साजा ब्लॉक कांग्रेस भवन में ब्लॉक अध्यक्ष सन्तोष वर्मा को अपना दावेदारी पत्र सौपा। इस अवसर पर युवा कांग्रेस नेता एवं प्रदेश प्रतिनिधि-अविनाश चौबे, जनपद अध्यक्ष-दिनेश पटेल, पूर्व अध्यक्ष-ओमप्रकाश वर्मा, मंडी अध्यक्ष- पुन्नी पटेल, जिला कांग्रेस महामंत्री-विजय दुबे, खम्हरिया नगर विधायक प्रतिनिधि-अशोक बिन्दल, देवेन्द्र विधायक प्रतिनिधि-विनोद कुंजाम, राजीव गुप्ता, गौरव बिन्दल,गुड्डू जायसवाल, बिहारी साहू, मनोज जायसवाल, शमशीर कुरैशी, सुरेश दुबे, सतीश जोशी, राजा चौबे, अंजोर यदु, डेनिस यादव, महेंद्र लाल्ला वर्मा, जागेश्वर पटेल, विप्तल गौराहा, विक्रांत ठाकुर, अरुण साहू, सन्तोष तिवारी, भूपेंद्र ढीमर, कामता गायकवाड़, इस्माईल बेग, अमृतलाल गुप्ता, बलदाऊ मिश्रा, राधेश्याम ढीमर, दिनेश साहू, रौशन अग्रवाल सहित सैकड़ों कार्यकर्तागणों की मौजूदगी रही। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा जलसंसाधन मंत्री रविन्द्र चौबे का भव्य स्वागत किया गया। ततपश्चात मंत्री ने कार्यकर्ताओं को सम्बोधित भी किया।

■ विधानसभा मुख्यालय में कांग्रेस भवन पर थान-खम्हरिया, धमधा व साजा ब्लॉक अध्यक्ष के साथ सैकड़ो कार्यकर्ताओं की रही मौजूदगी

सोरला में भूमाफिया का नाले पर कब्जा, खेतों में भरा पानी, क्षति पूर्ति के लिए कलेक्टर को सौंपेंगे ज्ञापन

बेमेतरा, 21 अगस्त (देशबन्धु)। विधानसभा क्षेत्र के ग्राम सोरला में खेतों में पानी भरने से फसल को हुए नुकसान की क्षतिपूर्ति के लिए क्षेत्र के किसान मंगलवार को बेमेतरा कलेक्टर को ज्ञापन सौंपेंगे। किसान नेता योगेश तिवारी के नेतृत्व में प्रभावित किसान कलेक्टर से मुलाकात कर अपनी परेशानी से अवगत कराएंगे। इस संबंध में किसान नेता योगेश तिवारी ने बताया कि गांव के नाले पर भूमाफिया के अवैध कब्जे से किसानों के खेतों में पानी भर रहा है। जिससे किसानों को काफी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। प्रशासन से बार-बार आग्रह किया जाने के बावजूद भू-माफिया पर कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। इस संबंध में तहसीलदार, एसडीएम, कलेक्टर से लेकर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की गई थी। किसानों ने बताया कि भू-माफिया के द्वारा नाले में कब्जा करने के कारण खेतों में 5 से 6 फीट पानी भरने से फसल चौपट हो रही है। प्रशासन से बार-बार गुहार लगाए जाने के बावजूद कोई अधिकारी सुध लेने को तैयार नहीं है। किसान नेता के नेतृत्व में किसानों के साथ मिलकर फिर एक बार कलेक्टर को ज्ञापन सौंपेंगे।

अन्याय के खिलाफ आवाज उठाने वाले और न्याय करने वाले थे गुरू बालकदास: छाबड़ा

बेमेतरा, 21 अगस्त (देशबन्धु)। विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत सतनाम आर्मी युवा संगठन बेमेतरा द्वारा ग्राम बोरिया में आयोजित सुर वीर राजा गुरु बालकदास जयंती समारोह में मुख्यअतिथि आशीष छाबड़ा विधायक बेमेतरा हुए शामिल।

सर्वप्रथम गुरु बालकदास जी तैल चित्र की पूजा अर्चना कर क्षेत्रवासियों की सुख शांति समृद्धि की कामना की।

इस अवसर पर विधायक आशीष छाबड़ा ने संबोधित करते हुए कहा कि गुरु बाबा बालकदास जी अन्याय के खिलाफ आवाज उठाने वाले और न्याय करने वाले महान राजा थे,उनके जीवन दर्शन से हमें प्रेरणा लेनी चाहिए, देश की आजादी में बाबा बालकदास का बड़ा योगदान है, बलिदानी राजा गुरु बालकदास जी शौर्य के प्रतीक, बाबा गुरु घासीदास ने जिस तरह सत्य और अहिंसा का मार्ग चुना, उसी प्रकार प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल जी बाबा के बताए हुए सत्य के रास्ता में चलकर छत्तीसगढ़ को विकास की राह पर ले जा रहे हैं,जो भी घोषणा सरकार ने किया है उसे लगातार पूरा कर रहे हैं,मिथलेश वर्मा उपाध्यक्ष जनपद पंचायत बेमेतरा,

शुभम वर्मा अध्यक्ष विधानसभा बेमेतरा,भावसिंह राज,राजकुमार बंजारे, बिरेंद्र बंजारे,अमन सतनामी, राहुल टंडन,टीकम टंडन,यशवंत बंजारे, छबू लाल बघेल ,शत्रोहन कुशाल नायक,मोहन बारले,रोहन सतनामी, संदीप बंजारे,मनोज देशलहरे,भागीरथी, राजकुमार सेन सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी रहे उपस्थित

शक्तिपीठ देवी मां कालिका मंदिर परिसर में हुई शिवलिंग की प्राण प्रतिष्ठा

बेमेतरा, 21 अगस्त (देशबन्धु)। सावन महीने के सातवें सोमवार को शक्तिपीठ देवी मां कालिका मंदिर परिसर में कृष्ण ईश्वर महादेव शिवलिंग की स्थापना नरेंद्र यादव की स्मृति में की गई। शिवलिंग प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम पंडित शुभम दुबे के नेतृत्व में सुबह मंदिर परिसर से कलश यात्रा निकाली गई यात्रा समीप के तालाब में पूजा अर्चना के पश्चात वापस मां शक्तिपीठ देवी मां कालिका मंदिर पहुंची जहां पर पंडित शुभम दुबे के द्वारा शिव पंचासन शिवा प्राण प्रतिष्ठा एवं पूर्णाहुति विधि विधान से शिवलिंग की प्राण प्रतिष्ठा कराई गई शिवलिंग की स्थापना के पश्चात भोग भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें वार्ड वासियों के अलावा नगर वासियों ने भी भोग प्रसाद ग्रहण किए जानकारी देते हुए पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा ने बताया कि सावन महीने में शिवलिंग की प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन किया गया कृष्णा यादव की स्मृति में मंदिर परिसर में शिवलिंग की स्थापना की गई जिसमें परिवार के अलावा नगरवासी भी शामिल हुए। इस अवसर पर पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा,राकेश मोहन शर्मा, विकास तंबोली, रंगी यादव, ललित निर्मलकर ,दशरथ देवांग, धीरेंद्र देवांगन एवं वार्ड के निवासी उपस्थित थे।

बेमेतरा तहसील मानस संघ के पदाधिकारी का शपथ ग्रहण संपन्न

बेमेतरा, 21 अगस्त (देशबन्धु)। तहसील मानस संघ बेमेतरा के पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण सिंघौरी वार्ड नंबर 14 के नवधा मंच में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का प्रारंभ राम दरबार तैल चित्र में मानस पदाधिकारी के द्वारा दीप प्रज्वलित पूजन अर्चन एवं राम मंदिर भजन मंडली द्वारा अमृत भजनों का छटा बिखेर कर प्रारंभ हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला मानस संघ के जिला अध्यक्ष अनिल रजक थे। जिला अध्यक्ष अनिल रजक द्वारा बेमेतरा तहसील मानस संघ के पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाकर बधाई दिया गया। जिला अध्यक्ष अनिल रजक ने कहा कि मानस संघ सनातन धर्म एवं संस्कृति रक्षा के लिए बनाया गया है और अपनी धर्म संस्कृति परंपरा को कायम रखना हम सभी का कर्तव्य है यह कोई लाभ का पद नहीं है अत: सभी लोगों का उद्देश्य केवल सत्संग व भक्ति ही रहे। जिला मानस संघ के ऑडिटर एवं कार्यक्रम संचालक डा. रिझन सिंह सेन द्वारा गोस्वामी तुलसीदास जी का जन्म कथा एवं रामचरितमानस महान ग्रंथ का उद्देश्य एवं शक्ति केंद्र गठन का लाभ के बारे में जानकारी दिया गया। बेमेतरा तहसील अध्यक्ष श्री देवराम साहू द्वारा आभार प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर जिला मानस संघ के अध्यक्ष अनिल रजक, तहसील उपाध्यक्ष आजूराम साहू, सचिव भागीरथी यदू , कोषाध्यक्ष पोषण साहू, सहसचिव खेमराज साहू, सलाहकार नेतराम साहू मीडिया प्रभारी गणेश साहू, अर्जुनी शक्ति केंद्र अध्यक्ष अजीत साहू, कोसा शक्ति केंद्र अध्यक्ष कौशल सिन्हा, टिकेंद्र साहू,संजय साहू ,मेहतरू ध्रुव, परमेश्वर तिवारी , विष्णु मानिकपुरी, लीलाराम साहू, हिरेंद्र साहू, चित्रेश सेन,धनेश साहू, भागीरथी साहू, गौकरण साहू,धनाजी निषाद,लेखसिंह वर्मा, ढोला वर्मा, अर्जुन साहू,प्रमेश मानिकपुरी,किसान साहू ,भगवती देवदास,संतोष साहू, देवेंद्र साहू, अगम मानिकपुरी, राजेश योगी, नोहर मानिकपुरी, बिहारी यादव, विष्णु साहू, मुकेश देवांगन,भीखम साहू, तनसुख मानिकपुरी,मनोज वर्मा,वहिद कुरैशी, सहित अनेक पदाधिकारी एवं सदस्य गण उपस्थित थे।

ज़िला सहकारी केंद्रीय बैंक दुर्ग के देवकर ब्रांच में शॉल व श्रीफल देकर किसानों को किया गया सम्मानित

देवकर, 21 अगस्त (देशबन्धु)। ज़िला सहकारी केंद्रीय बैंक दुर्ग के देवकर ब्रांच कार्यालय में कल राजीव गांधी किसान न्याय योजना अंतर्गत राज्य सरकार द्वारा किसानों को आदान सहायता राशि का दूसरा किश्त प्रदान दिया गया। जिसमें सहकारी बैंक के देवकर शाखा अंतर्गत सेवा सहकारी मर्यादित समिति सहसपुर, मोहभट्ठा, अकलवारा, चोंगी खपरी एवं देवकर समिति के अध्यक्षों की उपस्थिति में समिति के पंजीकृत किसानों को पहले दिन में शॉल एवं श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। इस सम्बन्ध में जिला सहकारी बैंक के देवकर शाखा प्रबंधक-हीरधर मैग्री ने बताया कि प्रदेश शासन द्वारा ब्रांच के सभी समितियों अंतर्गत पंजीकृत कुल 6000 से अधिक किसानों के खातों में न्याय योजना की दूसरी किश्त की राशि जारी कर दी गयी। जिसमे कल पहला दिन होने के कारण ब्रांच के पांचों समितियों से करीब 200 किसान अपने खाते से पैसा निकालने सहकारी बैंक पहुंचे। जहां प्रथम दिन तकरीबन 35 लाख रुपये की राशि किसानों द्वारा आहरित की गयी। इस अवसर पर नगर पंचायत के विधायक प्रतिनिधि-विनोद कुंजाम, अध्यक्ष प्रतिनिधि-बिहारी साहू, वरिष्ठ कांग्रेसी-ईस्माइल बेग, अमृतलाल गुप्ता, सेवा सहकारी मर्यादित देवकर अध्यक्ष-झग्गर राम देवांगन, अकलवारा समिति- सन्तोष साहू, सहसपुर अध्यक्ष-लखन साहू, चोंगी खपरी अध्यक्ष सन्दीप राजपूत, मोहभट्ठा समिति अध्यक्ष-मोतीलाल मार्कण्डेय, समिति सहायक प्रबन्धकों में लक्ष्मी नारायण साहू, अशोक गायकवाड़, खेलावन सिंह, पवन निषाद, नरसिंह साहू सहित ब्रांच के अन्य कर्मचारीगण उपस्थित रहे। इस सम्बंध में सेवा सहकारी मर्यादित समिति देवकर के अध्यक्ष-झग्गर देवांगन ने बताया कि हमारे समिति में कुल 1550 पंजीकृत किसान है।जिनके खातों में कल राजीव गांधी किसान न्याय योजना के तहत सभी किसानों को दूसरी किश्त की राशि डाली गयी।प्रदेश के सभी किसान मुख्यमंत्री-भूपेश बघेल एवं सहकारिता मंत्री-रविन्द्र चौबे के विकास कार्यों एवं योजनाओं से समृद्ध हो रहा है। जिससे क्षेत्र सहित प्रदेशभर में खुशहाली व्याप्त है।

देवलाल ठाकुर को भाजपा प्रत्याशी बनाये जाने पर प्रदेश नेताओं का माना आभार

■ कांग्रेसी अपनी पार्टी की करे चिंता मंत्री को इम्प्रेस करने बजाया जमीन पर करे कार्य:जायसवाल

■ भाजपा प्रत्याशी को जीताने कार्यकर्ता अपनी सार्थक भूमिका का निर्वाहन करे

दल्लीराजहरा/डौण्डी,21 अगस्त (देशबन्धु)। डौण्डी लोहारा विधानसभा के प्रत्याशी देवलाल ठाकुर फैन्स क्लब के प्रदेश अध्यक्ष श्याम जायसवाल ने देवलाल ठाकुर को डौंडी लोहरा विधानसभा से भाजपा का अधिकृत प्रत्याशी बनाये जाने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह , भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव जिला अध्यक्ष के.सी पवार सहित राष्ट्रीय व प्रदेश भाजपा पदाधिकारी का आभार माना है। श्याम जायसवाल ने कहा कि हमारे मांग के अनुरूप डौंडीलोहारा विधानसभा क्षेत्र में भाजपा ने देवलाल ठाकुर को प्रत्याशी बनाया है। जिससे पूरे क्षेत्र के युवाओं में खुशी की लहर है। हर गांव हर शहर के युवा देवलाल ठाकुर को अपने विधायक के तौर पर देखने आतुर है। श्याम जायसवाल ने कहा कि भाजपा ने जैसे ही देवलाल ठाकुर को डौंडी लोहरा से अपना अधिकृत प्रत्याशी घोषित किया है। तब से ही कुछ कांग्रेसीयों के पेट मे दर्द शुरू हो गया है। तो कुछ कांग्रेसी मानसिक दिवालियापन के शिकार हो गए है। कुछ लोग प्रेस में उल जलूल बयान जारी कर रहे तो कुछ वाट्सअप पर ऑर्गेनल तर्क दे अपनी कुंठित मानसिकता दर्शा रहे। अभी तो सिर्फ देवलाल ठाकुर को प्रत्याशी ही बनाया गया है। अभी से यह हाल है। अभी तो पूरा चुनाव बचा है। आने वाले विधानसभा चुनाव में जनता को निर्णय करना है। कौन हारेगा कौन जीतेगा ये काम जनता को ही करने दिया जाये तो बेहतर होगा। कांग्रेसियों को अपनी पार्टी की चिंता करने की आवश्यकता है। हवा बाजी बातों से सिर्फ मंत्री मैडम को इम्प्रेस करने की जगह जमीन पर कुछ काम करे तो ज्यादा अच्छा होगा। इन लोगो ने दल्लीराजहरा नगरपालिका सहित पूरे विधानसभा क्षेत्र को भ्रष्टाचार का गढ़ बना दिया गया है। कदम कदम पर घोटाले हो रहे राशन दुकानों के आबंटन से लेकर रोड्ड, नाली , पानी , बिजली हर जगह भ्रष्टाचार हो रहा रही बात देवलाल ठाकुर के इस विधानसभा चुनाव में स्थिति को लेकर तो लगातार हर गांव गांव में पिछले 10 सालों से लोगो के सुख दु:ख में खड़े होने वाले युवा नेता हैं। इन्हें जनता मृदुभाषी व्यक्तित्व के धनी शांत व ज्ञानवान युवा नेता के रूप में जनती हैं। और जनता समय समय पर अपना आशीर्वाद देवलाल ठाकुर को देती आई है। युवा इन्हें अपना रोल मॉडल मानते है। श्याम जायसवाल ने आगे कहा कि देवलाल ठाकुर की स्थिति डौंडीलोहरा विधानसभा क्षेत्र में काफी मजबूत है। क्षेत्र की जनता इनके जनहित के कार्यों से जानती है बालोद जिला पंचायत के प्रथम अध्यक्ष रहते हुए क्षेत्र.में इनके व्दारा जनहित विकास के अनेकों कार्य किये गये है। श्याम जायसवाल ने आगे कहा कि भाजपा के शीर्ष नेतृत्व की हम आश्वस्त करते हैं। कि इस बार भाजपा में सबसे अधिक मतों से जितने वाले प्रत्याशियों में देवलाल ठाकुर का नाम शामिल होगा। उन्होने सभी भाजपा के जनप्रतिनिधियों व कार्यकर्ताओं से अपील करते हुए कहा की सारे मनभेद मतभेद भूला कर भाजपा पार्टी के प्रत्याशी देवलाल ठाकुर को डौण्डी लोहारा विधानसभा क्षेत्र से विजय बनाने के लिए कार्य करे व प्रदेश के 2023 आम चुनाव में फिर से सत्ता में भाजपा की सरकार स्थापित करने में समस्त कार्यकर्ता एक जूटता के साथ अपनी सार्थक भूमिका निर्वाहन करे तब जा कर प्रधानमंत्री मोदी का संकल्प सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास के साथ सबके प्रायस से प्रदेश में विकास की गंगा बहेगी।

बटन का कमाल बालोद जिले के किसान हुए मालामाल

■ मुख्यमंत्री ने बटन दबाया और 96 करोड़ की राशि बालोद जिले के किसानों के खाते में पहुंची

गुरुर, 21 अगस्त (देशबन्धु)। मुख्य मंत्री ने बटन दबाया और बालोद जिले के किसानों के खातों में 96 करोड़ पहुंच गया, यह है बटन का कमाल किसान हुए मालामाल किसानों के चेहरों में आई मुस्कान इसे कहते हैं कांग्रेस का शासन काल,जी हां चौंकिये मत,आश्चर्यजनक किंतु सत्य।

राजीव गांधी किसान सम्मान की 18 वी किस्त की राशि किसानों के खाते में रविवार को मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के द्वारा बटन दबाकर किसानों के खाते में भेजा गया , किस्त की राशि निकालने आए निकालने आए अमानत दार एवं किसान के सम्मान में किसानों का सम्मान समारोह बैंक प्रांगण में रखा गया।

जिसके मुख्य अतिथि संजारी बालोद विधायक संगीता सिंन्हा के हाथों किसानों का सम्मान गमछा और नारियल देकर किया गया और किसानों को सम्मानित करते हुए विधायक संगीता सिंहा ने कहा कि बालोद जिला में 96 हजार करोड़ की राशि किसानों के खाते में 20 अगस्त को स्थानांतरित हुई है,

छत्तीसगढ़ की सरकार भूपेश की सरकार किसानों को जब- जब जरूरत होती है तब तक किसानों के खाता में सम्मान की राशि को पहुंचा देते हैं किसान के हर सुख दुख में खड़े होने वाले भूपेश सरकार ही है जो किसान की हर दुख को अपना दुख समझते हैं और हर सुख को अपना सुख छत्तीसगढ़ की बोली भाषा पारंपरिक रीति रिवाज को आगे पहुंचाने वाले भूपेश सरकार हैं इसीलिए भूपेश है तो हम सबको भरोसा है आने वाले चुनाव में एक बार फिर से हम सबको मिलकर कांग्रेस की सरकार बनानी है, तामेश्वर साहू अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी, भूषण पुरी गोस्वामी ,जीवधन सिंहा ,खिलेश्वर केहरी ,लाल खान, कुमलाल देहारी, हलालख्रोर कुंजाम ,विष्णु राम ठाकुर, भगवान दास मंचूरिया ,हीरामन साहू ,रेखराम यादव समस्त प्राधिकृत अधिकारी इस कार्यक्रम में किसानों का सम्मान करने उपस्थित हुए ,जिला सहकारी केंद्रीय बैंक गुरुर के प्रांगण में किसान सम्मान समारोह किया गया शाखा प्रबंधक डी.एस.कमरा एवं बैंक शाखा गुरुर एवं समस्त कर्मचारी गण इस कार्यक्रम में किसानों का सम्मान किए।

केसीजी जिला कांग्रेस के प्रथम जिला अध्यक्ष बने गजेन्द्र ठाकरे

खैरागढ़, 21 (देशबन्धु)। खैरागढ़ छुईखदान-गंडई के प्रथम जिला कांग्रेस कमेटी (ग्रामीण) के अध्यक्ष मनोनयन के बाद गजेन्द्र ठाकरे को लगातार बधाई देने का सिलसिला बना हुआ है। कांग्रेस नेता मनराखन देवांगन ने गजेन्द्र ठाकरे को कांग्रेस पार्टी के केसीजी जिलाध्यक्ष बनने पर खुशी जाहिर करते हुये उन्हें बधाई दी है। श्री देवांगन ने कहा है कि उनके जिला अध्यक्ष बनने से केसीजी जिले में कांग्रेस और मजबूत होगी। कांग्रेस कार्यकर्ताओं का समन्वय मजबूत होगा। जिलाध्यक्ष गजेंद्र ठाकरे ने कांग्रेस पार्टी का आभार जताते हुये कहा कि वे आज भी वही गजेंद्र हैं जो कल थे। कांग्रेस पार्टी का एक छोटा सा सेवक जो सदैव पार्टी तथा कार्यकर्ताओं के सुख दुख में साथ रहेंगे। सभी को मिलकर आगामी विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के ध्वज को और बुलंद करना है। विधानसभा चुनाव में जीतकर छत्तीसगढ़ में भूपेश बघेल की भरोसेमंद सरकार बनानी है। इस दौरान निर्लोबर वर्मा, गुलशन तिवारी, भरत चंद्राकर, पूरन सारथी, नीरज झा, दिलीप ओगरे, राजा सोलंकी अजय देवांगन सहित कांग्रेस के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

पिछड़ा वर्ग कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष पत्रकारों से रूबरू हुए

राजनांदगांव, 21 अगस्त (देशबन्धु)। ओबीसी संगठन एवं कांग्रेस पार्टी के निर्देश पर राजनांदगांव पहुंचे पिछड़ा वर्ग कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष कैप्टन अजय यादव ने प्रेस क्लब में पत्रकार वार्ता लेते हुए कहा कि पिछड़ा वर्ग का सबसे बड़ा कोई दुश्मन है तो वह भारतीय पार्टी है। बीजेपी की सोच पिछड़ा वर्ग विरोधी है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने सन 2000 में जाती जनगणना कराई थी लेकिन भाजपा ने उसे लागू नहीं किया। यदि उसकी सरकार 2024 में आती है तो पिछड़ा वर्ग को न्याय दिलाने जाती जनगणना कराएंगे। एस.सी. एस. टी. सहित महिलाओं को आरक्षण देंगे। पिछड़ा वर्ग के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री यादव ने न्याय पद्धति में कालोजियम सिस्टम पर अंकुश लगाने तथा पिछड़ा वर्ग के वंचित समाज को आगे लाए जाने की बात कही। उन्होंने कहा कि अनुसूचित जाति व कुछ ऐसी जाति है जो वंचित है उसे सामने लाया जाएगी व उन्हें फायदा पहुंचाया जाएगा। उन्होंने कहा कि भाजपा के दो मित्र है अडानी और अंबानी। भाजपा ने इसके हवाले सब कुछ कर दिया है। देश की सभी संस्थानों प्रतिष्ठानों को प्राईवेट सेक्टर में देकर आरक्षण को खत्मा किया जा रहे है। सवैधानिक संस्थाओं का दुरूपयोग हो रहा है। भ्रष्टाचार की बाते करने वाले भाजपाई भ्रष्टाचारियों को अपने साथ शामिल कर भाजपा के वाशिंग पाउडर से धो डालते है। भाजपा निजीकरण की ओर ज्यादा जोर दे रही है। जबकि देश में महंगाई बेरोजगारी बढ़ी हुई है। टमाटर ढाई सौ रूपए किलो बिक रहा है। प्याज के दाम भी बढ़े हुए है। महंगाई चरम पर है। कैप्टन यादव ने मध्यम वर्ग के लोगों को 60ञ जीएसटी देने वाले तथा कारपोरेटर घराने के लोगों को सिर्फ 30ञ जीएसटी देने वाला बताया। उन्होंने राजग गठबंधन वाली मोदी सरकार पर चांवल के निर्यात को बंद कर देने का आरोप लगाया।

प्रदेश पिछड़ा वर्ग कांग्रेस अध्यक्ष चौलेश्वर चन्द्रा कर सहित शहर की महापौर श्रीमती हेमा देशमुख शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष कुलबीर छाबड़ा। जिला ग्रामीण कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष भागवत साहू मंडी अध्यक्ष गोवर्धन देशमुख, जिला पंचायत सदस्य अंगेश्वर देशमुख शंकरलाल, दिलीप भूषण साहू आदि कांग्रेसियों की उपस्थिति में राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग अध्यक्ष श्री यादव ने कहा कि उन्होंने पूरा देश भ्रमण कर देखा है। उन्होंने छत्तीसगढ़ में भूपेश बघेल सरकार के कामकाज की तारीफ की व कहा कि छत्तीसगढ़ में किसानों को धान का समर्थन मूल्य से उपर 2640 रूपए प्रति च्ंटल दिया जा रहा है। किसानों के कर्जे माफ किए गए है। बिजली बिल आधा कर दिया गया है। प्रदेश सरकार ने भूमिहीन किसानों को 7 हजार रूपए सहायता दे रही है। बेरोजगारों को भत्ता दिया जा रहा है जो भाजपा की सोच से विपरीत है। उन्होंने राहुल गांधी की भारत यात्रा यात्रा की भी बात की तथा कहा कि वे नफरत की दूकान बंद कर मुहब्बत की दुकान खोल रहे है।

उन्होंने छत्तीसगढ़ के राज्यपाल से 27 प्रतिशत आरक्षण को पास किए जाने का निवेदन किया लेकिन ओबीसी की प्रधानमंत्री बनाए जाने के सवाल पर सेन्ट्रल पालियामेन्ट बोर्ड पर इसका जिम्मा डाल दिया।

अंततः खुज्जी विधानसभा की उम्मीदवारी को लेकर नवाज भाई ने भी दाखिल किया आवेदन

राजनांदगांव, 21 अगस्त (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ प्रदेश मे होने जा रहे हैं विधानसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस पार्टी मे आवेदन का दौर शुरू हो गया है उसी तारतम्य मे खुज्जी विधानसभा के लिए जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के अध्यक्ष नवाज भाई ने भी अपना दावेदारी का आवेदन ब्लॉक अध्यक्ष रितेश जैन को सौप दिया है छुरिया रेस्ट हाउस मे कांग्रेस के बड़ी संख्या मे लोग उपस्थित थे। नवाज भाई काफी समर्थकों के साथ अपना आवेदन देने पहुंचे थे सबसे बड़ी बात यह रही कि आज टिकट की दावेदारी को लेकर 23 लोगों ने अपने आवेदन जमा किए जिसमें मुख्य रुप से नवाज खान और,चुम्मन लाल साहू, राजकुमारी सिन्हा,रितेश मेश्राम दशरथ लाल,लादूराम तुमरेकौ,अमित अग्रवाल,अंजली धावडे,चंद्रिका वर्मा, पुष्पा सिन्हा,कलीराम चंद्रवंशी,तरुण सिन्हा,गिरीश सोनवानी,मदन लाल नेताम,सलमान खान,अब्दुल रफीक खान,नरेश शुक्ला,सोनू खान,सुनील लारोकर,साधना सिंह, रामकुमारी चंद्रवंशी ने भी अपनी उम्मीदवारी के लिए आवेदन किया।

भगवान चंद्रमौलेश्वर की पालकी यात्रा का शाहिद भाई के नेतृत्व में हुआ भव्य स्वागत

राजनांदगांव, 21 अगस्त (देशबन्धु)। प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी बाबा महाकाल के चंद्रमौलेश्वर रूप में पालकी में सवार होकर उज्जैन की तर्ज पर राजनांदगांव में पालकी शोभा यात्रा निकली गई इस शोभायात्रा में शहर के श्रद्धालु गण बड़ी संख्या में शामिल हुए थे सभी श्रद्धालु जनों को प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री शाहिद भाई के द्वारा शीतल पेय उपलब्ध कराकर स्वागत अभिनंदन किया गया श्री शाहिद भाई के इस प्रयास पर आयोजक एवं श्रद्धालु जनों ने उनके इस पुनीत कार्य के प्रशंसा की इस अवसर पर कांग्रेस प्रवक्ता रूपेश दुबे दक्षिण ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सूर्यकांत जैन युवा नेता भावेश अग्रवाल व्यापार प्रकोष्ठ के शहर अध्यक्ष संजय रिजवानी महाकाल यात्रा के संचालक पवन डागा, राजू डागा खेलकूद प्रकोष्ठ के शहर अध्यक्ष मनीष गौतम शेषनाथ आदि बड़ी संख्या में उपस्थित थे

विधायक छन्नी साहू के निवास ग्राम पैरी पहुंचे उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव

प्रदेश के मुख्यमंत्री ने फोने से लिया विधायक छन्नी साहू से घटना व उनके स्वास्थ की जानकारी

छुरिया, 21 अगस्त (देशबन्धु)। खुज्जी विधायक श्रीमती छन्नी साहू पर ग्राम जोधरा मे कार्यक्रम दौरान एक युवक जिसे पुलिस ने गिरफ्तार कर एफआईआर दर्ज कर धारा 307 और आर्म्स एक्ट की धाराओं मे कार्यवाही की है द्वारा चाकू से प्राणघात हमले की खबर सुनकर प्रदेश के अनेक नेताओं ने उनसे कुशलक्षेम पूछा वही प्रदेश के उपमुख्यमंत्री टी एस बाबा प्रत्यक्ष मिलने पहुंचे आज अपने निर्धारित समय शाम 5 बजे के बजाए रात 8 बजे ग्राम पैरी पहुंचे जहाँ विधायक छन्नी साहू व उनके परिवार के सदस्यों ने आरती उतारकर माथे मे टीका लगाकर उनका स्वागत किया विधायक पति चन्दू साहू ने बताया कि सुबह 10 बजे प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल विधानसभा अध्यक्ष चरणदास मंहत गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू आबकारी मंत्री कवासी लखमा ने भी विधायक छन्नी साहू से फोन पर कुशलक्षेम घटना व स्वास्थ का जानकारी ली आज ग्राम पैरी मे उपमुख्यमंत्री के पहुचने पर विधायक निवास मे सैकड़ों की सख्या मे नेता पूर्व विधायक प्रकाश यादव ,वरिष्ठ कांग्रेस नेता नेहरू लाल साहू ,रूबी गरचा , जिला प्रवक्ता राहुल तिवारी ,ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष रितेश जैन ,जोधी राम साहू ,बिट्टू भाटिया बागनदी, एकनाथ सिन्हा , प्रकाश शर्मा , सोनू खान, भावेश सिन्हा ,व बड़े सख्या मे ग्रामीण पूरुष महिलाएं भी मौजूद रही। विधानसभा खुज्जी क्षेत्र की विधायक प्रदेश में हमेशा सुर्खियों में रही है कभी ग्रामीण अध्यक्ष को हटाने प्रदेश कांग्रेस कमेटी के राजधानी कार्यालय में रात भर बैठ गई दूसरी दफे पति के गिरफ्तारी के बाद पीएसओ को हटाने के मामले को लेकर विधानसभा भवन तक स्कूटी में बिना सुरक्षा सरपट दौड़ते हुए राजधानी पहुंच गई तब भी उन्होंने काफी और को किया मीडिया में बटोरी उसके पश्चात दूर के रिश्तेदार की गाड़ी छुड़ाने के मामले को लेकर भी आरटीओ ऑफिस में मंगलसूत्र को निकाल कर चालानी कार्रवाई की राशि जमा करने के मामले में भी काफी सुर्खियां बटोरी पर यह जानलेवा घटनाक्रम निश्चित रूप से अशांति के संकेत देता है और खासकर अगर जब महिला विधायक के ऊपर में किसी क्षेत्र में कार्यक्रम के दौरान चाकू उठाकर हमला करने की की नियत से अगर कोई आता है तो जरूर इस मसले को लेकर सूक्ष्म जांच की आवश्यकता है। विधायक श्रीमती छन्नी साहू उपमुख्यमंत्री टी एस सिंह देव के काफी खास समर्थकों मे एक माना जाता है टीएस सिंह देव पैरी ग्राम मे दूसरी बाहर पहुंचे हैं एक समय विधायिका के जन्मदिन पर हेलीकॉप्टर में पहुंचने पर क्षेत्र मे काफी उत्सुकता का वातावरण आज भी जन चर्चा मे होता रहा।

कांग्रेस में विधायक बनने अभी तक विधायक दलेश्वर और उनकी पत्नी जयश्री सहित दो दर्जन ने दिया आवेदन

डोंगरगांव, 21 अगस्त (देशबन्धु)। प्रदेश में विधानसभा चुनाव की दुंदुभी बजने के बाद डोंगरगांव विधानसभा चुनाव के लिए अब तक दो दर्जन लोगों के नाम सामने आये हैं। आवेदन लेने की प्रक्रिया के तहत् अब तक यहां 22 लोगों ने विधायक पद के लिए आवेदन लिया है। इनमें से 9 लोगों ने अब तक फार्म जमा भी कर लिया है।

जानकारी के अनुसार 17 अगस्त से ब्लॉक स्तर पर आवेदन पत्र लेने की प्रक्रिया प्रारंभ की गई है और जैसी कि उम्मीद थी, कांग्रेस में भी दावेदारों की एक लम्बी फेहरिस्त सामने आ रही है। वर्तमान में सत्तारूढ़ विधायक के रहने के बाद भी अब तक लगभग 22 कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने टिकट मिलने की आशा में अपनी दावेदारी प्रस्तुत करने के लिए फार्म लिये हैं।

जानकारी के अनुसार पहले दिन 5 दावेदारों ने फार्म लिया था, जबकि दूसरे दिन शनिवार को सर्वाधिक 11 लोगों ने आवेदन पत्र प्राप्त किया था। इनमें वर्तमान विधायक दलेश्वर साहू, उनकी धर्मपत्नि जय श्री साहू आलीवारा, महेन्द्र यादव बोदेला गुलाब वर्मा बोदेला, मदन साहू आलीखुंटा, विभा साहू रातापायली महेन्द्र कुमार साहू संबलपुर, ललित लोढा डोंगरगांव, चेतन आनंद चौधरी करमतरा, सुयश नाहटा खुज्जी, डॉ. नरेन्द्र साहू एवं संध्या साहू डोंगरगांव तथा शिवम चौधरी करमतरा। जिनमें से कल ही मदन साहू, महेन्द्र कुमार साहू, चेतन आनंद चौधरी अजित जैन तथा शिवम चौधरी 4 ने फार्म जमा भी कर दिया था।

कार्यालय मंत्री देशान यदु तथा मीडिया प्रभारी रवि शुक्ला द्वारा प्रदत्त जानकारी अनुसार आज रविवार को 6 अभ्यर्थियों ने फार्म लिया है, इनमें मदन टंडन परना, भद्रीनारायण शुक्ला व श्रुति शुक्ला डोंगरगांव, राजेन्द्र गुप्ता घोरदा, चैतूराम साहू चिचदी तथा अरूणा देवांगन डोंगरगांव प्रमुख हैं।

साथ ही आज जिला पंचायत सदस्य महेन्द्र यादव सिवनीखुर्द, गैंदलाल निषाद राजनांदगांव, भद्रीनारायण शुक्ला, डोंगरगांव ने अपने फार्म भी जमा किये। इस प्रकार अभी तक कुल 33 लोगों ने फार्म लिया है और अभी तक मात्र 22 लोगों ने फार्म जमा किया गया है। आवेदन फार्म जमा का अंतिम 22 अगस्त को रखा गया है।

नलिनी ने डोंगरगढ़ विधानसभा के लिए अपनी उम्मीदवारी पेश की



डोंगरगढ़, 21 अगस्त (देशबन्धु)। महिला कांग्रेस नेत्री नलिनी मेश्राम ने भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी के नियम अनुसार विधिवत ब्लॉक कांग्रेस ग्रामीण कमेटी के अध्यक्ष सुरेश सिन्हा, महामंत्री राजू राजपूत के समक्ष आवेदन पेश कर डोंगरगढ़ विधानसभा के लिए अपनी उम्मीदवारी का मजबूत पक्ष रखा, उनके आवेदन करने से डोंगरगढ़ विधानसभा के युवाओं में अलग ही उत्साह नजर आ रहा है,इस अवसर पर कांग्रेस के वरिष्ठ कार्यकर्ता श्यामसाय टंडेकर , विधायक प्रतिनिधि आरती वर्मा, गौतम वर्मा , जिला किरण मेश्राम .बादल वाल्दे , हेमंत अंबादे ,विवेक वासनिक ,संजू बक्सरे , अजय मेश्राम , विक्की. चंद्रशेखर पार्टी के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित थे ।

विधायक बघेल ने ब्लॉक अध्यक्ष के पास जमा किया आवेदन, बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद

डोंगरगढ़, 21 अगस्त (देशबन्धु)। विधानसभा चुनाव को अभी 3 महीना बाकी है इसके पूर्व कांग्रेस ने अपने - अपने पार्टी कार्यकर्ताओं को दावेदारी करने के लिए इस बार गाइडलाइन जारी की है । इसी के तहत प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष दीपक बैज व जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष भागवत साहू के निर्देश पर आगामी विधानसभा चुनाव के लिए दावेदारी करने वाले कार्यकर्ताओं का आवेदन ब्लॉक अध्यक्षों को जमा करने के कहा गया है जिसमें पूरे के विधानसभा क्षेत्र के शहर व ग्रामीण ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष 18 अगस्त से 22 अगस्त के बीच दावेदारी करने वाले कार्यकर्ताओ का आवेदन ले रहे हैं इसी कड़ी में क्षेत्रीय विधायक व अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण अध्यक्ष भुनेश्वर बघेल ने भी अपने समर्थकों के साथ सोमवार को नगर में स्थित मां बमलेश्वरी के दरबार में मत्था टेक ब्लॉक कांग्रेस कमेटी शहर अध्यक्ष संजीव गोमास्ता व ग्रामीण कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सुरेश सिन्हा के पास अपनी मजबूत दावेदारी करते हुए आवेदन जमा किया है । इस दौरान कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी से विधायक श्री बघेल को फिर से प्रत्याशी बनाने की मांग रखी है कार्यकर्ताओं ने पूरे उत्साह के साथ एकमत में उनकी जीत पक्की होने के साथ ही प्रदेश में फिर से मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की सरकार बनाने की बात कही है । इस दौरान वरिष्ठ कांग्रेस नेता फिरंगी पटेल शोभाराम बघेल ब्लॉक महिला कांग्रेस अध्यक्ष लता साहू हरीश भंझरी एलडरमैन रिमी भाटिया फत्तू वर्मा सुरेश सिन्हा राजू सिंह राजपूत सामसाय टांडेकर श्रीमती मधु बघेल आरती वर्मा श्रविय वर्मा शिवा बघेल ट्रमेश नेताम रुपेश वर्मा शिवानंद यादव पुष्पोत्तम चेलक डाकेश्वर वर्मा संतोष हटीले सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे ।

बिना अनुमति लिए खोद दी जमीन, भाजपा नेता ने थाने में की शिकायत

डोंगरगढ़, 21 अगस्त (देशबन्धु)। नगर के भाजपा नेता की जमीन को एक कंपनी द्वारा गैस पाइपलाइन बिछाने के नाम पर खोदा गया है मामले की जानकारी भाजपा नेता को होते ही उन्होंने थाने पहुंच कंपनी के विरुद्ध शिकायत दर्ज कराई है । मिली जानकारी के अनुसार भाजपा के वरिष्ठ नेता हरविंदर सिह मंगे ने मंडल महामंत्री संतोष राव न पा नेता प्रतिपक्ष अमित छाबड़ा व पार्षद हरीश मोटघरे सहित अन्य कार्यकर्ताओं के साथ थाने पहुंच मामले की शिकायत कर कंपनी के विरुद्ध कार्रवाई करने की मांग की है । थाने में की गई शिकायत में बताया गया कि ग्राम कुरुभाव न. 210 रकबा भूमि स्वामी हक की जमीन है। मेरे जिस्म की भूमि पर ब्रुरुद्वारा मेरी सहमति के बगैर अवैधानिक रूप से गैस पाईप लाईन डालकर अतिक्रमण किया जा रहा है। यदि ब्रुरुद्वारा मेरी निजी स्वामित्व की जमीन पर अवैधानिक रूप से पाइप डाल दिया जाता है तो मुझे अपूर्णीय क्षति होगी । ज्ञात हो कि इससे पहले भी अंचल के ग्राम ठाकुरटोला , कोलंद्र, बेलगांव , धुसेरा के किसानों ने भी कंपनी के विरुद्ध बिना अनुमति लिए उनके खेतों में गड्ढा खोद गैस पाइपलाइन डालने की शिकायत यहां तहसील कार्यालय में की है। भाजपा नेता श्री मंगे ने पुलिस से तत्काल पाईप लाईन डालने वालों के विरुद्ध कार्यवाही कर अवैधानिक रूप से पाईप लाईन डालने का कार्य बंद करने की मांग की है ।

27 को एक दिवसीय धरना प्रदर्शन की तैयारी

डोंगरगढ़, 21 अगस्त (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ लघु वेतन चतुर्थ वर्ग क संघ की प्रांतध्यक्ष श्री खिंदेश्वर राम रौतिया व प्रांतीय महामंत्री श्री योगेश चौरे के निर्देशन में चतुर्थ वर्ग कर्मचारी संघ के बैनर तले 22 अगस्त को जिला स्तर पर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन 8 सितंबर को रायपुर में मंत्रालय घेराव किए जाने की तैयारी पूर्ण कर ली है इस बात पर प्रांतीय महामंत्री श्री योगेश चोरे ने कहा कि हडताल में कलेक्टर दर दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी व नियमित कर्मचारी वर्ग आंदोलन में शामिल होंगे तथा संघ का कार्यक्रम इस प्रकार होना बताया है प्रथम चरण में जिले स्तर पर 22 अगस्त को एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया जाएगा तथा द्वितीय चरण में 31 अगस्त 2023 तक मांग पूरा नहीं होने पर 8 सितंबर को राजधानी रायपुर में मंत्रालय घेराव किया जाएगा। विगत 10 दिसंबर 2021 को विभिन्न मांगों को लेकर छत्तीसगढ़ लघु वेतन चतुर्थ वर्ग कर्मचारी संघ ने मंत्रालय घेराव कार्यक्रम के माध्यम से शासन का ध्यानाकर्षण कराया था जिस पर कुछ सचिव व चतुर्थ वर्ग कर्मचारी संघ के प्रतिनिधिमंडल से चर्चा हुई एवं संबंधित मांगों को भारसाधक सचिवों व मंत्रालय को पत्र जारी कर सभी विभाग के चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के समस्या के संबंध में विभागीय परामर्शदाती समिति का बैठक आयोजित कर समस्या का निराकरण करने के लिए कहा था लेकिन 1 वर्ष बीत जाने के बाद भी विभागीय परामर्शदाती समिति की ना बैठक हुई और नहीं समस्याओं का कोई निराकरण किया गया जिसके कारण खाना प्रदर्शन व मंत्रालय घेराव के लिए कर्मचारी संघ को बाध्य होना पड़ा। ज्ञात हो कि चतुर्थ वर्ग कर्मचारी संघ अपनी मांगों को लेकर मुख्य सचिव के नाम से शासन को कई बार अवगत कराया गया लेकिन कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है संघ को विधानसभा सत्र की मानसून सत्र वह अनुपूरक बजट में बहुत सी आशाएं थीं कि कुछ मांगों का निराकरण हो जाएगा परंतु कोई हल नहीं निकाला जिसके कर्मचारी संघ को शासन के प्रति भारी आक्रोश है।

मकान में रखे 22 नग बकरा व बकरी की हुई चोरी, आरोपी अज्ञात

खैरागढ़, 21 अगस्त (देशबन्धु)। गंडई थाना क्षेत्र के ग्राम मानपुर नाका में अज्ञात आरोपी के द्वारा मकान में रखे 22 नग बकरा व बकरी की चोरी करने का मामला सामने आया है ।जानकारी अनुसार मानपुर नाका निवासी भगोली राम पिता लालाराम यादव ने गंडई थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह ग्राम मानपुर नाका में रहता है और बकरी बकरा चराने का काम करता है। उसके घर में कुल 12 नग छोटे-बड़े बकरा व बकरी है। अपने घर के अलावा गांव के सोनू खान, कादिर मोहम्मद व नर्मदा के मान खान व जलील खान के कुल 48 नग बकरा-बकरी चराने का काम करता है। जिसे वह अपने घर में ही रखता है। रोज की तरह वह शुक्रवार 18 अगस्त को बकरी चराने के लिये जंगल ले गया और शाम 6 बजे अपने घर के कोठे में डाल दिया और वहां ताला लगा दिया। दूसरे दिन सुबह 6 बजे देखा तो कोठे में लगा संकरी कटा हुआ था, अंदर जाकर देखा तो 2 नग बकरा व 6 नग बकरी जिसमें सोनू खान का 1 बकरा व 3 बकरी, कादिर मोहम्मद का 1 बकरा व 6 नग बकरी, मान खान की 2 नग बकरी व जलील खान की 1 नग बकरी नहीं थी। बकरी की घंटी दरवाजे के सामने रखी थी जिसे देखकर भगोली ने आसपास के लोगों को तथा बकरी मालिकों को जानकारी दी। पुलिस ने प्रार्थी की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध आईपीसी की धारा 380, 457 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में लिया है।

केसीजी के रसोईयों ने मानदेय में वृद्धि होने पर मुख्यमंत्री का जताया आभार

खैरागढ़, 21 अगस्त (देशबन्धु)। राज्य सरकार ने स्कूलों में मिड डे मील बनाने वाले रसोइयों का मानदेय में इस वर्ष दूसरी बार वृद्धि की है। इस बार शासन के द्वारा मानदेय मे 500 रुपए महीना का इजाफा किया है। इससे पहले शासन ने 300 रूपये बढ़ाने का निर्णय लिया था। मानदेय बढ़ाने पर जिले के रसोईयों में खुशी की लहर दौड़ गई है। रसोईया संघ ने इस पर हर्ष जताया है।

रसोइया संघ के जिला अध्यक्ष व पिपरिया मीडिल स्कूल के रसोईया टीकम कोठले ने शासन के फैसले पर आभार जताया है। उन्होंने शासन द्वारा दूसरी बार मानदेय मे वृद्धि करके मुख्यमंत्री भूपेश को धन्यवाद ज्ञापित किया है। इसी कड़ी में सोनेसरार प्राथमिक शाला की रसोईया मेहतरीन यादव ने सीएम भूपेश बघेल के प्रति आभार जताया है। कहा कि भूपेश बघेल की सरकार सभी वर्गों का ख्याल रख रही है। उन्होंने हम रसोईया लोगों का भी ख्याल रखा है। सीएम भूपेश बघेल दूसरी बार मानदेय में वृद्धि कर फिर बता दिया है कि वे सर्व वर्ग के हितैषी हैं। भूपेश सरकार द्वारा रसोईयों के मानदेय में पहले 300 रूपये की वृद्धि करने के बाद अब 500 रूपये और बढ़ाने के फैसले से रसोईयों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। पिपरिया मीडिल स्कूल की रसोईया सुकवारों पटेल ने भी अपनी खुशी जाहिर की है। उन्होंने सीएम को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए मया-दुलार बनाये रखने की अपील की है। इस अवसर पर सुकवारो पटेल, सविता यादव, टीकम कोठले, अखतरी बेगम, अनीती पटेल उपस्थित थे। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में लिए गए वेतन वृद्धि के फैसले से 1425 रसोईयों को सीधा फायदा पहुंचेगा। जिले में कुल 1425 रसोईया है। जिसमें खैरागढ़ के प्राथमिक शाला में 475 और मीडिल स्कूल में 254 रसोईया कार्यरत है। जबकि छुईखदान ब्लॉक के प्राथमिक शाला में 472 और मीडिल स्कूल में 224 रसोईया काम कर रहे है। जिन्हे सरकार के फैसले से सीधा फायदा पहुंचेगा।

प्रादेशिकी

महासमुंद-धमतरी-बलौदाबाजार-बागबाहरा-पिथौरा-गरियाबंद

संपादकीय

लोगों के बीच पहुंचेगा प्रशासन

प्रशासनिक कामकाज की दृष्टि से सबसे छोटी व महत्वपूर्ण प्रशासनिक इकाई तहसील होती है। तहसीलदार इसके प्रमुख होते हैं, जिन्हें कार्यपालिक दण्डाधिकारी होते हैं। छत्तीसगढ़ नए राज्य के रूप में 1 नवम्बर 2000 को अस्तित्व में आया था। उस समय 16 जिलों का यह राज्य था। यह महसूस किया गया कि लोगों तक प्रशासन की पहुंच बढ़ाने के लिए जिलों का पुनर्गठन किया जाना चाहिए। मध्य प्रदेश के समय से ही छत्तीसगढ़ वाले हिस्से में जिलों के पुनर्गठन की सिफारिश जिला पुनर्गठन आयोग ने कर दी थी, लेकिन मामला आगे नहीं बढ़ पा रहा था क्योंकि राजनीतिक नहीं बल्कि प्रशासनिक दृष्टि से भी छत्तीसगढ़ के हिस्से के प्रशासन और विकास पर नजर ही पड़ पाती थी। मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल से यह हिस्सा वैसे भी काफी दूर पड़ता था। पृथक राज्य बना तो सरकार ने प्रशासन तक लोगों की पहुंच बढ़ाने के लिए जिलों के पुनर्गठन की प्रक्रिया शुरू की। आज जिलों की संख्या 33 हो गई है। जब जिले बढ़े तो अनुविभागों और तहसीलों की संख्या भी बढ़ती चली गई। अब राज्य में 122 व 250 तहसीलें हो गए हैं। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने राजीव गांधी की जयंती पर 20 अगस्त को 13 अनुविभाग व 14 नई तहसीलों का वर्चुअल शुभारंभ किया। अब लोगों को इन कार्यालयों में होने वाले कार्यों के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा। इससे उनका समय और खर्च दोनों बचेगा। जब छत्तीसगढ़ राज्य बना तो प्रशासनिक खर्च बचाने की भी चिन्ता थी। तत्कालीन वित्त मंत्री डा.रामचंद्र सिंहदेव ने राज्य में नागरिक सुविधाएं बढ़ाने के लिए इस पर अधिक जोर दिया। मुख्यमंत्री अजीत जोगी थे, जो प्रशासनिक अधिकारी रह चुके थे। उन्होंने संभागायुक्त कार्यालयों को बंद करने का फैसला कर लिया। बाद में डा. रमन सिंह सरकार ने कार्यालयों की उपयोगिता महसूस हुई और सभी संभागायुक्त कार्यालय बहाल कर दिए गए। जिलों के साथ अनुविभागीय और तहसीलों की संख्या बढ़ती चली गई। कंप्यूटर, इंटरनेट और मोबाइल के इस जमाने में कई सहकारी सेवाएं ऑनलाइन हो गई हैं। अब सरकारी कार्यालयों में भौतिक रूप से छानबीन और सुनवाई से जुड़े मामले ही देखें-सुनें जाते हैं। नए अनुविभागों व नई तहसीलों के गठन से इन न्यायालयों में लंबित मामलों के निपटारा तेजी से होगा। जमीन के बंटवारे, सीमांकन आदि के लिए लोगों को अधिक इंतजार नहीं करना पड़ेगा। अनुविभागीय अधिकारी और तहसीलदार इन सब मामलों को साथ कानून-व्यवस्था का काम अधिक प्रभावी ढंग से कर सकेंगे। प्रशासनिक इकाइयां क्षेत्रफल की दृष्टि से छोटी होती हैं तो प्रशासनिक कार्यों के साथ ही विकास में तेजी आती है। नए जिलों के गठन के बाद वहां विकास में आई तेजी देखी जा सकती है। लोगों में भी अधिकारों के प्रति जागरूकता आती है। उनके लिए हर छोटे-बड़े काम के लिए भी सरकारी कार्यालयों के दरवाजे पर दस्तक देना आसान हो जाता है। छत्तीसगढ़ आर्थिक विकास की दिशा में तेजी से आगे बढ़ा है और सरकार की प्राथमिकताएं बदल चुकी हैं। खर्च से ज्यादा चिन्ता प्रशासन तक लोगों की पहुंच बढ़ाने की है ताकि वे सरकार की विकास योजनाओं का लाभ आगे आकर ले सकें। नए अनुविभाग और नई तहसीलों में पदस्थ अधिकारी लोगों की मदद के लिए तैयार रहेंगे और योजनाओं का क्रियान्वयन अधिक प्रभावी ढंग से हो सकेगा।

उल्टा पुल्टा

एक बहू अपने ससुर से कहती है- बाबू जी, इलाइची खतम हो गयी है आते समय बाजार से लेते आना।

ससुर - हमारे यहां बड़ों का नाम नहीं लेती, इलाइची तुम्हारी सास का नाम है।

बहू- ठीक है, आगे से ध्यान रखूंगी !!!

अगली बार बहु ने कुछ ऐसा कहा की ससुर के होश उड़ गए!

बहू- बाबू जी, माँ जी खतम हो गयी हैं आते समय, बाजार से लेते आना...

सोहागपुर ग्राम पंचायत में 15 अगस्त को नहीं फहरा तिरंगा, उपसरपंच ने की शिकायत

भटगांव/बलौदाबाजार, 21 अगस्त (देशबन्धु)। मामला जनपद पंचायत अंतर्गत आने वाले बिलाईगढ ग्राम पंचायत सोहागपुर का है। जहां ग्राम पंचायत में 15 अगस्त को ध्वजारोहण नही होने को लेकर सारंगढ़ बिलाईगढ जिला कलेक्टर से शिकायत करते हुए सरपंच सचिव पर कार्यवाही की मांग की गई है। ग्राम पंचायत सचिव हमेशा अपने पंचायत से नदारद रहता है। सरसीवा जनपद पंचायत अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत सोहागपुर के उपसरपंच रमेश पटेल और पंचगणो ने 16, अगस्त को सारंगढ़ बिलाईगढ जिला कलेक्टर के पास पहुंच कर 15, अगस्त को ग्राम पंचायत के सरपंच सचिव द्वारा झंडा नहीं फहराने जाने और सरपंच सचिव पर कठोर कार्रवाई की मांग कर आवेदन दिया है।

ग्राम पंचायत सोहागपुर के उपसरपंच रमेश पटेल और पंचो में पप्पू टण्डन, श्रीमती संतोषी टण्डन, श्रीमती निमी साहू, श्रीमती दिव्या साहू, श्रीमती गीता भारद्वाज, प्रभुदयाल पटेल, रथराम आदि लोगों ने सोहागपुर सरपंच महेश जांगड़े और सचिव कुबेर सिदार के ऊपर गंभीर आरोप लगाया कि सरपंच सचिव ने राष्ट्रीय पर्व 15 अगस्त के दिन पंचायत भवन में तिरंगा नही फहराया गया। जहां गांव के पंचों और गांव के गणमान्य नागरिकों द्वारा सरपंच सचिव का विरोध करने लग गये। सोहागपुर सरपंच सचिव के द्वारा 15 अगस्त के दिन अपने ही गांवों के पंचायत भवन में झंडा नहीं फहराया जाना गांव और आसपास के क्षेत्रों में चर्चा का विषय बना हुआ है। जबकि 15 अगस्त के दिन पूरे भारत में तिरंगा फहराया जाता है। जबकि राष्ट्रीय पर्व आने के 15 दिवस पहले से पंचायत भवन का रंग-रोगन कार्य होता रहता है, जबकि सोहागपुर ग्राम पंचायत भवन को देखने से पता चलता है कि कितना साफसफाई कार्य होता है। यहां तक पंचायत भवन के सामने परिसर पर पुरी गंदगी फैली पड़ी है और न ही 15 अगस्त के दिन पंचायत भवन का दरवाजा तक नहीं खुला था। और दरवाजे में ताला लटका पड़ा था। गांव के लोग और उपसरपंच पंचगण ने 15 अगस्त को सुबह-ही अपने पंचायत भवन पहुंच गये थे जहां सोहागपुर गांव के गणमान्य नागरिक मौजूद थे। उपसरपंच पंचगणो ने अपने पंचायत भवन के सामने सरपंच सचिव दोनों का 11 बजे तक इंतजार करते हुए थके होरे अपने अपने घर चले गये। सोहागपुर ग्राम पंचायत भवन के पास से ही ग्राम सचिव कुबेर सिदार से फोन संपर्क कर नहीं आने का कारण पूछा गया जिस पर कुबेर सिदार ने तबीयत खराब होना बतलाया। बिलाईगढ़ ब्लाक का ऐसा ग्राम पंचायत सोहागपुर है जहां 15 अगस्त को अपने पंचायत भवन में सरपंच सचिव ने द्वारा झंडा ध्वजारोहण नहीं किया।

पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने बाबा गरीबनाथ का जलाभिषेक कर भाजपा प्रत्याशी रोहित साहू के जीत के लिए मांगा आशीर्वाद

राजिम, 21 अगस्त (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी के राजिम विधानसभा के उम्मीदवार घोषित होने के बाद भाजपा प्रत्याशी रोहित साहू सोमवार को राजिम के प्रसिद्ध बाबा गरीबनाथ मन्दिर में आयोजित जलाभिषेक कार्यक्रम में पहुँचे। छग के पूर्व मंत्री एवं वरिष्ठ विधायक बृजमोहन अग्रवाल के साथ भाजपा प्रत्याशी रोहित साहू एवं राजिम भाजपा के वरिष्ठ नेतागण सहस्त्र धारा जलाभिषेक में पहुँचकर बाबा गरीबनाथ व उपस्थित जनसमुदाय से जीत का आशीर्वाद मांगा। पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने भी बाबा गरीबनाथ की पूजा अर्चना कर क्षेत्रवासियों के समृद्धि की कामना कर लोगों से भाजपा प्रत्याशी रोहित साहू को जिताने की बात कही। भाजपा प्रत्याशी रोहित साहू ने कहा कि राजिम तीर्थनगरी कमलक्षेत्र है और निश्चित तौर पर इस कमल क्षेत्र में भाजपा का कमल खिलना जरूरी है। इस दौरान वरिष्ठ नेता राजूसोनकर,पार्षद टंकु सोनकर, लाला साहू, रिकेश साहू ,लोकनाथ साहू सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ता तथा विशाल संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही। इस दौरान भाजपा नेताओं ने श्रद्धालुओं को प्रसादी का भी वितरण किया। इसके बाद भाजपा प्रत्याशी रोहित साहू ब्लॉक मुख्यालय पिंगेश्वर पहुँचकर वरिष्ठनेताओं से मिलकर उनका आशीर्वाद व सहयोग मांगा जिसमें प्रमुख रूप से अशोक राजपूत प्रदेश संयोजक नमामि गंगे, पूनम यादव पूर्व मंडल अध्यक्ष पिंगेश्वर, भुवन साहू भाजपा किसान मोर्चा,जगदीश यदु अध्यक्ष नगर पंचायत पिंगेश्वर,रोशन देवांगन,महवीर यादव वरिष्ठ कार्यकर्ता भाजपा, राजु साहू उपाध्यक्ष भाजयुमो जिला गरियाबंद व अनेक कार्यकर्ता शामिल होने पहुंचे।

कमल क्षेत्र राजिम नगरी में कमल खिले, उसके लिए कमल पर ही मुहर लगाना है : रोहित साहू

भोरिंग को नगर पंचायत की सौगात मिलने पर ग्रामीणों ने संसदीय सचिव का जताया आभार

महासमुंद, 21 अगस्त (देशबन्धु)। संसदीय सचिव व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर की मांग पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा ग्राम पंचायत भोरिंग को नगर पंचायत बनाने की घोषणा से ग्रामीणों में हर्ष व्याप्त है। पंचायत प्रतिनिधियों व ग्रामीणों ने संसदीय सचिव व विधायक श्री चंद्राकर से मुलाकात कर भोरिंग को सौगात दिलाने पर आभार जताया है। गौरतलब है कि रविवार को जिला मुख्यालय स्थित शासकीय स्वामी आत्मानंद हिन्दी उत्कृष्ट विद्यालय में आयोजित राजीव गांधी किसान न्याय योजना एवं अन्य योजनाओं का राशि वितरण कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को संसदीय सचिव व विधायक श्री चंद्राकर ने महासमुंद विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों को लेकर मांग पत्र सौंपा। जिस पर मुख्यमंत्री श्री बघेल ने महासमुंद नगरपालिका को नगर निगम बनाने, भोरिंग ग्राम पंचायत को नगर पंचायत बनाने तथा कम्पोजिट बिल्डिंग की घोषणा की। इधर ग्राम पंचायत भोरिंग को नगर पंचायत बनाने की घोषणा होने से ग्रामीणों में हर्ष व्याप्त है। आज सोमवार को पंचायत प्रतिनिधियों व ग्रामीणों ने संसदीय सचिव निवास पहुंचकर संसदीय सचिव श्री चंद्राकर से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने भोरिंग को नगर पंचायत बनाने पहल करने पर संसदीय सचिव श्री चंद्राकर का आभार जताते हुए कहा कि अब आने वाले दिनों में भोरिंग में विकास के द्वार खुलेंगे। नगर पंचायत की घोषणा पर सरपंच श्रीमती उषा राजेश साहू, पुष्पा तेजराम साहू, गिरधर आवड़े, वेदप्रकाश साहू, मनीष साहू, शिशुपाल बर्मन, भगवती मनोज साहू, सकुन पुराणिक साहू, केकती कविदास सोनवानी, सुखनंदन डहरिया, अशोक आवड़े, आशीष आवड़े, अभिषेक नेहरू, बधेश्वर सोनवानी, निलेश सोनवानी, आनंद टंडन, भागवत साहू, रूपेंद्र सेन, हेमंत साहू, शत्रुघन सेन, ओमेश नेहरू आदि ने संसदीय सचिव श्री चंद्राकर का आभार जताया है।

विजय देवांगन ने धमतरी विधानसभा से ठोकी दावेदारी

धमतरी, 21 अगस्त (देशबन्धु)। धमतरी नगर निगम के महापौर विजय देवांगन ने तीनों ब्लॉक के प्रतिनिधियों अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस शहर ईश्वर देवांगन, महामंत्री आशुतोष खरे,उपाध्यक्ष योगेश शर्मा व तीनों ब्लाक के समस्त ब्लाक कार्यकारिणी के समक्ष उम्मीदवारी का आवेदन दिया।

प्रदेशभर में विधानसभा चुनाव का बिगुल बच चुका है जिसको देखते हुए कांग्रेस पार्टी की अपनी संवैधानिक प्रक्रिया के तहत विधानसभा चुनाव लड़ने की इच्छा रखने वाले नेताओं के लिए उम्मीदवारी की प्रक्रिया 17 अगस्त से शुरू हो गई है इसी कड़ी में आज वर्तमान महापौर श्री विजय देवांगन ने सर्वप्रथम हटकेश्वर वार्ड स्थित नागदेव मंदिर में पूजा अर्चना कर सैकड़ों साथियो के साथ अपनी दावेदारी का आवेदन ब्लॉक कांग्रेस कमेटी को दिया

पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के नियमानुसार ब्लॉक अध्यक्ष को सैकड़ों साथियों के साथ अपनी दावेदारी का आवेदन सौंपा

श्री देवांगन ने कहा की मुझे जिस प्रकार समस्त कांग्रेसजन और क्षेत्रवासियों व विभिन्न सामाजिक संगठनों का अभी तक जो सहयोग और आशीर्वाद मिला है और आगे भी मिलता रहेगा मैं आशा करता हूं कि आने वाले समय में मैं उनकी भावनाओं के अनुरूप कार्य करूंगा मैं कांग्रेस जन और क्षेत्रवासियों से सहयोग की अपेक्षा करता हूं। विशेष रूप से जिला कांग्रेस अध्यक्ष शरद लोहाना, कोषाध्यक्ष सलीम रोकड़िया, महामंत्री आलोक जाधव, पार्षद ममता शर्मा, नीलू पवार, राही यादव, ज्योति वाल्मीकि, पूर्णिमा रजक, सविता कवर, सोमेश मेश्राम, कमलेश सोनकर, सूरज गहरवाल, एल्डमैन लखन पटेल, तोमन कवर, तनवीर कुरैशी, भोला राम देवांगन, कुणाल यादव, सूरज पासवान, राहुल ग्वाल, यशवंत पटेल, नागेंद्र साहू, रुद्रा साहू, मानिक साहू, पंकज चक्रधारी, टिकेंद्र देवांगन, टोपेश्वर देवांगन, कमल यादव सहित सैकड़ों साथीगण उपस्थित रहे।

मंडी अध्यक्ष तुलसी वर्मा ने कांग्रेस से बलौदाबाजार के लिए दावेदारी की

बलौदाबाजार, 21 अगस्त (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के नियमानुसार कृषि उपज मण्डी अध्यक्ष तुलसी राम वर्मा ने बलौदाबाजार विधानसभा से कांग्रेस प्रत्याशी बनाने हेतु ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष बलौदाबाजार शहर, ग्रामीण व ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष तिल्दा शहर, ग्रामीण को विधिवत अपना आवेदन पत्र दिया।

अपना आवेदन पत्र देते हुए तुलसीराम वर्मा ने कहा कि सन 1992 से लेकर अभी तक लगातार कांग्रेस पार्टी के प्रति समर्पित एवं निष्ठा पूर्वक बिना जाति धर्म में भेदभाव किए कांग्रेस पार्टी की सेवा में समर्पित रहा हूं इस बीच बुध सेक्टर जोन अध्यक्ष के साथ ही ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के महामंत्री, राजीव गांधी पंचायत राज संगठन के जिला अध्यक्ष, बलौदाबाजार जिला कांग्रेस कमेटी के प्रथम प्रभारी महामंत्री के साथ ही तीन कार्यकाल तक बलौदाबाजार ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के अध्यक्ष के रूप में सेवा देते हुए वर्तमान में कृषि उपज मंडी अध्यक्ष के रूप में क्षेत्र के किसानों की सेवा में समर्पित हूं निर्वाचित पदों में पंच, उपसरपंच जनपद सदस्य, सभापति जनपद पंचायत जैसे पद पर भी रहकर क्षेत्र की >> शेष पृष्ठ 9 पर>

नपा उपाध्यक्ष ने की विधानसभा के लिए दावेदारी, अध्यक्षों को सौंपा आवेदन

महासमुंद, 21 अगस्त (देशबन्धु)। नगर पालिका उपाध्यक्ष कृष्णा चंद्राकर ने महासमुंद विधानसभा से दावेदारी की। वे कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं के साथ सोमवार को कांग्रेस के शहर ब्लाक अध्यक्ष खिलावन बघेल, ग्रामीण ब्लॉक अध्यक्ष ग्रामीण देलू निषाद व खिलावन साहू को अपना आवेदन सौंपते हुए आगामी विधानसभा निर्वाचन में महासमुंद विधानसभा सीट के लिए पार्टी प्रत्याशी बनाए जाने का आग्रह किया। वहीं आशा व्यक्त की कि जिले की सभी चारों विधानसभा सीटों पर कांग्रेस को शानदार विजय प्राप्त होगी तथा मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में बनी अगली सरकार प्रदेश में विकास का नया इतिहास लिखेगी। >> शेष पृष्ठ 9 पर>

पुण्यतिथि पर शहीद घनश्याम को किया याद

महासमुंद, 21 अगस्त (देशबन्धु)। ग्राम खरोरा में बिरकोनी निवासी शहीद घनश्याम कनौजे की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर उपसरपंच हेमलता चन्द्राकर, संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चन्द्राकर, कौशल्या चन्द्राकर, लता चन्द्राकर, भारती चन्द्राकर, दामिनी चन्द्राकर, शकुन चन्द्राकर, बबली चन्द्राकर, कलिन्द्री चन्द्राकर, शशि चन्द्राकर, लक्ष्मी चन्द्राकर, पांचोंबाई चन्द्राकर, गायत्री चन्द्राकर,शीला कनौजे, जितेंद्र चंद्राकर, क्रांति कनौजे, उमा पटेल, रामेश्वरी कनौजे, सकुन कनौजे, हेमलता कनौजे, श्यामबाई पटेल, दुलारी चंद्राकर, नुकेश पटेल,कीर्ति चंद्राकर, कुमारी चंद्राकर, संतोषी चंद्राकर, पुष्पा धीवर, कमला कनौजे, कामता कनौजे, उतरा चंद्राकर, हेमलता पटेल, तुषार कनौजे, हेमंत चंद्राकर, नंदकुमार चंद्राकर आदि उपस्थित थे। शहीद घनश्याम कनौजे एएसएफकी दूसरी बटालियन सकरी बिलासपुर के आरक्षक क्रमांक.111 छत्तीसगढ़ के माओवाद प्रभावित बीजापुर जिले के भद्राकाली में तैनात थे।19 अगस्त 2011 को फोर्स की एक टुकड़ी कैंप के लिए निकली थी। इस टुकड़ी के जवान रास्ते पर नक्सलियों के एंबुश में फंस गए। धमाके के साथ नक्सलियों ने ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी। धमाके में ही कई जवान जख्मी हो गए थे जवानों ने जोरदार जवाबी कार्रवाई की और नक्सलियों का डटकर सामना किया। इस हमले में 13 जवान शहीद हो गए था जिनमें एक घनश्याम कनौजे भी शामिल थे। 20 अगस्त को उनका शव मिला थी और 21 अगस्त को उनके अंतिम संस्कार ग्राम बिरकोनी में किया गया था।

बूचड़खाने ले जा रहे कंटेनर भागते हुए फंसा, मामला दर्ज

कसडोल/बलौदाबाजार, 21 अगस्त (देशबन्धु)। शनिवार की रात 11 बजे लगभग शिवरीनारायण साइड से आ रही कंटेनर को मवेशी होने की सूचना पर विहिप और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं के द्वारा पीछा किया जा रहा था लेकिन अनियंत्रित कंटेनर के चालक ने बजरंगियों की स्कोर्पियो वाहन पर प्राणघातक हमला कर रोक दिया। इधर बजरंगियों की सूचना पर गिरौदपुरी पुलिस भी कंटेनर को रोकने लगी लेकिन अनियंत्रित कंटेनर चालक ने तेज रफ्तार भारी कंटेनर को महराजी के रास्ते नवागांव साइड बैरियर को तोड़ते हुये घुसा दिया। जिसके बाद कोठारी के पास ट्रक फंसा होने के कारण कंटेनर जा फंसा। जिसके बाद सोनाखान पुलिस चौकी द्वारा कोठारी के समीप सेरहाखार के पास खराब सड़क में मवेशी भर कर खड़ी एक ट्रक को जप्त किया गया।

इधर जांच के बाद ट्रक में लगभग 60 बछड़े लदे थे जिसमें लापरवाही पूर्वक चलाने पर 2 बछड़े की दबकर मौत ही गई। वही ट्रक फंसने के बाद मौके का फायदा उठाकर ट्रक चालक और खलासी फरार हो चुके थे, सूत्रों के अनुसार उक्त ट्रक महराजी एवं नवागांव के बन्द वन चौकी के बैरियर तोड़कर राष्ट्रीय राजमार्ग 53 की ओर बढ़ रहा था। जानकारी के अनुसार ट्रक क्रमांक सीजीओ4 एनक्यू 6091 पिथौरा कसडोल मार्ग पर देवगढ़ घाट के पहले नवागांव के पास खराब हो कर खड़ी एक ट्रक के बाजू कीचड़ होने के बावजूद जल्दीबाजी में ट्रक निकलते समय ट्रक फंस गई। देररात सूचना के बाद पुलिस और बजरंगियों ने सोचा कि उक्त कंटेनर जिले से बाहर निकल गई होगी लेकिन फंसा कंटेनर को सुबह ग्रामीणों ने देखा तब सड़क में फंसी उक्त ट्रक मवेशियों से खचाखच भरी थी। इसके बाद ग्रामीणों ने घटना की जानकारी सोनाखान पुलिस चौकी में दी। जहां से चौकी प्रभारी राजेन्द्र पाटिल तत्काल दल बल के साथ घटना स्थल पहुच गए। घटना स्थल पर दो ट्रके एक साथ फंसने से मार्ग अवरुद्ध हो गया है। इधर जिले के विहिप और बजरंग दल के जिलाध्यक्ष अभिषेक तिवारी लगातार इसकी सूचना पुलिस को दे रहें थे जिसके कारण पुलिस के सहयोग से ही लगभग 58 नग बछड़े को बचाया जा सका।

कंटेनर चालक ने प्राणघातक हमला भी किया

हरियाणा की ट्रक नम्बर रायपुर का- अवैध रूप से मवेशी ले जा रही ट्रक के चेसिस नम्बर से पुलिस को पता चला कि उक्त आरोपी ट्रक छत्तीसगढ़ की नही बल्कि हरियाणा की है जिसका असली नम्बर एच आर 55 क्यू 0627 है। जिसका मालिक गुड़गांव निवासी अलका इलाहाबादी है। बहरहाल फर्जी नम्बर प्लेट लगाकर मवेशियों की तस्करी करने वाले ट्रक का चालक ट्रक फंसते ही फरार हो चुका है। वही पुलिस यह पता लगाने जुटी है कि ट्रक में फर्जी नम्बर क्यो लिखा गया है ? इधर सोनाखान पुलिस ने ट्रक और आरोपी के खिलाफधारा 279,427,429 भादवि, 4,6,10 छ.ग. कृषक पशुपरिरक्षण अधि. एवं 11(1)(क) पशुओं के पति क्रूरता का निवारण के तहत मामला पंजीबद्ध किया है।

वन विभाग का काम भगवान भरोसे- वनों से अवैध कार्य रोकने शासन प्रति माह करोड़ो रूपये खर्च करती है। इसके लिए बाकायदा सभी जांच चौकी नाकों में चौकीदारों की नियुक्ति भी की गई है। परन्तु मात्र वेतन लेकर >> शेष पृष्ठ 9 पर>

ठेकेदार की मनमानी, टंकी बना नहीं कर दी गली की खुदाई ग्रामवासी को उठानी पड़ रही है परेशानी : तेजराम साहू

राजिम, 21 अगस्त (देशबन्धु)। समीपस्थ ग्राम खुडियाडीह में नलजल योजना का कार्य निर्माणाधीन है, ठेकेदार को नल जल योजना के अंतर्गत घर-घर नल जल योजना के अंतर्गत पाइपलाइन के लिए गली की खुदाई शुरू कर दी जिससे ग्राम वासियो काफी परेशानी का सामना करना पड रहा हे। स्कूली बच्चें एवं ग्रामवासी मोटरसाइकिल में चलने से गिर रहें हैं और चारपहिया वाहन तो जाना ही मुश्किल हो गया हैं और आगें पता नही टंकी कब तक बनेगी, अब ऐसा लग रहा हैं जब तक टंकी नही बनेगी और पाइपलाइन नही बिछेगा तब तक यहां के ग्रामीणों को ऐसी ही पीड़ादायक दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा, न तो ठेकेदार का पता है और न ही विभाग के जिम्मेदारों का। ठेके दार ने गली खुदाई करके लोगो को परेशानी मे डाल दिया हैं।समाजसेवी तेजराम साहू ने मांग करतें हुए तत्काल पाइप बिछाकर कर के गड्ढे को पटाने मांग की है।

बिलाईगढ़ अधिवक्ता संघ का चुनाव आज

बिलाईगढ़ 21 अगस्त (देशबंधु)। अधिवक्ता संघ बिलाईगढ़ का निर्वाचन 22 अगस्त को दोपहर बिलाईगढ़ में संपन्न होगा। प्राप्त समाचार के अनुसार अधिवक्ता संघ बिलाईगढ़ का निर्वाचन 22 अगस्त को दोपहर 1.00 से 3.00 बजे तक संपन्न होगा।

राजनीति में हर चीज बताकर नहीं की जाती, 21 सीटों पर प्रत्याशी की घोषणा भाजपा का राजनीतिक निर्णय : बृजमोहन

गरियाबंद, 21 अगस्त (देशबन्धु)। कांग्रेस चुनाव में पिछड़ गई है, भाजपा ने 21 सीटों पर प्रत्याशी घोषित कर यह बता दिया कि चुनाव मैदान में भाजपा जितने और बाजी मारने के लिए तैयार है। कांग्रेस चुनाव की तैयारी में भी पीछे रही है और बहुमत हासिल करने में भी पीछे रहेगी। उक्त बातें पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं रायपुर दक्षिण के विधायक बृजमोहन अग्रवाल ने सोमवार को गरियाबंद में मीडिया से चर्चा के दौरान कही। पूर्व मंत्री ने कहा की 21 सीटों पर प्रत्याशी की घोषणा कर भाजपा ने अगुवाई ले ली। राजनीतिक दृष्टिकोण से देखा जाए तो चुनावी मैदान में भाजपा ने बाजी मार ली है, छक्का मार दिया है, बाकी सब चुनाव के तैयारी में लगे है और भाजपा ने 21 सीटों कर प्रत्याशी की घोषणा कर जीत का शंखनाद कर दिया है। दरअसल सोमवार को छत्तीसगढ़ प्रदेश भाजपा के कद्दावर नेता, पूर्व कैबिनेट मंत्री तथा रायपुर दक्षिण के विधायक बृजमोहन अग्रवाल ने भगवान भूतेश्वरनाथ के दर्शन करने पहुंचे गरियाबंद मे। इसी दौरान वे मीडिया से रूबरू हुए। इस दौरान 21 सीटों पर पहले प्रत्याशी की घोषणा को लेकर उन्होंने ये जवाब दिया। इसके साथ कहा कि राजनीति में हर चीज बतानर नही की जाती, ये भाजपा का रणनीतिक निर्णय है। इससे कांग्रेस में पीछे चल रही।

कांग्रेस छत्तीसगढ़ियावाद नकली, केवल जनता का शोषण

छत्तीसगढ़वाद को लेकर पूर्व मंत्री अग्रवाल ने कांग्रेस सरकार पर निशाना साधा। एक सवाल

पूर्व कैबिनेट मंत्री बृजमोहन अग्रवाल का दावा, भाजपा बना रही बहुमत के साथ सरकार

के जवाब में पूर्व मंत्री अग्रवाल ने कहा कि छत्तीसगढ़ी, छत्तीसगढ़ और छत्तीसगढ़ियावाद के नाम पर भूपेश सरकार ने प्रदेश की जनता का शोषण किया है। छत्तीसगढ़ के पैसे को भूपेश बघेल ने अपने आकाओं की सेवा में लगा दिया है। छत्तीसगढ़, कांग्रेस पार्टी के लिए एटीएम बन गया है, यहां के पैसे का उपयोग भूपेश बघेल अपने आका सोनिया गांधी, राहुल गांधी प्रियंका गांधी को खुश करने में लगा रहे है। उन्होंने कहा कि असली छत्तीसगढ़ियावाद तब होगा जब छत्तीसगढ़ के गांव गांव में मांधर की छाप होगी, ददरिया होगा, सुआ होगा, कर्मा होगा, हमारे आदिवासी भाई महुआ को महक में नाचेगे उस दिन कहेंगे छत्तीसगढ़ियावाद आ गया।

छत्तीसगढ़िया सबसे बढ़िया भाजपा को देन

छत्तीसगढ़ गढ़िया सबसे बढ़िया का नारा को लेकर चल रही खटपट के बीच पूर्व मंत्री अग्रवाल ने कहा कि ये नारा किसी पार्टी का नही है, ये हमारा तुम्हारा का सवाल नहीं है। लेकिन सच तो यहीं है कि भाजपा की सरकार रहते ये नारा पहले दिया गया। आज मजबूर होकर बाहर से आने वाले लोगो को छत्तीसगढ़ गढ़िया सबसे बढ़ियानारा लगाना पड़ता है।

हर बार बिल्ली के भाग से छींका नहीं टूटता

पूर्व मंत्री अग्रवाल ने प्रदेश कांग्रेस प्रभारी शैलजा और मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के द्वारा प्रदेश में 75 सीट को जीतने के लेकर किया जा रहे दावे पर दो टूक कहा कि हर बार बिल्ली के भाग से छींका नही टूटता। इस अवसर पर प्रमुख रूप से भाजपा राजिम प्रत्याशी रोहित साहू, अजय रोहरा, सागर मयाणी भी साथ मौजूद थे।

बच्चों में छुपी प्रतिभा निखारने का अच्छा मंच बोलेगा बचपन : टिकेन्द्र

फिंगेश्वर, 21 अगस्त (देशबन्धु)। जिला प्रशासन गरियाबंद कलेक्टर आकाश छिकारा ,बीओ रामेन्द्र जोशी एवं जिला शिक्षा मिशन की अभिनव पहल च्बोलेगा बचपन च्कार्यक्रम अंतर्गत विकास खंड स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन फिंगेश्वर विकासखंड के शासकीय ठाकुर दलगंजन उच्चतर माध्यमिक विद्यालय फिंगेश्वर में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि टिकेंद्र यदु विःखंड स्त्रोत समन्वयक अध्यक्षता शिवसिंह कंवर प्राचार्य,विशिष्ठ अतिथि एम.आर. राऐ प्राचार्य , खुमान सिंह ध्रुव प्राचार्य उपस्थिति के बीच कार्यक्रम मे 26 संकुलो के कुल 104 प्रतिभागियों ने अलग अलग विधाओं मे आयोजित किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ मां सरस्वती की पूजा अर्चना पश्चात राजकीय गीत के साथ हुआ बोलेगा बचपन प्रतियोगिता के बारे में जानकारी देते हुए बीआरसी टिकेन्द्र कुमार यदु ने बताया कि इस तरह के आयोजन से बच्चे के अन्दर छुपी हुई प्रतिभा उभर कर सामने आती हैं इस आयोजन को लेकर बच्चों में काफी उत्साह देखने को मिल रहा है पहला,दुसरा एवं तीसरे स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों में प्रायमिक, माध्यमिक एवं हायर सेकेण्डरी स्तर से गीत, कविता, भाषण,सुलेख वाचन, पोयम निबंध जैसे अनेक विधाओं को इस शामिल किया गया है।इस प्रतियोगिता में प्राथमिक स्तर 1 से 2 वर्ग में रमन सिंह ध्रुव कविता वाचन में पहला बासीन संकुल ,दुसरा खुशी साहू आत्म परिचय कौन्दकेरा संकुल तीसरा हर्षिता साहू कविता वाचन बेलटूकरी संकुल से कक्षा 3 से 5 वर्ग में पहला रितेश सिन्हा पुस्तक वाचन जामगांव संकुल दुसरा चंचल साहू कविता वाचन लोहरसी संकुल ,तीसरा होमेश्वरी साहू कविता वाचन भसेरा संकुल , कक्षा 6 से 8 वर्ग में पहला दिव्या साहू भाषण फिंगेश्वर संकुल , दुसरा खुशबू सेन भाषण बकली संकुल ,तीसरा प्रेरणा ध्रुव निबंध बासीन संकुल से कक्षा 9 से 12 वर्ग से पहला चुम्मन साहू भाषण परसदाकला संकुल ,लक्ष्य शर्मा सृष्टि सोनकर वाद-विवाद में फिंगेश्वर संकुल ,दुसरा तेजेश्वरी साहू निबंध कौन्दकेरा संकुल सभी विजेता प्रतिभागियों को मेडल एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस पूरे आयोजन को सफल बनाने से लेकर पूरे कार्यक्रम का सफल बनाने में संकुल समन्वयक, प्राचार्य, शिक्षकगणों की अहम भूमिका रही प्रमुख रूप से पोषण सोनकर,अशोक सोनवाणी, छगन दीवान, गिरवर यादव, दुलेश्वर सिन्हा, चुम्मन सिन्हा, दिनेश कुमार सोनी, टोकेश साहू,पुरानिक ध्रुव अशीम हरित का विशेष योगदान रहा।

विखं स्तरीय बोलेगा बचपन गीत कविता, भाषण , सुलेख, निबंध प्रतियोगिता में चार स्तरों पर 102 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया

सशिमं में नाग पंचमी धूमधाम से मनाया गया

खरोरा, 21 अगस्त। सरस्वती शिशु मंदिर खरोरा में नाग पंचमी पर्व के अवसर पर विद्यालय परिवार में भैया बहनों के द्वारा एवं आचार्य दीदी के द्वारा पूजन अर्चन कर प्रसाद वितरण किया गया । इस अवसर पर सरस्वती शिशु मंदिर के प्राचार्य अश्विनी पाटकर द्वारा नाग पंचमी नाग के बारे में बताया गया जिसमें प्रथम पाली में श्रीमती पूर्णिमा पाटकर श्रीमती दमयंती दीदी जी श्रीमती संतोषी यादव दीदी जी कुमारी डिंपल मानिकपुरी दीदी श्रीमती संगीता वर्मा दीदी जी शामिल रही।

प्रभा जोशी अपने बचपन के दिन याद आ गया जब स्कूल पढ़ते थे तुम मास्टर अपने स्लेट में नाग भगवान बनाकर मांगते थे यह हमारी संस्कृति थी बच्चों को इस तरीके का याद रहता था कि आज कौन सा पर्व है गड़ा गड़ा बधाई नाग पंचमी की नंदा गे गे है जोहार छत्तीसगढ़ जिंदगी मिलेगी ना दोबारा।

कौहाकुडा में जनपद उपाध्यक्ष मुकेश यादव ने किया सायकल वितरण

पिथौरा, 21 अगस्त (देशबन्धु)। छात्राओं के स्कूली छात्र अब अपने सुनहरे भविष्य के लिये सपने संजो रहे हैं । भविष्य में सफलता का द्वार खोलने सपनों की उड़ान भर रहे हैं । फर्राटे दार अंग्रेजी में बात कर रहे हैं । वनांचल और ग्राम्यांचल के छात्र भी अब उच्च शैक्षणिक व्यवस्था की मुख्य धारा से जुड़ रहे हैं ।

जनपद पंचायत के उपाध्यक्ष मुकेश यादव ने ग्राम कौहाकुड़ा के हायर सेकेंडरी के स्कूल की छात्राओं को सरस्वती सायकल योजना के तहत निशुल्क सायकल वितरण करते हुये उक्त बातें कही । उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार के द्वारा बालिका शिक्षा को प्रोत्साहित करने के लिये जो कदम उठाये गये हैं वो बहुत ही कारगर सिद्ध हो रहें हैं यही कारण है कि आज स्कूलों में छात्राओं की दर्ज संख्या में खासा इजाफा हुआ है गांव देहात के गरीब बच्चों के लिये अंग्रेजी माध्यम की पढ़ाई दूर की कौड़ी थी किंतु मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की संवेदनशील सोच ने आत्मानंद अंग्रेजी स्कूलों की परिकल्पना को धरातल पर उतारा परिणाम स्वरूप आज हमारे ग्रामीण और गरीब बच्चे फर्राटे दार अंग्रेजी बोल रहे हैं और बदलते छत्तीसगढ़ की अवधारणा को साकार कर रहे हैं । इस अवसर पर आयोजित समारोह में प्राचार्य अनूप दीक्षित ने स्वागत भाषण देते हुये संस्था की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला और विद्यालय के लिये नये भवन की आवश्यकता बताई । जनपद सदस्य लेखराम दीवान ने संस्था के जुड़े अपने पुराने संस्मरणों को साझा किया । संचालक पत्रकार व साहित्यकार संतोष गुप्ता ने कार्यक्रम की शुरुआत में विद्यार्थियों के बीच क्विज प्रतियोगिता सम्पन्न कराया आगे उन्होंने छात्र छात्राओं से जीवन के हर क्षेत्र में सफलता के लिये शिक्षा को महत्वपूर्ण कहा साथ ही उन्होंने गुरु की महत्ता बताते गुरु का सम्मान करने की बात कही। समारोह में छात्र छात्राओं ने छत्तीसगढ़ महतारी की वंदना और स्वागत गीत प्रस्तुत किये। कार्यक्रम में सरपंच संघ के अध्यक्ष विद्याधर पटेल, शाला विकास समिति अध्यक्ष नंदलाल पटेल , बुधेश्वर डड़सेना , अवधराम पटेल, काशीराम शर्मा, राम ललन सिंह के अलावा अन्य उपस्थित थे ।

छत्तीसगढ़ कांग्रेस के अध्यक्ष दीपक बैज का जोरदार स्वागत

पलारी, 21 अगस्त (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज के बलौदाबाजार प्रथम आगमन पर खरतोरा नाका एवं रेस्ट हाउस पलारी में सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पुष्पहार एवं आतिशबाजी कर प्रदेश अध्यक्ष का आत्मीय स्वागत किया। प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं में जोश भर कर आगामी विधानसभा चुनाव में कसडोल विधानसभा सहित पूरे छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार बनाने कमर कसने अपील की। उन्होंने कहा कि एक एक कार्यकर्ता और जनता हमारे साथ है , हम 90 विधानसभा में बड़ी जीत दर्ज करेंगे।इस अवसर पर विधायक शकुन्तला साहू गोपी साहू विमल साहू खिलेंद्र वर्मा हितेंद्र ठाकुर सुनील कुर्रे अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी पलारी लोकेश कन्नौजे गणेश शंकर जायसवाल रघुनंदन वर्मा प्रवीण धुरंधर रज्जाक खान अस्वनी वर्मा रोहित साहू सुखदास बंजारे अमृत साहू भूपेंद्र साहू ईश्वर चंद्रवंशी गंगेश्री छगन कुर्रे श्यामू यदु सुमन कनोजे घनश्याम वर्मा सनत वर्मा नीलकमल आजाद माहेश्वरी कुर्रे जानकी ध्रुव भारती वर्मा पूर्णिमा वीरेंद्र माहेश्वरी वीरेंद्र माहेश्वरी शारदा साहू पुष्पा मोहन बंजारे रूखमणी तेहरवंश बिशेषर वर्मा गुलाब यदु कमलेश साहू धन साय साहू ललित घुतलहरे सुमित तिवारी लेखराम गनहरे शिव फेकर संतोष देवांगन शिवराम सेन मनोज बंजारे बिसन रजक राजकुमार साहू कृपाराम साहू लक्ष्मी ध्रुव मुकेश्वरी साहू पुरुषोत्तम साहू पार्वती साथी लक्ष्मीनाथ साहू कृष्णा साहू लेखराम साहू हरिश्चन्द्र कौशले नंदेश्वर साहू कांशी घुतलाहरे रामस्वरूप वर्मा लीलाधर यादव रसूल बेग महेंद्र सुरतांगे रामचंद्र पटेल अशोक साहू स्वरूप घुतलहरे कुशल चंद्रवंशी रतिराम साहू दिव्या साहू रवि बंजारे सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

अपराधियों के हौसले बुलंद, लगातार हो रही घटनाओं से दहशत का माहौल

भाटापारा, 21 अगस्त (देशबन्धु)। ग्रामीण व शहर थाना क्षेत्र में हो रही लगातार अपराधिक घटनाये चर्चा का विषय बनी हुई है । एक के बाद एक चोरी, लूटपाट, अवैध शराब की बिक्री, जुआ सट्टा के प्रकरणों ने क्षेत्र में दहशत का माहौल बना दिया है। गुरुनानक वार्ड में दाई बाड़ी स्थित मकान में वृद्ध महिला का गला दबाकर 45000 व चांदी के आभूषणों की लूट के आरोपी फरार पाए गए।शहर से लगे ग्राम खपराडीह में 30000 के बोर पंप सर्विस केवल की चोरी का मामला भी सामने आया था। वहीं शहरी क्षेत्र मेंखड़ी गाड़ियों से बैटरी वायर चोरी करने की घटना आम हो गई हैकुछ समय पूर्व मयूर परिवहन कौचोरी हुई गाड़ी के आरोपी अब तक लापता है,.. ग्रामीण क्षेत्रों में लाखो रुपये के सट्टा पट्टी का खेल बड़ी आसानी से संचालित हो रहा है। जहां प्रशासन पूर्णतया मुकदर्शक बना हुआ है।

नगर के हृदयस्थल हटरी बाजार मे चोरी की घटना आश्चर्यजनक

विगत दिनों भाटापारा नगर के हृदय स्थल हटरी बाजार में एक ही रात को चार दुकानों में चोरी की घटना घटित हुई, व्यापारियों द्वारा घटना की जानकारी पुलिस प्रशासन को दी गई। आश्चर्य की बात है कि इतने व्यस्ततम इलाके में चोरों द्वारा बेधड़क घटना को अंजाम दिया गया, अभी तक घटना को अंजाम देने वाले अपराधी लापता है।

धार्मिक क्षेत्र सिंगारपुर मे लगातार चोरी रहस्य का विषय

भाटापारा से 12 किलोमीटर की दूरी पर स्थित ग्राम सिंगारपुर में विगत दिनों मंदिर परिसर में चोरी हुई उसके बाद लगातार चोरी की घटनाएं सामने आई भाटापारा के पत्रकार की वहां ज्वेलरी दुकान में हुई चोरी का खुलासा अभी तक नहीं हो पाया, सूत्रों से जानकारी मिली है कि क्षेत्र के आसपास अपराधिक तत्वों द्वारा गैंग बनाकर ऐसी घटनाओं को अंजाम दिया जा रहा है।

असामाजिक तत्वों ने बनाया दहशत का माहौल

विगत कुछ माह से लगातार क्षेत्र में असामाजिक तत्वों द्वारा वातावरण खराब किया गया विशेष कर स्थानीय पुलिस की रात्रिकालीन गश्त के अभाव मे नगर के चौक चौराहो में अपराधिक तत्वों ने वर्चस्व कायम कर लिया है।।। सबसे बड़ी विडंबना यह है कि स्थानीय पुलिस प्रशासन के अंदर ही ऐसे अपराधिक तत्वों को सहयोग देने वाले लोगों का जमावड़ा है अपने व्यक्तिगत स्वार्थ के कारण प्रशासन के जवाबदार लोग ही अपराधियों के साथ समझौता करने में पीछे नहीं हटते जिसके कारण ही आम जनता में पुलिस प्रशासन के प्रति विश्वास की कमी पनपने लगती है। अधिकारी यदि किसी प्रकरण की सूचना मिलने पर कार्रवाई करने की कोशिश करते हैं तो उनके पहुंचने के पहले ही अपराधिक तत्वों को गुप्त सूचना मिल जाती है।



अवैध शराब का खेल प्रशासन के नियंत्रण के बाहर

यह कहना बेमानी नहीं होगी कि अवैध शराब की बिक्री नकली शराब के निर्माण,स्तरहीन शराब के बिक्रय को रोक पाना वर्तमान प्रशासनिक तंत्र के अधिकारियों के बस की बात नहीं? सैकड़ों शिकायतों के बाद भी प्रशासन द्वारा कार्यवाही का रुपया संदेह को उत्पन्न करता है।

क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, जागरुक पत्रकारों और सेवाभावी संस्थाओं का सहयोग लेकर क्षेत्र में आपराधिक गतिविधियों पर नियंत्रण पाया जा सकता है। इसके लिए प्रशासन को स्वयँमेव आगे आना होगा, तभी भाटापारा क्षेत्र में अपराधों पर नियंत्रण किया सकता है।

राधेश्याम शर्मा, कांग्रेस नेता व समाजसेवी

अज्ञात महिला की सड़ी गली लाश को एएसआई पुलिस जवान ने कंधों में उठाकर लाया नदी पार

मगरलोड, 21 अगस्त (देशबन्धु)। विकासखंड मगरलोड से 12 किलोमीटर की दूरी पर स्थित ग्राम पंचायत करेली छोटी के महानदी तट किनारे एक अज्ञात महिला के शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई है पुलिस को सुबह सूचना मिलते ही दलबल के साथ सेलदीप गांव के तरफ से लाश को ढूंढते हुए 2 किलोमीटर तक नदी पार कर लाश को पता किया

करेली छोटी गांव से 2 किलोमीटर दूर महानदी किनारे मिली अज्ञात महिला की शव

लाश की स्थिति भयावह होने के बाद भी पुलिस के जवान ने सहायक उप निरीक्षक तेजू राम सिन्हा ने लाश को कंधों में उठाकर 2 किलोमीटर नदी पार कर लाश को गांव में लाया इस मृत महिला की लाश यहां कैसे पहुंची हत्या है या आत्महत्या है इस पर पुलिस जांच में जुटी हुई है अज्ञात मृतक महिला कहां की है कैसे नदी में पहुंची इसका भी पुलिस गुप्तचर लगे हुए हैं बरहाल पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही हत्या या आत्महत्या का मामला सामने आ सकता है महिला के बदबू युक्त सड़ी गली शव को अपने कंधों में उठाकर लाने वाले पुलिस के जवान सहायक उप निरीक्षक तेजू राम सिंह सहित थाना प्रभारी उप निरीक्षक चंद्रकांत साहू प्रधान आरक्षक गोपी चंद्राकर आरक्षक गोपाल चंद्राकर नवीन टंडन महिला आरक्षक डूमेश्वरी भोयर का विशेष योगदान रहा सड़ी गली लाश को अपने कंधों में उठाकर पुलिस के जवानों को देखकर आम नागरिकों ने भी मानवता का परिचय दिया।

पुरंदर मिश्रा को उत्कल समाज ने अध्यक्ष पद से नवाजा

पिथौरा। सर्व ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष पुरंदर मिश्रा को सर्व उत्कल समाज ने भी अहम जिम्मेदारी सौंपते हुए अध्यक्ष पद से नवाजा है। उत्कल समाज में छत्तीसगढ़ में निवासरत ओड़िश्याभाषी 23 समाज के लोगों ने एकजुट होते हुए अपने हितों की रक्षा के लिए संगठन खड़ा किया है। और उसका नेतृत्व पुरंदर मिश्रा को सौंपा है।

निधन

श्रीमती रानी श्रीवास्तव



रायपुर, 21 अगस्त। डेबर सिटी निवासी श्रीमती रानी श्रीवास्तव पति अलोक श्रीवास्तव लिपिक लोक निर्माण विभाग रायपुर का दुखद के निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार दोपहर महादेव घाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ। वे कु. अवनी श्रीवास्तव की माता, सिंचाई विभाग तिल्दा के लिपिक सर्वेश सक्सेना तथा धर्मेश सक्सेना की बहन थी।

आयुषी अवस्थी

रायपुर, 21 अगस्त। पीयुष नगर कुशालपुर निवासी शुभम अवस्थी (शुभु) की धर्मपत्नी श्रीमती आयुषी अवस्थी का सोमवार, 21 अगस्त को आकस्मिक निधन हो गया। अंतिम यात्रा निवास स्थान से 22 अगस्त, मंगलवार को दोपहर 12 बजे महादेवघाट मोक्षधाम के लिए निकलेगी। आयुषी छत्तीसगढ़ श्रमजीवी पत्रकार संघ के अध्यक्ष अरविंद अवस्थी की पुत्रवधु व रजत अवस्थी की भाभी थीं।

प्रादेशिकी का शेष...

मंडी अध्यक्ष तुलसी वर्मा ने...

जनता के सेवा में लगातार कार्य कर रहा हुं अगर कांग्रेस पार्टी मुझ पर विश्वास कर विधानसभा चुनाव की उम्मीदवार के रूप में चयन करता है तो निश्चित तौर पर बलौदाबाजार विधानसभा से चुनाव जीताने मे क्षेत्र की जनता जनार्दन की आशिर्वाद मुझे जरूर प्राप्त होगी क्योंकि छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के जनहितैषी कार्यो के चलते छत्तीसगढ़ मे कांग्रेस पार्टी और छत्तीसगढ़ के किसान मजदूर सहित आम जनता 75 पार की लच्क्ष के लिए तैयार है।

नपा उपाध्यक्ष ने की विधानसभा...

उन्होंने कहा कि मैं कांग्रेस का समर्पित सिपाही हूं। वे संगठन के कई पदों पर रहकर कार्य किया। वर्तमान में नगर पालिका में उपाध्यक्ष के पद पर है। इस दौरान अमर चंद्राकर, सुनील चंद्राकर, गिरजा चंद्राकर, छन्नू लाल चंद्राकर, सन्नी महानंद व रामा सोनी उपस्थित थे।

बूचड़खाने ले जा रहे कंटेनर...

कोम नही करने के आदि वन कर्मी रात 11 बजे से ही जांच नाका खोल कर अपने घरों में सोए थे लिहाजा मवेशी भरी उक्त ट्रक लगातार दो बेरियर तोड़ कर निकल चुकी थी। बेरियर टूटने की जानकारी भी वन विभाग को नही मिली। वरना मवेशी लदी ट्रक वन जांच चौकी में ही पकडी जाती।

इनका कहना है- सुचना पर कंटेनर वाहन को निकाला गया। कंटेनर में मवेशी थी जांच के बाद कार्रवाई की जा रही है-लखेश केवट थाना प्रभारी, कसडोल।

अभनपुर विस क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी के टिकेंद्र ठाकुर ने सौंपा आवेदन

नयापारा राजिम, 21 अगस्त। अभनपुर विधानसभा में नए चेहरे की मांग अब मूर्त रूप लेने लगा है भाजपा ने तो नए प्रत्याशी की घोषणा कर दी है, मगर कांग्रेस ने अभी तक किसी भी प्रत्याशी की घोषणा नहीं की है मगर पहला आवेदन कांग्रेस के युवा नेता टिकेंद्र ठाकुर ने अभनपुर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष विद्याभूषण सोनवानी के पास आवेदन जमा कराकर शुरुआत कर दी है अब देखना यह है कि अब किस-किस का आवेदन इस चुनाव के लिए आता है वैसे सूत्रों का कहना है कि विधायक धनेंद्र साहू की टिकट पक्की है अगर नए चेहरे की मांग सामने नहीं आयी तो। यह कितना सभंव नहीं है वक्त के गर्त में है।

प्रेरक साहू हेड बॉय, उन्नति शाह हेड गर्ल बनी

नवापारा राजिम, 21 अगस्त। स्थानीय शिवांश इंटरनेशनल स्कूल पिपरौद में छठ संघ का गठन किया गया. जिसमे कक्षा ग्यारहवी के मैथ्स रूप से प्रेरक साहू का हेड बॉय बनाया गया वही ग्यारहवी कॉमर्स से उन्नति शाह को हेड गर्ल बनाया गया. डिप्टी हेड बॉय डेनियल बघेल ग्यारहवी मैथ्स, डिप्टी हेड गर्ल इनाया खान ग्यारहवी बायो को बनाया गया., हॉउस कैप्टेन्स के रूप में ब्लू हॉउस कैप्टेन्स के लीडर कृष्णकांत साहू दसवीं -अ , भारिका साहू ग्यारहवी - मैथ्स को बनाया गया हैं. इसी तरह रेड हॉउस कैप्टेन्स कृष्णा साहू दसवीं -अ ,आर्या बजाज ग्यारहवीं कॉमर्स , यलो हॉउस कैप्टेन्स सारांश पाल ग्यारहवीं- बायो , दिशा सोनी ग्यारहवीं मैथ्स , ग्रीन हॉउस कैप्टेन्स पूर्णेश साहू दसवीं - ब , लिपिका ध्रुव ग्यारहवीं बायो को बनाया गया हैं. विद्यालय में अनुशासन की सही जिम्मेदारी हेतु जान्हवी सोनकला बारहवी - मैथ्स , हर्षिता यदु बारहवी - मैथ्स, दशनीत कौर ग्यारहवीं मैथ्स , मयंक देवानी ग्यारहवी - कॉमर्स , जय बैद ग्यारहवी कॉमर्स , प्रतीक देवांगन ग्यारहवीं - बायो को अनुशासन प्रमुख बनाया गया । संस्था के निर्देशक व प्राचार्य चित्रकांत शर्मा ने सभी छात्रसंघ के विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की. उन्होंने कहाकि यह छात्र संघ शिक्षक, मैनेजमेंट व बच्चों के बीच सेतु की भांति को काम करेगा. विद्यालय में अनुशासन सहित सभी अन्य गतिविधियों में बच्चे आगे बढ़ सके उन्हें सभी मिलकर आगे बढ़ाने का कार्य करेंगे।

कांग्रेस से अशोक धृतलहरे ने दावेदारी पेश की

बिलाईगढ़, 21 अगस्त (देशबंधु)। आज 21 अगस्त को प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष को विधानसभा चुनाव 2023 में कांग्रेस प्रत्याशी बनाए जाने के आवेदन जमा करने का निर्देश का पालन करते हुए अशोक कुमार घुतलहरे ने अपने सैकड़ो समर्थकों के साथ बिलाईगढ़ ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष भागवत साहू को आवेदन सौंप कर अपनी दावेदारी प्रस्तुत किया। उसके पश्चात तुरंत ही पवनी भटगांव तथा आस-पास के गांव में सतत जनसंपर्क प्रारंभ किया । दावेदारी प्रस्तुत करने के समय मुख्य रूप से बिलाईगढ़ विधानसभा के संगठन के पदाधिकारी श्रीमती दुर्गा साहू महिला कांग्रेस कमेटी के ब्लॉक अध्यक्ष के अलावा भटगांव से वरिष्ठ कांग्रेसी कार्यकर्ता अरशद खान , श्रीमती शमसाद खान, अमित अजगले , धनसाय सरगम ,वीरेंद्र श्रीवास्तव , धनेश मनहरे, गुलाम जावेद , गुड्डू खान पवनी से पिछड़ा वर्ग ब्लॉक अध्यक्ष ओमप्रकाश विश्वकर्मा, सुनील आदित्य, दलमती साहू वनांचल क्षेत्र से भी मोहनलाल कश्यप मनदीप प्रेम सागर पटेल,सुरेंद्र पटेल कमलेश पटेल , सेत कुमार कैवर्त्य देवीलाल ग्राम खड़िया ,कृष्ण प्रजापति ग्राम धारशिव ,दिगंबर प्रजापति धरगांव, भरत साहू ग्राम मनदीप विनोद भोई, पीरित सिदार नगरदा , बावल यादव ,छोटे लाल यादव ग्राम बिलारी जगदीश यादव बिलारी ,जब्बार खान, बगनीखार ,गोकुल बर्मन, दाऊलाल साहू तिलसभाटा, डोलीचंद डडसेना एवं अन्य सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

मितानिन बहनें मानवता की सेवा की मिसाल : शिवरतन

20 लाख के भवन निर्माण कार्य के लिए सभी ने किया विधायक शिवरतन शर्मा का सम्मान एवं आभार

भाटापारा, 21 अगस्त (देशबन्धु)। एम.टी.,एस.पी.एस, बी.सी. और मितानीन बहने वास्तव में मानवता की सेवा करती है। आप लोग ने छत्तीसगढ़ में जो कार्य किया है वह अतुलनीय है। यह मानवता की सेवा की मिसाल है। आप लोग जो कार्य करते हैं, कोई अन्य नहीं कर सकता। यह बात उपाध्यक्ष भाजपा छत्तीसगढ़, विधायक शिवरतन शर्मा ने कही। मौका था भाटापारा के नगर भवन में आयोजित सम्मान एवं आभार कार्यक्रम का।

विधायक शिवरतन शर्मा जैसे ही इस कार्यक्रम में पहुंचे विकासखण्ड के कोने-कोने से बड़ी संख्या में आए एम.टी.एस.पी.एस, बी.सी.और मितानिनों ने ताली बजाकर विधायक का आभार व्यक्त किया और खुशी जाहिर की। आभार सम्मेलन में सभी ने विधायक को पुष्प गुच्छ भेंटकर सम्मानित किया।

विधायक शर्मा का आभार प्रकट करते हुए इन सभी की ओर से इनके प्रतिनिधियों ने कहा कि विधायक शिवरतन शर्मा द्वारा हमें हर सम्भव सहायता दी जाती है,जब भी हम किसी समस्या को लेकर इनके पास जाते है विधायक शर्मा जी द्वारा उसका तुरंत ही निराकरण किया जाता है,आज भाटापारा में बन रहे भवन के लिए हम सभी उनका आभार व्यक्त करते है कि हमारे एक बार की मांग से ही उन्होंने हमें 20 लाख की लागत के भवन निर्माण की स्वीकृति दी..जो जल्द ही पूर्ण हो जाएगी और हम सभी को अब अपने कार्यों और बैठकों के लिए इधर उधर नही भटकना पड़ेगा। विधायक शिवरतन शर्मा ने कांग्रेस सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस ने पौने पांच साल यहां की जनता को ठगा है। उनके साथ छलावा किया है। धोखा किया है। अपने जिस घोषणा पत्र के बुनियाद पर ये सत्ता में आये थे उसके एक भी बिंदुओं पर यह सरकार अमल नही कर पाई।

शर्मा ने आगे कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सोच है कि हर वर्ग को योजनाओं का लाभ मिले। उन्होंने किसानों को लाभ पहुंचाने के लिए खाद की कीमतों को कम किया। किसान सम्मान निधि दिया। ट्रैक्टर, कृषि उपकरण, कोल्ड स्टोरेज से लेकर कई चीजों में छूट दे रहे हैं। लेकिन केंद्रीय योजना का लाभ धरातल तक पहुंचे ये जिम्मेदारी राज्य सरकार की होती है, जो की कांग्रेस सरकार नहीं कर पा रही है। यही वजह है कि मितानिन, आंगनबाड़ी, सफाई कर्मी, भोजन बनाने, सविंदा,दैनिक वेतन भोगी से लेकर अनुकंपा नियुक्त वाले सभी इस भ्रष्ट सरकार से केवल निराशा प्राप्त की हैं। इन सभी वर्गों को अच्छा प्रतिसाद मिले, इसी को ध्यान में रखते हुए भाजपा का घोषणा पत्र तैयार होगा और सबका साथ सब का विकास सबका विश्वास के साथ हम आप सभी के सहयोग से प्रदेश में पुन: भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनायेगे।

उक्त कार्यक्रम में नीरा साहू,डागेश्वरी वर्मा, संतोषी धीवर, केसर आडिल, अरुणा पाटकर, सरिता मांडले, लष्मी वर्मा, रामेश्वरी वर्मा, मंजू वर्मा, डोमिन वर्मा, लष्मी साहू, संगीता साहू, संतोषी साहू, सरोजनी, सुमन, रेखा, सहित बड़ी संख्या में विकासखंड के दूर दूर से आई हुई एम.टी.एस. पी.एस, बी.सी. और मितानिन उपस्थित थे.

सावन के सातवें सोमवार और नागपंचमी पर पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने भूतेश्वरनाथ में किया जलाभिषेक

गरियाबंद, 21 अगस्त (देशबन्धु)। सावन के सातवे सोमवार और नाग पंचमी के अवसर पर प्रदेश के पूर्व केबिनेट मंत्री तथा रायपुर दक्षिण के विधायक बृजमोहन अग्रवाल ने सहपरिवार विश्व प्रसिद्ध भूतेश्वरनाथ मंदिर में भगवान शिव की पूजा अर्चना की। उन्होने विधिवत भगवान शिव का दुग्धाभिषेक और जलाभिषेक कर प्रदेश के तरक्की, सुख शांति तथा खुशहाली का आशीर्वाद मांगा। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश से आई विश्व भारती दीदी जी भी उनके साथ थे। इसके पूर्व उन्होने राजिम कुलेश्वर मंदिर तथा बारूका समीप स्थित कचना ध्रव्वा मंदिर में भी पूजा अर्चना की। इसके अलावा उन्होंने यहां चना और हलवा का का प्रसाद का वितरण किया। भूतेश्वर नाथ पहुंचने पर समिति अध्यक्ष बलेश बिसेन, रमेश मेश्राम, मंशा राम, मिर्जा जलील बैग सहित अन्य सदस्यों साल श्रीफल भेट कर उनका आत्मीय स्वागत किया।

प्रदेश की तरक्की, सुख-शांति और खुशहाली के लिए मांगा आर्शीवाद

इस अवसर पर पूर्व मंत्री अग्रवाल ने सभी शिवभक्तो को सावन माह की शुभकामनायें दी। श्री अग्रवाल ने कहा कि मरौदा स्थित भूतेश्वरनाथ मंदिर की महिमा समुचे प्रदेश सहित देश के कोने कोने में फैली हुई है। इसके प्रति लोगो का अटुट विश्वास है और आस्था है। महाशिवरात्री और सावन मास में यहां पहुचने वाली हजारो श्रध्दालुओ की भीड़ स्वंय इसकी महिमा का गुणमान करती है। इस अवसर पर उनके खास समर्थक भाजयुमो पूर्व कार्यसमिति सदस्य अजय रोहरा, मुरलीधर सिन्हा, बलदेव सिंह हुंदल, भाजपा राजिम प्रत्याशी रोहित साहू, अनिल चंद्राकर, आशीष शर्मा, मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र सोनटेके, आईटीसेल जिला संयोजक सागर मयाणी, राधेश्याम सोनवानी, विकास साहू, रिकेश साहू, वीरेंद्र साहू, प्रह्लाद ठाकुर, रितेश यादव, प्रतीक तिवारी सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

सर्व आदिवासी समाज प्रतिनिधिमंडल ने जिला कलेक्टर को मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

पलारी, 21 अगस्त (देशबन्धु)। सर्व आदिवासी समाज जिला इकाई बलौदाबाजार के प्रतिनिधि मंडल ने जिला कलेक्टर चंदन कुमार को मुख्यमंत्री छ. ग. शासन ,एवं आदिम जाति मंत्री के नाम अपर कलेक्टर बी.सी.एक्का को ज्ञापन सौंपा। जिसमे पूरे छ. ग. में एकलव्य आवासीय विद्यालय 2023-24 प्रवेश परीक्षा के पश्चात विद्यालय प्रवेश हेतु अंतिम सूची का आबंटन पूरा जिला में करने एवं प्रवेश सूचना जारी नही करने पर पालको एवं छात्राओ के हित को ध्यान में रखते हुये चयनित हुए प्रत्येक छात्राओ को उनके गृह जिला में अतिशीघ्र विद्यालय में प्रवेश भर्ती सूचना जारी करने का निवेदन किया गया!

इस अवसर पर छत्तीसगढ़ सर्व आदिवासी समाज के प्रदेश अध्यक्ष युवा प्रभाग सुभाष परते ,प्रदेश उपाध्यक्ष कमलेश ध्रव्व, जिलाध्यक्ष भूपेंद्र ध्रव्वंशी, जिला उपाध्यक्ष भानु ध्रव्व, मनोहर मण्डावी, जिला सचिव थानु ध्रव्व, युवा प्रभाग जिलाध्यक्ष कामेश मण्डावी, युवा प्रभाग जिला उपाध्यक्ष मुकेश ठाकुर, केशव कुंजाम सचिव सिंघाधुर्वा सदस्य घनश्याम छेदेहा, द्वारिका मण्डावी, तोप सिंह छेदेहा, भूपेंद्र मरकाम, राकू छेदेहा, धनेश छेदेहा, छबिकान्त, रवि छेदेहा प्रमुख रूप से उपस्थित रहे!

स्थानीय नेताओं से उठा विश्वास, अब केवल भूपेश से है आस

भाटापारा, 21 अगस्त (देशबन्धु)। जैसे-जैसे विधानसभा चुनाव पास आते जा रहा है वैसे-वैसे क्षेत्र की जनता की उम्मीद अब भूपेश बघेल पर टिकती नजर आ रही है। यह चर्चा फिलहाल जोरों पर है कि भाटापारा से भूपेश बघेल चुनाव लड़ने वाले हैं, इससे जनता उत्साहित है और आशान्वित भी है कि यदि भूपेश बघेल यहां से चुनाव लड़ते हैं तो भाटापारा पहले जिला बनेगा क्योंकि भूपेश बघेल ने वादा भी किया था कि उनकी सरकार आएगी तो भाटापारा जिला बनेगा। साथ ही क्षेत्र का चौतरफा विकास भी होगा।

जिला बनवाने में स्थानीय नेता विफल रहे

यह कड़वी सच्चाई है कि भाटापारा को जिला बनाने के लिए कांग्रेस और भाजपा दोनों ने ही कभी कोई प्रयास नहीं किया । दोनों दल के नेताओं ने बारी-बारी से यहां की जनता को छला। क्षेत्रीय नेताओं ने केवल अपना हित देखा क्षेत्र के हित को नजरअंदाज किया। अगर स्थानीय नेता चाहते तो भाटापारा को जिला बनाने के लिए 42 साल इंतजार नहीं करना पड़ता।

कांग्रेस को कांग्रेसी ही निपटाते हैं

कभी कांग्रेसका गढ़ कहे जाने वाले भाटापारा विधानसभा को अब कांग्रेसी ही निपटा रहे है। आम जनमानस में यह चर्चा अक्सर होते रहती है कि जब भी स्थानीय नेता को कांग्रेस का टिकट दिया जाता है तो उसको कांग्रेसी ही हारते हैं । विधानसभा के दावेदारों मे किसी एक को टिकट मिलती है और बाकी नेता प्रत्यक्ष,अप्रत्यक्ष रूप से उसे हराने में लग जाते हैं। पिछले तीन चुनाव का हाल देखें तो इस क्षेत्र में यही हो रहा है। स्थानीय नेता को कांग्रेस की टिकट मिलने से भाजपा को फायदा ही होता है ।

लगातार बढ़ रहा है जनाक्रोश

स्वतंत्र भाटापारा जिले की मांग को 42 साल हो गए हैं । जिला नहीं बनने के कारण यहां जन आक्रोश लगातार बढ़ रहा है, इसका खामियाजा सत्तासीन पार्टी को सबसे ज्यादा भुगतना पड़ेगा। स्थानीय नेता जिले को मुद्दे को जिस हिसाब से नजरअंदाज करके चल रहे हैं उससे चुनाव के दिनों में इनको समझ में आएगा कि उन्होंने कितनी बड़ी गलती की है। क्षेत्र के हितों की अनदेखी करना स्थानीय नेताओं को बहुत भारी पड़ेगी।

अब भूपेश ही अंतिम विकल्प

स्थानीय नेताओं की कार्यशैली से आक्रोशित आम जनता अब अंतिम विकल्प के रूप में भूपेश बघेल को ही देख रही है। आम जनता के दिलों दिमाग में अब यह बात घर कर गई है कि यदि भूपेश बघेल यहां से चुनाव लड़ते हैं तो सबसे पहले जिला बनेगा। साथ ही क्षेत्र का चौतरफा विकास भी होगा जिसके लिए यहां की जनता 42 साल से तरस रही है। भाटापारा को जिला बनाना अब स्थानीय नेता के बस की बात नहीं रही, यह बात यहां की आम जनता भली-भांति समझ चुकी है।

शिवभक्तों ने शिवलिंग की जलाभिषेक कर पूजा-अर्चना की

कुरुद, 21 अगस्त (देशबन्धु)। समिति के संरक्षक कुरूद विधायक अजय चन्द्राकर सहित 1800 से ज्यादा शिव भक्तों ने किये पुरानी मंडी परिसर कुरूद में पार्थिव शिवलिंग की पुजा और रूद्राभिषेक, भगवान भोलेनाथ से प्रार्थना कर अपने परिवार कल्याण के लिए आशीर्वाद मांगे।

बोल बम सेवा समिति के संरक्षक मा. अजय चन्द्राकर के विशेष सहयोग से शिवभक्तों द्वारा पार्थिव शिवलिंग मे सामूहिक रूद्राभिषेक कार्यक्रम त्र्यंबकेश्वर से पधारे पं.राहुल केरो जी एवं पंडितों के टोलियों द्वारा किया जा रहा है, सावन के सातवें सोमवार को पुरानी मंडी परिसर कुरूद में 1800 से ज्यादा शिवभक्तो ने रूद्राभिषेक कर अपने परिवार कल्याण के लिए भगवान भोलेनाथ के पार्थिव शिवलिंग बनाकर विशेष पुजा अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किये,

इस अवसर पर समिति के संरक्षक अजय चन्द्राकर ने आयोजन के लिए सभी शिव भक्तों को बधाई दि, पुजा में सम्मिलित संस्था के प्रतिभा चन्द्राकर, न.प.कुरूद पूर्व अध्यक्ष ज्योति चन्द्राकर, आयोजन समिति के अध्यक्ष भानु चन्द्राकर, मुख्य जजमान सुभाष- संगीता अग्रवाल, बोल बम सेवा समिति के पदाधिकारियों एवं सदस्यों में सुरेश अग्रवाल, नंद आमदे, भारत साहु, सुनिल चन्द्राकर, मोहन अग्रवाल, भारत भूषण पंचायन, प्रभात बैस, पूर्व मंडी अध्यक्ष बसंत सिन्हा, शेखर चन्द्राकर, जितेंद्र चन्द्राकर, ओमप्रकाश साहु, भोजराज चन्द्राकर, धरमदाऊ चन्द्राकर, अशोक अग्रवाल, योगेश्वर-संध्या साहु, राजेश साहु मेघा, रिझ्झु देवांगन, भारती चन्द्राकर, श्वेता चन्द्राकर, ममता चन्द्राकर, भारती बैस, मूर्ति देवी अग्रवाल, रजनी साहु, खेमराज सिन्हा, संगीता सेन, भूमिका सिन्हा, विधा शर्मा, चित्ररेखा टंडन, भारत ठाकुर, केशव चन्द्राकर, शंकर साहु, लखन साहु, कुलेश्वर सिन्हा, भुखन सेन, गुलाब यादव, गोविंद यादव, बरातू राम बंजारे, केशव धुर्वशी, भक्खू सेन, राधेश्याम साहु, नगर पंचायत कुरुद के सफ़ाई कर्मी, सतनामी समाज के पदाधिकारीगणों सहित बोल बम सेवा समिति के सेवक सदस्यों ने पुरी तैयारी के साथ शिव भक्तों के लिए पुजा अर्चना के लिए व्यवस्था बनाने में लगे हुए थे।

भाटापारा विधानसभा से मुख्यमंत्री भूपेश बघेल लड़े चुनाव : संतोष सोनी

भाटापारा, 21 अगस्त (देशबन्धु)। 2023 विधानसभा चुनाव की तारीख नजदीक आते आते सभी प्रमुख पार्टियां अपनी तैयारियों में जुटी हुई है छत्तीसगढ़ बीजेपी ने तो 21 विधानसभा क्षेत्र में अपने प्रत्याशियों की घोषणा भी कर दी है वही कांग्रेस पार्टी ने भी 22 अगस्त तक टिकट के दावेदारों को अपने ब्लाक अध्यक्ष के समक्ष आवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए है इन्ही सब के बीच कांग्रेस के पूर्व जिला महामंत्री व वर्तमान में संयुक्त महामंत्री सन्तोष सोनी ने भाटापारा विधानसभा क्षेत्र से मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को टिकट दिए जाने की मांग की है ।उनका मानना है कि कांग्रेस का मजबूत किला भाटापारा में आपसी गुटबाजी व भीतर घात की वजह से पिछले 2 चुनाव में कांग्रेस पार्टी को हार का सामना करना पड़ा है। जब- जब स्थानीय नेताओं में गुटबाजी होने की बात की जाती है तो सार्वजनिक तौर पर तो नकारा जाता है लेकिन चुनाव आते ही मनभेद व मतभेद खुल कर सामने आ जाता है जिसका नतीजा कांग्रेस पार्टी को हार कर उठाना पड़ता है और जिसका सारा ठीकरा आम कार्यकर्ताओ पर फोड़ दिया जाता है। विधानसभा चुनावों में कई राज्यो में देखा गया है कि सीएम केन्डिडेट 2 स्थानों से चुनाव लड़ते है तो छत्तीसगढ़ में भूपेश बघेल पाटन के अलावा भाटापारा से क्यों उम्मीदवार नही हो सकते ?

कांग्रेस पार्टी भूपेश बघेल को यहाँ से उम्मीदवार बनाती है तो निश्चित ही भाटापारा विधानसभा में कांग्रेस बड़े अंतर से जीत तो दर्ज करेगी ही साथ ही क्षेत्र जो आजादी के बाद से विकास की राह देख रहा है वो विकास भाटापारा विधानसभा का हो पायेगा।

यादव समाज का शपथ ग्रहण समारोह देवभाटा में

सरायपाली, 21 अगस्त (देशबन्धु)। मगधा यादव समाज सरायपाली का शपथ ग्रहण समारोह ग्राम देवलभांठा में विकासखंड स्तरीय कार्यक्रम रखा गया। प्रांतीय अध्यक्ष केनुराम यादव एवं प्रांतीय कार्यकारी अध्यक्ष राजेश कुमार यादव के मार्गदर्शन व नेतृत्व में आयोजित किया गया। सर्वप्रथम सभी प्रांतीय अतिथियों का सरायपाली के जयस्तंभ चौक से बाइक रैली के साथ भगवान श्री कृष्ण की जय घोष के साथ ग्राम देवलभांठा रैली पहुंचा। ग्राम के प्रवेश द्वार पर आतिशबाजी के साथ पुष्प हार ,तिलक ,चंदन कर परंपरागत रूप से कीर्तन मंडली से स्वागत करते हुए ग्राम भ्रमण करते हुए यादवों का जनसैलाब कार्यक्रम स्थल पहुंचा। तत्पश्चात यादव समाज के आराध्य देव भगवान श्री कृष्ण एवं मां समलेश्वरी की पूजा अर्चना अतिथियों एवं सामाजिक बंधुओं के द्वारा किया गया। श्री कृष्ण जी की आरती सुरेंद्र भोई द्वारा गई एवं मां समलाई भजन युधिष्ठिर छत्तर द्वारा प्रस्तुत किया गया। साथ ही साथ यादव समाज के नन्हे-मुन्ने बालक व बालिकाओं द्वारा स्वागत नृत्य प्रस्तुत किया गया जिससे सभी अतिथि मंत्रमुग्ध होकर उत्साहवर्धन करते हुए प्रोत्साहन राशि भी दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केसरी खरसेल प्रांतीय अंकेक्षक मगधा यादव समाज, अध्यक्षता रथराम यादव संरक्षक मगधा यादव समाज सरायपाली, विशिष्ट अतिथि युधिष्ठिर यादव संरक्षक मगधा यादव समाज, मदन लाल यादव प्रांतीय उपाध्यक्ष, मनोज कुमार यादव प्रांतीय महासचिव डॉ.खोयेन्द्र यादव प्रांतीय मीडिया प्रभारी, हलदर यादव चारगढ़ संपादक, नारायण यादव प्रांतीय सह अंकेक्षक, अमृत बगर्ती घाटकछार ,लोकनाथ कठार छुईपाली, मोहित बगर्ती प्रांतीय सदस्य, शंकर सांड देवलभांठा, टीकाराम यादव परेवापाली, रमेश बामडाडीह जागेश्वर महार देवलभांठा, बागबाहरा से संतोष यादव प्रांतीय कोषाध्यक्ष, शरद हंस प्रांतीय संयोजक, दीपू यादव युवा अध्यक्ष सुंदर यादव ब्लॉक अध्यक्ष बागबाहरा, मनोहर यादव शाखा सभापति राधेश्याम यादव प्रांतीय कार्यकारी सदस्य ,दुर्ग से खगेश्वर बेलाल प्रांतीय उपाध्यक्षनानकुचिनगुन प्रांतीय कार्यकारिणी सदस्य, ,राम यादव प्रांतीय मीडिया प्रभारी उपस्थित थे मुख्य अतिथियों का स्वागत राधे-राधे गमछा ,पुष्पहार तिलक,चंदन से विकासखंड के सामाजिक जनों द्वारा किया गया। ब्लॉक कमेटी ,शाखा सभा देवलभांठा(खपरीडीह) शाखा सभा पोड़ुगढ़(तोरेसिंहा) शाखा सभा छुईपाली के नवनियुक्त पदाधिकारी को राधे-राधे गमछा एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर नवनियुक्त पदाधिकारीयों को शपथ मुख्य अतिथि के द्वारा कराया गया।आभार प्रदर्शन पवन कुमार यादव प्रांतीय संगठन मंत्री ने किया।हीराधर बगर्ती, कृष्ण चन्द्र टांणी,फकीर कठार,मोहर सिंग यादव,मदन लाल दीप, गोलबदन दीप,विजय यादव,ओम प्रकाश छत्रपति, दुर्वादल दीप, सम्पत बाग,प्रेम लाल यादव, लखपति महाकुर,रविलाल यादव,निरंजन कठार,मलय भोई, प्रकाश यादव, चक्रधर यादव, निर्मल यादव, प्रेमलाल थाली, भरत थपा,अशोक यादव, बालमुकुंद यादव,हरिचरण बगर्ती, प्रांतीय अध्यक्ष . केनुराम यादव एवं प्रांतीय कार्यकारी अध्यक्ष राजेश कुमार यादव के मार्गदर्शन व नेतृत्व में आयोजित किया गया।

फसल क्षतिपूर्ति राशि की मांग को लेकर किसानों ने किया एसडीएम कार्यालय का घेराव

15 दिवस के भीतर क्षतिपूर्ति राशि नहीं मिलने पर किया जाएगा आमरण-अनशन

बागबाहरा, 21 अगस्त (देशबन्धु)। जनपद पंचायत बागबाहरा को अध्यक्ष स्मिता चंद्राकर एवं वरिस्ठ जुझारु किसान नेता हितेश चंद्राकर के नेतृत्व में आज सोमवार 21 अगस्त को नगर में हजारों किसानों का विशाल जंगी रैली निकालकर अनुविभागीय दंडाधिकारी के अनुपस्थिति में तहसीलदार बागबाहरा का घेराव किया गया। मौके पर उपस्थित तहसीलदार लीलाधर कंवर किसानों से आपन लेने मौजूद थे ।इसी बीच आन्दोलन का नेतृत्व कर रहे किसान नेता हितेश चंद्राकर के साथ उलझ गये। देखते ही देखते माहौल गर्म हो गया । जब तहसीलदार लीलाधर कंवर को आपन लेने एवं किसानों से बातचीत करने के दौरान अमर्यादित भाषा का प्रयोग करने पर अपनी गलती का अहसास हुआ। तब उन्होंने स्वयं ??? खेद व्यक्त किया।

ज्ञात हो कि रबी फसल सीजन वर्ष 2022-23 के दौरान क्षेत्र के सैकड़ों किसानों की फसल ओलावृष्टि एवं लगातार बारिश के चलते पूरी तरह फसल नष्ट हो गया था। इस प्राकृतिक आपदा के चलते किसानों को भारी आर्थिक नुकसान सहना पड़ा था ।ओलावृष्टि के बाद में अनेक गांवों का दौरा कर किसानों के खेतों का निरीक्षण कर शासन प्रशासन से प्रभावित किसानों को मुआवजा देने की मांग किया गया था। परंतु चार माह बीत जाने के बाद भी उक्त राशि आज तक किसानों को नहीं मिली है ।जिसके कारण किसानों में आक्रोश व्याप्त है। उक्त मामले को लेकर 14 अगस्त को अनुविभागीय दंडाधिकारी बागबाहरा सृष्टि चंद्राकर से मुलाकात कर 20 अगस्त तक किसानों को मुआवजा राशि नहीं मिलने पर घेराव करने की चेतावनी ज्ञापन सौंप कर किया गया था। मुआवजा से संबंधित कोई कार्यवाही नहीं होने से आज 33 गांव के एक हजार से उपर किसानों ने जनपद अध्यक्ष स्मिता चंद्राकर एंव किसान नेता हितेश चंद्राकर के नेतृत्व में जनपद पंचायत बागबाहरा से नगर में विशाल जंगी रैली निकाल कर शासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए सीधे अनुविभागीय दंडाधिकारी कार्यालय पहुंचे। जहां अनुविभागीय दंडाधिकारी अनुपस्थित थी। पुलिस प्रशासन ने शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने हेतु तहसील कार्यालय के मुख्य गेट को पहले से बंद कर रस्सी से घेर दिया गया था। मुख्य गेट के पास उपस्थित हजारों किसानों ने मेन रोड में खड़े होकर भूपेश सरकार एवं छत्तीसगढ़ शासन के खिलाफ किसान जमकर नारेबाजी करते रहे। तथा फसल शतिपूर्ति राशि से वंचित क्षेत्र के किसान बड़ी संख्या में यहाँ पर डटे रहे। मौजूदा शासन के खिलाफ हो रहे नारेबाजी के दौरान एसडीएम की अनुपस्थिति में बागबाहरा तहसीलदार लीलाधर कंवर , अतिरिक्त तहसीलदार भवानी शंकर साव एवं नायब तहसीलदार हरीश चंद्र ध्रव्व मुख्य गेट के पास किसानों से मिलने पहुंचे। जहाँ आक्रोशित किसानों के समस्याओं से सामना होना पड़ा। तत्पश्चात किसानों की मांग पर तहसीलदार लीलाधर कंवर द्वारा पंद्रह दिवस के भीतर फसल छतिपूर्ति की राशि दिये जाने के आश्वाशन पर आक्रोशित किसान शांत हुए। तथा घेराव करने पहुंचे आक्रोशित किसानों ने तहसीलदार से स्पस्ट रूप से कहा है कि पंद्रह दिवस के भीतर उक्त राशि नहीं मिलने पर फिर से एसडीएम कार्यालय का घेराव एवं भूख हड़ताल करने की चेतावनी राजस्व प्रशासन को दी है। इस दौरान पुलिस प्रशासन की ओर से एसडीओपी अजय शंकर त्रिपाठी, बागबाहरा थाना प्रभारी महेश साहू , टुहलू चौकी प्रभारी राजीव नाहर, एएसआई तिलक सिंह ठाकुर , ललित चंद्रा समेत पुलिस जवान बड़ी संख्या में मौजूद थे ।वरिस्ठ??? किसान नेता हितेश चन्द्राकर एक ऐसे संघर्षशील किसान हितैषी नेता है, जिसके एक बुलावे पर क्षेत्र के किसान हजारों की संख्या में यूँ ही उनके पास पहुँच जाते हैं ।रैली एवं घेराव कार्यक्रम में किसानों के प्रतिनिधि के रूप में क्षेत्र के नेता लोचन पटेल, तुलाराम पनुरिया, ग्राम पंचायत साल्हेभांठा के सरपंच खोरबाहरा राम साहू , डेमन पनुरिया, कलाराम नायक, मूलचंद साहू ,लोकेश पनुरिया, प्रेषण साहू, गोपाल ध्रव्व सहित हजारों किसान उपस्थित थे।